अधिकतम तापमान 33.9 » न्यूनतम तापमान 23.4 » सूर्योदय 6:0 » सूर्यास्त 17:51 » डॉलर 96.17 » यूरो 108.45 »

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1990 को शीत युद्ध के दौरान विभाजित रहे पूर्वी जर्मनी और पश्चिमी जर्मनी औपचारिक रूप से एक हो गए थे, जिसे 'जर्मनी का एकीकरण' के रूप में जाना जाता है। इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया जाता है।

dainikbhaskarup.com bhaskardigital.com
क्यूआर कोड स्कैन कर पढ़ें ताजा खबरें


# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

लखनऊ | वर्ष-11, अंक-02 | शनिवार, 03 अक्टूबर 2026 | कुल पृष्ठ 20 | मूल्य 5.00

झांसी, नोएडा, लखनऊ, प्रयागराज व देहरादून से प्रकाशित




यूपी के 70 हजार शिक्षकों को दिवाली से पहले मिलेगा प्रमोशन का तोहफा : 20




भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने चीन को फाइनल में 1-0 से हराया। भारत ने इस तरह 1982 के बाद पहली बार एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है।

# रचा इतिहास : भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण

## एशियाड में खत्म किया 44 साल का सूखा, चीन को हराकर ओलंपिक का टिकट किया पक्का

**नागोया (हि.स.)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने चीन को फाइनल में 1-0 से हराया।

भारत ने इस तरह 1982 के बाद पहली बार एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 44 साल का सूखा समाप्त किया। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में बढ़त हासिल की और अंत तक इस बढ़त को बनाए रखा। भारत ने ना सिर्फ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, बल्कि चीन को स्वर्ण का बचाव करने से रोका। भारतीय टीम ने चीन के खिलाफ पहले क्वार्टर से दबाव बनाया। बलजीत कौर को छठे मिनट में ग्रीन कार्ड मिला। लेकिन भारत ने चीन पर दबाव बनाया और भारत के लिए 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं लालरेमसियामी ने 10वें मिनट में मैदानी गोल दागा। इस तरह भारत ने शुरुआत में ही 1-0 की बढ़त बनाई। भारत को इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय टीम बढ़त दोगुना करने से चूक गई। हालांकि, पहला क्वार्टर समाप्त होने तक भारतीय टीम बढ़त बनाए रखी।

चीन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाया और लगातार भारत पर दबाव बनाए रखा। चीन ने तब राहत की सांस ली, जब उसे पेनल्टी स्ट्रोक मिला। चीन के लिए बराबरी हासिल करने के यह शानदार मौका था, लेकिन भारतीय महिला टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने दमदार बचाव कर चीन को बराबरी करने से रोका।

### एशियन गेम्स का ऐतिहासिक 13वां दिन : भारत ने जीते 6 स्वर्ण समेत 10 पदक

एशियन गेम्स 2026 का 13वां दिन भारत के लिए बेहद शानदार और ऐतिहासिक रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने कई खेलों में दमदार प्रदर्शन करते हुए छह स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य समेत कुल 10 पदक अपने नाम किए। भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का टिकट भी पक्का किया। कुश्ती में सुजीत कलकल ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में 2-9 से पिछड़ने के बाद 10-9 की अविश्वसनीय जीत के साथ सोना जीता। बॉक्सिंग में परवीन हुड्डा, लवलीना बोरगोहेन और अंकुश पंघाल ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत को गोल्डन हैट्रिक दिलाई। तीरंदाजी में महिला रिकर्व टीम ने पहली बार स्वर्ण जीता, जबकि धीरज बोम्मादेवरा-कुमकुम और पुरुष रिकर्व टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। सेलिंग और सेपकटकरा में भी भारत को कांस्य मिला।

## सारसुर्खियां

### अमरिंदर सिंह ने राहुल गांधी से मुलाकात कर सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस के नेता अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी से मुलाकात की और पार्टी की राज्य इकाई के नेतृत्व को लेकर चल रही गतिविधियों के बीच उन्हें पंजाब अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात के बाद वडिंग ने कहा, राहुल गांधी ने मुझे बहुत प्यार दिया। उन्होंने पंजाब के हालात, सरकार के कामकाज और हमें क्या करना चाहिए, इस बारे में जानकारी ली। मैंने उनके साथ राज्य अध्यक्ष के तौर पर अपने साढ़े चार साल के अनुभव साझा किए कि हमें उन चुनौतियों का सामना कैसे करना है और हमारी ताकत क्या है। उनके साथ इस बारे में पूरी चर्चा हुई।

### देवी की मूर्ति लेने जा रहे 7 युवकों की मौत, कई घायल

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के धामणगांव रेलवे इलाके में शुक्रवार तड़के समृद्धि महामार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रक और बोलेरो पिकअप की जोरदार टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 15 से 18 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। हादसे की जानकारी अमरावती के पुलिस अधीक्षक निकेतन कदम ने दी। जानकारी के मुताबिक, हादसा समृद्धि महामार्ग पर चैनल नंबर 97 के पास हुआ। पिकअप वाहन में सार्वजनिक दुर्गोत्सव मंडल के कार्यकर्ता सवार थे।

### टेलर से टकराई डबल डेकर बस, चार की मौत

**अंबेडकरनगर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के करीब 5:15 बजे अम्बरपुर टोल प्लाजा के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। ओवरटेक करने के दौरान यात्रियों से भरी बस टेलर से टकरा गई। हादसे में बस सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, यात्रियों से भरी बस दिल्ली से दरभंगा, बिहार जा रही थी।

## मुख्यमंत्री योगी बोले- जनधन खातों की खिल्ली उड़ाने वालों को मिला जवाब

# पीएम ने रोकी जनता के पैसों की लूट

- **लोकभवन में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' पर आधारित नाट्य श्रृंखला मंचन कार्यक्रम को सीएम योगी ने किया संबोधित**
- **आज देश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोता, चप्पल पहनने वाला भी कर रहा हवाई यात्राः योगी**

भास्कर ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनधन खाते खोले जा रहे थे तो विपक्ष खिल्ली उड़ाता था कि खाली खाते खोलकर क्या होगा। आज पता चल गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनता के पैसे पर डकैती डालने वालों की जेबें खाली कराईं और गरीब का पैसा सीधे उसके खाते तक पहुंचाया। जिनकी जेबों तक जनता का पैसा पहुंचता था, उन्हें बुरा लगना और उनका विरोध करना स्वाभाविक है।

**बिना रुके, बिना झुके और बिना डिगे 25 वर्ष**

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोकभवन सभागार में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'नमो सेवा अनकही कहानियां' पर आधारित नाट्य श्रृंखला मंचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 7 अक्टूबर को गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे करेंगे। यह बिना रुके, बिना झुके और बिना डिगे सेवा की यात्रा है। इसमें विरासत और विकास के समन्वय के साथ बिना भेदभाव योजनाओं को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2001 को मोदी जी ने ऐसे समय गुजरात की जिम्मेदारी संभाली, जब राज्य भूकंप की त्रासदी से जूझ रहा था। इसके बाद दंगों की चुनौती भी आई। इन परिस्थितियों के बीच गुजरात तेजी से उभरते राज्य और विकास के मॉडल के रूप में सामने आया।

**यूपीए सरकार के दस वर्षों पर साधा निशाना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के भ्रष्टाचार, अराजकता और अकर्मण्यता से देश में अविश्वास था। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के साथ अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी चुनौतियां थीं। वर्ष 2014 में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं ने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास जताया। इसके बाद किसी जाति, मत, मजहब, क्षेत्र या भाषा के बजाए 140 करोड़ भारतीयों को केंद्र में रखकर योजनाएं आगे बढ़ाई गईं। पहले योजनाएं बनती थीं, लेकिन प्रभावी ढंग से जमीन तक नहीं पहुंचती थीं। आज गरीबों तक आवास, रसोई गैस, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसर बने हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो और एयरपोर्ट का विस्तार हुआ है।

### स्वच्छता, स्वदेशी, स्वावलंबन और ग्राम स्वराज के बापू के मंत्र आज भी उतने ही प्रासंगिक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी के स्वदेशी और स्वावलंबन के मंत्र को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए कहा कि बापू का चरखा केवल चरखा नहीं था, बल्कि भारत के स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का आधार था। उत्तर प्रदेश की 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' योजना उसी स्वदेशी के भाव को आगे बढ़ाते हुए 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बापू के स्वावलंबन के सपने को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। विकसित भारत की संकल्पना तभी पूरी होगी, जब देश आत्मनिर्भर बनेगा और इसके लिए प्रत्येक नागरिक, परिवार और गांव को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बापू की स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के प्रिय भजनों का श्रवण किया और चरखा चलाकर बापू के स्वदेशी एवं स्वावलंबन के संदेश को प्रसारित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से स्वदेशी, स्वदेशी से स्वावलंबन और स्वावलंबन से ग्राम स्वराज तक बापू के विचार आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं।

### जंतर-मंतर : मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग, कई हिरासत में



मुंबई में सीजेपी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** नई दिल्ली के जंतर मंतर पर शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। ज्ञानेश गो बैक के नारे लगाकर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने जंतर मंतर की ओर बढ़ने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज भी शामिल थे।

इस प्रदर्शन का आह्वान छात्र संगठनों एआईएसए, एसएफआई और डीवॉयएफआई ने किया था, जो चुनाव आयोग के कामकाज, मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि नई दिल्ली जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (पहले धारा 144) लागू है, जिसके तहत बिना अनुमति के किसी भी जमावड़े पर पाबंदी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शुक्रवार को महात्मा गांधी जयंती के मौके पर मुंबई के दादर स्थित शिवाजी पार्क के पास प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा बालीवुड कलाकार शामिल हुए। मुंबई पुलिस ने पहले शिवाजी पार्क में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी और आयोजकों को वैकल्पिक स्थल का सुझाव दिया था। इसके बावजूद सीजेपी ने आंदोलन जारी रखा। प्रदर्शन के दौरान शिवाजी पार्क की ओर जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई और यातायात को नियंत्रित किया गया। सेना भवन से दादर स्टेशन तथा बांद्रा से सीएसटी की ओर जाने वाले मार्ग खुले रखे गए। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह , सिंगर ददलानी, अभिनेत्री शबाना आजमी, अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी सहित भारी संख्या में लोग प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर अभिजीत दीपके से मुलाकात की और अपना समर्थन जताया।

### पीएम मोदी ने पायलट स्मित मच्छार से फोन पर की बात, बहादुरी को सराहा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फ्लाईदुबई के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार से फोन पर बात की और उनकी बहादुरी की सराहना की। विमान में हुई गंभीर घटना के दौरान घायल होने के बावजूद कैप्टन मच्छार ने हिम्मत नहीं खोई और विमान को सुरक्षित उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान उनसे घटना की पूरी जानकारी ली और उनके अनुभव के बारे में जाना। बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कैप्टन मच्छार से यह भी पूछा कि बेहद मुश्किल परिस्थितियों में उन्होंने किस तरह खतरे का सामना किया



और अपना हौसला बनाए रखा। प्रधानमंत्री ने उनके साहस की प्रशंसा करते हुए जल्द स्वस्थ होने की कामना की। यह घटना 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड-1073 में हुई थी। विमान में 174 यात्री सवार थे। उड़ान के दौरान सह-पायलट ने कथित तौर पर कॉकपिट में कैप्टन स्मित मच्छार पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया।

# स्मित मच्छार के पराक्रम को कभी नहीं भूलेगा इजरायल

## सूझबूझ से नाकाम हुई तबाही की साजिश, भारत के हीरो को सबसे बड़े सम्मान का ऐलान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** 174 इजरायली को बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाने वाले भारतीय मूल के कैप्टन स्मिथ मच्छार की दुनिया भर में वाह-वाही हो रही है।

इजरायल में तो आम नागरिकों से लेकर सरकार तक हर कोई स्मित की बहादुरी के गुणगान कर रहा है और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की दुआएं की जा रही हैं। हाल ही में इजरायली राजदूत रूवेन अजार ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि ने कप्तान स्मित को **'भारत का महान हीरो'** बताते हुए कहा है कि इजरायल इस उपकार को



कभी नहीं भूलेगा और उन्हें अपने देश में विशेष रूप से सम्मानित करेगा।

**हवा में कैसे टला बड़ा हादसा?**

फ्लाईदुबई की ये में करीब 174 यात्री सवार थे और कॉकपिट के अंदर ओमानी पायलट ने भारतीय पायलट पर अटैक कर दिया। उसने प्लेन को क्रैश करने के इरादे से इसे नीचे की तरफ झुका दिया। कैप्टन स्मित को रोकने के लिए ओमानी पायलट ने उन पर चाकू से कई वार किए लेकिन खून बहाते हुए भी स्मित ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। उनके ऐसा करने से बाहर मौजूद यात्रियों और क्रू मेंबर्स को कॉकपिट के अंदर आने का मौका मिल गया। इसके बाद यात्रियों और क्रू ने मिलकर उस हमलावर को दबोच लिया और उस पर काबू पा लिया। जब हमलावर को पकड़ लिया गया, तो प्लेन में मौजूद दूसरे पायलट ने फ्लाइट का कंट्रोल अपने हाथों में लिया और यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग कराई।अगर कप्तान स्मित उस समय घबरा जाते या कॉकपिट का दरवाजा खोलने की हिम्मत न दिखाते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। उनकी इसी सूझबूझ ने 174 मासूम लोगों की जान बचा ली।

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कप्तान स्मित मच्छार के जज्बे की दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, संसद के अध्यक्ष और वहां की पूरी जनता कप्तान स्मित की बेहद आभारी है. रूवेन अजार ने उन्हें 'भारत का एक महान नायक' करार दिया। राजदूत ने कहा, 'जो लोग संकट के समय इजरायल और उसके लोगों की मदद करते हैं, इजरायल उन्हें कभी नहीं भूलता।

### एआई अदालती कामकाज में मददगार लेकिन जजों का विकल्प नहीं : सीजेआई

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) न्यायिक शोध और अदालती प्रक्रियाओं को आसान बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन यह न्यायाधीशों के कानूनी विवेक और निर्णय लेने की भूमिका का विकल्प नहीं बन सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम न्यायिक निर्णय की जिम्मेदारी हमेशा न्यायाधीशों के पास ही रहनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने यह बात उज्बेकिस्तान के समरकंद में एशियाई संवैधानिक न्यायालयों एवं समकक्ष संस्थानों के संघ की सातवीं कांग्रेस के पूर्ण अधिवेशन को संबोधित कर कही। उन्होंने कहा कि न्याय तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि डिजिटल व्यवस्था के



कारण कमजोर और वंचित वर्ग न्याय से दूर न हो जाएं। सीजेआई सूर्यकांत ने बताया कि जून 2026 में सुप्रीम कोर्ट की एआई समिति ने अदालतों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल को लेकर मसौदा नियम जारी किए थे। इन नियमों में एआई को न्यायिक शोध और अदालती प्रक्रियाओं में सहायक उपकरण के तौर पर इस्तेमाल करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि तकनीकी बदलाव के साथ न्यायिक व्यवस्था में जनता का भरोसा बनाए रखना भी जरूरी है।

## मतदाता सूची से नाम गायब होने पर चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन

# छूटे हुए लोगों को जोड़ने के लिए चलेगा विशेष अभियान, घर-घर जाकर होगी पहचान

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के दौरान सूची में शामिल होने से छूट गए पात्र लोगों को दोबारा जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है।



यह अभियान उन 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा, जहां एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसमें पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को भी सामान्य फार्म 6 के जरिए मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। आयोग ने 29 सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भेजे थे। इसके बाद हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में भी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एसआईआर के दौरान छूटे पात्र मतदाताओं और नए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए लगातार अभियान चलाया जाए। इसके तहत पहले और बाद की मतदाता सूचियों की तुलना कर ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी, जिनका नाम दूसरी जगह दर्ज नहीं है, वे डुप्लीकेट मतदाता नहीं हैं और उनकी मृत्यु भी नहीं हुई है। ऐसे मामलों में घर जाकर जानकारी जुटाने और पात्र लोगों से फार्म 6 भरवाने को कहा गया है। राजनीतिक दलों और बूथ स्तर के एजेंटों की मदद लेने का भी निर्देश दिया गया है। एसआईआर के दौरान ऑनलाइन फार्म 6 में एक अतिरिक्त घोषणा जोड़ी गई थी, जिसमें आवेदक से पिछली एसआईआर में खुद या माता-पिता के मतदाता सूची में शामिल होने की जानकारी मांगी गई थी। अब स्पष्ट किया गया है कि यह अतिरिक्त घोषणा केवल एसआईआर चरण तक सीमित रहेगी। एसआईआर पूरा होने के बाद सामान्य वैधानिक फार्म 6 का इस्तेमाल होगा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राफ्ट मतदाता रिकॉर्ड से 13 करोड़ से ज्यादा नाम हटाए जाने को लेकर प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। गोवा में 97 पात्र मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं हो पाने का मामला भी सामने आया।

### सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पांच अक्टूबर को सुनवाई




नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 5 अक्टूबर को सुनवाई होगी। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करेगी। इन याचिकाओं में स्पेशल समरी रिवीजन (एसआईआर) से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों, दिशानिर्देशों और सॉफ्टवेयर में किए गए बदलावों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग हुई है। याचिकाकर्ताओं ने सीईसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी मांग की है।

विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है
- हेनरी वार्ड बीचर

# विद्यालय में गूंजा महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश



भास्कर ब्यूरो

**घघसरा।** पाली क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पट्टी धर्मदास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके जीवन, संघर्ष तथा देश के प्रति योगदान को याद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीराम यादव ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मारिया कैश, श्री प्रसाद यादव, हरिराम शुक्ला, वीरू कुमार, कृष्णा नाऊ सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सत्य, अहिंसा और जय जवान-जय किसान को रखें याद

भास्कर ब्यूरो

**घघसरा।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत घघसरा कार्यालय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे और अधिशासी अधिकारी अमित नायक ने संयुक्त रूप से झंडारोहण किया और दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उनके बताए मार्ग आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।



कार्यक्रम को सभासद ध्रुव चंद्र गौड़, राजेश तिवारी, चंद्रमौली त्रिपाठी, राजन मिश्र ने भी संबोधित किया संचालन जनार्दन प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय, शिवानन्द छोटू, सुंदरम त्रिपाठी, विजय सिंह, सुरेन्द्र बर्मा, विनोद कुमार, भोरई बाबा, दिलीप सैनी, अभिमन्यु बलराम पाण्डेय सहित आदि लोग रहे।

## राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : आशीष यादव

**सरदारनगर, गोरखपुर ब्यूरो।** गांधी-शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को विकासखंड सरदारनगर में श्रद्धांजलि के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।



ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष यादव ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर आशीष यादव ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को नई दिशा दी। स्वच्छता और सेवा के प्रति उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में एडीओ कृषि राजीव नंदन यादव, सचिव रामकुवर मौर्य, वीरेंद्र यादव, चेतई पटवा सहित विकासखंड के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन और उनके रचनात्मक कार्यों को किया याद

भास्कर ब्यूरो

**गोरखपुर।** जनपद में शुक्रवार को महात्मा गांधी के जन्म दिवस को गांधी जयंती समारोह के रूप में मनाया गया। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस को भी सम्मान पूर्वक मनाया गया।

आयुक्त प्रांगण में मंडलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह, कलेक्ट्रेट प्रांगण में जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं विकास भवन मुख्य विकास अधिकारी षाष्वत त्रिपुरारी ने ध्वजारोहण किया तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया और उसके बाद गांधी जी/ शास्त्री जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन सहस्त्रों ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एंव क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का सुअवसर है जिन्होंने स्वत्रंता की बेदी पर अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। इस तिथि को हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों सिद्धान्तों व उनके सदविचारों के प्रति समर्पित होने का सुअवसर प्रतिवर्ष सहज ही प्राप्त होता है। उन्होंने ने शास्त्री जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए सच्चे सपूतों में उनकी गिनती की जाती है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन उनके महान व्यक्तित्व द्वारा दिये गये रचनात्मक कार्यक्रमों, स्वदेशी आन्दोलन, नमक सत्याग्रह, आदि पर प्रकाश डाला।

# सरकार ने किसानों नौजवानों के साथ किया छलावा : पल्लवी पटेल

- आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं दिया जीत का मंत्र

भास्कर ब्यूरो



**हरैया, बस्ती।** अपना दल कमेरावादी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन रामकृपा योगपीठ के प्रांगड़ में संपन्न हुई।इस मौके पर पार्टी नेत्री एवं सिराथू विधानसभा क्षेत्र की विधायक डाक्टर पल्लवी पटेल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ डाक्टर पल्लवी पटेल द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी, डाक्टर अंबेडकर तथा पार्टी संस्थापक डाक्टर सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने डाक्टर पल्लवी पटेल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डाक्टर पल्लवी पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार इस देश में निरंकुश शासन चलाना चाह रही है। लोकतंत्र गला घोंटा जा रहा है। ये वो लोग है जो आपके हिस्से के अधिकार को लूट रहे है । उन्होंने कहा कि देश का किसानों और और नवजवानों के साथ छलावा किया जा रहा है। जहां किसानों को आय दोगुनी करने का लालीपांप दिया गया तो नवजवानों को नौकरी देने का वादा किया गया था लेकिन वह सारे वादे सिर्फ चुनावी घोषणा पत्र तक ही सीमित रह गये। उन्होंने कहा कि नोटबंदी व कोरोना के बाद नौकरी लूट ली गई, अब आपके खेत खलिहान निगल रहे हैं। देश में स्वास्थ्य व शिक्षा व रोजगार का हाल बेहाल है। जिला अध्यक्ष रामभवन पटेल ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व तलवार भेंट किया। जिला उपाध्यक्ष आलोक पटेल,सिद्धनाथ पटेल,रामप्रताप वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष राहुल पटेल, दिनेश पटेल, भीम गौतम, अभय चौधरी, एडवोकेट अजय कुमार चौधरी, शैलेश वर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम अध्यक्षता अभय चौधरी संचालन अमिता आर्या ने किया। इस दौरान इंजीनियर चंद्रशेखर वर्मा, शिवा चौधरी, रामचंद्रर चौधरी, विजय चौधरी, कुलदीप चौधरी, प्रधान चंदशेखर वर्मा, धर्मराज वर्मा, राजकुमार चौधरी, सत्य प्रकाशदुबे, सीताराम चौधरी, बंधु चौधरी, विकास चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बरेका में गांधी जयंती पर स्वच्छता का संकल्प, निकली जागरूकता रैली

**वाराणसी ब्यूरो।** बनारस रेल इंजन कारखाना में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाप्रबंधक आशुतोष पंत के नेतृत्व में प्रशासन भवन में स्वच्छता शपथ समारोह हुआ। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों, आरपीएफ जवानों, स्काउट-गाइड और छात्र-छात्राओं को कार्यस्थल और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके बाद गांधी जी के चित्र और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अमृत कानन उद्यान में वृहद पौधरोपण किया गया। महाप्रबंधक सहित अधिकारियों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। स्वच्छता जागरूकता रैली को प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेकशील ने गोल्फ कोर्स से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सूर्य सरोवर, बैंक ऑफ बड़ौदा होते हुए प्रशासन भवन पहुंची। प्रतिभागियों ने स्वच्छता के नारे लगाए और तख्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# राप्ती की कटान से समय माता मंदिर का अस्तित्व खतरे में

भास्कर ब्यूरो

**सहजनवा।** राप्ती नदी के लगातार कटान से भक्सा सिवान स्थित समय माता मंदिर का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। नदी जिस तेजी से मंदिर के समीप कटान कर रही है, उससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि कटान नहीं रुका तो किसी भी समय मंदिर नदी की धारा में समा सकता है।

राप्ती नदी के कटान की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद माता को जेवनार चढ़ाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंदिर की रक्षा की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद ग्रामीणों ने मंदिर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए अलगटपुर निवासी विनय त्रिपाठी ने अपनी भूमि दान दी है। शुक्रवार को भूमि पूजन कर नए स्थान पर मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। ग्रामीणों के सहयोग से यहां समय माता मंदिर का



पुनर्निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इसे सुरक्षित रखना जरूरी है।

ग्रामीणों के अनुसार भक्सा सिवान में राप्ती नदी लगातार कटान कर रही है। कटान के कारण नदी की धारा आबादी और धार्मिक स्थल के करीब पहुंचती जा रही है। इससे आसपास के ग्रामीणों में भी भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से राप्ती के कटान को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि मंदिर के साथ ही आसपास की भूमि और आबादी को भी बचाया जा सके।

## सारसुर्खियां

### सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का दिया संदेश

**गगहा गोरखपुर ब्यूरो।** राधिका महाविद्यालय करवल-मझगांवा में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

### एसडीएम ने सफाई सेवा माह का किया शुभारंभ

**सहजनवा ब्यूरो।** सफाई सेवा माह के तहत शुक्रवार को सहजनवा तहसील परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एसडीएम नमन मेहता ने सफाईकर्मियों को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया और परिसर में साफ-सफाई कराकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि स्वच्छता सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साफ-सफाई से न केवल परिसर सुंदर और स्वच्छ रहता है, बल्कि बीमारियों से बचाव में भी मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के स्थानों को स्वच्छ रखने और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करने की अपील की। एसडीएम ने बताया कि सफाई सेवा माह के तहत एक महीने तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।इस दौरान तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा समेत अन्य सफाईकर्मी मौजूद रहे।

### भेलूपुर में पिता-पुत्र में विवाद के दौरान चली गोली

**वाराणसी ब्यूरो।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के महमूरगंज स्थित लोहित रेजिडेंसी न्यू कॉलोनी में शुक्रवार को पिता-पुत्र के विवाद में लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चल गई। इसमें 32 वर्षीय प्रवीण कुमार सिंह घायल हो गए। उन्हें बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया गया कि निवासी बिंदा सिंह और उनके पुत्र प्रवीण के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी। इसी दौरान प्रवीण ने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर ले ली। हथियार वापस लेने को लेकर छीना-झपटी में ट्रिगर दब गया और गोली प्रवीण के दाहिने हाथ में लग गई। आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। सूचना पर भेलूपुर पुलिस ने पहुंचकर रिवॉल्वर कब्जे में ले ली और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिवार से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में छीना-झपटी में गोली चलना सामने आया है, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### छावनी क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**विक्रमजोत बस्ती ब्यूरो।** छावनी थाना क्षेत्र के पूरे सुखराम गांव में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राहुल पुत्र आशाराम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने परिजनों के सामने खुद को घायल कर लिया था। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज केदौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गांधी जयंती

**बस्ती ब्यूरो।** गांधी जयंती के उपलक्ष्य में लिटिल फ्लावर स्कूल में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल एवं आत्मविश्वास को विकसित करने के उद्देश्य से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विषय महात्मा गांधी के प्रमुख सिद्धांतों सत्य और अहिंसा से प्रेरित रहे। यह प्रतियोगिता विद्यालय के विभिन्न हाउसों के बीच आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध सुरेंद्र प्रताप सिंह, निर्देशक राहुल सिंह एवं प्रधानाचार्य अपर्णा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरिता, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, ए.पी.एन.पी.जी. कॉलेज, बस्ती तथा कैप्टन जितेंद्र कुमार शाही, लेक्चरर (अंग्रेजी), किसान इंटर कॉलेज, बस्ती एवं एनसीसी ऑफिसर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## श्रद्धा पूर्वक मनाई गई गांधीजी और शास्त्री जी की जयंती

**हरैया, बस्ती ब्यूरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर जहां सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों पर ध्वजारोहण किया गया वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गांधी जी और शास्त्री जी को याद किया। इसी क्रम में कैलवरी आइडियल स्कूल महुघाट हरैया में गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुजाता मशीह द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन के साथ किया ।तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी दोनों महापुरुषों को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर मौजूद छात्र-छात्राओं जहां गांधी जी के जीवन चरित्र पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत किया। वहीं विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुष अपने कर्मों के लिए इस संसार में याद किए जाते हैं।

# कटान के बीच बदहाल संपर्क मार्ग बना ग्रामीणों के लिए मुसीबत



भास्कर ब्यूरो

**कुदरहा, बस्ती।** सदर तहसील क्षेत्र में कलवारी-रामपुर तटबंध के दक्षिण बसे गांवों में सरयू नदी के कटान से ग्रामीण पहले ही परेशान हैं। किसी की कृषि भूमि तो किसी का आशियाना नदी की धारा में समा चुका है। वहीं बैडारी एहतमाली गांव के टीलियवा पुरवे के ग्रामीण बदहाल संपर्क मार्ग की समस्या से भी जूझ रहे हैं।

टीलियवा पुरवे में आने-जाने के लिए यही एकमात्र रास्ता है, जो लंबे समय से बदहाल होकर जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि बाइक सवार और पैदल राहगीर भी आवागमन के दौरान सहमे रहते हैं। ग्रामीणों को आशंका रहती है कि कहीं सड़क का कोई हिस्सा अचानक धंस न जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरयू नदी में कटान के दौरान यह मार्ग किसी भी आपात स्थिति में पुरवे के लिए एकमात्र संपर्क मार्ग साबित होता है। ऐसे में रास्ते की बदहाली से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से संपर्क मार्ग की मरम्मत कराकर आवागमन सुगम कराने तथा कटान प्रभावित क्षेत्र में बचाव कार्य तेज करने की मांग की है।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर हुआ ध्वजारोहण

भास्कर ब्यूरो

**सहजनवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को तहसील क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ ली गई।

सहजनवा तहसील परिसर और शहीद स्मारक डोहरिया कला में एसडीएम नमन मेहता ने ध्वजारोहण कर वीर सपूतों को नमन किया। इस दौरान तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार नीरू सिंह, राममूरत समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने भी जयंती पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पाली ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख ई. शशि प्रताप सिंह, पिपरौली ब्लॉक में प्रमुख दिलीप यादव ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत घघसरा में चेयरमैन प्रभाकर दुबे और सहजनवा नगर पंचायत में संजू सिंह व पूर्व विधायक जीएम सिंह ने ध्वजारोहण किया।



सहजनवा थाने पर एसओ संजय मिश्र और गीडा थाने पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पांडेय ने ध्वजारोहण किया। सीएचसी सहजनवा में अधीक्षक डॉ. सतीश सिंह, घघसरा चौकी में आदर्श पांडेय और पिपरौली में अमरेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कर्मचारियों को देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।

## याद किए गए गांधी और शास्त्री

**बड़हलगंज, ब्यूरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को नगर पंचायत बड़हलगंज स्थित विश्वनाथ उमर सभागार में समारोह आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांधीजी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्रीजी के सादगी, ईमानदारी और देशसेवा के आदर्शों को याद किया। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी का जीवन सादगी और ईमानदारी की मिसाल था। वर्ष 1965 के युद्ध के दौरान उन्होंने देशवासियों में उत्साह और एकता का संचार करते हुए 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री हम सभी के प्रेरणास्त्रोत : पुलिस कमिश्नर

भास्कर ब्यूरो

**वाराणसी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन, कमिश्नरेट वाराणसी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा-सुमन अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के आदर्श तथा शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन आज भी प्रासंगिक हैं। दोनों महापुरुषों का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके



आदर्शों को अपने आचरण व कर्तव्यों में आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

गांधी जी के स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छ वातावरण निर्माण में पुलिस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा, डीसीपी लाइन्स गौरव बंशवाल, डीसीपी वरुणा जोन राजेश पाण्डेय, डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव, डीसीपी मुख्यालय एवं अपराध विनीत भटनागर, एडीसीपी लाइन्स वैभव बांगर, एसीपी लाइन शुभम जैन सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 95 सीआरपीएफ ने चलाया स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान



भास्कर ब्यूरो

**वाराणसी।** 95 बटालियन सीआरपीएफ, सृजन सामाजिक विकास न्यास और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दुर्गाकुंड स्थित मानस नगर कॉलोनी के मानस पार्क में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जन जागरूकता रैली और पौधरापेण किया गया। मुख्य अतिथि कमांडेंट राजेश्वर एस बालापुरकर ने गांधी जयंती पर पौधा रोपा और कॉलोनीवासियों को एक-एक पौधा लगाने की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना स्वस्थ जीवन संभव नहीं। अध्यक्षता कर रहे सृजन न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आशीष सिंह चौहान, प्रो. पारसनाथ उपाध्याय, पार्षद अक्षयबर सिंह, इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह सहित सीआरपीएफ, एनडीआरएफ और नगर निगम की टीम मौजूद रही।

# रामनगर में कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई जयंती

भास्कर ब्यूरो

**वाराणसी।** रामनगर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष शमशाद खान के नेतृत्व में 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने राष्ट्रपिता व लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में तमाम जीवन की मूलभूत सुविधाएं आम इंसानों से दूर होती चली जा रही है। रोजगार बंद हो रहे हैं सरकार द्वारा विकास करने की बजाय इधर-उधर के मुद्दों में भटका कर विकास के रास्ते को बंद कर दिया है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह, संजय



सिंह, जावेद खान, डॉक्टर शौकत अली, इमरान मिर्जा, वंदना जायसवाल, लाली बेगम, सदरूननिशा, नदीम इकबाल, सतीश श्रीवास्तव, रवि प्रताप सिंह, अजय कुमार पांडे, मुकीम, डॉ हारुन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, हाफिज शरीफ, भगवती श्रीवास्तव, हीरालाल कनौजिया, तबरेज अंसारी, नंदू कुमार, महताब आलम, सतीश सिंह, डा इनाम रजा, इमाम, डॉक्टर सुजात खान, परवेज मास्टर, ताबीज राईन आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक उपाध्यक्ष जावेद खान ने किया।

लोगों के लिए उदाहरण स्थापित करना दूसरों को प्रभावित करने का एक मात्र साधन है। —अल्बर्ट आइंस्टीन



# करंट से झुलसे लाइनमैन की मौत मुआवजे के लिए सबस्टेशन पर हंगामा

- छह महीने पहले संजय वन रोड पर काम करते समय हुआ था हादसा
- इलाज के दौरान खराब हो गई थीं दोनों किडनी, केस्को अधिकारियों के आश्वासन पर माने स्वजन

भास्कर ब्यूरो

**कानपुर।** बाबूपुरवा में करंट की चपेट में आकर झुलसे लाइनमैन अर्जुन कश्यप (34) की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को स्वजन शव लेकर केस्को सबस्टेशन पहुंच गए और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे आर्थिक मदद की मांग पर अड़े रहे। बाद में केस्को अधिकारियों के आश्वासन पर स्वजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए चले गए।

बाबूपुरवा कच्ची बस्ती निवासी अर्जुन कश्यप किदवई नगर के एल ब्लाक सबस्टेशन में ठेकेदार के अधीन लाइनमैन थे। परिवार में दिव्यांग पिता अशोक, मां राधा देवी, पत्नी सोनी, दो बेटियां पीहू व छोटी और सात माह का बेटा आर्यन है।

पत्नी सोनी के मुताबिक, करीब छह महीने पहले संजय वन रोड पर काम करने के दौरान अर्जुन करंट की चपेट में आकर झुलस गए थे। अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इस दौरान उनकी दोनों किडनी भी खराब हो गई थीं। हालत गंभीर होने पर गुरुवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

अर्जुन की मौत के बाद शुक्रवार को स्वजन शव लेकर केस्को सबस्टेशन पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्वजन को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वे आर्थिक मदद की मांग पर अड़े रहे। बाद में केस्को अधिकारियों ने मदद का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्वजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए चले गए।

### खामियों पर एक्शन नहीं बल्कि झूठ को सच साबित कर रहे जिम्मेदार

# डीएम खफा : अल्ट्रासाउंड पैथालॉजी के नोडल बदलें

भास्कर ब्यूरो

**कानपुर देहात।** सीएमओ कार्यालय में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी का जिम्मा 5-5 सालों से एक ही अफसरों के पास है। इससे अब हालात ये हो गए हैं कि जिनके पास जो जिम्मेदारी कार्रवाई की है वो ही संरक्षण दे रहे हैं। ऐसा ही मामला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सामने आया जिसे देखकर डीएम का पारा हाई हो गया। उन्होंने तत्काल अल्ट्रासाउंड एवं पैथालॉजी पंजीकरण के नोडल अफसर को हटाने के निर्देश दिए। इसी तरह से नर्सिंग होम पंजीयन और झोलाछाप अभियान की जिम्मेदारी संभाल रहे नोडल अफसर की कार्यशैली से डीएम नाखुश हैं।



- सीएमओ को दिए निर्देश, रिपोर्ट देख हाई हुआ पारा
- पांच साल से नर्सिंग होम पंजीयन के प्रभारी हैं एसीएमओ

दरअसल जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम कपिल सिंह ने अल्ट्रासाउंड और पैथालॉजी केंद्रों की जांच को लेकर रिपोर्ट तलब की। शिकायतें थीं कि कई केंद्रों पर डॉक्टर नियमित रूप से मौजूद नहीं रहते और पंजीकरण के लिए डॉक्टरों की डिग्री इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही जांच की गुणवत्ता और नर्सिंग होम से केंद्रों के गठजोड़ को लेकर भी शिकायतें सामने आती रही हैं। बैठक में नोडल अफसर डॉ. आईएच खान ने आठ केंद्रों की जांच की जानकारी दी। उनकी रिपोर्ट में सभी जगह डॉक्टर मौजूद मिले और व्यवस्थाएं दुरुस्त बताई गईं। रिपोर्ट सुनने के बाद डीएम ने कार्यशैली पर नाराजगी जताई और लंबे समय से एक ही जिम्मेदारी संभाल रहे अफसर को हटाने के निर्देश दिए। सीएमओ को जल्द नया नोडल अफसर तैनात करने को कहा गया है। डाक्टर आईएच खान लंबे समय से अकबरपुर सीएचसी के अधीक्षक भी हैं साथ में उन्हें अल्ट्रासाउंड एवं पैथालॉजी की जिम्मेदारी अलग से दी गई है।

### डाक्टर नहीं सिर्फ डिग्री देखकर पंजीकरण

दूसरी ओर नर्सिंग होम पंजीयन और झोलाछाप अभियान के नोडल अफसर डॉ. सुखलाल वर्मा भी पांच साल से अधिक समय से यही जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिले में जगह-जगह झोलाछाप क्लीनिक संचालित होने और कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस या छापेमारी तक मामला सीमित रहने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसके बावजूद अभियान के नोडल अफसर की निगरानी में झोलाछापों पर प्रभावी कार्रवाई का सवाल बना हुआ है। नर्सिंग होम पंजीयन में भी मानकों को लेकर सवाल हैं। नियमानुसार 24 घंटे डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आठ-आठ घंटे की ड्यूटी के हिसाब से तीन डॉक्टरों की व्यवस्था जरूरी है। आरोप हैं कि कई नर्सिंग होम में डॉक्टर नियमित रूप से मौजूद नहीं रहते और पंजीकरण की शर्तें पूरी करने के लिए सिर्फ उनकी डिग्री का इस्तेमाल किया जाता है।

> “जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में इन मामलों पर चर्चा हुई है। डीएम ने अल्ट्रासाउंड एवं पैथालॉजी प्रभारी का चार्ज बदलने के निर्देश दिए हैं। जो लंबे समय से एक ही काम देख रहे हैं ऐसे नोडल अफसर जल्द ही बदले जाएंगे। शासन की मंशा के अनुरूप ही काम कराया जाएगा।”
>
> **डॉ. जयगोविंद**, सीएमओ

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद भी नहीं बदला पुलिस का रवैया : कांग्रेस

- राष्ट्रीय सचिव जांगिड़ का आरोप-कानपुर में भाजपा नेताओं और माफिया के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज हो रहे झूठे मुकदमे




मुकदमे वापस नहीं हुए तो बड़े आंदोलन की चेतावनी, पुलिस आयुक्त से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

भास्कर ब्यूरो

**कानपुर।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से उत्तर प्रदेश पुलिस के कामकाज को लेकर की गई गंभीर टिप्पणी का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कानपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव जगदीश चन्द्र जांगिड़ ने आरोप लगाया कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं और पुलिस सत्तापक्ष के नेताओं तथा प्रभावशाली आपराधिक तत्वों के दबाव में काम कर रही है।

तिलक हॉल स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान जांगिड़ ने कहा कि यह विश्वास करना मुश्किल है कि प्रदेश में निर्दोष कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ राजनीतिक दबाव में मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद भी कानपुर पुलिस के रवैये में बदलाव न आना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस आयुक्त से पूरे मामले में तत्काल संज्ञान लेने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज बताए जा रहे मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। जांगिड़ ने चेतावनी दी कि यदि मुकदमे वापस नहीं हुए तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**'कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क पर उतरेंगे':** जांगिड़ ने कहा कि पुलिस आयुक्त को मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को किसी राजनीतिक दल या प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमों को लेकर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

प्रेसवार्ता में कांग्रेस शहर अध्यक्ष पवन गुप्ता, वरिष्ठ नेता मदन मोहन शुक्ला, नीतम सचान, ईखलाक डेविड और चन्द्रमणि मिश्रा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के गंभीर आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर जनता को जागरूक करना अपराध नहीं है। शुक्ला का आरोप है कि राजनीतिक विरोध से नाराज होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित रूप से प्रभावशाली आपराधिक तत्वों के माध्यम से मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों पर कांग्रेस ने मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध वसूली और जमीनों पर कब्जे जैसे आरोप लगाए हैं, उन्हीं में से कुछ लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ वादी बनकर मुकदमे दर्ज करा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी आवाज आगे भी उठती रहेगी।

### घायल भाजपा समर्थक के पिता भी पहुंचे

प्रेसवार्ता में उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ता शिवम कठेरिया के पिता बाबूराम कठेरिया भी पहुंचे, जिनके अनुसार शिवम पर हमला हुआ और वह घायल हैं। बाबूराम कठेरिया ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर भी शिकायतें रखीं और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। प्रेसवार्ता में अंकित कन्नौजिया, शिवम पटवा, संदीप मिश्रा, धीरज कुशवाहा, रवि कुमार, अमितेष नारायण तिवारी और प्रशांत चौरसिया समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजे सत्य सादगी और राष्ट्रसेवा के संदेश

भास्कर ब्यूरो




- विद्यालयों, महाविद्यालयों और विकासखंड मुख्यालय में महापुरुषों को श्रद्धांजलि, आदर्श अपनाने का संकल्प

**सरसौल, कानपुर।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सरसौल क्षेत्र में विकासखंड मुख्यालय, शिक्षण संस्थानों और अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

सरसौल विकासखंड मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख डॉ. विजय रत्ना तोमर ने अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। इसके बाद गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद सरसौल कस्बा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर ब्लॉक प्रमुख सहित अन्य गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित तोमर, धर्मराज सिंह चौहान, बीडीओ रजनीश कुमार, रामस्वरूप शुक्ला, करुणा शंकर शुक्ला, बृजेश चंद्र तिवारी, शिव भवन सिंह परिहार, महेंद्र नाथ शुक्ला, राजेश सारस्वत, राजेश वाजपेई, रामप्रताप पाल, जितेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, गुड्डू शुक्ला और पिंटू शुक्ला मौजूद रहे। विपौसी में ग्राम प्रधान राहुल कुमार और सहायक विकास अधिकारी अशोक सचान ने पौधारोपण किया।

शंकरानंद विद्यालय में प्राचार्या डॉ. ममता श्रीवास्तव ने गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के विचारों पर अपने विचार रखे और स्वच्छता व राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रधानाचार्य जय प्रकाश, राकेश वर्मा, अवधेश वर्मा, दीपक दीक्षित और अनुज वर्मा सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## सारसुर्खियां

### मुख्य चुनाव आयोग की हो बर्खास्तगी



**साढ़/भीतरगांव, कानपुर।** शुक्रवार को दोपहर बाद साढ़ कस्बा स्थित सपा पार्टी के कार्यालय में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने प्रेस वार्ता कर मुख्य चुनाव आयोग की बर्खास्तगी की अपील महामहिम राष्ट्रपति से की प्रेस वार्ता के दौरान मुनींद्र शुक्ला ने कहा की आज देश के अंदर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई चल रही है उसका अहम पड़ाव चल रहा है केंद्र सरकार के इशारे पर मतदाता सूची में भारी धांधली हुई है वोट चोरी कर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है मुख्य निर्वाचन आयोग ने जनता की शिकायतों को लगातार दर किनारे कर दिया समाजवादी पार्टी दो अक्तूबर से आठ अक्तूबर तक विधानसभा वार आंदोलन करेगी उसी के तहत चार अक्टूबर को रमईपुर व घाटमपुर में विशाल जन चौपाल होगी आज दो अकबूतर को प्रत्येक जिले में प्रेस वार्ता के माध्यम से भ्रष्ट बेइमान चुनाव आयोग की करतूत जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है समाजवादी पार्टी पुरजोर तरीके से मुख्य चुनाव आयोग के इस्तीफे की मांग करती है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुलदीप यादव रमेश यादव इस्तियाक,सोनू,कुशवाहा सुमित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### जहरीले कीड़े के काटने से किशोर की हुई मौत

**साढ़/भीतरगांव, कानपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर उमरा गांव में बीती शाम को किसी जहरीले कीड़े के काटने से किशोर की मौत हो गई जानकारी के अनुसार रसूलपुर उमरा गांव निवासी दस वर्षीय किशोर मोहित कुमार पुत्र गोविंद लघुशंका करने गया था जैसे ही बाथरूम की दीवाल में हाथ रक्खा किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजन आनन फानन भीतरगांव सीएचसी ले गए जहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई परिजनों को मृत्यु की जानकारी होने पर कोहराम मच गया मृतक दो भाई एक बहन थे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### आरटीओ में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बापू की जयंती



**कानपुर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) कार्यालय, कानपुर में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यालय प्रांगण में एक सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ (प्रशासन) कहकशा खातून एवं पीटीओ दीपक सिंह ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच मिष्ठान वितरण कर बापू के आदर्शों को याद किया गया। उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए एआरटीओ (प्रशासन) कहकशा खातून ने कहा, महात्मा गांधी जी न केवल हमारे राष्ट्रपिता हैं, बल्कि उन्होंने भारत की एकता, अखंडता और स्वाधीनता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। बापू के सत्य, अहिंसा और कर्तव्यनिष्ठा के दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज और देश को उन्नति के नए शिखर पर ले जा सकते हैं।

### सरसैया घाट पर कल मातृशक्तियां करेंगी महा तर्पण




**कानपुर।** पितृपक्ष के अवसर पर 4 अक्टूबर को सरसैया घाट पर मातृशक्तियों की ओर से महा तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें गर्भ में मारी गई अजन्मी बेटियों के मोक्ष की कामना के लिए तर्पण और पिंडदान किया जाएगा। देहदानियों और अमर शहीदों के लिए भी जलदान एवं तर्पण होगा। युग दधीचि संस्थान के संयोजक मनोज सेंगर ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि वर्ष 2011 से पितृपक्ष में सार्वजनिक रूप से तर्पण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वैदिक परंपरा में महिलाओं की भूमिका और अधिकारों की स्मृति को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व महापौर जगतवीर सिंह द्रोण और विधायक नीलिमा कटियार दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगे। मुख्य पूजन नंदिता मिश्रा, भावना महाना और डॉ. अलका दीक्षित करेंगी। महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनीता गुप्ता सहित अन्य महिलाएं देवपूजन करेंगी। गायत्री परिवार की बहनों समेत कई विदुषी महिलाएं तर्पण में शामिल होंगी।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर चिकित्सा सेवा के मूल्यों का संकल्प

भास्कर ब्यूरो



**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद चिकित्सकों और कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर के सिंह ने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देता है और चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण संदेश है। डॉ. डॉली रस्तोगी ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का उल्लेख किया। उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' के संदेश की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि शास्त्री का जीवन ईमानदारी और दृढ़ इच्छाशक्ति की मिसाल है।

# बिधनू में स्कूल बस और डंपर की भिड़ंत, शिक्षिका की मौत

**कानपुर (भास्कर ब्यूरो)।** बिधनू में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने स्कूल बस को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में विज्ञान शिक्षिका की मौत हो गई। वही अन्य छात्र और शिक्षक घायल हो गए। हादसे के वक्त बस में पांच छात्रों समेत 35 लोग सवार थे। टक्कर के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बिधनू सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद दो छात्रों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सभी घाटमपुर स्थित मूसानगर रोड के चीना पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे।



कानपुर के बर्रा निवासी चीन पब्लिक स्कूल के बस चालक अर्जुन ने बताया कि वह नौबस्ता से बस लेकर घाटमपुर स्कूल जा रहे थे। जैसे ही वह कानपुर सागर हाइवे पर बिधनू थाना क्षेत्र के हरबसपुर गांव के पास पहुंचते ही सामने से मौरंग लदा डंपर आता दिखाई दिया। चालक के मुताबिक डंपर को सामने से आता देखकर उसने बस को बचाने के लिए सड़क से नीचे उतारने का प्रयास किया। इसके बावजूद डंपर ने पहले बस के साइड हिस्से में टक्कर मारी और इसके बाद बस के पिछले हिस्से को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

**टक्कर लगते ही बस में मची चीख-पुकार:** जोरदार टक्कर लगते ही बस के अंदर चीख-पुकार मच गई। खिड़कियों के शीशे टूटकर बस के अंदर बिखर गए। इसी दौरान पिछली सीट के पास बैठी विज्ञान शिक्षिका ऐश्वर्या श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया गया कि वह खिड़की के पास बैठी थीं। टूटे शीशे के टुकड़े उनके सिर में जा घुसे। साथी शिक्षकों ने आनन-फानन उन्हें बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऐश्वर्या श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव की पुत्री थीं और बर्रा क्षेत्र में रहती थीं।

**डंपर चालक पुलिस हिरासत में:** हादसे के बाद ग्रामीणों ने डंपर चालक को पकड़ लिया और बिधनू पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिक्षिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और डंपर चालक की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

बिधनू थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, डंपर को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र की आंख में घुसा कांच, दो रेफर

हादसे में कक्षा सात के छात्र रौनक वर्मा, निवासी बिनगवां की आंखों में कांच के टुकड़े लग गए। उसके साथ उसका भाई कनिष्क कक्षा पांच, छात्रा मैत्री कक्षा पांच निवासी नौबस्ता, सुहानी कक्षा 11 निवासी गल्लामंडी और कुशाग्र कक्षा 10 निवासी मछरिया भी बस में सवार थे। हादसे में शिक्षिका अंजू रीता (37) निवासी तौधकपुर और शिक्षक हिमांशु यादव (30) पुत्र स्व. एसपी यादव निवासी जूही लाल कॉलोनी को उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं अर्पित दीक्षित (25) निवासी सागरपुरी, दुर्गा चौहान (37), निखलेश्वर बाजपेई (47) और छात्र रौनक को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

### झींझक स्टेशन पर आमरण अनशन में बैठे व्यापारी

# गांधी जयंती पर रेल सुविधाओं के लिए सत्याग्रह

- ट्रेनों के ठहराव व अन्य सुविधाओं की मांग



**कानपुर देहात (भास्कर ब्यूरो)।** झींझक रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर शुक्रवार को गांधी जयंती पर व्यापारी और स्थानीय लोग आमरण अनशन पर बैठ गए। सुबह करीब 11 बजे मालगोदाम के पास शुरू हुआ अनशन छह घंटे बाद भी जारी रहा। अनशनकारियों ने कहा कि सक्षम अधिकारी के ठोस आश्वासन के बाद ही अनशन समाप्त करेंगे। व्यापारियों के अनुसार, झींझक स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं की मांग लंबे समय से की जा रही है। रेलवे अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज व्यापारी और स्थानीय लोग अनशन पर बैठ गए।

**एआरएम पहुंचे, आश्वासन नहीं काम चाहिए:** झींझक संवाददाता के अनुसार अनशन की जानकारी मिलने पर रेलवे के एआरएम इटावा मौके पर पहुंचे और अनशनकारियों से वार्ता की। उन्होंने ज्ञापन लेने और मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया, लेकिन व्यापारी स्पष्ट और ठोस आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि केवल ज्ञापन और आश्वासन से अब बात नहीं बनेगी। प्लेटफॉर्म भी दुरुस्त किए जाएं अनशनकारियों ने स्टेशन के दक्षिणी छोर से मुख्य मार्ग तक संपर्क सड़क और सीढ़ियां बनाने, प्लेटफॉर्म नंबर तीन व चार पर शेड, बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल और शौचालय उपलब्ध कराने की मांग की है। बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों के लिए लिफ्ट या एस्केलेटर, तिरंगा सेल्फी प्वाइंट और पार्किंग के पास ओपन जिम बनाने की मांग भी शामिल है। व्यापारियों ने कहा कि झींझक और आसपास के सैकड़ों गांवों के हजारों लोग आवागमन के लिए रेलवे पर निर्भर हैं। इसलिए प्रमुख ट्रेनों का ठहराव और यात्री सुविधाओं का विस्तार पूरे क्षेत्र की जरूरत है। व्यापारियों ने अनशन के लिए एसडीएम डेरापुर से अनुमति लेने की बात कही है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। खबर लिखे जाने तक व्यापारी और स्थानीय लोग अनशन पर डटे थे।

### इन ट्रेनों के ठहराव की मांग

व्यापारियों ने 20433/20434 जम्मू मेल का दोनों दिशाओं में ठहराव, 14163/14164 संगम एक्सप्रेस का पूर्ववत ठहराव बहाल करने की मांग की है। इसके अलावा 12427 रीवा एक्सप्रेस, 12987/12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस, 12581/12582 मंडुआडीह-नई दिल्ली एक्सप्रेस तथा 13239/13240 और 13237/13238 कोटा-पटना सेवाओं के ठहराव की मांग भी रखी गई है।

### गर्भवती को घर में घुसकर पीटा, कपड़े फाड़े

**चौबेपुर-कानपुर।** मोहम्मदपुर गांव में छह माह की गर्भवती महिला के घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव निवासी अंजलि पत्नी मनजीत गोस्वामी ने बताया कि 29 सितंबर की शाम वह घर पर थी। तभी उसकी देवरानी उमा अपने रिश्तेदार श्रीकांत उर्फ पप्पल समेत अन्य लोगों के साथ घर में घुस आई। आरोप है कि सभी ने उसके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर सास रुक्मणी और ननद उन्नति बचाने पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लापता एलएलबी छात्रा का झाड़ियों में मिला शव

- रेलवे लाइन किनारे 15 फीट नीचे मिला शव
- पुरुष मित्र और उसके साथी पर हत्या की आशंका

**कानपुर (भास्कर ब्यूरो)।** गोविंदनगर के दबौली वेस्ट में कानपुर-झांसी रेलवे लाइन किनारे शुक्रवार को चार दिन से लापता एलएलबी छात्रा रुचि पाल उर्फ स्वाति (23) का शव घनी झाड़ियों में पड़ा मिला। शव पूरी तरह सड़ चुका था। रेलवे ट्रैक से करीब 15 फीट नीचे शव मिलने की जानकारी पर स्वजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रा के पुरुष मित्र और उसके साथी पर हत्या कर शव झाड़ियों में फेंकने की आशंका जताते हुए हंगामा किया। स्वजन ने पुलिस पर आरोपितों से मिलीभगत का आरोप भी लगाया। सूचना पर पहुंचे एसीपी बाबूपुरवा वीरेंद्र विक्रम ने कार्रवाई का आश्वासन देकर स्वजन को शांत कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दबौली वेस्ट निवासी विमल कुमार पाल चाय की दुकान चलाते हैं। परिवार में पत्नी बुद्धि देवी, बेटा विनय और बेटी रुचि पाल उर्फ स्वाति थी। रुचि एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। मां बुद्धि देवी के मुताबिक, 28 सितंबर की शाम करीब छह बजे रुचि घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला तो स्वजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शक के आधार पर रुचि के पुरुष मित्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि, पूछताछ के बाद भी छात्रा का पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस और स्वजन उसकी तलाश में जुटे थे।

**चप्पल मिलने पर झाड़ियों में तलाशा:** शुक्रवार को रुचि के चाचा शैलेश रेलवे ट्रैक किनारे उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें ट्रैक के पास रुचि की चप्पल पड़ी मिली। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास तलाश शुरू की तो रेलवे लाइन किनारे करीब 15 फीट नीचे घनी झाड़ियों में रुचि का शव पड़ा मिला। शव की हालत देखकर उसके पूरी तरह सड़ने की जानकारी हुई। बेटी की मौत की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंच गए।

**पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाकर किया हंगामा:** स्वजन ने रुचि के पुरुष मित्र और उसके साथी पर उसे बुलाकर हत्या करने के बाद शव झाड़ियों में फेंकने की आशंका जताई। उनका आरोप था कि पुलिस ने दोनों से पूछताछ करने के बाद उन्हें चौकी से ही छोड़ दिया। इसी बात को लेकर स्वजन ने पुलिस पर आरोपितों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा वीरेंद्र विक्रम सर्किल के थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

> “एसीपी बाबूपुरवा वीरेंद्र विक्रम ने बताया कि लापता युवती का शव झाड़ियों में मिला है। स्वजन ने उसके पुरुष मित्र और उसके साथी पर हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।”

# गांधी जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश



भास्कर ब्यूरो

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गांधी जयंती के अवसर पर स्टार शाइन फाउंडेशन की ओर से राजकीय हाईस्कूल अहमद नगर, विकासखंड कुंभी में 'स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत' विषय पर ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कलाकृतियों के जरिए स्वच्छता और विकसित भारत का संदेश दिया। प्रतियोगिता के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम पुरस्कार खुशी श्रीवास्तव व नैनशी, द्वितीय पुरस्कार सना व शौर्य तथा तृतीय पुरस्कार मोहनी व नव्या देवी को प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. वीरेश चंद्र बाजपेयी, शिक्षक अभिषेक व वसीम तथा स्टार शाइन फाउंडेशन के अध्यक्ष जीशान अली, कोषाध्यक्ष सलमान सिद्दीकी और उपाध्यक्ष वली अंसारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पवनदीप, सोनम, निशा, नीतू राठौर, सिखा, गोपीन, ईशान, अनस, नैनशी और दुर्गेश सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# पत्रकारों के अधिकारों से खिलवाड़ हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से उठेगी आवाज

भास्कर ब्यूरो



**फूलबेहड़ खीरी।** पत्रकारों के अधिकार और सम्मान के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी पत्रकार साथी को बेवजह परेशान करने या उसके अधिकारों के हनन का प्रयास हुआ तो संगठन कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से मजबूती के साथ आवाज उठाएगा। यह बात शुक्रवार को फूलबेहड़ में आयोजित ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) की ब्लॉक स्तरीय बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सिरताज अली ने कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिरताज अली ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को सामने लाने और उन्हें जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी पत्रकार के साथ होने वाली समस्या को व्यक्तिगत न मानकर संगठन की समस्या के रूप में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार की समस्या पूरे संगठन की समस्या और उसकी आवाज पूरे संगठन की आवाज है। ब्लॉक उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि पत्रकार साथियों को एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना चाहिए। ब्लॉक महामंत्री सलमान खान, महासचिव मोहम्मद रिजवान और संगठन मंत्री पंकज शर्मा ने भी पत्रकार हितों के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने की बात कही। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और उनकी समस्याओं को उचित मंच पर प्रभावी ढंग से उठाने पर चर्चा हुई। इस दौरान दीनदयाल को ब्लॉक डिप्टी महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मो. तलहा, सुनीत बाजपेई, जसवंत कुमार, मो. आलम, संतोष तिवारी, मो. असलम, साबिर अली, नंदेश कुमार, प्रमोद कुमार, अमित यादव, विधिक सलाहकार विनोद कुमार यादव, मुशीर अहमद, अतहर खान, आदिल खान, रिहान गाजी, अमित शुक्ला और रहमत अली समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# बल्लीपुर में धूमधाम से मनाई गांधी जयंती, सीए ने किया माल्यार्पण

**निघासन-खीरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर निघासन विधानसभा क्षेत्र के बल्लीपुर गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिव मंदिर परिसर में भाजपा नेता सीए अंशुल दीक्षित ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर गांधीजी को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीए अंशुल दीक्षित ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके स्वच्छता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से जुड़े विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को गांधीजी के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

## सारसुर्खियां

### गांधी-शास्त्री जयंती पर बीडीओ ने किया ध्वजारोहण

**निघासन-खीरी, ब्यूरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बीडीओ ने गांधीजी के सत्य-अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा शास्त्रीजी के सादगीपूर्ण जीवन व 'जय जवान, जय किसान' के नारे को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों ने ईमानदारी और जिम्मेदारी से दायित्व निभाने का संकल्प लिया।



### छात्राओं को बताए पाक्सो एक्ट के प्रावधान

**शाहजहांपुर ब्यूरो।** पुवायां इंटर कॉलेज में POCSO एक्ट एवं बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। नायब तहसीलदार अमित कुमार के निर्देशन में हुए शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपेक्षा सिंह ने छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शोषण या आपत्तिजनक स्थिति में चुप रहने के बजाय विश्वसनीय व्यक्ति अथवा पुलिस को सूचना दें। जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। शिविर में तहसीलदार अंगराज और पीएलवी शैलेंद्र कुमार बाजपेयी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### इंटर कॉलेज में पाक्सो एक्ट पर जागरूकता शिविर

**पुवायां, शाहजहांपुर ब्यूरो।** पुवायां इंटर कॉलेज में POCSO एक्ट और बाल अपराधों की रोकथाम को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपेक्षा सिंह ने छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। उन्होंने किसी भी शोषण या आपत्तिजनक स्थिति में चुप रहने के बजाय विश्वसनीय व्यक्ति अथवा पुलिस को सूचना देने की अपील की। इस दौरान तहसीलदार अंगराज, पीएलवी शैलेंद्र कुमार बाजपेयी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 4 अक्टूबर को होगा मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**शाहजहांपुर ब्यूरो।** कठेरिया समाज कल्याण समिति की ओर से 4 अक्टूबर को गांधी भवन में 10वां मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि और राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया विशिष्ट अतिथि होंगे। समिति के जिला महामंत्री अरुण कठेरिया के अनुसार तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### न्यायिक कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाहजहांपुर ब्यूरो।** महात्मा गांधी जयंती पर शुक्रवार को जनपद न्यायालय की जिला शाखा के न्यायिक कर्मचारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। देशव्यापी आंदोलन के तीसरे चरण के तहत आयोजित यात्रा में कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। हाथों में तिरंगा लेकर कर्मचारी शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़े। उनका उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायिक कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण और अधिकारों की ओर ध्यान आकर्षित करना था। यात्रा में लेखा लिपिक अनिल कुमार और आशुतोष चतुर्वेदी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान होने तक शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रहेगा।



### नुक्कड़ नाटक से योजनाओं की दी जानकारी

**शाहजहांपुर ब्यूरो।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को राजीव चौक पर 'अनकही कहानियां' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें गरीबों, वंचितों, किसानों और युवाओं के लिए संचालित योजनाओं के उद्देश्य और लाभ को सरल अंदाज में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक जुटे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र पाल सिंह, सुरजन लाल, जिला मंत्री बिपिन शुक्ला व मंजू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबली सिंह, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष सर्वेश शर्मा, बलदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, जिला पंचायत सदस्य बृजेश कुमार, ब्रजेन्द्र प्रजापति और मधु सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




### 50 घंटे बाद सोत नदी में मिला किशोर का शव

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, ब्यूरो।** सोत नदी में डूबे रसूलपुर गांव निवासी 17 वर्षीय उदयवीर पुत्र कलियान का शव शुक्रवार को करीब 50 घंटे बाद बरामद हुआ। घटनास्थल से लगभग चार किलोमीटर दूर बिछिया छुट्टी पुल के नीचे जलकुंभी में शव फंसा मिला। किशोर की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। उदयवीर बुधवार सुबह करीब 11 बजे भैंस चराते समय सोत नदी में डूब गया था। उसकी तलाश में स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को ग्रामीणों ने पुल के नीचे जलकुंभी में शव फंसा देखा और पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से जलकुंभी हटवाकर शव बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप और विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



# दहेज कुप्रथा : बुलेट-फ्रिज की मांग विवाहिता का गला दबाने का आरोप

- पति समेत 8 पर मुकदमा
- तहरीर के आधार पर महिला थाने में एफआईआर

भास्कर ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और फ्रिज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट और दुपट्टे से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगा है। फरधान क्षेत्र के नरायनपुर निवासी मुस्लमा की तहरीर के आधार पर महिला थाना पुलिस ने पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता ने आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की, गला दबाने की कोशिश की और बाद में जेवर-कपड़े छीनकर घर से निकाल दिया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अरशद नदीम को सौंपी गई है।

मुस्लमा की शादी 14 जून 2023 को गोला क्षेत्र के ग्राम कुनैठिया निवासी तौहीद पुत्र टिंकू के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। तहरीर के अनुसार मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान-दहेज दिया था, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था और अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व फ्रिज की मांग की जा रही थी।

विवाहिता ने तहरीर में बताया कि 11 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे पति समेत ससुराल पक्ष के लोग एकराय होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान दुपट्टे से फंदा लगाकर उसका गला दबाया गया। मुस्लमा के मुताबिक उसने बचने के लिए शोर मचाया तो उसे छोड़ा गया। इसके बाद आरोप है कि उसके जेवर और कपड़े छीनकर धक्का देते हुए घर से बाहर निकाल दिया गया। वह किसी तरह मायके पहुंची और माता-पिता को पूरी घटना बताई।

### दुपट्टे के सहारे लटका मिला विवाहिता का शव

**मितौली-खीरी।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार तेंदुआ निवासी रूबी देवी (30) पत्नी अनीत कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बताया जाता है कि रूबी देवी की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व जनपद सीतापुर के कोतवाली महोली क्षेत्र के रुस्तमनगर निवासी अनीत कुमार के साथ हुई थी। उसके एक करीब तीन वर्षीय बच्ची भी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# आठ लाख नकद और बाइक के बाद भी नहीं थमा उत्पीड़न

- पति पर दूसरी शादी का आरोप
- फरधान पुलिस ने पति पर दर्ज किया मुकदमा

भास्कर ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** चार साल पहले आठ लाख रुपये नकद और मोटरसाइकिल देकर जिस बेटी को ससुराल भेजा गया था, उसके हिस्से में कथित तौर पर मारपीट, तंगी और प्रताड़ना ही आई। महिला का आरोप है कि पति ने पहले उसे लगातार परेशान किया और फिर उसकी गैरमौजूदगी में दूसरी शादी कर ली। इसकी जानकारी होने पर जब वह ससुराल पहुंची तो उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर फरधान पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खजांची पुरवा निवासी सिलोचना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 17 अप्रैल 2022 को सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के पोखरा गांव निवासी ललित कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद से हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने करीब आठ लाख रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल दहेज में दी थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति मारपीट करने लगा और खाने-खर्चे की तंगी बताकर उसे परेशान करता रहा। विवाद बढ़ने पर कई बार सुलह-समझौते की कोशिश भी हुई, लेकिन हालात नहीं सुधरे। महिला के मुताबिक, इसी बीच पति ने उसकी अनुपस्थिति में हरगांव क्षेत्र के अकबरपुर निवासी जया पुत्री रामेश्वर से दूसरी शादी कर ली। इसकी जानकारी मिलने के बाद सिलोचना ससुराल पहुंची। आरोप है कि वहां उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया गया। पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची। उसका एक पुत्र भी है, जो उसके साथ रह रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति ललित कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जुनैद खान को सौंपी गई है।

# सेवा संकल्प यात्रा का विधायक ने किया स्वागत

**मोहम्मदी खीरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थल वडनगर से 17 सितंबर को काशी विश्वनाथ तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा के 16वें दिन शुक्रवार को मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र में यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। मोहम्मदी पहुंचने पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने महमदपुर कला में यात्रा दल का स्वागत किया। इसके बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका परिषद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गिरिराज मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। माल्यार्पण के साथ यात्रियों को स्मृति स्वरूप बैग भी भेंट किए गए। कार्यक्रम का संयोजन मनोज वर्मा ने किया। शंकरपुर चौराहे पर इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान मोहम्मदी फायर ब्रिगेड स्टेशन पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश दिया गया।

# पुराने साथी धर्मेंद्र दीक्षित का हाल जानने घर पहुंचे जितिन प्रसाद



भास्कर ब्यूरो

- परिवार से की आत्मीय मुलाकात

**शाहजहांपुर।** रिश्तों की आत्मीयता और पुराने साथियों के प्रति अपनत्व की मिसाल पेश करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद शुक्रवार शाम अपने गृह नगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र दीक्षित से मिलने उनके सदर बाजार स्थित आवास पहुंचे। स्वास्थ्य लाभ ले रहे धर्मेंद्र दीक्षित का हालचाल जाना और परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा।

इस दौरान जितिन प्रसाद ने धर्मेंद्र दीक्षित के बच्चों से बातचीत की। उनके भविष्य के सपनों और शिक्षा को लेकर जानकारी ली तथा उन्हें आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। परिवार के साथ उनकी यह मुलाकात पुराने संबंधों की आत्मीयता को दर्शाती नजर आई।

मुलाकात के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की उपयोगिता और आने वाले समय में इसके बढ़ते महत्व पर भी चर्चा हुई। प्राथमिक विद्यालय जमालपुर के प्रधानाचार्य एवं धर्मेंद्र दीक्षित के पुत्र अभिषेक दीक्षित ने जितिन प्रसाद का स्वागत किया। इस अवसर पर आनंद देव मिश्रा मोती, रवि सिंह, हर्षित मिश्रा, पुलकित मिश्रा, आशीष कुमार सिंह डब्बू, नईम खान, आदित्य सिंह, गुड्डु गुप्ता, संस्कृति दीक्षित, ईशान दीक्षित और गौरव मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ब्रज क्षेत्र की कमान मिलते ही चंद्रेश गुप्ता का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

भास्कर ब्यूरो



**अल्हागंज, शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अल्हागंज की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रेश गुप्ता को ब्रज क्षेत्र महिला मोर्चा का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नई जिम्मेदारी की घोषणा के बाद से ही उनके समर्थकों, शुभचिंतकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। घर से लेकर सामाजिक आयोजनों तक उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। कहीं फोन और सोशल मीडिया के जरिए शुभकामनाएं दी जा रही हैं, तो कहीं मिठाई खिलाकर और पुष्पमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया जा रहा है। शुक्रवार को बरेली प्रवास के दौरान परशुरामपुरी स्थित वृंदावन मैरिज हॉल में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठजनों ने चंद्रेश गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने संगठन के प्रति उनके समर्पण, सक्रियता और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव की सराहना की। नवरात्र से पहले मिली जिम्मेदारी, महिला नेतृत्व को नई पहचान नवरात्र से पहले चंद्रेश गुप्ता को मिली यह जिम्मेदारी शाहजहांपुर जिले के राजनीतिक और संगठनात्मक परिदृश्य में महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखी जा रही है। जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव और नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता के बाद अब चंद्रेश गुप्ता को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। जहां ममता यादव जिला पंचायत का नेतृत्व कर रही हैं और अर्चना वर्मा नगर निगम की जिम्मेदारी संभाल रही हैं, वहीं चंद्रेश गुप्ता को ब्रज क्षेत्र में महिला मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार का दायित्व सौंपा गया है।इस नियुक्ति से अल्हागंज को भी भाजपा के क्षेत्रीय संगठन में नई पहचान मिली है। स्थानीय निकाय की राजनीति से लेकर पार्टी संगठन तक का अनुभव रखने वाली चंद्रेश गुप्ता के सामने अब व्यापक क्षेत्र में महिला मोर्चा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सत्य अहिंसा और जनसेवा का संदेश



भास्कर ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट से जिला न्यायालय तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों को नमन कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कहीं रामधुन गूंजी तो कहीं सफाई कर्मियों का सम्मान हुआ। वहीं, विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए कानून के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम' की धुन के बीच गांधी जी और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। डीएम ने कहा कि दोनों महापुरुषों का राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उनके जीवन से सादगी, त्याग, सत्य, अहिंसा और देशसेवा की प्रेरणा मिलती है। गांधी जी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से जरूरतमंदों की सहायता करने तथा जनशिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने की अपील की।

# बाढ़ से मिर्जापुर में हाहाकार, घरों में घुसा पानी, फसलें डूबी

भास्कर ब्यूरो



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** रामगंगा नदी की बाढ़ से मिर्जापुर क्षेत्र में हालात बिगड़ गए हैं। कस्बे की गुलड़िया रोड और दक्षिणी दलित बस्ती के कई घरों में पानी घुसने से लोग परेशान हैं। हजारों बीघा धान की तैयार फसल जलमग्न है, जबकि कई गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से टूट गया है।

मझारा बढ़ऊ ग्राम पंचायत के मजरा छपरा में रास्ते बंद होने से ग्रामीणों को आवागमन, दवा और पशुओं के चारे की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ढाई रोड निवासी रामपाल कश्यप के अनुसार, घर में पानी भरने और सीलन से दीवारों में दरारें आ गई हैं।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के शुक्रवार सुबह आठ बजे के आंकड़ों के अनुसार, डबरी घाट पर रामगंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 74 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया, जबकि भैंसर ढाई घाट पर गंगा खतरे के निशान से 45 सेंटीमीटर नीचे रही।

**छपरा में लगेगा मेडिकल कैंप** : सीएचसी प्रभारी जिरानपुर डॉ. आदेश रस्तोगी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पहुंच रही है। छपरा गांव में शनिवार को मेडिकल कैंप लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### चंद्रेश गुप्ता का जलालाबाद में जोरदार स्वागत

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, ब्यूरो।** भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रेश गुप्ता का नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। फर्रुखाबाद हाईवे स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में चंद्रेश गुप्ता ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करेंगी। महिला मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इस दौरान रुचि गुप्ता, हेमा अग्रवाल, अल्पना श्रीवास्तव, प्रियांशु शुक्ला, मोहित श्रीवास्तव और विश्वास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में आयोजक केशव मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महिला व युवक को घेरकर पीटा; चार पर मुकदमा

**निघासन खीरी, ब्यूरो।** बाइक की हेडलाइट की रोशनी पड़ने जैसी मामूली बात ने ऐसा तूल पकड़ा कि घर में बैठे मेहमानों के बीच विवाद पहुंच गया। आरोप है कि चार लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और पहले बाइक सवार से गाली-गलौज की। बीच-बचाव करने आई महिला को घेरकर पीटा गया। उसे बचाने पहुंचे युवक पर भी डंडों से हमला कर दिया गया। सिर और आंख समेत शरीर पर चोटें आने के बाद पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। तहरीर के आधार पर निघासन पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 30 सितंबर की रात करीब आठ बजे पटेलनगर वार्ड नंबर 11 की है। चांदनी देवी के मुताबिक, वह घर पर शिवम कश्यप, संदीप शाक्य, कोमल शाक्य और राज शाक्य के साथ बैठी थीं। इसी दौरान संदीप का साला राज शाक्य बाइक से घर से निकलने लगा। बाइक की हेडलाइट की रोशनी अनजाने में सामने रहने वाले पड़ोसी के घर की ओर पड़ गई।

# सलेमपुर में गांधी-शास्त्री जयंती पर महापुरुषों को किया नमन

भास्कर ब्यूरो

**सफीपुर (उन्नाव)।** सफीपुर क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया।

कृषि विभाग के एटीएम विजयभान सिंह ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके विचारों की जानकारी साझा की। उन्होंने ग्रामीणों से दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रसूलाबाद मंडल अध्यक्ष



रामकृष्ण राठौर, ग्राम रोजगार सेवक राजकिशोर पाल, धनंजय सिंह, पूर्व सैनिक अकबाल बहादुर सिंह, किसान दिनेश और कोटेदार संजय सिंह ने भी दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में तिलक सिंह, आलोक, रामआसरे, सज्जन सिंह, विष्णु राठौर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में मलखान सिंह की अहम भूमिका रही।

# वोटर लिस्ट में छूटे नाम जुड़ेंगे, युवा-महिलाओं पर विशेष जोर

## फार्म-6 से ऑनलाइन और ऑफलाइन कर सकेंगे आवेदन, विभागों को अभियान में लगाया

भास्कर ब्यूरो

**उन्नाव।** मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान में पहली बार वोटर बनने वाले युवाओं के साथ महिला, दिव्यांग, बेघर और ऐसे मतदाताओं पर विशेष जोर रहेगा, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका है। इसके लिए विभिन्न विभागों और शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील कुमार गोंड़ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची



के निरंतर पुनरीक्षण के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदाता सूची में शामिल करना है। उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और उप जिलाधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों, स्वास्थ्य कर्मियों समेत महिला कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास और युवा कल्याण विभाग के कर्मचारियों की मदद ली जाएगी। अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी हासिल कर सकें। फार्म-6 से जुड़वा सकेंगे नामः पात्र नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के सिटीजन सर्विस पोर्टल या ECINET मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन फार्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन के लिए फार्म-6 आवश्यक अभिलेखों के साथ बीएलओ, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिया जा सकता है। मतदाता पंजीकरण केंद्रों और जिला निर्वाचन कार्यालय में फार्म-6 उपलब्ध कराए गए हैं। एडीएम ने बताया कि आवेदन करते समय सभी प्रविष्टियां सही और त्रुटिरहित भरना जरूरी है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को छोड़कर अन्य पुनरीक्षण में फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र लगाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर बच्चों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा

भास्कर ब्यूरो

**बीघापुर, उन्नाव।** गांधी-शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को इंदेमऊ स्थित रामदूत बाल विद्या मंदिर में विविध कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने गांव में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद विद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों



महापुरुषों के विचार विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। प्रबंधक मनोज सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। खेलों से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# जयंती पर याद आए गांधी व शास्त्री जी के संदेश

## कलेक्ट्रेट से लेकर कस्बों तक धूमधाम से मनाई गई बापू और शास्त्री जी की जयंती

भास्कर ब्यूरो

**सीतापुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार 2 अक्टूबर को समूचे सीतापुर जिले में विभिन्न गरिमापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर तहसील, ब्लॉक, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

**डीएम ने फहराया ध्वज, रामधुन से गुंजायमान हुआ परिसरः** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने ध्वजारोहण कर बापू और शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस दौरान महात्मा गांधी के प्रिय भजनों और रामधुन का गायन किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और ग्राम स्वराज का संदेश देता है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से



समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं शास्त्री जी को याद करते हुए डीएम ने कहा कि श्जय जवान, जय किसानश का नारा देश की सुरक्षा व कृषि के महत्व को रेखांकित करता है और उनका सादगीपूर्ण जीवन हर लोकसेवक के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**मेरे सपनों का भारत चित्र प्रदर्शनी लगीः** सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज के सामुदायिक सभागार में जिला स्तरीय चित्र प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। डीएम डॉ. राजागणपति आर. और सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी ने प्रदर्शनी का शुभारंभ कर बच्चों की कल्पनाशीलता की सराहना की। 22 सितंबर से विद्यालय व ब्लॉक स्तर से चयनित होकर आई प्रविष्टियों का मूल्यांकन एसआरजी टीम (करूणेश मिश्र, आलोक श्रीवास्तव व मदनेस मिश्रा) द्वारा किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं

**जय जवान, जय किसान और स्वच्छ भारत के संकल्प से गुंजायमान हुआ जिला**

**• जीआईसी में मेरे सपनों का भारत चित्र प्रदर्शनी का आयोजन, उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित**

को डीएम द्वारा पुरस्कृत किया गया, जबकि प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को ड्राइंग किट बांटी गई। कार्यक्रम में डीआईओएस राजेंद्र सिंह, बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला समन्वयक योगेश पांडेय व सौरभ शुक्ला सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

**देशभक्ति के रंग में रंगे जिले के कस्बेः** तंबौर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में अध्यक्ष तैयबुन निशा एवं सभासदों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष तैयबुन निशा ने नगरवासियों से बापू के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने और शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने की अपील की। तंबौर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दोनों महापुरुषों को नमन किया। वहीं आर्यकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च, सीतापुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कॉलेज परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। महमूदाबाद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाई गई। तहसील परिसर में एसडीएम अभिषेक प्रियदर्शी, सीएचसी में डॉ. आशीष वर्मा, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र विक्रम सिंह तथा नगर पालिका में विधायक आशा मौर्य व अध्यक्ष आमिर अराफात ने ध्वजारोहण किया। स्कूल-कॉलेजों में महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पार्चन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। स्काउट-गाइड व कब-बुलबुल के बच्चों ने स्वच्छता अभियान, पौधरोपण और स्वच्छता शपथ के साथ सद्भावना गीत प्रस्तुत किया।

# तय स्थानों से चलेंगी टेंपो-बसें, जाम रोकने की कवायद

भास्कर ब्यूरो

**उन्नाव।** शहर के भीतर सड़क किनारे खड़े होकर टेंपो, मैजिक और बसों के सवारियां भरने पर जल्द रोक लगाई जाएगी। निर्धारित स्थानों के बजाय शहर के अंदर से संचालित हो रहे पड़ाव अड्डों से लगने वाले जाम को देखते हुए प्रशासन ने वाहनों का संचालन तय स्थलों से कराने की कवायद शुरू कर दी है। गुरुवार शाम अधिकारियों की टीम ने पांच पड़ाव अड्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और कमियां दूर कराने के निर्देश दिए।

पड़ाव अड्डों की नीलामी के दौरान ही संचालकों को निर्धारित स्थलों पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

**• पड़ाव अड्डों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, पुलिस तैनाती और निगरानी की तैयारी**

गए थे। इनमें पेयजल, टिनशेड और यात्रियों के बैठने की व्यवस्था शामिल है। इसके बावजूद कई स्थानों पर मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं नहीं होने के साथ वाहन शहर के भीतर ही सवारियां भरते हैं। इससे प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनती है और यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

गुरुवार को एडीएम एवं निकाय प्रभारी सुशील कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह, सीओ यातायात प्रदीप कुमार और नगर पालिका ईओ राम आसरे कमल ने पांच पड़ाव अड्डों का निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर व्यवस्थाएं देखीं और संचालकों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए। पुलिस की निगरानी में होगा संचालनः एडीएम ने ईओ को निर्धारित स्थलों से ही टेंपो, मैजिक और बसों का संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पड़ाव अड्डों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती और सुबह-शाम निगरानी की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। फिलहाल व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। अधिकारियों के मुताबिक नियमों की अनदेखी कर शहर के भीतर से वाहन संचालित करने वाले पड़ाव अड्डा संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## गांधी-शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक, कार्यशैली में उतारें आदर्श



**उन्नाव।** कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए और रघुपति राघव राजा राम का गायन भी हुआ। डीएम ने कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और मानव सेवा के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से गांधी जी के आदर्शों को अपने कार्य और व्यवहार में उतारने तथा जनसेवा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने विभिन्न आंदोलनों को व्यापक जनआंदोलन का रूप देकर देशवासियों को एकजुट किया और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। शास्त्री जी को याद करते हुए डीएम ने कहा कि खाद्यान्न संकट के दौर में उन्होंने सूझबूझ के साथ देश का नेतृत्व किया। हरित क्रांति के माध्यम से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में उनके योगदान को याद किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड ने कहा कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आत्ममंथन करने की जरूरत है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांधी व शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन और कार्यशैली में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विधेस, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कहकशा अंजुम समेत अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सारसुर्खियां

### नहाने गए दो दोस्त, एक की डूबने से मौत

**रेउसा, सीतापुर।** क्षेत्र के बारिन पुरवा मजरा राजापुर कलां में बाढ़ के पानी से भरे नाले में नहाने गए दो दोस्त गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाल लिया, लेकिन एक युवक की हालत गंभीर होने पर अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तालिब (18) पुत्र सफीक और फैजान पुत्र घूरे गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान दोनों गांव के पास बाढ़ के पानी से भरे नाले में नहाने चले गए। नहाते समय दोनों अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने प्रयास कर दोनों को पानी से बाहर निकाला। तालिब की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे सीएचसी रेउसा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत

**तालगांव, सीतापुर।** ड्यूटी पर जाते समय हादसे में घायल होमगार्ड राजेश कुमार (40) की मौत हो गई। गुरुवार को बांका नगर पुलिया के पास उनका शव और क्षतिग्रस्त बाइक मिली थी। पोस्टमार्टम में सिर में गंभीर चोट और पसलियां टूटने की पुष्टि हुई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में अज्ञात वाहन की टक्कर की आशंका जताई गई है। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। पुलिस घटनास्थल के साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर रही है।

### वडनगर की संकल्प यात्रा सीतापुर पहुंची

**पिसावां, सीतापुर।** गुजरात के वडनगर से शुरू हुई संकल्प यात्रा बुधवार देर शाम सीतापुर पहुंची। पिसावां सीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा का स्वागत किया। अशोक स्तंभ पर मोमबत्ती जलाने के बाद यात्रा विकासखंड परिसर पहुंची। यहां विधायक शशांक त्रिवेदी ने गुजरात से आए भाजपा नेताओं का सम्मान किया। नेताओं ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जनसेवा और स्वच्छता-पौधरोपण के संदेश को लोगों तक पहुंचाना है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल और ड्रोन कैमरे तैनात रहे।

### बंद पीएचसी परिसर बनेगा अस्थाई बस स्टॉप

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** थाना तिराहे के पास वर्षों से बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर को अस्थाई बस स्टॉप बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। 2 अक्टूबर को विधायक ज्ञान तिवारी ने पुलिस बल और जेसीबी के साथ पहुंचकर परिसर की सफाई कराई। अब तक बसें सड़क पर खड़ी होने से जाम और हादसों का खतरा बना रहता था। बस स्टॉप बनने से यात्रियों, छात्रों और बुजुर्गों को सुविधा मिलेगी। यहां सीतापुर, कैसरबाग, अवध और बाराबंकी डिपो की करीब डेढ़ दर्जन बसों का संचालन होता है।

### कैंची पुल के पास गहरे पानी में डूबा युवक, तलाश जारी

**सीतापुर।** सदर तहसील के चुंगी चौकी क्षेत्र में कैंची पुल के पास लोनियनपुरवा मोहल्ले में गुरुवार देर रात एक युवक के गहरे पानी में डूबने की सूचना से हड़कंप मच गया। लापता युवक की पहचान मुनेंद्र कश्यप के रूप में बताई जा रही है। पुलिस और द्वितीय बटालियन बाढ़ राहत दल की टीम मौके पर पहुंचकर उसकी तलाश में जुटी है। बताया जा रहा है कि बाढ़ के पानी में युवक का घर डूब चुका है, जिसके चलते वह अपनी पत्नी के साथ किराए के दूसरे मकान में रह रहा था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार रात मुनेंद्र अपने पुराने घर की ओर जाने लगा। इसी दौरान कुछ लोगों को उसके चोर होने का संदेह हुआ। पत्नी ने आरोप लगाया कि लोगों की ओर से उस पर पत्थर भी चलाए गए। इसके बाद वह गहरे पानी में चला गया और फिर वापस नहीं लौटा।

# हरगांव में मिले युवक समेत दो शव

**हरगांव, सीतापुर।** थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात तथा शुक्रवार सुबह अलग-अलग स्थानों पर दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। एक बुजुर्ग का शव खेत के पास खंती में पड़ा मिला, जबकि दूसरे मामले में शारदा सहायक नहर से 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम जैतापुर मजरा भदेवां निवासी छविनाथ (65) पुत्र कुंदन गुरुवार दोपहर जानवरों के चारे के लिए गन्ने की पत्ती तोड़ने खेत गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रात करीब नौ बजे माहिमपुर-जैतापुर के बीच खंती में उनका शव पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से प्राइवेट पशु चिकित्सक की मौत

भास्कर ब्यूरो

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोनिक पावर हाउस के पास गुरुवार देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार प्राइवेट पशु चिकित्सक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पशु चिकित्सक को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के बंधूहार सिविल लाइन निवासी श्याम बहादुर (51) पुत्र माता प्रसाद मूलरूप से दही क्षेत्र के रामपुर खालसा गांव के रहने वाले थे। वह प्राइवेट तौर पर पशुओं का इलाज करते थे। परिजनों के अनुसार, गुरुवार को भी वह रोज की तरह पशुओं का इलाज करने निकले थे। देर शाम दही चौकी क्षेत्र स्थित अपने निर्माणाधीन मकान को देखने बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सोनिक पावर हाउस के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल श्याम बहादुर को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी शिव देवी, बेटे रंजीत शर्मा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## चकलवंशी-संडीला मार्ग पर चेकिंग में पकड़े गए तीन गांजा तस्कर

**उन्नाव।** आसीवन पुलिस ने चकलवंशी-संडीला मार्ग पर चेकिंग के दौरान ऑटो सवार तीन युवकों को करीब तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, तीनों युवक ऑटो में एक काले रंग के पिट्ठू बैग में गांजा लेकर जा रहे थे। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुलिस ने तलाशी ली तो बैग से गांजे के तीन पैकेट बरामद हुए। गुरुवार रात आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। रात करीब 11 बजे चकलवंशी-संडीला मार्ग स्थित पीपल पौशाला के पास हैदराबाद चौकी प्रभारी विजय चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक किराये के ऑटो को रोककर उसमें सवार तीन युवकों से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, उनके जवाब संतोषजनक नहीं होने पर तलाशी ली गई। ऑटो में पीछे बैठे युवकों के पास मिले काले पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमें तीन पैकेट गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों की पहचान आसीवन थाना क्षेत्र के कनिगांव निवासी रामबाबू पुत्र तुलसीराम, औरास थाना क्षेत्र के मनिकापुर निवासी विमलेश और बिहार के खगड़िया जिले के सिलौली थाना क्षेत्र के हरिपुर निवासी एमडी आजाद पुत्र मोहम्मद इदसीस शाह के रूप में की है।

# तीन घंटे इंतजार के बाद टला कोटा का चुनाव, ग्रामीणों का हंगामा

भास्कर ब्यूरो

**मछरेहटा, सीतापुर।** विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत गंधेरिया में शुक्रवार को प्रस्तावित कोटा चुनाव को लेकर पंचायत भवन पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। चुनाव की उम्मीद में बड़ी संख्या में ग्रामीण करीब तीन घंटे तक मौके पर डटे रहे, लेकिन ग्राम प्रधान के नहीं पहुंचने से चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। मौके पर सचिव श्रीराम गुप्ता और एडीओ कृषि संजीव कुमार भी मौजूद रहे। लंबे इंतजार के बाद सचिव ने ग्राम प्रधान के अस्वस्थ होने की जानकारी देते हुए चुनाव स्थगित करने की घोषणा कर दी। चुनाव टलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों की सचिव और मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से काफी देर तक तीखी बहस हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान जानबूझकर चुनाव स्थल पर नहीं पहुंचीं, जिसके कारण



**• प्रधान के नहीं पहुंचने पर सचिव ने अस्वस्थता का हवाला देकर किया चुनाव स्थगित**

चुनाव को स्थगित करना पड़ा। हंगामे की सूचना पर संदना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति पर नजर बनाए रखी। काफी देर तक पंचायत भवन परिसर में ग्रामीणों की भीड़ और बहस का दौर चलता रहा।

बाद में ग्रामीण धीरे-धीरे अपने घरों को लौट गए। मछरेहटा खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत अनुपस्थित रहे। संदना थाना अध्यक्ष प्रिंस सोनकर ने बताया कि पुलिस टीम चुनाव स्थल पर मौजूद रही। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रही।

# बाढ़ का कहर, खेतों में सड़ने लगी फसलें, दर्जनों गांव जलमग्न

भास्कर ब्यूरो

**सदरपुर (सीतापुर)।** सदरपुर इलाके में बाढ़ की विभीषिका ने जनजीवन को पूरी तरह पटरी से उतार दिया है। क्षेत्र के दर्जनों गांव इस समय पानी के तेज बहाव और भारी जलभराव की मार झेल रहे हैं। मुख्य मार्गों पर बाढ़ का पानी तेज धार के साथ हिलोरे ले रहा है, जिससे कई संपर्क मार्ग पूरी तरह कट चुके हैं।

जरूरी राशन और रोजमर्रा के सामान के लिए ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर गहरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बाढ़ से धरमपुर, लोनियन पुरवा, शिवपुर, देवरिया, पोखरा कलां, रुदायन, घरथरी, पासिनपुरवा, रजपारापुर, राजापुर, पिपरी, रंडा खुर्द, बकहुवां, हेलेपारा और गोडियन पुरवा, गोडाइचा सहित दर्जनों गांव गंभीर रूप से प्रभावित हैं। इन गांवों में न केवल इंसानों के लिए आवागमन का संकट खड़ा हो गया



है, बल्कि पशुपालकों के सामने भी मवेशियों के चारे की भारी किल्लत हो गई है। चारों तरफ पानी भरा होने के कारण पशुओं को सूखा भूसा तक नसीब नहीं हो पा रहा है। किसानों के लिए यह बाढ़ तबाही का पैगाम लेकर आई है। सैकड़ों बीघा में लहलहाती धान, उड़द, तिल और बाजरे की फसलें पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं। किसान देसी नावों व अन्य जुगाड़ के सहारे पानी में डूबी धान की बालियों को काटकर बचाने की जी-तोड़ कोशिश कर रहे थे, लेकिन कुदरत की मार ने उनसे यह आखिरी सहारा भी छीन लिया। भारी बारिश के तुरंत बाद निकली तीखी धूप के कारण डूबी हुई फसलें पानी में ही सड़ने लगी हैं।

# सरायन-पिरई नदी के जलस्तर में गिरावट

भास्कर ब्यूरो

**सीतापुर।** जिले में बाढ़ और जलभराव की स्थिति के बीच राहत एवं बचाव अभियान जारी है। एसडीएम सदर डॉ. जनार्दन कुमार ने क्षेत्र का भ्रमण कर नदियों के जलस्तर और प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल नदियों का जलस्तर बढ़ना रुक गया है और कई स्थानों पर पानी घटने के संकेत मिल रहे हैं।

एसडीएम के अनुसार शारदा नदी का जलस्तर स्थिर है और खतरे के निशान से 49 सेंटीमीटर नीचे है। घाघरा नदी का जलस्तर भी स्थिर है और खतरे के निशान से 1.63 मीटर नीचे दर्ज किया गया है। वहीं सरायन नदी का जलस्तर कल शाम से स्थिर हो गया है। सीतापुर के बाहरी क्षेत्र से होकर गुजरने वाली पिरई नदी के जलस्तर में भी कमी का क्रम देखा गया है। सरायन-पिरई के जलस्तर में अगले एक-दो दिनों में और गिरावट आने की संभावना जताई गई है। एसडीएम ने प्रभावित लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि




प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद पहुंचाई जा रही है। राहत शिविरों और आश्रय स्थलों में रह रहे लोगों को भोजन, दूध, बिस्कुट और फल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लेखपालों की टीम प्रभावित परिवारों का सर्वे कर राशन किट का वितरण भी कर रही है।

जलभराव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर पुलिस को लगातार पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को अनावश्यक रूप से पानी भरे क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए निगरानी बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीमें लगातार सक्रिय हैं। किसी स्थान पर लोगों के फंसे होने की सूचना मिलने पर स्टीमर के माध्यम से रेस्क्यू की व्यवस्था की गई है। एसडीएम ने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में लोग कंट्रोल रूम अथवा उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। साथ ही बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने या अफवाह एवं भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी।

**प्रशासन समेत जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने वितरित किया खाना :** जिला मुख्यालय पर प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को तहसील परिसर में राहत किट वितरित की गई। वहीं शहर के तमाम समाजसेवी रोज की तारह आज भी बाढ़ पीड़ितों में खाना आदि वितरित करते रहे। नगर पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी, प्रतिनिधि नमेन्द्र अवस्थी, भाजपा नेता मुनीन्द्र अवस्थी, भाजपा नेता व समाजसेवी सागर गुप्ता, अनूप खेतान, विकास हिन्दू, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, आकाश अग्रवाल, नगर पालिका परिषद सीतापुर के पूर्व अध्यक्ष पति सचिन जायसवाल, अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों आदि ने बाढ़ राहत शिविरों तथा बाढ़ क्षेत्रों में जाकर खाना वितरित किया।

# आर्थिक मदद से युवक के पैर का ऑपरेशन कराया



**बीघापुर, उन्नाव।** विधानसभा क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी राहुल कुमार पटेल लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। पैर में ऑपरेशन की आवश्यकता होने पर आर्थिक समस्या सामने आई। इसकी जानकारी मिलने पर अंकित सिंह परिहार ने इलाज के लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था कराई। इसके बाद राहुल कुमार पटेल का पैर का ऑपरेशन सकुशल संपन्न हुआ। परिजनों ने इलाज में मिली आर्थिक सहायता के लिए आभार जताया। अंकित सिंह परिहार ने बताया कि जरूरतमंद परिवार के सदस्यों की इलाज संबंधी आवश्यकताओं में यथासंभव सहयोग करना उनका प्रयास रहा है।

## महिला सुरक्षा : एक गंभीर चुनौती

कानून, योजनाएं और बजट बढ़ने के बावजूद महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा पर अंकुश नहीं लग पा रहा। सुरक्षित शहर बनाने के लिए केवल सीसीटीवी कैमरे, हेल्पलाइन और सख्त कानून पर्याप्त नहीं, बल्कि प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और पितृसत्तात्मक सोच में बदलाव जरूरी है। महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाएं जब सुर्खियां बनती हैं, तो समाज में कुछ समय के लिए आक्रोश दिखाई देता है। लोग सड़कों पर उतरते हैं, दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग उठती है और सरकारें सुरक्षा के लिए नए कदम उठाने का भरोसा दिलाती हैं। लेकिन कुछ दिनों बाद जनचर्चा का केंद्र बदल जाता है और महिलाओं की सुरक्षा का सवाल फिर पीछे छूट जाता है। हाल के दिनों में दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में सामने आई सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं ने एक बार फिर इसी कड़वी सच्चाई को उजागर किया है। आस्था कुंज पार्क में पुलिसकर्मी बनकर पहुंचे तीन लोगों द्वारा 17 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, स्वरूप नगर में 16 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या तथा ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना बताती है कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा अब भी गंभीर चुनौती बनी हुई है। निर्भया कांड के बाद देशभर में जिस तरह का जनआक्रोश देखने को मिला था, उससे उम्मीद जगी थी कि महिलाओं की सुरक्षा के मामले में व्यापक बदलाव आएगा। बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिखता। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या वर्ष 2012 में करीब 2.4 लाख थी, जो 2024 में बढ़कर लगभग 4.4 लाख हो गई। यानी इस अवधि में दर्ज मामलों में करीब 80 प्रतिशत वृद्धि हुई है।यह भी सही है कि जागरूकता बढ़ने, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया आसान होने और कानूनी प्रावधानों के विस्तार से अपराधों की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है। इसलिए आंकड़ों में बढ़ोतरी को केवल अपराध बढ़ने का प्रमाण नहीं माना जा सकता। लेकिन दर्ज मामलों की इतनी बड़ी संख्या इस बात का संकेत जरूर है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रभावशीलता का गंभीर मूल्यांकन होना चाहिए। वर्ष 2024 में हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 50 से अधिक अपराध दर्ज होना बताता है कि समस्या किसी एक शहर, वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। सरकारों ने इस चुनौती से निपटने के लिए सेफ सिटी परियोजना, मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन सहायता प्रणाली, वन-स्टॉप सेंटर और फास्ट-ट्रैक अदालतों जैसी व्यवस्थाएं विकसित की हैं। इनमें से कई योजनाओं को निर्भया फंड से आर्थिक सहायता दी गई है। इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं को तत्काल मदद उपलब्ध कराना, पीड़ितों को आवश्यक सेवाएं देना और मामलों का तेजी से निपटारा सुनिश्चित करना है। हालांकि, बार-बार सामने आने वाली घटनाएं यह सवाल खड़ा करती हैं कि इन व्यवस्थाओं का लाभ जरूरत के समय महिलाओं तक कितना पहुंच रहा है। सुरक्षित शहर बनाने का अर्थ केवल सड़कों पर रोशनी बढ़ाना और सीसीटीवी कैमरे लगाना नहीं है। जरूरी है कि कैमरे चालू हों, उनकी नियमित निगरानी हो और संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की व्यवस्था भी मौजूद हो। पुलिस गश्त तभी प्रभावी होगी, जब संवेदनशील और प्रशिक्षित पुलिसकर्मी समय पर मौके पर पहुंचें। इसी तरह, हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार पर्याप्त नहीं है। शिकायत मिलने पर सहायता कितनी जल्दी पहुंचती है और पीड़ित को किस स्तर की मदद मिलती है, इसकी नियमित समीक्षा होनी चाहिए। महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का मूल्यांकन केवल खर्च की गई राशि या स्थापित सुविधाओं के आधार पर नहीं, बल्कि उनके परिणामों के आधार पर होना चाहिए।

## घर में जूते पहनने से बढ़ सकता है संक्रमण का खतरा

घर में घुसते समय जूते बाहर उतारने की सलाह अक्सर दी जाती है। इसकी वजह सिर्फ घर में मिट्टी और गंदगी आने से बचाना नहीं है। जूतों के तलवों पर बैक्टीरिया के साथ-साथ कई दूसरी हानिकारक चीजें भी चिपकी हो सकती हैं, जो जूतों के जरिए घर के अंदर पहुंच जाती हैं। कुछ शोधों में जूतों के तलवों पर ऐसे बैक्टीरिया पाए गए हैं, जो बीमारियों का कारण बन सकते हैं। आइए जानते हैं कि जूतों को घर के बाहर उतारना क्यों जरूरी माना जाता है। 2008 में हुई एक रिसर्च में पाया गया कि लगभग 80 प्रतिशत जूतों के निचले हिस्से में फीकल बैक्टीरिया यानी मल में पाए जाने वाले बैक्टीरिया मौजूद थे। ये बैक्टीरिया अक्सर सार्वजनिक शौचालयों की फर्श से जूतों पर चिपक सकते हैं और फिर हमारे साथ घर तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा, बाहर कुत्तों और पक्षियों की बीट में मौजूद बैक्टीरिया भी जूतों के तलवों पर चिपक सकते हैं। अस्पताल जैसी जगहों पर मौजूद कीटाणुओं के जूतों पर पहुंचने की संभावना भी रहती है। घर और बाग एक दूसरी रिसर्च में पाया गया कि 65 प्रतिशत डॉक्टरों के जूतों पर एंटीबायोटिक के असर को मात देने वाले एमआरएसए या आंतों में पाए जाने वाले एंटरोकोकस फेकेलिस जैसे बैक्टीरिया मौजूद थे। 2023 में न्यूयॉर्क सिटी की नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी में हुई एक स्टडी में फुटपाथ के बारिश के पानी जूतों के तलवों और विश्वविद्यालय के फर्श से नमूने लिए गए। इस स्टडी में पाया गया कि छात्रों और शिक्षकों के जूतों के तलवों पर वही बैक्टीरिया मौजूद थेए जो बाहर फुटपाथ पर पाए गए थे। इस वजह से विश्वविद्यालय के अंदर के हिस्से में भी बैक्टीरिया पाए गए। खासतौर पर कार्पेट वाली जगहों पर बैक्टीरिया का संक्रमण सबसे ज्यादा पाया गया।

## प्रेरणाप्रद मोती



**अच्छे विचार ही मनुष्य को वास्तविक सफलता और सुखी जीवन देते हैं।**

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)**

## राशिफल

**मेष राशि :-** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**वृष राशि :-** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन राशि :-** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा।

**कर्क राशि :-** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह राशि :-** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या राशि :-** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुला राशि :-** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है।

**वृश्चिक राशि :-** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी।

**धनु राशि :-** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें।

**मकर राशि :-** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कुंभ राशि :-** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं।

**- पं. सुधाकर शुक्ला**

# कैप्टन स्मित मच्छार : हर भारतीय को आप पर गर्व है!



**कैप्टन स्मित मच्छार के इस अद्भुत पराक्रम ने संपूर्ण भारतवर्ष को वैश्विक मंच पर एक बार फिर गर्व से भर दिया है। यह उस भारतीय जीवन-मूल्य और संस्कृति का सम्मान है जो 'आत्मन: मोक्षार्थं जगद्धिताय च' तथा 'परोपकारार्थं इदं शरीरम्' के सिद्धांतों पर आधारित है। विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य न खोना, अपने प्राणों की बाजी लगाकर भी दूसरों के जीवन की रक्षा करना और अपने पद तथा दायित्व के प्रति पूर्णत: निष्ठावान रहना ही एक सच्चे सैनिक और नायक की पहचान होती है। कैप्टन स्मित ने यह साबित कर दिया है कि एक सच्चा लीडर वही होता है जो सबसे विकट परिस्थिति में भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर खतरे का सामना करता है और अपने सहयोगियों तथा आश्रितों के लिए एक सुरक्षित मार्ग का निर्माण करता है।**

दुबई से तेल अवीव की ओर उड़ान भरते फ्लाईदुबई के विमान संख्या एफजेड 1073 के भीतर तैंतीस हजार फीट की अभूतपूर्व ऊँचाई पर जो दिल नहला देने वाली अप्रत्याशित घटना घटी, उसने न केवल समूचे वैश्विक विमानन जगत की सुरक्षा व्यवस्था की चूलें हिला दी हैं, बल्कि मानव इतिहास में अदम्य साहस, असाधारण प्रत्युत्पन्नमति और सर्वोच्च कर्तव्यनिष्ठा की एक ऐसी स्वर्णिम इबारत भी लिख दी है जिसे आने वाली सदियाँ अत्यंत गर्व के साथ याद रखेंगी। शून्य से कई डिग्री नीचे के तापमान और हवा के प्रचंड दबाव के बीच जब कॉकपिट की संकीर्ण परिधि में मृत्यु साक्षात अट्टहास कर रही थी, तब भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार ने जिस तरह लहूलुहान अवस्था में भी अपने जीवन की अंतिम सांस तक संघर्ष करते हुए एक भीषण त्रासदी को टाला, उसने यह साबित कर दिया कि जब इंसान का संकल्प और कर्तव्यबोध अटूट हो, तो भयानक से भयानक विपत्ति भी उसके आगे घुटने टेकने पर मजबूर हो जाती है।

सह-पायलट के रूप में साथ बैठे व्यक्ति द्वारा अचानक किए गए हिंसक जानलेवा हमले और विमान को जानबूझकर तेज गति से नीचे की ओर धकेल कर भीषण तबाही में बदलने की आत्मघाती साजिश के बीच कैप्टन स्मित ने जिस अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, उसने विमान में सवार एक सौ चौहत्तर से अधिक निर्दोष यात्रियों और क्रू सदस्यों के जीवन की रक्षा तो की ही, साथ ही गगन की गहराइयों में मानवता की विजय का एक अमर जयघोष भी किया। इस समूचे घटनाक्रम को यदि दैनिक जीवन और अंतरराष्ट्रीय उड्डयन सुरक्षा के बहुआयामी परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह केवल एक सनकी व्यक्ति की आपराधिक करतूत या एक पायलट के त्वरित प्रत्युत्तर का सामान्य विवरण भर नहीं है, बल्कि यह संकट प्रबंधन, असीम शारीरिक व मानसिक सहनशक्ति और अंतर-सांस्कृतिक एकजुटता का वह अनुपम उदाहरण है जो यदा-कदा ही देखने को मिलता है। मध्य आकाश में जब विमान पूरी तरह स्वचालित या अर्ध-स्वचालित प्रणालियों के सहारे अपनी निर्धारित गति से बढ़ रहा था, तब किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि कॉकपिट की सुरक्षा के लिए बने अभेद्य सुरक्षा किलों के भीतर से ही कोई काल बनकर उभर आएगा। सह-पायलट के सिर पर सवार हुए चरमपंथी अथवा विक्षिप्तता के भूत ने जिस क्षण विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लेकर उसे जानबूझकर गहरी गिरावट की ओर मोड़ा, उसी क्षण कॉकपिट के भीतर का वातावरण किसी भयावह दुःस्वप्न में बदल गया।

अचानक हुए इस तीखे हमले में कैप्टन स्मित गंभीर रूप से घायल हो चुके थे, उनके शरीर से अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था और शारीरिक वेदना अपने चरम पर थी, किंतु ऐसे संकट के समय में भी उनका मस्तिष्क और विवेक पूरी तरह जागृत था। एक सामान्य मानव स्वभाव ऐसी स्थिति में भयभीत होकर आत्मसमर्पण कर सकता था या अपनी जान बचाने के लिए रक्षात्मक मुद्रा में आ सकता था, लेकिन कैप्टन स्मित ने अपने व्यक्तिगत अस्तित्व और पीड़ा को एक तरफ रखते हुए केवल उन सैकड़ों जिंदगियों के बारे में सोचा जो उनके निर्णयों पर टिकी हुई थीं। कैप्टन स्मित द्वारा लहूलुहान अवस्था में भी हमलावर सह-पायलट से लगातार जूझते रहना और उसी घमासान के बीच एक-एक सेकंड का सही उपयोग करते हुए कॉकपिट का सुरक्षित लॉक खोल देना, उनकी रणनीतिक दूरदर्शिता और असाधारण सूझबूझ को दर्शाता है। ग्यारह सितंबर के कुख्यात आतंकवादी हमलों के पश्चात दुनिया भर में नागरिक विमानन के नियमों को सख्त करते हुए कॉकपिट के दरवाजों को इस तरह डिजाइन किया गया था कि बाहर से कोई भी अवांछित व्यक्ति या उपद्रवी किसी भी सूरत में अंदर प्रवेश न कर सके। लेकिन सुरक्षा की यही अभेद्य दीवार उस दिन एक दोधारी तलवार बन चुकी थी, क्योंकि खतरा बाहर से नहीं बल्कि अंदर से पैदा हुआ था। ऐसे में यदि कैप्टन स्मित अंतिम क्षणों में साहस का परिचय देकर कॉकपिट का आपातकालीन दरवाजा न अनलॉक करते, तो बाहर मौजूद केबिन क्रू और यात्रियों को कभी भी यह अहसास नहीं हो पाता कि कॉकपिट के भीतर कितना भयानक खेल खेला जा रहा है और विमान तेजी से ज़मीन की ओर क्यों गिर रहा है। उनके द्वारा खोले गए उस एक दरवाजे ने बाहर मौजूद ऑफ-ड्यूटी पायलटों, सजग क्रू मेंबर्स और यात्रियों को अंदर घुसने और हमलावर को काबू में करने का वह जीवनरक्षक मार्ग प्रदान किया जिसने इतिहास की एक सबसे दर्दनाक हवाई दुर्घटना को एक अभूतपूर्व विजय गाथा में तब्दील कर दिया। इस पूरी घटना का एक अत्यंत सुंदर और प्रेरणादायक पहलू वह वैश्विक मानवीय एकजुटता भी है जो संकट के उस महा-समुद्र में स्वतःस्फूर्त होकर उभरी। जब कॉकपिट का दरवाजा खुला और भीतर का भयावह दृश्य सामने आया, तब जातीय, राष्ट्रीय, धार्मिक और वैचारिक सीमाओं से परे हटकर यात्रियों और क्रू मेंबर्स ने एक जैसा साहस दिखाया। भारतीय कैप्टन के बहते खून और उनके अदम्य संघर्ष को देखकर इज़राइली, यूरोपीय और अन्य देशों के यात्रियों ने बिना एक पल की देरी किए कॉकपिट में प्रवेश किया और हमलावर सह-पायलट को दबोच लिया। यह दृश्य इस बात का सजीव प्रमाण है कि जब मानवता पर कोई बड़ा संकट मंडराता है, तो मनुष्य की अंतरात्मा में छिपा भ्रातृत्व और साहस का भाव जागृत हो जाता है और वह हर प्रकार के पूर्वाग्रहों को भुलाकर एक दूसरे की ढाल बन जाता है। सऊदी अरब के तबूक हवाई अड्डे पर विमान की जो सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, वह केवल यांत्रिक सफलता नहीं थी, बल्कि विभिन्न देशों के पायलटों, एटीसी कंट्रोलर्स और केबिन क्रू के बीच के उस उत्कृष्ट समन्वय का प्रतिफल थी।

**- डॉ दीपक कोहली, लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# प्रशिक्षण और डिजिटल सुविधाओं से सशक्त हो रहीं ग्राम पंचायतें



**बलकार सिंह पूनियाँ**



**पंचायती राज में महिलाओं की भागीदारी परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। देश में 32 लाख निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि महिलाएं हैं। वर्ष 2022–23 से 2025–26 के बीच 33,55,459 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को पंचायतों के कामकाज, सेवा वितरण और सुशासन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।**

**पिछले बारह वर्षों में पंचायती राज संस्थाओं की संस्थागत क्षमता, पारदर्शिता, जवाबदेही और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रयास किए गए हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। वर्ष 2018–19 में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को वर्ष 2022–23 से पुनर्गठित स्वरूप में आगे बढ़ाया गया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और इसके पुनर्गठित स्वरूप के माध्यम से 2.70 लाख से अधिक पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े लगभग 4.10 करोड़ निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।**

भारत के लोकतांत्रिक तंत्र की वास्तविक मजबूती गांवों की पंचायतों से दिखाई देती है। देश में लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें स्थानीय स्तर पर विकास और जनसेवा की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। 73वें संविधान संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक आधार प्रदान करते हुए लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को संस्थागत रूप दिया और पंचायतों को शासन की तीसरी महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में स्थापित किया। इसके बाद पंचायतों की भूमिका केवल स्थानीय प्रशासन तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, बुनियादी सेवाओं और स्थानीय आवश्यकताओं की योजना बनाने तथा उन्हें लागू करने का प्रमुख माध्यम बनी हैं।

पिछले बारह वर्षों में पंचायती राज संस्थाओं की संस्थागत क्षमता, पारदर्शिता, जवाबदेही और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रयास किए गए हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। वर्ष 2018-19 में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को वर्ष 2022-23 से पुनर्गठित स्वरूप में आगे बढ़ाया गया। इसका मूल उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं की क्षमता का निर्माण करना, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर योजना तैयार करना तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की क्षमता को मजबूत करना है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और इसके पुनर्गठित स्वरूप के माध्यम से 2.70 लाख से अधिक पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े लगभग 4.10 करोड़ निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि स्थानीय स्तर पर लिए गए निर्णयों का सीधा संबंध ग्रामीण नागरिकों के दैनिक जीवन से होता है। अप्रैल 2022 में पुनर्गठित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को मंजूरी दी गई। इसके लिए कुल 5,911 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, जिसमें 3,700 करोड़ रुपये केंद्रीय हिस्से और 2,211 करोड़ रुपये राज्यों के हिस्से के रूप में निर्धारित किए गए। अब तक केंद्रीय हिस्से के रूप में 3,206 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए जा चुके हैं। इन संसाधनों का उपयोग पंचायतों की संस्थागत और मानव संसाधन क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए किया जा रहा है। पंचायत भवन स्थानीय लोकतंत्र का वह स्थान है जहां नागरिक और निर्वाचित प्रतिनिधि सीधे संवाद करते हैं। इसी दृष्टि से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत 25,100 से अधिक ग्राम पंचायत भवनों को सहयोग प्रदान किया गया है और 61,000 से अधिक कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रयास यह है कि कम से कम 3,000 की आबादी वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत के पास सुसज्जित और डिजिटल रूप से सक्षम पंचायत भवन हो। डिजिटल सुविधाओं से पंचायतों में रिकॉर्ड प्रबंधन, योजना निर्माण, सूचना तक पहुंच और विभिन्न सरकारी सेवाओं के समन्वय को अधिक व्यवस्थित बनाने में सहायता मिल सकती है। पंचायतों की भूमिका को सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से भी जोड़ा गया है। गरीबी-मुक्त एवं बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण एवं सुरक्षित पंचायत, महिला हितैषी पंचायत तथा सुशासन वाली पंचायत जैसे नौ विषयगत क्षेत्रों के माध्यम से स्थानीय विकास को व्यापक स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। इसका महत्व इसलिए है क्योंकि गांवों की समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं और उनका समाधान केवल किसी एक योजना या विभाग के माध्यम से संभव नहीं होता। पंचायती राज में महिलाओं की भागीदारी इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। देश में लगभग 32 लाख निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि महिलाएं हैं, जो पंचायतों में महिलाओं की व्यापक भागीदारी को दर्शाता है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच 33,55,459 महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को पंचायतों के कामकाज, सेवा वितरण और सुशासन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए नेतृत्व, संवाद और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पंचायतों में महिलाओं की संख्या बढ़ने के साथ उनके प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता भी बढ़ती है।मार्च 2025 में नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला के दौरान 'सशक्त पंचायत-नेत्री' अथवा 'सशक्त महिला पंचायत नेता अभियान' की शुरुआत की गई। **- लेखक ग्रामीण विकास विभाग, इग्नू, नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं।**

# समुद्र से शहरों तक नशे के नेटवर्क को तोड़ना बड़ी चुनौती



**कांतिलाल मांडोत**



**गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते और भारतीय तटरक्षक बल ने 25 सितंबर 2026 को लक्षद्वीप के पश्चिम में अरब सागर में संयुक्त अभियान चलाकर एक ईरानी नाव से करीब 526 किलोग्राम हेरोइन और मेथामफेटामाइन बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। नाव पर सवार पांच पाकिस्तानी नागरिकों को भी पकड़ा गया है। यह कार्रवाई केवल एक खेप पकड़ने की घटना नहीं है। इसके पीछे काम कर रहे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की जांच अब सुरक्षा एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण है। समुद्र में निगरानी, बंदरगाहों की सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच और राज्यों के बीच समन्वय एक साथ मजबूत करना होगा। केवल एक खेप पकड़ लेने से समस्या समाप्त नहीं होगी। असली सफलता तब होगी जब तस्करी के पूरे आर्थिक और आपराधिक नेटवर्क को कानून के दायरे में लाया जाए।**

भारत की समुद्री सीमा से मादक पदार्थों की एक और बड़ी खेप पकड़े जाने ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नशे का कारोबार केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, युवा पीढ़ी और सामाजिक व्यवस्था से जुड़ी गंभीर चुनौती बन चुका है। गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते और भारतीय तटरक्षक बल ने 25 सितंबर 2026 को लक्षद्वीप के पश्चिम में अरब सागर में संयुक्त अभियान चलाकर एक ईरानी नाव से करीब 526 किलोग्राम हेरोइन और मेथामफेटामाइन बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। नाव पर सवार पांच पाकिस्तानी नागरिकों को भी पकड़ा गया है। यह कार्रवाई केवल एक खेप पकड़ने की घटना नहीं है। इसके पीछे काम कर रहे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की जांच अब सुरक्षा एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण है।

सरकारी जानकारी के अनुसार अभियान खुफिया सूचना के आधार पर चलाया गया और समुद्री तथा हवाई निगरानी के बाद संदिग्ध नाव को रोका गया। नाव और पकड़े गए लोगों को मुंबई लाकर आगे की संयुक्त जांच शुरू की गई है। एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस नेटवर्क के पीछे कौन लोग हैं, माल के संभावित प्राप्तकर्ता कौन थे और इसके आर्थिक लेनदेन की कड़ियां कहां तक जाती हैं। जांच से जुड़ी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि खेप को भारत में पहुंचाने के बाद आगे दूसरे राज्यों तक ले जाने की योजना थी। रिपोर्टों में एक नाइजीरियाई व्यक्ति और पाकिस्तान से जुड़े कथित तस्करी नेटवर्क का भी उल्लेख है। इन दावों की पूरी पुष्टि जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी। इसलिए किसी पूरे देश या समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को तस्करी से जोड़ना उचित नहीं होगा। वास्तविक चुनौती उन संगठित आपराधिक नेटवर्क को पहचानना और तोड़ना है जो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और समुद्री रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। गुजरात के समुद्री क्षेत्र में इस वर्ष हुई कार्रवाइयां समस्या की गंभीरता का संकेत देती हैं। भारतीय तटरक्षक बल के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार 16 फरवरी 2026 को गुजरात एटीएस के साथ संयुक्त कार्रवाई में करीब 203 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ ले जा रही एक नाव पकड़ी गई थी। इसके बाद मई में मुंद्रा बंदरगाह के निकट करीब 118.977 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई, जिसकी कीमत 1,189 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई। इस मामले में पुलिस के अनुसार खेप को 2025 में जहाज में छिपाया गया था। सितंबर की 526 किलोग्राम की कार्रवाई इन घटनाओं के बीच सबसे बड़ी हालिया बरामदगी में शामिल है।

इन आंकड़ों से यह समझना जरूरी है कि समुद्री मार्ग केवल सीमा की सुरक्षा का विषय नहीं है। समुद्र से आने वाला अवैध माल यदि तट तक पहुंच जाए तो उसके बाद उसका फैलाव कई राज्यों और शहरों तक हो सकता है। इसलिए समुद्र में निगरानी, बंदरगाहों की सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान, संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच और राज्यों के बीच समन्वय एक साथ मजबूत करना होगा। केवल एक खेप पकड़ लेने से समस्या समाप्त नहीं होगी। असली सफलता तब होगी जब तस्करी के पूरे आर्थिक और आपराधिक नेटवर्क को कानून के दायरे में लाया जाए। नशे के खिलाफ लड़ाई का दूसरा और अधिक महत्वपूर्ण पक्ष युवा पीढ़ी की सुरक्षा है। किसी भी समाज में मादक पदार्थों की मांग बनी रहेगी तो आपूर्ति रोकने के बाद भी नए रास्ते तलाशने वाले अपराधी सक्रिय रहेंगे। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, विद्यालय, महाविद्यालय, खेल संस्थान, सामाजिक संगठन और प्रशासन को मिलकर लगातार अभियान चलाना होगा। केवल भाषणों और पोस्टरों से काम नहीं चलेगा।

युवाओं को खेल, कौशल विकास, रोजगार, रचनात्मक गतिविधियों और स्वस्थ सामाजिक वातावरण से जोड़ना होगा। माता-पिता को बच्चों के व्यवहार में अचानक आने वाले गंभीर बदलावों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। संवाद का वातावरण ऐसा हो जिसमें बच्चा किसी गलत दबाव, डर या समस्या के बारे में परिवार से खुलकर बात कर सके। विद्यालयों में नशे के नुकसान को डर पैदा करने के बजाय वैज्ञानिक और स्वास्थ्यपरक तरीके से समझाया जाना चाहिए। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों में दिखाई देने वाले गंभीर व्यवहारिक बदलावों पर संवेदनशीलता से ध्यान देना चाहिए और जरूरत पड़ने पर अभिभावकों तथा विशेषज्ञ सहायता से जोड़ना चाहिए। सरकार और प्रशासन के स्तर पर समुद्री निगरानी को अत्याधुनिक तकनीक से मजबूत करना, तटरक्षक बल, पुलिस, सीमा सुरक्षा एजेंसियों और केंद्रीय जांच एजेंसियों के बीच तत्काल सूचना साझा करना तथा अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की वित्तीय कड़ियों की जांच करना जरूरी है। गुजरात जैसे लंबे समुद्री तट वाले राज्य में मछुआरा समुदाय भी सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। समुद्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, उतनी ही जल्दी सुरक्षा एजेंसियों तक जानकारी पहुंच सकेगी। नशे की समस्या का स्थायी समाधान कठोर कार्रवाई के साथ सामाजिक जागरूकता में है। तस्करों के खिलाफ कानून का शिकंजा मजबूत होना चाहिए, लेकिन नशे की चपेट में आए युवाओं को केवल अपराधी के रूप में देखने के बजाय उपचार, परामर्श और पुनर्वास की व्यवस्था भी मजबूत करनी होगी।

**- (लेखक स्तम्भकार हैं)**

# घर से हो पहल, तभी साकार होगा गांधी के स्वच्छ समाज का सपना

## डीएम बोलीं, घर के बाहर कचरा नहीं फेंकेंगे तो गंदगी भी नहीं फैलेगी, महापुरुषों के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान

भास्कर ब्यूरो



छात्राओं के सम्मानित करती डीएम डॉ. अंकुर लाठर, नगर मजिस्ट्रेट व अन्य।

**फर्रूखाबाद।** स्वच्छता किसी अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसकी शुरुआत घर से होगी तो उसका असर पूरे समाज पर दिखेगा। गांधी-शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि लोग घर के बाहर कचरा फेंकना बंद कर दें तो गंदगी फैलने की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी। उन्होंने स्वच्छता को आदत और जिम्मेदारी बनाने का आह्वान किया।

समारोह से पहले डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और प्रतिज्ञा वाचन के बाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रामधुन 'रघुपति राघव राजा राम' प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, सादगी, सत्य, अहिंसा, राष्ट्रसेवा और अंत्योदय के विचारों को याद किया गया। डीएम डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि गांधी और शास्त्री का जीवन सादगी, अनुशासन और देशसेवा की मिसाल है। गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने कहा कि जयंती केवल महापुरुषों को याद करने का दिन नहीं, बल्कि उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का अवसर है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार ने नागरिकों से अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर दीपक माथुर और उप जिलाधिकारी अजय पाण्डेय ने भी गांधी-शास्त्री के विचारों को आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## डिजिटल दुनिया में गूंजेगी फर्रुखाबाद की विरासत, पर्यटन स्थलों को मिलेगी नई पहचान

- विश्व पर्यटन सप्ताह में सोशल इनफ्लुएंसर, यू-ट्यूबर और ब्लॉगरों की टीम को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

भास्कर ब्यूरो


सोशल इनफ्लुएंसर, यू-ट्यूबर और ब्लॉगरों से बातचीत करती जिलाधिकारी।

**फर्रूखाबाद।** इतिहास, आस्था और पुरातात्विक विरासत से समृद्ध फर्रुखाबाद के पर्यटन स्थलों को अब डिजिटल मंचों पर नई पहचान दिलाई जाएगी। विश्व पर्यटन सप्ताह के तहत पर्यटन विभाग ने सोशल इनफ्लुएंसर, यू-ट्यूबर और ब्लॉगरों की टीम को जिले के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। भ्रमण के दौरान टीम पर्यटन स्थलों की जानकारी जुटाकर उन्हें सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए लोगों तक पहुंचाएगी। इससे जिले की विरासत को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने के साथ पर्यटन के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाने पर जोर रहेगा। डीएम डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से जिले के पर्यटन स्थलों को बेहतर ढंग से लोगों के सामने लाने का अवसर मिलेगा। पर्यटन विभाग के माध्यम से आगे भी ऐसे भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे फर्रुखाबाद के प्रमुख स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर पहचान मिल सके और बाहरी पर्यटक यहां आने के लिए आकर्षित हों। धार्मिक आस्था, इतिहास और पुरातत्व से जुड़े स्थलों को डिजिटल मंचों पर प्रचार मिलने से जिले की विरासत की जानकारी दूर-दराज तक पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही स्थानीय पर्यटन गतिविधियों को भी गति मिल सकती है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट पारुल तरार और पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ. एम. मकबूल मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर स्कूलों से तहसील तक हुए कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय स्टाफ।

भास्कर ब्यूरो

**कायमगंज, फर्रूखाबाद।** गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को नगर और क्षेत्र के स्कूलों, तहसील और नगर पालिका में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया गया। स्कूलों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और स्वच्छता का संदेश दिया। प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों और शिक्षकों ने प्रभातफेरी निकाली। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। आकाश पाल ने गांधीजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला, जबकि योगेंद्र कुमार ने शास्त्री जी के जीवन से जुड़ी घटनाएं बताईं। इसके बाद विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सीपी विद्या निकेतन में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि और कवि डॉ. शिव ओम अंबर को साहित्य एवं समाजोपयोगी कार्यों के लिए गांधीयन सम्मान से सम्मानित किया गया। मैनेजर सत्य प्रकाश अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य आरके बाजपेयी और उपप्रधानाचार्य दीपक कुमार जैना मौजूद रहे। कंपिल रोड स्थित किरन पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य राधिका नायर की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। एपी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। यहां प्रबंध समिति के आयुष रस्तोगी, प्रधानाचार्य अंजली पांडे और भाजपा नेता अवनीश चतुर्वेदी मौजूद रहे। तहसील परिसर में एसडीएम अभिषेक वर्मा और तहसीलदार अरविंद कुमार ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। नगर पालिका परिषद में विधायक डॉक्टर सुरभि, पालिकाध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे और अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र की मौजूदगी में जयंती मनाई गई। सभी स्थानों पर गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा शास्त्रीजी के सादगीपूर्ण जीवन को याद किया गया।

## शहर में हुए विविध कार्यक्रम, सफाई अभियान भी चला

भास्कर ब्यूरो



विवि परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते छात्र-छात्रायें।

- स्वच्छता की शपथ लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**फर्रूखाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फार्मेसी संकाय के सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संरक्षक एवं शिक्षाविद् डॉ. बाबू सिंह यादव दद्दू जी ने राष्ट्रध्वज फहराकर किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के डीन, शिक्षक एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्रसेवा पर आधारित लघुनाटिकाओं की प्रस्तुति देकर सभागार में देशभक्ति का माहौल बना दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को जीवन का आधार बनाया। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का सादा जीवन, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव ने कहा कि गांधी और शास्त्री दोनों ही महान राष्ट्रनायकों ने अपने आचरण से देशवासियों को कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल सिंह, कुलपति डॉ. अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ. पीएन प्रसाद ने भी विचार व्यक्त किये। एनएसएस समन्वयक डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने स्वच्छता अभियान चलाया। संचालन फार्मेसी संकाय के प्राचार्य सुमित कुमार ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी डॉ. अमर सिंह, निदेशक प्रशासन वीपी कौशल, निदेशक आईक्यूएसी कमल अरोड़ा, उप कुलसचिव मानवेंद्र सिंह, डीन डॉ. राजपाल सिंह, प्रो. शेरीन पी. एलेक्स, डॉ. बिन्दु राठौर, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, अमर यादव, धीरेन्द्र सिंह, डॉ. विनायक किन्नाल सहित सभी संकायों के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पांचाल घाट से गूंजा स्वच्छता का संदेश

भास्कर ब्यूरो


झाड़ू लगाते सांसद, सीडीओ व अन्य।

- सांसद व सीडीओ ने लगाई झाड़ू
- गांधी जयंती पर गंगा तट पर श्रमदान

**फर्रूखाबाद।** गांधी जयंती पर शुक्रवार को पांचाल घाट से स्वच्छता का संदेश गंगा तट तक पहुंचा। 'स्वच्छता ही सेवा' और 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पांचाल घाट पर सामूहिक श्रमदान हुआ। सांसद मुकेश राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ समेत अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर घाट की सफाई की। इस दौरान लोगों से सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने और स्वच्छता को रोजमर्रा की आदत बनाने की अपील की गई। श्रमदान में सांसद मुकेश राजपूत, सीडीओ विनोद कुमार गौड़, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चौरसिया, खंड विकास अधिकारी बढ़पुर, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बढ़पुर और ग्राम पंचायत सोताबहादुरपुर के सचिव शामिल रहे। सभी ने घाट की सफाई कर स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों को जनभागीदारी के जरिए व्यवहार में उतारना रहा। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ परिवेश केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी से बनेगा। जिले के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी सफाई अभियान चलाया गया। श्रमदान के बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विकास भवन सभागार में गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया।

## जिला पंचायत में 71 लोगों ने किया रक्तदान



रक्तदान शिविर में मौजूद जिपं अध्यक्ष मोनिका यादव, प्रतिनिधि सचिन यादव व रक्तदानी।

भास्कर ब्यूरो

**फर्रूखाबाद।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के मौके पर चलाये जा रहे सेवा पखवारा के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं प्रतिनिधि सचिन सिंह यादव की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 71 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे न जाने कितनी जिंदगियां बचेगी। प्रतिनिधि सचिन यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 25 वर्षों की जनसेवा से राष्ट्र की सेवा की है। जिला पंचायत परिसर में लगाये गये शिविर में पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव, राजेश यादव, आशीष यादव, जीतू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## 'रघुपति राघव राजा राम' से गूंजे स्कूल, बच्चों ने जाना गांधी-शास्त्री का जीवन-दर्शन

- सत्य-अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की सीख, बर्ना बुजुर्ग पहुंचे सीडीओ-बीएसए

भास्कर ब्यूरो


कार्यक्रम में मौजूद सीडीओ व बीएसए।

**फर्रूखाबाद।** 'रघुपति राघव राजा राम' की रामधुन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच शुक्रवार को जिले के परिषदीय विद्यालयों में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई। बच्चों ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और आदर्शों को जाना। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन में उतारने का संदेश दिया गया। सभी परिषदीय विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने गीत, भाषण और अन्य प्रस्तुतियों के जरिए दोनों महापुरुषों के विचारों को सामने रखा। कमालगंज विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बर्ना बुजुर्ग में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की और गांधी-शास्त्री के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें साझा कीं। सीडीओ ने विद्यार्थियों को गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री की सादगी, ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचार किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि व्यवहार में दिखाई दें। बीएसए ने कहा कि जयंती केवल महापुरुषों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आचरण में उतारने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार, स्वच्छता और अनुशासन को भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का जरूरी हिस्सा बताया।

## महंगाई ने आम जनता का बिगाड़ा बजट

भास्कर ब्यूरो


बाढ़ पीड़ितों को नाव देते सपा नेता।

- सपा प्रदेश सचिव डा. जितेन्द्र ने बाढ़ पीड़ितों को दी नाव

**फर्रूखाबाद।** गंगापार क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को सहुलियत देने के लिये अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डा. जितेन्द्र यादव ने दो नावें दी हैं। ग्राम पंचायत पिथनापुर के मजरा बजीरपुर लोगों के हालचाल लिये और बाढ़ प्रभावी ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। नाव मिलने से ग्रामीणों को जल भराव के बीच आने जाने में राहत मिलेगी। इसके बाद ग्राम पंचायत बेंचेपट्टी, कोलासोता के लोगों का हालचाल लिया और समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा रही है लेकिन जनहित में कोई कार्य नहीं कर रही है। जनता बाढ़ से जूझ रही है लेकिन यहां पर बाढ़ के स्थाई समाधान की कोई योजना नहीं है। कई बार ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। इस मौके पर धनपाल कश्यप, अरविंद कश्यप, पिंटू कश्यप, रामबरन कश्यप, मनीराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

## नाती की मौत की खबर सुन दादी की भी मौत

**फर्रूखाबाद।** नगर पंचायत खिमसेपुर सलेमपुर निवासी रामशरन के 35 वर्षीय पुत्र रवि कुमार की बीमारी के चलते शुक्रवार सुबह मौत हो गई। रवि कुमार का पिछले चार वर्षों से किडनी का इलाज चल रहा था।

शुक्रवार सुबह अचानक पेट में दर्द होने पर परिजन उन्हें निजी वाहन से फर्रुखाबाद अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। रवि का शव घर पहुंचने पर उनकी दादी फूल श्री ने जैसे ही नाती का मृत चेहरा देखा, वह मौके पर ही गिर पड़ीं। परिजनों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन उनकी भी मौत हो गई। एक ही घर में नाती और दादी के दो पार्थिव शरीर देखकर हर आंख नम हो गई। परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## कुष्ठ रोगियों को फल-मिठाई, टीबी मरीजों को पोषण पोटली

- गांधी जयंती पर सांसद-सीएमओ ने दिया सेवा-संवेदना का संदेश, इलाज के साथ पोषण और स्वच्छता पर जोर

भास्कर ब्यूरो


टीबी मरीजों को किट देते सांसद साथ में सीएमओ व अन्य।

**फर्रूखाबाद।** गांधी जयंती पर स्वास्थ्य विभाग ने सेवा और संवेदना का संदेश दिया। सांसद मुकेश राजपूत और सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने पांचाल घाट स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचकर 10 चिन्हित कुष्ठ रोगियों को फल-मिठाई वितरित की। उनके परिवारों को भी फल दिए गए। वहीं, क्षय रोग विभाग ने 20 चिन्हित टीबी मरीजों को पोषण पोटली बांटी।

सीएमओ कार्यालय में ध्वजारोहण और गांधी-शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। सांसद और सीएमओ ने टीबी मरीजों को नियमित दवा लेने के साथ पौष्टिक आहार लेने और उपचार पूरा करने के लिए प्रेरित किया। सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने कहा कि टीबी से जंग में समय पर उपचार के साथ पोषण और परिवार-समाज का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ घर और आसपास का वातावरण साफ रखने की अपील की। सांसद मुकेश राजपूत ने गांधी और शास्त्री के जीवन का उल्लेख करते हुए सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. सर्वेश यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक कटारिया, डॉ. आरसी माथुर, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोडर पलटने से किसान की मौत, एक घायल

**शमसाबाद, फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बछलेया निवासी किसान शिवचरन और मनीष कुमार लोडर से फैजबाग स्थित कोल्ड स्टोर से आलू लेकर अपने गांव जा रहे थे। शुक्रवार रात करीब नौ बजे फर्रुखाबाद-कायमगंज मुख्य मार्ग पर त्रिपाठी कोल्ड स्टोर के पास लोडर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में लोडर में सवार दोनों किसान उसके नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान शिवचरन की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें सैफई ले गए। जहां उपचार के दौरान शिवचरन की मौत हो गई। मृतक के भाई अतर सिंह पाल ने लोडर चालक शमशाबाद थाना क्षेत्र के कलुआपुर निवासी छोटे लाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शमशाबाद विस्फोट के बाद प्रशासन अलर्ट, एसडीएम, सीओ ने आतिशबाजी निर्माताओं के यहां जांचीं व्यवस्थाएं

## पटाखा निर्माण स्थलों पर छापा, मिले एक्सपायर अग्निशमन यंत्र

भास्कर ब्यूरो


नगर पुल के पास जांच करते एसडीएम, सीओ, इंस्पेक्टर।

**कायमगंज, फर्रूखाबाद।** शमशाबाद क्षेत्र में पटाखा विस्फोट की घटना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। एसडीएम और सीओ ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में आतिशबाजी निर्माताओं के यहां पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों की जांच की। इस दौरान अग्निशमन यंत्र एक्सपायर मिलने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

शुक्रवार को एसडीएम अभिषेक वर्मा, सीओ अजय वर्मा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल के साथ अलीगंज रोड स्थित नगर पुल के पास मझोला में आतिशबाजी निर्माता संजीव कुमार की दुकान पर पहुंचे। संचालक ने बताया कि बारिश के कारण पानी भरने से फिलहाल आतिशबाजी का निर्माण बंद है। दो-तीन दिन में आगरा से सल्फर और पोटाश कच्चा माल आने के बाद काम शुरू होगा। अधिकारियों ने उस कमरे का निरीक्षण किया, जहां आतिशबाजी का सामान रखा जाता है। जांच में दोनों अग्निशमन यंत्र एक्सपायर मिले। इस पर काम शुरू करने से पहले नए यंत्र लगाने के निर्देश दिए गए। मौके पर बोरियों में बालू भरी मिली। सीओ ने दो ड्रम में पानी भरकर रखने को कहा। कार्यस्थल की दीवारों में छेद मिलने पर सीओ ने प्लास्टर कराने के निर्देश दिए। संचालक ने बताया कि यहां रोशनी वाली आतिशबाजी और अनार बनाए जाते हैं। बिजली कनेक्शन नहीं होने की जानकारी भी दी गई। इसके बाद अधिकारी अताईपुर रोड स्थित कलाखेल में आतिशबाजी निर्माता जबर सिंह के यहां पहुंचे। वहां भी निर्माण से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कमियां मिलने पर जरूरी निर्देश दिए। दोनों स्थानों पर फिलहाल आतिशबाजी का निर्माण शुरू नहीं हुआ था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्माण से जुड़ी सभी निर्धारित शर्तों और सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई करते हुए काम बंद कराया जाएगा।

अहंकार मनुष्य का बहुत बड़ा दुश्मन है। वह सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है। - महर्षि वाल्मीकि

## जयंती पर सत्य-अहिंसा का संदेश



गांधी व शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रबंधक नीतिश चंद्र श्रीवास्तव

भास्कर ब्यूरो

- गुरुकुल एकेडमी इंटर कॉलेज में मनाई गई दोनों महापुरुषों की जयंती

**कन्नौज।** गुरुकुल एकेडमी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर किया गया। प्रबंधन नीतिश चन्द्र श्रीवास्तव ने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा शास्त्रीजी के 'जय जवान, जय किसान' के नारे पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईकर्मी सम्मानित

### पालिका व समधन नगर पंचायत में ध्वजारोहण के बाद गांधी-शास्त्री को किया नमन

भास्कर ब्यूरो

**गुरसहायगंज।** गांधी जयंती पर नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज व नगर पंचायत समधन में कार्यक्रम आयोजित हुए। पालिका में ईओ अनिल कुमार ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया और स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने गांधीजी के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता के संदेश को अपनाने का आह्वान किया।

उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए सफाई नायक सुधांशु सक्सेना, नरेंद्र मिश्रा तथा सफाईकर्मी अंकित, अनिल, संजय, सचिन कुमार, अजय कुमार, विनोद कुमार, अर्जुन, सूरज व रामा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



नगर पालिका व नगर पंचायत द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

इस दौरान सभासद सुरेंद्र कुमार, दीपक गुप्ता, शहंशाह, परमजीत, सिराज अहमद, धर्मेंद्र गुप्ता, सुनील कुमार, संतोष कुमार गुप्ता, शिवम राज वर्मा, मुरारी कठेरिया, राकेश कुशवाहा, कमल दुबे व चंदन चौरसिया मौजूद रहे। समधन में चेयरमैन आसमा बेगम व ईओ दिव्या गुप्ता ने ध्वजारोहण कर स्वच्छता की शपथ दिलाई और उत्कृष्ट सफाईकर्मियों को सम्मानित किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर सेवा संकल्प अभियान

**कन्नौज ब्यूरो।** पीएसएम पीजी कॉलेज में गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ सेवा संकल्प अभियान के तहत वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान 'मेरे सपनों का भारत' एवं 'विकसित भारत की संकल्पना-2047' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता हुई, जिसमें 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गुलप्शा, रश्मि यादव, शिवानी शुक्ला, निष्ठा और शालिनी मिश्रा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों ने भी आकर्षक रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, डॉ. श्याम बाजपेई, डॉ. आशीष सिंह समेत शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर पुलिसकर्मियों ने ली एकता-अखंडता की शपथ



कन्नौज-महिला आरक्षी को सम्मानित करते एसपी विनोद कुमार

भास्कर ब्यूरो

**कन्नौज।** गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस लाइंस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दोनों महापुरुषों के चित्रों का अनावरण व माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए पुलिसकर्मियों से सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारे और परिश्रम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता व सुरक्षा के लिए योगदान देने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। सीओ नगर सुरेश कुमार, सीओ कार्यालय रामअवतार, सीओ लाइन शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# संस्थानों में गूंजा रामधुन, महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

### विद्यालयों में हुए कार्यक्रम, पुष्पार्चन कर दोनों विभूतियों के आदर्शों को किया याद

भास्कर ब्यूरो

**गुरसहायगंज।** महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय प्रबंधकों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचारधारा थे।

उन्होंने देशवासियों को एकजुट कर अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को प्रेरणा देते हैं। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश के सैनिकों और किसानों के महत्व को रेखांकित किया। बड़े पद पर रहने के बावजूद उनका जीवन सादगी की मिसाल रहा।



गुरसहायगंज-महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्चन करते विजय मिश्र

नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा कि महात्मा गांधी के योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उन्होंने सत्य, अहिंसा और सादगी के माध्यम से देश को स्वतंत्रता आंदोलन की राह दिखाई। तेराराकेट स्थित विद्यालय में संचालक एवं सपा शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने ध्वजारोहण के बाद कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का देश के लिए योगदान अविस्मरणीय है। उनके आदर्शों से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

एबी गर्ल्स इंटर कॉलेज रामगंज में ध्वजारोहण के बाद पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, रिजवाना सिद्दीकी एवं अरशद जमाल सिद्दीकी ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने सादा जीवन और उच्च विचार को अपने आचरण में उतारा। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह यादव, बड़े बाबू शिवकुमार वर्मा, फरहीन, रामू त्रिपाठी, महेश चंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट में गूंजा सत्य-अहिंसा का संदेश

- डीएम ने ध्वजारोहण कर गांधी-शास्त्री को नमन किया
- एनसीसी, स्काउट-गाइड, आपदा मित्र व नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक सम्मानित

भास्कर ब्यूरो

**कन्नौज।** गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम हुआ। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। डीएम ने एनसीसी के तीन, स्काउट-गाइड के दो, आपदा मित्र के तीन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के तीन आश्रितों और नागरिक सुरक्षा के दो स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री का जीवन सत्य, सादगी, निष्ठा और देशसेवा की प्रेरणा देता है। 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना से कार्य करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में योगदान देना होगा।



कन्नौज-झंडारोहण करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

एडीएम न्यायिक विजय कुमार मिश्र ने दोनों महापुरुषों के जीवन से कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेने की बात कही। डिप्टी कलेक्टर केसरी नंदन तिवारी ने गांधी के सत्य-अहिंसा के विचारों को अपनाने का संदेश दिया। संचालन आशुतोष दुबे ने किया। अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सारसुर्खियां

### कर्मचारियों को बंधक बनाकर मारपीट का आरोप

**छिबरामऊ, ब्यूरो।** ग्राम कमालपुर में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की शिकायत की जांच करने पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मारपीट, गाली-गलौज और बंधक बनाने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने थाना विशुनगढ़ में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के मुताबिक, दो अक्टूबर को सुबह करीब 10:41 बजे कर्मचारी 100 केवीए ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की शिकायत की जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की और कर्मचारियों को कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि करीब दो-तीन घंटे तक बंधक बनाए रखा गया। पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों को मुक्त कराया। कर्मचारियों ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

### खोजीपुर के पास अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो

**छिबरामऊ ब्यूरो।** सौरिख-छिबरामऊ मार्ग पर शुक्रवार सुबह खोजीपुर के पास सौरिख से छिबरामऊ आ रहा टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार महेश शर्मा (60) निवासी पुरानी चौकी, सकरावा और चालक अवनीश (36) पुत्र सुगर सिंह पाल निवासी ग्राम नकटपुर, पोस्ट जाफराबाद घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज, कन्नौज रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे की जानकारी जुटाई।

### वाराणसी जा रही सेवा यात्रा का जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ ब्यूरो।** सेवा संकल्प अभियान के तहत वड़नगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा यात्रा के जनपद आगमन पर पूर्वी बाईपास में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हिमांक त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान सेवा यात्रा के उद्देश्य और अभियान को लेकर चर्चा की गई। स्वागत कार्यक्रम में सभासद प्रदीप चौहान, सतेंद्र शाक्य, अमित गुप्ता, गोपाल वाल्मीकि, किशनलाल वाल्मीकि, फकरे आलम, राघव त्रिपाठी, गोपाल गुप्ता और रामनारायण कमल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अन्नपूर्णा भवनों से आसान होगा खाद्यान्न वितरण

**कन्नौज ब्यूरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिले में नव निर्मित अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया गया। ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुखों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भवनों का लोकार्पण किया। प्रत्येक भवन पर 8.46 लाख रुपये खर्च हुए हैं। एक कक्ष में उचित दर दुकान और दूसरे में जनसेवा केंद्र व अधिसूचित वस्तुओं की बिक्री की व्यवस्था होगी। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 28 भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि 2026-27 में 166 भवनों की कार्ययोजना भेजी गई है। तालग्राम, छिबरामऊ, हसेरन व उमर्दा में भवन लोकार्पित हुए।

### 173 ग्राम पंचायतों में पहुंचा जल अर्पण दिवस

**कन्नौज ब्यूरो।** गांधी जयंती पर जल जीवन मिशन के तहत जिले में जल अर्पण दिवस मनाया गया। छिबरामऊ, जलालाबाद, हसेरन, कन्नौज, सौरिख और तालग्राम ब्लॉक की आठ ग्राम पंचायतों के 14 राजस्व ग्रामों में कार्यक्रम हुए। अधिशासी अभियंता, सहायक व अवर अभियंता, ग्राम प्रधान, सचिव, डीपीएमयू टीम, कार्यदायी संस्था के इंजीनियर और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जल अर्पण, जल बंधन एवं जल संकल्प लिया। अधिकारियों ने जल संरक्षण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूक किया। बताया गया कि अब तक जिले की 173 ग्राम पंचायतों के 244 राजस्व ग्रामों में कार्यक्रम हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-शाम दो-दो घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### मासूमों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**कन्नौज ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शुक्रवार को बाल सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। न्यायाधीश/सचिव पौमेला श्रीवास्तव के निर्देशन में लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार और सुरक्षित बचपन के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 'गुड टच-बैड टच' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से बाल सुरक्षा और आत्मरक्षा के संदेश उकेरे। पौमेला श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों से विश्वासपूर्ण संवाद बनाए रखते हुए किसी भी अनुचित गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित सक्षम प्राधिकारी को देनी चाहिए।

### मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले : डीएम

**कन्नौज ब्यूरो।** गांधी जयंती पर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



डीएम ने महिला ओपीडी, आशा गृह, वैक्सीनेशन कक्ष, पीएनसी, हेल्प डेस्क, इमरजेंसी व जनरल वार्ड का निरीक्षण किया और मरीजों-तीमारदारों से सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को निर्धारित समय पर ड्यूटी, प्रॉपर ड्रेस व आईडी कार्ड के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी और उपचार पर जोर दिया। मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन तथा अस्पताल में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने भर्ती मरीजों का हालचाल लेकर फल वितरित किए। सीएमएस डा. गोपाल नरायन द्विवेदी सहित सभी चिकित्सक मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर पूर्व विधायक ने किया बापू को नमन




गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव

भास्कर ब्यूरो

- आवास विकास में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**छिबरामऊ।** गांधी जयंती पर बुधवार को आवास विकास स्थित गांधी प्रतिमा पर कार्यक्रम हुआ। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और निर्भयता महात्मा गांधी की सबसे बड़ी विरासत हैं। अन्याय के सामने न झुकना और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर दृढ़ता से चलना ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने गांधीजी के आदर्शों को जीवन में अपनाकर समाज और देशहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, लालू ठेकेदार, जयगुरुदेव, मोनू सिंह, विवेक यादव, हिमांशु यादव, आशीष यादव, अंकुर सिंह यादव और मीडिया प्रभारी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर स्कूलों में हुए विशेष कार्यक्रम

**सौरिख ब्यूरो।** शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर के स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन, संघर्ष और विचारों पर विचार प्रस्तुत किए। आरपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने गांधी जी का रूप धारण कर उनके जीवन की विभिन्न घटनाओं और आदर्शों को जीवंत किया। प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और देशप्रेम का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य विवेक यादव ने विद्यार्थियों को गांधी जी के सिद्धांतों से प्रेरणा लेने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों से सत्य, ईमानदारी, अनुशासन और अच्छे विचार अपनाने का आह्वान किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन

- सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का दिया संदेश, गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

भास्कर ब्यूरो

**छिबरामऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा के साथ दोनों महापुरुषों को नमन किया। पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में विनोद दुबे के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन, संघर्ष और विचारों को याद किया।

इसके बाद आवास विकास स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी का



छिबरामऊ-महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन व अन्य

महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देशवासियों को एकजुट किया। गांधीजी के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उनके बताए सत्य, अहिंसा और बुराई से दूर रहने के मार्ग को अपनाकर मानवहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में विनोद दुबे, देवकी नंदन दुबे, आशाराम यादव, अजय सुरेश तोमर, जितेंद्र कुमार यादव, महेश दीक्षित, प्रदीप दुबे, दिनेश पांडे, भैयालाल दुबे, चातक कुशवाहा, विनोद कुमार दुबे, इकराम कुरैशी, रघुनंदन जाटव, राजीव यादव, दिनेश तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, हरिशंकर मिश्र एडवोकेट, प्रमोद शाक्य, राजीव अग्निहोत्री, अमोल दीक्षित, प्रियंका दुबे, चंद्रभान सिंह, विकास मिश्रा, आमिर खान, आशिफ हुसैन, प्रवल प्रताप सिंह, राजकुमार यादव, अरहाम अहमद, विकास सिंह और अवनीश सिंह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गांधी-शास्त्री के सपनों का भारत बनाने के लिए सामाजिक समरसता जरूरी

## गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य और सादगी का संदेश

भास्कर ब्यूरो

**तिर्वा।** गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को नगर व ग्रामीण अंचलों में सरकारी, गैर सरकारी, अर्द्धसरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थानों में ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और आदर्शों को याद किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह और सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह की अगुवाई में गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गांधी और शास्त्री ने सत्य, सादगी, नैतिकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को मजबूत करने और जातिवाद व धर्मवाद से ऊपर उठकर समाज के विकास के लिए सभी को चिंतन करने की जरूरत है। तभी गांधी और शास्त्री के सपनों का भारत बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम में डॉक्टर, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे।



तिर्वा-गांधी जयंती पर मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अन्य लोग तथा गांधी चौराहे पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता

### चौराहे पर प्रतिमा पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया माल्यार्पण

**तिर्वा।** कस्बे के गांधी चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, ईओ बबलू कुमार और सभासदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लोगों ने बापू को श्रद्धांजलि दी। सौरभ गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी और सभासद मौजूद रहे।

## नेशनल जूडो में कन्नौज की बेटियों ने दिखाया दमखम

- गांधी जयंती पर जिला अस्पताल का निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो

**कन्नौज।** सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप में कन्नौज पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। हरियाणा के करनाल स्थित मिनर्वा पब्लिक स्कूल, असंद में 28 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के सीबीएसई विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के अंडर-11 आयु वर्ग के 35 किलोग्राम भार वर्ग में कन्नौज पब्लिक स्कूल की शुभी दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अंडर-11 के 40 किलोग्राम भार वर्ग में मधु राज ने कांस्य पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।




कन्नौज-खुशी जताती मेधावी शुभी

विद्यालय प्रबधक प्रदीप तिवारी ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतना जिले और विद्यालय के लिए गौरव की बात है। खिलाड़ियों की सफलता ने अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है।

# जिले भर में धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती, किया नमन

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** शुक्रवार को जिले भर मे गांधी जयंती समारोह के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। डीएम राहुल पांडेय ने सर्वप्रथम पुलिस लाइन के सामने स्थित गांधी पार्क पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर उन्होंने ध्वजारोहण किया। इसके उन्होंने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्वच्छता वाटिका स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जेके पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए" की प्रस्तुति दी गई। डीएम ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाले स्वच्छताग्रहियों को भी सम्मानित किया गया। डीएम ने गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा एवं जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व दीपाली भार्गव, एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

**डीएम ने गांधी भवन पहुंचकर किया ध्वजारोहणः** हरदोई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर डीएम राहुल पांडेय ने गांधी भवन पहुंचकर ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने गांधी हाल में लगाई गई गांधी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा महात्मा गांधी जी के जीवन, विचारों एवं स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े विभिन्न चित्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने गांधी मैदान में लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए विभागीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी ली। इसके बाद डीएम ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं चरखा यज्ञ में प्रतिभाग किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रार्थना एवं प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही जीजीआईसी, न्यू सनबीम स्कूल, सेन्ट जेवियर्स स्कूल, स्प्रिंग डेल्स स्कूल आदि विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। डीएम ने इस भव्य आयोजन हेतु सभा का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हम उनके विचारों को अल्मसात करें। इसके बाद डीएम ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत आमजनमानस को सड़क सुरक्षा नियमो का पालन करने हेतु ई-रिक्शा रैली को गांधी भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीडीओ नेहा ब्याडवाल, एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गांधी जयंती पर रोपित किए गए पौधे** : स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को महात्मा गांधीजी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही स्वच्छ पखवाड़ा के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर व रेलवे कालोनी में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत का नारा लगाया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आम अमरूद, नीम, पीपल के पांच पेड़ों का रेलवे कालोनी में पौधारोपण किया गया।



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीएम राहुल पांडेय

# आंखों में मिर्च झोंककर बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

- लखनऊ के सर्राफा कारोबारी से चांदी लूट का खुलासा
- पुलिस मुठभेड़ में दो के पैर में लगी गोली, 4 गिरफ्तार, 2 फरार

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** लखनऊ के सर्राफा कारोबारी से 5 किलो चांदी लूटने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शाहाबाद पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.25 किलो लूटी गई चांदी, दो .315 बोर के तमंचे व वारदात में इस्तेमाल बिना नम्बर की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है। दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

बता दें कि 27 सितंबर को लखनऊ के ठाकुरगंज निवासी सर्राफा कारोबारी हृदयराम सोनी अपने चालक करन के साथ वैगनआर कार से शाहजहांपुर गए थे। कारोबारी के पास दो अलग-अलग बैग में एक बैग में 5 किलो और दूसरे बैग में 12.5 किलो कुल 17.5 किलो चांदी थी। वापसी के दौरान हाईवे पर शाहाबाद थाना क्षेत्र में बजरी प्लांट के पास स्विफ्ट डिजायर सवार चार बदमाशों ने उनकी कार को ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ा और कारोबारी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंक दिया। इसके बाद हथियारों के बल पर 5 किलो चांदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने ड्राइवर करन के साथ मारपीट का नाटक किया, ताकि किसी को उस पर शक न हो। पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो इस वारदात की सबसे अहम कड़ी कारोबारी का ड्राइवर करन निकला। रास्ते में वह लगातार फोन पर बात कर रहा था। जिस पर कारोबारी को शक भी हुआ था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि करन ने इंटरनेट कालिंग के जरिए अपने साथियों को कारोबारी के रूट, समय और चांदी की जानकारी दी थी। उसने अपने साथियों को इस लूट के लिए तैयार किया और कारोबारी के लौटने के दौरान बदमाशों ने पूरी योजना के मुताबिक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक 1 अक्टूबर की रात में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने शाहाबाद बाईपास पर बिना नम्बर प्लेट वाली संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, कार सवार बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुशील यादव निवासी सिधौली, बाराबंकी, हाल पता डूडा कालोनी, ठाकुरगंज, लखनऊ और विमल यादव निवासी लीलाखेड़ा, दुबग्गा, लखनऊ के पैर में गोली लगी। दोनों को गिरफ्तार कर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से अमन निवासी बनियाखेड़ा, दुबग्गा, लखनऊ और लूट की साजिश रचने वाले ड्राइवर करन निवासी गऊघाट, ठाकुरगंज, लखनऊ को भी गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, गिरोह के दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।



# एनडीआरएफ के रेस्क्यू में बेतवा नदी से शव बरामद

- खेत पर जाने के लिए दोस्त के साथ पार कर रहा था नदी
- पानी के तेज बहाव में पकड़ ढ़ीली पड़ने से सूरज बह गया

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** बीएससी का छात्र अपने दोस्तों के साथ बेतवा नदी के पार धान के खेत पर जा रहा था। नदी में पैर रखते ही छात्र और उसका दोस्त डूबने लगा।

छात्र का चाचा दौड़ा और बचाने के लिए दोनों के हाथ पकड़ लिए। लेकिन उसी बीच भतीजे का हाथ छूट गया और वह नदी के तेज बहाव के साथ बह गया। उसे ढूंढने के लिए एनडीआरएफ के रेस्क्यू के अगले दिन शव बरामद हुआ।

बताया गया है कि सण्डीला कोतवाली के किन्हौटी गांव निवासी नागेंद्र मौर्य गुरुवार की शाम को बेतवा नदी के पार धान के खेत पर जाने के लिए निकला। साथ में बीएससी कर रहा 19 वर्षीय भतीजा सूरज उर्फ मोनू पुत्र सुरेंद्र अपने दोस्तों शम्भू, महिपाल, लल्लू व शिवम के साथ चल दिया।

नागेंद्र मौर्य के मुताबिक पकरिया माता मंदिर के रास्ते से चल कर पहुंचे भतीजे सूरज उर्फ मोनू और उसके दोस्तों को नदी से दूर रहने को कहा। लेकिन फिर भी सूरज उर्फ मोनू और उसका दोस्त शिवम एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर पानी में उतर गए। गहराई में जाने पर हाथ छूटते ही दोनों डूबने लगे। नदी के पार खड़े नागेंद्र बचाने के लिए दौड़ पड़ा। उसने दोनों का हाथ पकड़ लिया। लेकिन भी पानी के तेज बहाव में पकड़ ढ़ीली पड़ने पर सूरज उर्फ मोनू का हाथ छूटा और वह पानी के बहाव के साथ बह गया। इसका पता होते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

गांव वाले सूरज उर्फ मोनू की तलाश में बेतवा नदी में कूद पड़े। वहीं पुलिस के अलावा एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरु किया। पूरी रात चलें रेस्क्यू के अगले दिन शुक्रवार की दोपहर सूरज उर्फ मोनू का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## सारसुर्खियां

### गौरव तहसील अध्यक्ष व कौशलेन्द्र बने मंत्री



**हरदोई।** शुक्रवार को तहसील सदर मे राजस्व संग्रह अमीन संघ की तहसील सदर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से गौरव पांडेय को तहसील अध्यक्ष, कौशलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव को तहसील मंत्री, धीरज मिश्रा को तहसील उपाध्यक्ष, अरविन्द प्रताप को तहसील उपमंत्री, सूर्य प्रकाश को तहसील कोषाध्यक्ष, अतुल कश्यप को तहसील संगठन मंत्री व शिवम कश्यप को आडिटर चुना गया।.राजस्व संगह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष अम्बुज वर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देकर उन्हें संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। चुनाव के समय राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष अम्बुज वर्मा व जिला मंत्री अश्विनी मिश्रा सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### सीएम योगी के हाथों हुए एसपी सम्मानित



**हरदोई।** एसपी अशोक कुमार मीणा को अदम्य साहस, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया गया। लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी अशोक कुमार मीणा को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान मिलने के बाद एसपी श्री मीणा ने इसे अपने लिए गौरव और सम्मान का क्षण बताया। पुलिस सेवा में साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 26 पुलिसकर्मियों को विभिन्न वीरता पदकों से सम्मानित किया गया। जिले के एसपी को मिले इस सम्मान के बाद पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है। साथ ही जनपदवासियों ने भी एसपी श्री मीणा को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### खराब तेल का खाना खाने से एक ही परिवार के कई बीमार

**बघौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम ब्यौरापुर में कथित रूप से खराब सरसों के तेल से खाना बनाने के बाद एक ही परिवार के कई लोगों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ति ने मामले की शिकायत थाने में करते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम ब्यौरापुर निवासी बृजभूषण मिश्रा पुत्र रामऔतार मिश्रा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 30 सितम्बर की शाम लगभग 8 बजे वह ग्राम हुसेनपुर निवासी रामकिशोर राठौर पुत्र श्रीकृष्ण राठौर के घर से सरसों का तेल खरीदकर लाया था। आरोप है कि इसी तेल से घर में सब्जी तैयार की गई। खाना खाने के बाद परिवार के कई सदस्यों की तबीयत अचानक खराब हो गई और वह बीमार पड़ गए। पीड़ति के मुताबिक, तेल को लेकर जब उन्होंने विक्रेता से शिकायत की तो उसने तेल बदलने का आश्वासन दिया और कुछ तेल अपने पास भी रख लिया। हालांकि, बाद में तेल नहीं बदला गया। पीड़ति ने थाना प्रभारी से पूरे प्रकरण की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पाक्सो एक्ट व बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर गांधी जयंती के अवसर पर पास्को एक्ट 2012 के प्रावधानों कानूनी नतीजों तथा महिला एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर प्रथम मोहम्मद यूनुस ने विद्यार्थियों को पाक्सो अधिनियम के प्रावधानों एवं अन्य बाल हितैषी कानूनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में भी बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान डिप्टी लीगल काउंसिल मुकुल शुक्ला, विद्यालय के प्रबंधक राकेश पाल, प्रधानाचार्या मौसमी, वाइस प्रिंसिपल अमिताव दास, परमजीत सिंह सहित पीएलवी, दिनेश कुमार, व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहीं।

### वरदान ट्रस्ट ने सामूहिक विवाह की तैयारियों पर की चर्चा

**हरदोई।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के रजत वर्ष के अवसर पर ट्रस्टीगणों व सहयोगियों की बैठक गांधी भवन में वरिष्ठ ट्रस्टी डा. एपी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ट्रस्ट के संस्थापक प्रबंध न्यासी व पूर्व डीएम स्वर्गीय एके चतुर्वेदी की जयंती तथा इस वर्ष आयोजित होने वाले निःशुल्क सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रस्टी अविनाश चंद्र गुप्ता ने बताया कि पूर्व डीएम पुण्यात्मा एके चतुर्वेदी की जयंती 14 नवम्बर को मनाई जाएगी। इस दौरान महायोगी गुरु गोरखनाथ गर्ल्स इंटर कालेज में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही बाल मेले का आयोजन होगा। स्व एके चतुर्वेदी की स्मृति में हाईस्कूल स्तर पर दिव्यांग छात्राओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को 10 हजार रुपये की धनराशि और स्मृति-चिह्न प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा पुण्यात्मा शोभना चतुर्वेदी की स्मृति में विभिन्न क्षेत्रों में जिले का नाम रोशन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव अतुलकांत द्विवेदी ने बताया कि 6 दिसंबर को घंटाघर प्रांगण में निःशुल्क सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आवेदन प्रक्रिया के बाद 25 अक्टूबर को गांधी भवन में वर-वधुओं का साक्षात्कार होगा। बैठक में प्रबंध ट्रस्टी भुवन चतुर्वेदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में ट्रस्टी करुणाशंकर द्विवेदी, सुयश वाजपेयी, सहयोगी अनिल श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, गिरीश मिश्र, डॉ. कलीम उल्ला कुरैशी, अनिल मेहरोत्रा, केके सिंह, श्रवण दीक्षित, अनुराग मिश्र, अविनाश मिश्र, अनुराधा मिश्रा, रूपाली मित्तल, आलोकिता, प्रेम शुक्ला, जोगिंदर सिंह गांधी, कंचन वाजपेयी, नीलम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालत में छप्पर के अंदर महिला का शव लटका मिला

- पति का आत्महत्या करने का दावा

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** पत्नी का शव छप्पर के अंदर गमछे से फांसी पर लटका होने पर उसके पति ने दावा किया है कि दिमागी संतुलन ठीक न होने की वजह से आत्महत्या की। हालांकि पुलिस मामले को फिलहाल संदिग्ध मान रही है। उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ हो सकती है।

बताया गया है कि सुरसा थाने के जगतपुरवा मजरा खजुरहरा निवासी दयाराम की 30 वर्षीय पत्नी अर्चना का शव शुक्रवार की भोर घर के छप्पर के अंदर गमछे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। अर्चना के पैर जमीन से लगे हुए थे,जिससे मामला फिरहाल संदिग्ध माना जा रहा है। पति दयाराम ने बताया कि उसकी पत्नी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। जिसका इलाज शहर के एक निजी हास्पिटल से चल रहा था। दयाराम पेशे से राजमिस्त्री है और पिछले चार दिनों से अपने साढ़ू के घर काम कर रहा था। पांच बच्चों के साथ अर्चना घर में अकेली थी। जैसा कि उसके बच्चों ने बताया कि रोज की तरह उनकी मां शुक्रवार अलल सुबह घर के बाहर टहलने निकली। साथ में बच्चे भी थे। लेकिन वह बीच से ही घर लौट गई। पीछे से पहुंचे उसके बच्चे शव लटका देख चीखने-चिल्लाने लगे। जिनकी आवाज सुन कर पड़ोसी दौड़ पड़े। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# एमडीआर शुल्क के विरोध में उतरे व्यापारी

**हरदोई।** शुक्रवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आवाहन पर हरदोई उद्योग व्यापार मंडल ने स्टेशन रोड पर तिकुनिया पार्क में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत सरकार द्वारा यूपीआई पर 0.4: एमडीआर शुल्क लगाने का तीव्र विरोध करते हुए उसे वापस लेने की मांग की। अब सभी दुकानदार यूपीआई से पेमेंट लेने से मना कर रहे हैं तथा विरोध दिवस मना मना रहे हैं। शुक्रवार से शुरू हुआ यह विरोध वापस होने तक अनवरत जारी रहेगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री अजय टंडन, युवा प्रदेश मंत्री विभू गुप्ता, महामंत्री राजन द्विवेदी, अशोक उपाध्याय, अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, अवनीश त्रिवेदी, सुरेंद्र सिंह, रजनीश गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, प्रतिपाल, सतवंत, जसवंत, संरक्षक निरमा देवी, राज किशोर अग्रवाल, अध्यक्ष आईटी सेल भरत पांडेय, अनुराग शुक्ल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत पहुंची यात्रा का किया स्वागत

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस व उनके सार्वजनिक जीवन में सेवा और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़नगर से बनारस तक निकाली गई यात्रा का सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और जनकल्याण का संदेश पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। बड़नगर से बनारस तक निकाली गई यह यात्रा कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करने का माध्यम है। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह 'रानू' ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रति सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने वाला अभियान है। इस यात्रा का स्वागत करना सभी के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर अभियान संयोजक व जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह, प्रीतेश दीक्षित, प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट ऋषभ कात्यायन व डा. रजनीश त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ता

- बनारस तक निकाली गई यात्रा का सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वागत किया गया

# नन्हे हाथों ने उकेरी गांधी के सपनों के भारत की तस्वीर

**हरदोई।** गांधी जयंती पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए अपने हाथों से श्स्वच्छ भारतश की तस्वीर उकेरी। साथ ही बापू के बताए सत्य-अहिंसा के रास्तें पर चल कर विकसित भारत बनाने का सकंल्प दोहराया। बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर के बच्चों ने गांधी-शास्त्री जयंती पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए स्वच्छ भारत की तस्वीर बनाकर उसे रंगों से भरा। सबसे पहले प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उसे सलामी दी। उसके बाद महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रद्धा के फूल चढ़ाकर उन्हे नमन कर उनके आदर्शो पर चलने का सकंल्प लिया। तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह, सहायक अध्यापिका रेहाना नसरीन, प्रभा पांडेय, रुचि पुरी, शिक्षामित्र प्रशांत कुमार अवस्थी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष परशुराम, एजुकेटर अनीता सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अन्नपूर्णा, सहायिका जनका के अलावा बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# रात के अंधेरे में गांव में घुसा मगरमच्छ, फैली दहशत

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** लोनार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुंगलापुर में रिहायशी इलाके में मगरमच्छ घुसने से हड़कम्प मच गया। गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने के बीच मगरमच्छ के गांव में पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। मगरमच्छ को देखते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर लोग परेशान नजर आए। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। लेकिन काफी देर तक टीम मौके पर नहीं पहुंची। इंतजार के बाद ग्रामीणों ने खुद ही मगरमच्छ को काबू करने की कोशिश शुरू कर दी।

ग्रामीणों के मुताबिक, काफी देर तक वन विभाग की टीम के नहीं पहुंचने पर गांव के लोगों ने साहस दिखाते हुए मगरमच्छ को पकड़ लिया और उसे रस्सी से बांध दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। मगरमच्छ को काबू में लेने के बाद भी लोग लगातार सतर्क रहे और किसी को उसके ज्यादा करीब नहीं जाने दिया। गांव में मगरमच्छ मिलने की खबर से आसपास के इलाकों में भी हलचल मची रही। बाद में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के कब्जे में मौजूद मगरमच्छ को अपने साथ ले गई। मगरमच्छ के सुरक्षित पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।




# शास्त्री व गांधी जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित

भास्कर ब्यूरो

**माधौगंज।** नगर पंचायत कर्यालय में अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने एसडीएम न्यायिक व ईओ रामजन्म यादव के साथ ध्वजारोहण किया। जहां सभासद व नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे। कस्बे के शिक्षण संस्थान फूलमती मां सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान के बाद तिरंगे को सलामी दी गई। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार मिश्रा व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें अध्यापकों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। नगर के ज्ञान मन्दिर में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड माधौगंज के सह मंत्री और सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य रिंकू कुशवाहा ने वन्य जीव संरक्षण सेवा सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर शिवप्रकाश कुरील व वन रक्षक वैभव त्रिपाठी ने बच्चों और अध्यापकों को वन्यजीवों के संरक्षण और वृक्षारोपण से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मनीष तिवारी, प्रखंड मंत्री प्रभाष कुशवाहा, गौरक्षा प्रमुख विवेक पांडेय, गौरव कश्यप इमरान आदि के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सत्य के साथ अहिंसा के रास्ते पर चलने का लिया सकंल्प

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** गांधी-शास्त्री जयंती पर आदर्श इंटर कालेज थमरवा के आंगन मे सत्य-अहिंसा पर बातें हुई और बच्चों ने उसी रास्ते पर चल कर आगे बढ़ने का सकंल्प लिया। इस दौरान वहां औषधीय पौधों के साथ आक्सीजन देने वाला पीपल के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवी संस्था शिक्षा सद्भावना समितिऔर सर्वोदय आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सर्वप्रथम दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले पीपल के पौधे का रोपण किया गया। उन्होंने बच्चों से कहा कि पर्यावरण ही जीवन है। अगर अधिक से अधिक आक्सीजन देने वाले पेड़ लगाऐ जाएगें तो स्वस्थ रहने के साथ देश भी स्वस्थ रहेगा। उन्होनें महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत और लालबहादुर शास्त्री के जय जवान-जय किसान के सपने को साकार करने पर जोर दिया। बच्चो ने सत्य के साथ अहिंसा के रास्तें पर चलने का सकंल्प लिया। शिक्षा सद्भावना समिति के कार्यक्रम समन्वयक बृजेश कुमार सक्सेना ने औषधीय गुणों वाली नीम का पौधा रोपित किया। उन्होंने नीम के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नीम एंटीबायोटिक है। यह हवा को शुद्ध करती है और कई बीमारियों से बचाती है। समिति के निदेशक रमेश कुमार रंजन ने औषधीय एवं छायादार करंज का पौधा रोपित किया। उन्होंने बताया कि संस्था के संस्थापक रमेश भाई समाजसेवी ने अपने पैतृक गांव थमरवा में उस दौर में आदर्श इन्टर कॉलेज की स्थापना की थी। जब क्षेत्र में शिक्षा का कोई साधन नहीं था। आज यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन गया है। संचालन बृजेश चन्द्र शर्मा ने किया और स्वागत सम्बोधन रिचा शुक्ला व मुस्कान श्रीवास्तव ने किया। इस बीच अंशू सिह, अविनाश कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, नीतेश कुमार विनोद कुमार, शकीला और विद्यालय परिवार मौजूद रहा।




गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

# पुलिस लाइन में गांधी-शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण, दी सलामी




**मीरजापुर (ब्यूरो)।** सत्य एवं अहिंसा के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित क्वार्टर गार्द पर उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए, सलामी दी गयी। एसपी ने समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को देश की आजादी और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने, और भी मजबूत बनाने के कार्य में तन, मन से योगदान करने एवं सदैव अहिंसा का पालन करते हुए समस्त विवादों को शांतिपूर्वक और संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलायी। एसपी कौशिक ने बताया कि दोनों महापुरुष हम सभी के लिये प्रेरणा स्रोत हैं, जिनके बताये गये विचारों का अनुगमन कर हम सभी सही एवं कर्तव्य पथ पर चलकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इस अवसर पर एएसपी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी एलआईयू, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन के समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही थानों/चौकियों पर सम्बन्धित अधिकारीगण द्वारा दोनों महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन दर्शन, विचारधारा, राष्ट्रीय भावना, देश की आजादी में उनके योगदान आदि के सम्बन्ध में संक्षिप्त परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ जयंती मनायी गयी।

# एनसीसी कैडेट्स ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

- **कैडेट्स ने साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक**




भास्कर ब्यूरो

**मीरजापुर।** विंध्याचल रोड स्थित सेठ द्वारका प्रसाद बजाज एजुकेशन सेंटर के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के छात्र-छात्राओं ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए प्रेरित करना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

अभियान की शुरुआत विद्यालय परिसर से एनसीसी के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) संदीप गोस्वामी के कुशल नेतृत्व में की गई। इस दौरान कैडेट्स पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ हाथों में झाड़ू, कचरा उठाने वाले उपकरण और डस्टबिन लेकर विंध्याचल मार्ग व आसपास के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्रों में पहुंचे। छात्रों ने सड़कों के किनारे, डिवाइडरों, फुटपाथों तथा सार्वजनिक स्थानों पर फैले प्लास्टिक कचरे, सूखे पत्तों और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र कर उनका सुरक्षित व उचित निस्तारण सुनिश्चित किया।

सफाई अभियान के साथ-साथ कैडेट्स ने स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और क्षेत्रीय निवासियों से सीधा संवाद भी स्थापित किया। कैडेट्स ने नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने, सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने तथा अपने घरों व प्रतिष्ठानों के सामने नियमित सफाई बनाए रखने की अपील की। कैडेट्स के इस समर्पण भाव और लगन को देखकर स्थानीय लोगों व राहगीरों ने भी उनके इस सामाजिक प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संदीप कुमार गोस्वामी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल युवाओं में सैन्य अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संचार करती है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा भी प्रदान करती है। स्वच्छता केवल एक दिन का औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

अभियान के समापन के उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिवानी कौशिक ने सभी एनसीसी कैडेट्स के श्रमदान और नागरिक उत्तरदायित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही किसी भी बड़े सामाजिक बदलाव की वास्तविक ध्वजवाहक होती है। जब स्कूल के छात्र स्वयं आगे आकर स्वच्छता की बागडोर संभालते हैं, तो इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। डॉ. कौशिक ने कैडेट्स को भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# सारसुर्खियां

## मोबाइल खोजकर पुलिस ने महिला को किया सुपुर्द



**हलिया (मीरजापुर)।** हलिया पुलिस ने थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सीआईआर पोर्टल की सहायता से खोए हुए मोबाइल को खोजकर महिला को सुपुर्द किया। मतवार गांव निवासी दौलत प्रसाद का मोबाइल कुछ दिन पहले खो गया था। उन्होंने इसकी सूचना थाना हलिया में दी थी। पुलिस ने सीआईआर पोर्टल सर्विलांस की मदद से मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया। कांस्टेबल विश्वनाथ व पुलिसकर्मियों द्वारा मोबाइल को परिजन को सुपुर्द किया गया। मोबाइल वापस पाकर परिजनों ने हलिया पुलिस की प्रशंसा की और आभार जताया।

## हलिया थाने में गांधी-शास्त्री जयंती पर ध्वजारोहण माल्यार्पण



**हलिया (मीरजापुर)।** गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर हलिया में विभिन्न कार्यालयों में ध्वजारोहण व माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों के साथ ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसी क्रम में रेंज कार्यालय पर रेंजर संतोष कुमार राय, पीएचसी पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार, विकास खंड कार्यालय पर बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय,पशु चिकित्सालय पर डॉ. कमलेश कुमार, चकबंदी कार्यालय पर सहायक चकबंदी अधिकारी हरिश्चंद्र पटेल एवं श्रवण कुमार प्रजापति ने ध्वजारोहण किया और महापुरुषों के विचारों को याद किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में सचिव व प्रशासक ने ध्वजारोहण किया है इस दौरान एसआई श्याम लाल, घनश्याम सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राधेश्याम, विनोद कुमार, मोहन लाल, आदि मौजूद रहे।

## अशोक कुमार गुप्ता अध्यक्ष, प्रदीप बने संरक्षक



**मारकुंडी, सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी बाजार में आगामी नवरात्र को लेकर शुक्रवार को दुर्गा पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की पूजा–अर्चना सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रदीप जायसवाल को संरक्षक तथा अशोक कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सुनील कुमार अग्रहरी को उपाध्यक्ष और ज्ञानचंद अग्रहरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा श्रवण कुमार गुप्ता एवं विनय कुमार गुप्ता को महामंत्री, जबकि गौतम शर्मा, अनिल अग्रहरी एवं इंद्रदेव पांडेय को मंत्री बनाया गया। समिति में जगदंबा जायसवाल, नीरज अग्रहरी, राम जानकी, संदीप अग्रहरी एवं राजू गुप्ता को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। वहीं आशीष गुप्ता, मंदीप अग्रहरी, करन अग्रहरी, मोनू यादव, विशाल केशरी एवं संतोष गुप्ता को सक्रिय सदस्य बनाया गया। समिति गठन के साथ ही मारकुंडी बाजार में नवरात्र आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है।

## एसडीएम नेहा मिश्रा ने किया ध्वजारोहण, बच्चों से किया संवाद



**बरदह (आजमगढ़)।** गांधी जयंती के अवसर पर लालगंज तहसील परिसर में एसडीएम नेहा मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, जिसके बाद ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान तहसीलदार शिव प्रकाश सरोज, नायब तहसीलदार कनक सिंह, गौरव प्रताप सिंह सहित अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय कटघर लालगंज के बच्चों से संवाद करते हुए एसडीएम नेहा मिश्रा ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को गांधी जी के विचारों और उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि गांधी जयंती केवल स्मरण करने का दिन नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता जैसे विचारों को अपने जीवन में अपनाने का अवसर भी है। बच्चों को राष्ट्र के इन महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को लड्डू, चॉकलेट और बिस्किट वितरित कर गांधी जयंती मनाई गई।

## शिब्ली नेशनल कॉलेज में मनाई गई गांधी जयंती



**आजमगढ़।** आज शिब्ली नेशनल कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़े जोशो–खरोश एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत से हुआ। इसके पश्चात प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अफसर अली द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इसके उपरांत प्राचार्य प्रो. अफसर अली, डॉ. मोहम्मद खालिद, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. गीता एवं अन्य शिक्षकों द्वारा महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं अफीफा समरीन, अफीफा जरीन, कोमल यादव एवं निकहत ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके संघर्ष, विचारों, आदर्शों तथा वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव एवं राष्ट्रप्रेम के संदेश को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में प्रो. मोहम्मद खालिद ने महात्मा गांधी के विचारों एवं उनके दर्शन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा और मानवता के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करने में सक्षम हैं। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अफसर अली ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गांधी जी के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

# रावण का किरदार निभाने वाले अभिनेता विनय सिंह से मिले लोग, जाने अनुभव

भास्कर ब्यूरो



**बरदह, आजमगढ़।** अयोध्या की चर्चित रामलीला में रावण का प्रभावशाली किरदार निभाने वाले जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र के बीसलपुर गांव निवासी अभिनेता विनय सिंह का निजी कार्यक्रम के सिलसिले में जाते समय बरदह बाजार में आगमन हुआ। इस दौरान उनकी मुलाकात बरदह रामलीला समिति के अध्यक्ष व सदस्यों से हुई। दोनों के बीच रामलीला मंचन और आगामी आयोजनों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विनय सिंह रामलीला मंचन के क्षेत्र में अपनी दमदार आवाज और अभिनय के लिए चर्चित हैं। वह अयोध्या में आयोजित होने वाली रामलीला में रावण की भूमिका निभा चुके हैं। इस दौरान उन्होंने रवि किशन, मनोज तिवारी, हेमा मालिनी समेत कई चर्चित कलाकारों के साथ मंच साझा किया है।

बताया गया कि इस बार दिल्ली में आयोजित होने वाली रामलीला में भी विनय सिंह रावण की भूमिका में नजर आएंगे। वहां वह रवि किशन और मनोज तिवारी समेत अन्य कलाकारों के साथ मंचन करेंगे। दिल्ली में होने वाले इस मंचन को लेकर क्षेत्र में भी उनके परिचितों और रामलीला से जुड़े लोगों में उत्सुकता बनी हुई है।

बरदह में हुई मुलाकात के दौरान विनय सिंह और बरदह रामलीला समिति अध्यक्ष ने स्थानीय स्तर पर रामलीला मंचन को और बेहतर बनाने, कलाकारों को प्रोत्साहित करने तथा धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को भव्य स्वरूप देने पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने विनय सिंह से रामलीला मंचन के अनुभवों के बारे में जानकारी ली और उनके आगामी दिल्ली मंचन के लिए शुभकामनाएं दीं परिचितों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान बरदह रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से उनकी मुलाकात हुई, जिसमें रामलीला मंचन, अभिनय और आगामी धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विनय सिंह अपनी दमदार आवाज, संवाद अदायगी और प्रभावशाली अभिनय के लिए रामलीला मंचन में चर्चित हैं। अयोध्या की रामलीला में रावण की भूमिका निभाकर उन्होंने दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। वह रवि किशन, मनोज तिवारी और हेमा मालिनी समेत कई चर्चित कलाकारों के साथ मंच साझा कर चुके हैं। बताया गया कि इस बार दिल्ली में आयोजित होने वाली रामलीला में भी विनय सिंह रावण की भूमिका में नजर आएंगे। दिल्ली के मंच पर वह रवि किशन और मनोज तिवारी समेत अन्य कलाकारों के साथ अभिनय करेंगे। उनके आगामी मंचन को लेकर बरदह क्षेत्र में भी रामलीला से जुड़े लोगों और परिचितों में उत्सुकता है।

बरदह में हुई मुलाकात के दौरान स्थानीय रामलीला मंचन को और बेहतर बनाने, प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रोत्साहित करने तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को भव्य स्वरूप देने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। मौजूद लोगों ने विनय सिंह से रामलीला के मंचन अनुभवों की जानकारी ली और उनके आगामी दिल्ली मंचन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विनय विश्वकर्मा, अंकित तिवारी, विवेक तिवारी, राकेश राय, विजय सिंह, विपिन शुक्ला और गोविंद मोदनवाल नियामत अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती



भास्कर ब्यूरो

**शक्तिनगर, सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का भी समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्युत विहार कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान से हुई। इसके बाद एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर स्थित वनिता समाज द्वारा संचालित टाइनी टॉट्स स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ई. प्रभाकर राव ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वनिता समाज की अध्यक्षा ई. निर्मला राव एवं सदस्याओं ने भी गांधी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। उन्होंने आपसी सौहार्द, प्रेम तथा गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## चिल्काडांड ग्राम पंचायत भवन पर धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी जयंती

**शक्तिनगर, सोनभद्र।** चिल्काडाँड ग्राम पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमापूर्ण माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। ग्राम प्रधान हीरालाल सहित पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और ग्रामीणों ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

# पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन

भास्कर ब्यूरो



**मीरजापुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा कला में शुक्रवार, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसपी त्रिपाठी के निर्देशन में उत्साह पूर्वक किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक एवं नागरिक जिम्मेदारी, सामुदायिक सहभागिता, नेतृत्व क्षमता तथा सेवा भावना का विकास करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास को सामुदायिक सेवा से जोड़ना है। शिविर के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। शिविर में छात्र-छात्राओं को अनेक टोलियों में बांटते हुए उनका नामकरण किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के समूह ने श्रमदान आरंभ किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एमके बरनवाल एवं सह प्रभारी संजय यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उसके उद्देश्य के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। कार्यक्रम में आज के समापन में विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज की सेवा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक अभिषेक श्रीवास्तव एवं अनामिका भारतीय के साथ अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# कुएं से पानी निकालते समय पैर फिसला, वृद्ध की डूबने से मौत

**म्योरपुर, सोनभद्र।** म्योरपुर थाना क्षेत्र के बभनडीहा ग्राम पंचायत के भलूही टोला में शुक्रवार दोपहर पानी भरते समय पैर फिसलने से एक वृद्ध कच्चे कुएं में गिर गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। भलूही टोला निवासी होलसाह (70) पुत्र स्व. रामरूप शुक्रवार दोपहर पशुओं को पानी पिलाने के लिए घर से करीब सौ मीटर दूर खेत में बने कच्चे कुएं से बाल्टी के सहारे पानी निकाल रहे थे।

इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे कुएं में गिर गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और कुएं में उतरकर रस्सी के सहारे उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्राम प्रधान संत कुमार गुप्ता की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई बलजीत भारद्वाज ने घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# रन फॉर डीएवी कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर ब्यूरो



**अनपरा, सोनभद्र।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अनपरा में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव पर ' रन फॉर डीएवी ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं सीआईएसएफ अनपरा यूनिट के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से एकता, सेवा का भाव और उत्तम स्वास्थ्य एवं उत्तम भविष्य का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम सम्पूर्ण भारत के डीएवी विद्यालयों में आयोजित किया गया। इसमें अपने विद्यालय के छात्रों ने दौड़ लगाकर ' स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और स्वास्थ्य हमारा उत्तम धन है ' का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में 500 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्या ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं के वर्ग से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्या दीपा शरण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। साथ ही इन्होंने छात्रों को नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, साथ ही साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागी छात्र- छात्राओं के उनके उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए बधाई दी।

# कंपोजिट विद्यालय टेढ़ा केक काटकर मनाया मीना का जन्मदिन

**मीरजापुर।** कंपोजिट विद्यालय टेढ़ा के सभागार में बालिका शिक्षा, बालिका सशक्तिकरण और बालिका अधिकार को बढ़ावा देने के लिए यूनिसेफ के काल्पनिक चरित्र मीना के जन्मदिन और मीना मंच की शुरुआत के उपलक्ष्य में मीना दिवस मनाया गया। विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं द्वारा सजावट की गई तथा केक काटा गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार श्रीवास्तव ने मीना मंच से संबंधित स्वरचित कविता का पाठ किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने बालिका शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किये। बालिका शिक्षा प्रभारी साधना पांडे एवं पूजा द्वारा कार्यक्रम का निर्देशन किया गया। शिक्षक संजय सिंह, अर्चना गुप्ता, संतोष गुप्ता, संजीता पांडे, प्रियंका श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, अनिता, अमरावती, फुलमानी, शैना सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# 8 अक्टूबर तक वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च करेंगे सपाजन

- **तैयारी को लेकर जगह-जगह हो रही बैठकें**

भास्कर ब्यूरो




**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबंधन की बैठक में लिये निर्णय के अनुसार 2 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओं सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। यह बातें सपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने बताई। उन्होने कहाकि 8 अक्टूबर को वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च पार्टी कार्यालय से निकाला जायेगा, जिसकी तैयारी को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में रणनीति तैयार की जा रही है और कार्यकर्ताओं को आने के लिए संगठित किया जा रहा है।

मार्च के दौरान बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर व राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की फोटो लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पहुंचेंगे। नेताद्वय ने बताया कि निर्धारित स्थान पर पहुॅचने के बाद राष्ट्रगान और संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक रूप से वाचन किया जायेगा।

विरोध प्रदर्शन का समापन ज्ञानेश कुमार के पुतले के दहन के साथ किया जायेगा। वोट बचाने के लिए ईवीएम के प्रयोग को बन्द करना पड़ेगा। आरोप लगाया कि चाहे बंगाल का चुनाव हो या बिहार का सभी जगह चुनाव आयोग ने वोट चोरी करने का काम किया है। कहा कि समाजवादी पार्टी सदर विधानसभा, मझवां विधानसभा में बैठक कर चुकी है। 8 अक्टूबर का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। जनपद के कोने-कोने से कार्यकर्ता भाग लेगे। बताया कि 3 अक्टूबर को मड़िहान, 4 अक्टूबर को कोन तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सेक्टर व जोन के पदाधिकारी भी शामिल होगे। प्रेसवार्ता में मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, संतोष गोयल, रोहित शुक्ला, अभय यादव, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, राजेश भारती, डा. शक्ति श्रीवास्तव आदि मौजूद रहें। यह जानकारी जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी अशोक सिंह (मुन्ना) ने दी है।

# अहरौला कांड के आरोपी के परिवार की बेटियों की पढ़ाई का जिम्मा उठाएंगे डॉक्टर

- **डॉ. मनीष त्रिपाठी ने 12वीं तक शिक्षा-दीक्षा में सहयोग का लिया संकल्प**
- **अखिलेश मिश्रा व महेंद्र पाठक के परिवारों के बच्चों की मदद की भी जताई इच्छा**



**आजमगढ़, (ब्यूरो)।** अहरौला थाना क्षेत्र के शम्भुपुर में हुई घटना के बाद प्रभावित परिवारों के बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर मानवीय पहल सामने आई है। विजय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लच्छीरामपुर के चिकित्सक डॉ. मनीष त्रिपाठी ने आरोपी अरविंद कुमार सिंह के परिवार तथा उनकी दोनों बेटियों की शिक्षा-दीक्षा में सहयोग करने का निर्णय लिया है। डॉ. मनीष त्रिपाठी ने बताया कि वह अरविंद कुमार सिंह की दोनों पुत्रियों परी सिंह (लगभग 10 वर्ष) और शांभवी सिंह (लगभग 8 माह) के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनकी कक्षा 12वीं तक की शिक्षा-दीक्षा में स्वेच्छा से सहयोग करना चाहते हैं। उनका उद्देश्य बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने इसी क्रम में पंडित अखिलेश मिश्रा एवं पंडित महेंद्र पाठक के परिवारों के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में भी कक्षा 12वीं तक स्वैच्छिक सहयोग करने की इच्छा जताई। डॉ. त्रिपाठी ने आगे जरूरत पड़ने पर बच्चों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग करने की भी बात कही। डॉ. मनीष त्रिपाठी की इस पहल को बच्चों की शिक्षा और भविष्य को केंद्र में रखते हुए उठाया गया मानवीय कदम माना जा रहा है। उनका कहना है कि किसी भी परिस्थिति में बच्चों की पढ़ाई और भविष्य प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## डैफोडिल्स में गांधी शास्त्री जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# जय जवान, जय किसान से गूंजा परिसर






भास्कर ब्यूरो



**मीरजापुर।** डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका अपराजिता सिंह एवं प्रधानाचार्या द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने 'जय जवान, जय किसान' के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। शास्त्री जी के इस नारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को देश के जवानों और किसानों के योगदान के बारे में बताया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बच्चों ने 'एक कदम स्वच्छता की ओर' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। गांधी जी के तीन बंदरों के सिद्धांत 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो' पर आधारित एक सुंदर गतिविधि भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसे सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो' एवं 'रघुपति राघव राजा राम' पर भजन संध्या प्रस्तुत की। अंत में सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रतिभाशाली बच्चों की सफलता में गरीबी बाधा नहीं बनती : अनुपम कुमार

भास्कर ब्यूरो

**अयोध्या।** आनंद कबड्डी संगठन द्वारा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर एक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन दीदीज माल ढाबा सेमर, मसौधा बाईपास, अयोध्या में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपम कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक / माध्यमिक), अयोध्या विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी राम आशीष यादव रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों की सफलता में गरीबी कभी बाधा नहीं बनती, यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे हर ऊंचाई को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को गांधी जी के सत्य और शास्त्री जी की सादगी के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने परिसर में आम का पौधा रोपण किया परिसर की साफ सफाई की उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा सुविधाविहीन, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण, रहने एवं पढ़ने की व्यवस्था दी जाती है तथा समय-समय पर जागरूकता हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक लेफ्टिनेंट राकेश मौर्य ने बताया कि विगत 20 वर्षों से यह संगठन ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए कार्य कर रहा है, जिसमें संगठन के कई प्रतिभाशाली बच्चों ने नेशनल स्तर पर कबड्डी में प्रतिभाग किया है। संगठन का उद्देश्य है कि अभाव में छात्रों की प्रतिभा का ह्रास न हो और ऐसे बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए संगठन तत्पर है।

## दलबीर जिलाध्यक्ष, मोहित बने जिला मंत्री

**बाराबंकी।** अधीनस्थ कृषि सेवा संघ, बाराबंकी का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन रामसनेहीघाट में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र यादव, प्रदेश महामंत्री फईम अख्तर, जिला कृषि अधिकारी रजितराम व अपर जिला कृषि अधिकारी देशराज मौजूद रहे।

चुनाव में डॉ. दलबीर सिंह यादव जिलाध्यक्ष, प्रदीप कुमार वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहित कुमार जिला मंत्री, शिव कुमार वर्मा संगठन मंत्री और रामवीर कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रदेश महामंत्री फईम अख्तर ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई।

इस दौरान नव नियुक्त कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष का इस्तीफा

भास्कर ब्यूरो



• प्राइवेट प्रैक्टिस सहित कई शिकायतों की शासन में चल रही जांच

**अयोध्या।** प्राइवेट प्रेक्टिस सहित शासन में विचाराधीन विभिन्न जांचों के झंझावात में घिरे राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अरविंद कुमार ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

राजर्षी दशरथ मेडिकल कालेज अयोध्या के प्राचार्य डॉ डीएस मार्तोलिया को सौंपे गए अपने इस्तीफे में हालांकि डाक्टर अरविंद कुमार ने इस्तीफे का कारण व्यक्तिगत कारणों को दर्शाया है, लेकिन सूत्रों का मानना है कि डाक्टर अरविन्द कुमार के खिलाफ लगातार तीन बार प्राइवेट प्रैक्टिस करने के आरोप लग चुके हैं। जिसकी वीडीयो भी सोशल मीडिया में वायरल हुई। अभी एक अक्टूबर को भी डाक्टर अरविंद कुमार का निजी अस्पताल में प्राइवेट प्रैक्टिस करने का एक वीडियो वायरल हुआ। इसके अलावा पूर्व में भी उनके खिलाफ आरोप लगे हैं,जिनकी जांच शासन में विचाराधीन है।

दो बार प्राइवेट प्रैक्टिस की शिकायत एक अधिवक्ता की ओर से किए जाने के बाद शासन ने डीएम को जांच सौंपी थी। कई शिकायतों के संकट से घिरे डाक्टर अरविंद कुमार ने आखिरकार कार्रवाई होने के भय से इस्तीफा दे दिया। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर डी.एस. मार्तोलिया को संबोधित इस्तीफे में डॉ अरविंद कुमार ने अपना व्यक्तिगत कारण दर्शाया है।

### प्राचार्य ने कहा, हमें इस्तीफा मिला

इस संबंध में डॉक्टर मार्तोलिया का कहना है कि हमारे मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार का इस्तीफा हमें प्राप्त हुआ है, जिसे शासन को भेजा जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सारसुर्खियां

### छत के ऊपर से बिजली का तार खींचने को लेकर दो पक्षों में तनाव

**गोसाईंगंज, अयोध्या।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र गद्दोपुर अंतर्गत बड़ी चोरारी गांव में सुमन राव के मकान की छत के ऊपर से विद्युत लाइन का तार ले जाने को लेकर दो पक्षों में तनाव हो गया। आरोप है कि गांव की शोभावती द्वारा बिजली का तार छत के ऊपर से ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। सुमन राव ने इसका विरोध करते हुए कहा कि जेई को मौके पर बुलाकर एक खंभा लगवा दिया जाए, जिससे सुरक्षित तरीके से विद्युत लाइन ले जाई जा सके। सुमन राव का आरोप है कि विद्युत विभाग के मौके पर निजी व्यक्ति द्वारा जबरन तार खींचने का प्रयास किया गया। वहीं, छत के ऊपर से विद्युत तार गुजरने के कारण चिंगारी निकलने और हादसा होने की आशंका भी बनी हुई है। मामले में जेई विकास पटेल ने बताया कि उनके विभाग से कोई कर्मचारी मौके पर नहीं गया था। यदि कोई निजी व्यक्ति चोरी से विद्युत तार खींच रहा है तो उसका वीडियो बनाकर भेजें, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई थी।

### मोबाइल नेटवर्क ध्वस्त, उपभोक्ता बेहाल

**बीकापुर, अयोध्या।** बीकापुर कस्बा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से जियो का मोबाइल नेटवर्क बदहाल है। नेटवर्क कमजोर होने और इंटरनेट की धीमी रफ्तार से हजारों उपभोक्ताओं के साथ दुकानदार और व्यापारी परेशान हैं। ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई भुगतान, डिजिटल लेनदेन और छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि कस्बे में जियो का मुख्य मोबाइल टावर जिस भूमि पर लगा है, उसके भू-स्वामी के साथ कंपनी का एग्रीमेंट समाप्त हो गया है। एग्रीमेंट का नवीनीकरण नहीं होने से टावर के संचालन पर असर पड़ने की बात सामने आ रही है। नेटवर्क की समस्या के चलते दुकानों पर क्यूआर कोड से भुगतान तक नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं ने जियो के अधिकारियों से नेटवर्क समस्या का तत्काल समाधान कराने तथा जरूरत पड़ने पर नए स्थान पर टावर स्थापित कर सेवा बहाल कराने की मांग की है।

### मंदिर के रास्ते का विवाद सुलझा, जेसीबी से हटाया अतिक्रमण



**बीकापुर, अयोध्या।** मुकीमपुर उर्फ पहाड़पुर स्थित धर्मध्वजी माता मंदिर जाने वाले रास्ते को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को प्रशासन की पहल से सुलझा लिया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर तहसीलदार बीकापुर विजय कुमार शुक्ला, बीडीओ हैरिंग्टनगंज और थाना प्रभारी इनायतनगर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों की आपसी सहमति से जेसीबी के माध्यम से रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया। कार्रवाई के बाद मंदिर जाने का रास्ता सुचारु हो गया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अयोध्या आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियों का लिया जायजा

**अयोध्या।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित अयोध्या आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रानोपाली स्थित उदासीन आश्रम में पहुंचने और श्रीनारायण राम संस्कृत विद्यालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम में भाग लेंगे। तैयारियों को लेकर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार ने उदासीन आश्रम रानोपाली पहुंचकर महंत भरत दास से मुलाकात की और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अयोध्या आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। श्रीनारायण राम संस्कृत विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण अयोध्या के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस दौरान अधिकारियों ने आश्रम परिसर में कार्यक्रम स्थल, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात तथा सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। महंत भरत दास से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए। मौके पर पार्टी पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अयोध्या में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता का लिया संकल्प



भास्कर ब्यूरो

• मिल्कीपुर में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रमों की धूम

• सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में हुआ ध्वजारोहण

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों समेत सभी कार्यालयों पर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम पवन कुमार शर्मा और तहसीलदार राजीव वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए दोनों महापुरुषों के जीवन, विचारों और देश के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, सादगी और नैतिक मूल्यों के संदेश को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री के विचारों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन महापुरुषों के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर भी गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई। यहां भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके विचारों को याद किया।

### विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुप्तार घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने घाट परिसर में साफ-सफाई कर लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने सिविल लाइंस स्थित गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया।

## अयोध्या में मलिन बस्ती में लगाया झाड़ू

• कार्यालय में की गांधी दर्शन पर चर्चा

भास्कर ब्यूरो




**अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद आयोजित कार्यक्रम में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि पूरी दुनिया ने गांधी के सत्याग्रह की बदौलत अपने अधिकारों एवं स्वतंत्रता के लिए लड़ना और अड़ना सीखा। उन्होंने कहा कि गांधी लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षितिज हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने गांधी के मूल्य से प्रेरित होकर स्वच्छता के मिशन को अपने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम को पार्षद चंदन सिंह एवं ज्ञान केशरवानी, अपर आयुक्त डॉ.नागेंद्र नाथ ने संबोधित किया। इस मौके पर पार्षद जगत नारायण यादव, अनीता द्विवेदी, हरिश्चंद्र अग्रहरि, अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव समेत नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

इस मौके पर स्कूली बच्चों ने गांधी के भजनों की प्रस्तुति दी। महापौर ने उन्हें सम्मानित किया। मलिन बस्ती रेतिया में स्वच्छता का अभियान चला कर गांधी को नमन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर लोहिया भवन में आयोजित हुई विचार गोष्ठी

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया भवन, गुलाबबाड़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महानगर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी भी हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के माध्यम से देश को नई दिशा दी। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को सार्वजनिक जीवन का आधार बनाया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि गांधी का सत्य-अहिंसा का संदेश और शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सपा के निवर्तमान प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में बख्तियार खान, हामिद जाफर मीशम, हाजी फिरोज खान गब्बर, एजाज अहमद, आकिब खान, शावेज जाफरी, छोटेलाल यादव, राम अचल यादव, रामसागर वर्मा समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे।

# अतिक्रमण नहीं हटा तो देवा मेला में जाम बनेगा मुसीबत

भास्कर ब्यूरो

• दरगाह रोड से एकता गेट तक फिर सड़क पर कब्जा, तंदूर-भट्ठियों से भी बढ़ी परेशानी

• 27 अक्टूबर से शुरू होगा देवा मेला, श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित होने की आशंका

**देवा बाराबंकी।** आगामी 27 अक्टूबर 2026 से शुरू होने वाले देवा मेला को लेकर नगर की सड़कों पर दोबारा बढ़ रहे अतिक्रमण ने चिंता बढ़ा दी है। दरगाह रोड से कुर्सी चौराहा और एकता गेट तिराहा तक सड़क के किनारे दोबारा कब्जे होने से मेले के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

बताया गया कि पूर्व कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी के कार्यकाल में दरगाह रोड सहित प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटवाया गया था, लेकिन अब कई स्थानों पर दोबारा सड़क की जमीन पर कब्जा हो गया है। दरगाह के मुख्य द्वार से लेकर एकता गेट तक कई जगह दुकानदारों और अन्य लोगों ने सड़क किनारे जगह घेर रखी है। एकता गेट और दरगाह गेट के सामने सड़क पर भट्ठियां और तंदूर जलाए जाने से भी यातायात प्रभावित होने की बात सामने आई है। वहीं आदर्श नगर पंचायत की ओर से सड़क किनारे लगाए गए शरहद पाइपों को तोड़कर हटाए जाने की भी शिकायत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेला शुरू होने से पहले यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बड़ी संख्या में आने वाले जायरीनों और श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति भी बन सकती है।

# महात्मा गांधी-शास्त्री जी के दिखाए मार्गों पर चलने की ली शपथ

भास्कर ब्यूरो



• कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण, अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**बाराबंकी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुरुवार को जिलेभर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद लोक सभागार में गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी, त्याग, सेवा और राष्ट्रसमर्पण की प्रेरणा देता है। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, जबकि शास्त्री जी ने अपनी सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से सार्वजनिक जीवन में आदर्श स्थापित किए। 'जय जवान-जय किसान' का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। इसी क्रम में विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा ने ध्वजारोहण किया और गोष्ठी में गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। जिले के विभिन्न स्थानों पर भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जेब्रा पार्क में बच्चों की पांच किलोमीटर पैदल तेज चाल प्रतियोगिता हुई। गांधी उद्यान, रसूलपुर और गन्ना संस्थान में माल्यार्पण किया गया। गांधी भवन देवा रोड पर स्वच्छता कार्यक्रम, कुष्ठ रोगियों को फल एवं मिष्ठान वितरण तथा गांधी नगर मलिन बस्ती में कार्यक्रम आयोजित हुए। जनपद के सभी शासकीय भवनों में भी ध्वजारोहण कर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व निरंकार सिंह, एडीएम न्यायिक सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### गांधी-शास्त्री के आदर्शों से विद्यार्थियों को कराया रूबरू



**बाराबंकी (भास्कर ब्यूरो)।** महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद विद्यालय संस्थापक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय संस्थापक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दोनों महापुरुषों के अतुलनीय योगदान के कारण आज भारतीय स्वतंत्र देश के नागरिक के रूप में जीवन जी रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रेम कुमार यादव, हिमांशु चतुर्वेदी, बलराम सिंह, मनीष यादव, राहुल देव वर्मा, सुरेंद्र कुमार वर्मा, इमरान अंसारी, दीपाली सिंह, आराधना यादव, अंशु यादव, मानसी शर्मा, रोशनी सिंह, वंदना यादव, एकता राज सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# जानवर को बचाने में बेकाबू कार दो बाइकों से भिड़ी, चार घायल

भास्कर ब्यूरो



• दरियाबाद-सफदरगंज मार्ग पर नूरगंज के पास हादसा, कार गड्ढे में पलटी

**दरियाबाद (बाराबंकी)।** दरियाबाद-सफदरगंज मार्ग पर शुक्रवार दोपहर नूरगंज गांव के पास पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार कार और दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार समेत चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर अचानक आए जानवर को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई और इसके बाद दो बाइकों से भिड़ गई। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।

इसी दौरान वहां से गुजर रहे सीएचसी सिरौली गौसपुर के चिकित्सक डॉ. देव प्रताप सिंह ने घायलों की मदद की। उन्होंने सभी घायलों को अपने निजी वाहन से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया, जहां उपचार शुरू किया गया। घायलों में मुरादाबाद फैजाबाद निवासी शिव कुमार (45), अकबरपुर निवासी सैदु (50) और कमोली निवासी शिव प्रसाद (40) शामिल हैं। शिव कुमार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर किया गया। चौथे घायल की पहचान नहीं हो सकी। सूचना पर एसडीएम अनिल कुमार सरोज और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### अब्दुल्लापुर में 'रिफॉर्म उत्सव' को लेकर बैठक, ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

# ग्राम सभाओं से तय होगा विकसित गांवों का खाका : जयनाथ

• जनभागीदारी से स्थानीय जरूरतों की पहचान और विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने पर जोर

भास्कर ब्यूरो



**बाराबंकी।** विकासखंड हरख की ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर में शुक्रवार को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) और 'रिफॉर्म उत्सव' के संबंध में बैठक हुई। मुख्य अतिथि ग्राम्य विकास विभाग के विशेष सचिव जयनाथ यादव ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए विकसित ग्राम पंचायत की अवधारणा समझाई।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सुधारों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने तथा जनभागीदारी बढ़ाने के लिए 'रिफॉर्म उत्सव' को पीपुल्स प्लान कैंपेन 'सबकी योजना, सबका विकास' से जोड़ा गया है। दो अक्टूबर को ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर स्थानीय जरूरतों और प्राथमिकताओं की पहचान की जानी है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं में विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं और नागरिक सेवाओं की जानकारी सरल भाषा में देंगे। इसके लिए पोस्टर, फ्लिप चार्ट, फोटो, वीडियो और अन्य माध्यमों का इस्तेमाल किया जाएगा। ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों के आधार पर विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। बैठक में जल जीवन मिशन, पंचायतीराज, राजस्व, शिक्षा, एनआरएलएम और ग्राम्य विकास समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने की।

इस मौके पर अवर अभियंता जयकरण सिंह, पंचायत सचिव बीना सिंह, नवीन मित्तल, शैलजा तिवारी, एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अवधेश कुमार पांडे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शानू सिंह, राजेंद्र प्रसाद वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ऑल इण्डिया कोआपरेटिव बैंक इम्प्लाइज ऑर्गनाइजेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन आज

**अयोध्या।** भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक ईकाई ऑल इण्डिया कोआपरेटिव बैंक इम्प्लाइज ऑर्गनाइजेशन, जो देश के सभी सहकारी बैंक कर्मचारियों का श्रमिक संगठन है, का अखिल भारतीय अधिवेशन तीन अक्टूबर को अयोध्या उप्र में आयोजित किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से सहकारी बैंकों के कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी / प्रतिनिधि इसमें सहभागिता करेंगे। अधिवेशन का आयोजन कोआपरेटिव बैंक इम्प्लाइज यूनियन उ0प्र0 कर रहा है। कार्यक्रम एनएच 27 पर प्रिया बैटरी के निकट एक होटल के सभागार में आयोजित किया जाएगा। कोआपरेटिव बैंक इम्प्लाइज यूनियन उ0प्र0 के महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अधिवेशन में देशभर के सहकारी बैंक कर्मचारियों के बीच संगठनात्मक समन्वय एवं संगठन के विस्तार पर विचार विमर्श किया जायेगा।

# चरखे की घरघराहट में गूंजा, गांधी का आत्मनिर्भरता मंत्र





भास्कर ब्यूरो

• गांधी भवन में पूर्व आईपीएस राजेश पांडेय ने काता सूत, स्वदेशी को बताया आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक

**बाराबंकी।** गांधी जयंती पर शुक्रवार को गांधी भवन में चरखे की घरघराहट के बीच स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश गूंजा। पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने चरखा चलाकर सूत काता। उन्होंने कहा कि गांधी ने चरखे को केवल कपड़ा कातने का साधन न रखकर विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार और आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक बनाया। पिछले पांच वर्षों से वह गांधी जयंती पर गांधी भवन आकर चरखे से सूत कात रहे हैं। इसकी प्रेरणा उन्हें अपने पिता के मित्र रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुरेश राम भाई से मिली। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि गांधी को पढ़ना और समझना आसान नहीं है। उनके विचारों की कसौटी उनका कर्म था। इससे पहले उन्होंने ध्वजारोहण कर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और चरखा भी चलाया।

कार्यक्रम की शुरुआत रामधुन से हुई। महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के बच्चों ने गांधी भवन से पटेल तिराहा तक प्रभात फेरी निकाली। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक सरवर अली खान ने की। ट्रस्ट संस्थापक राजनाथ शर्मा ने गांधी के विचारों को समाजवादी दर्शन से जोड़ते हुए नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने पर जोर दिया। संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस दौरान उमर किदवई, अनवर महबूब सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अहंकार मनुष्य का बहुत बड़ा दुश्मन है। वह सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है। - महर्षि वाल्मीकि

# नाली के पानी का निकास बंद होने से परेशान ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार



भास्कर ब्यूरो

**पीलीभीत।** ग्राम पंचायत पकड़यि मंगलि के ग्रामीणों ने गांव में पानी निकास की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी निकास बंद होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीएम न्यायिक पवन कुमार को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल समेत समाधान दिवसों में कई बार शिकायत की गई। थाना समाधान दिवस 12 सितंबर, अधिशासी अभियंता समाधान दिवस 14 सितंबर तथा संपूर्ण समाधान दिवस 19 सितंबर को भी समस्या उठाई गई, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।

ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के समाधान की मांग को लेकर 1 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय पर शांतिपूर्ण धरने पर बैठने का निर्णय लिया गया है।

# विवाहिता से मारपीट का आरोप, पति समेत चार पर मुकदमा

**बिलसंडा, पीलीभीत ब्यूरो।** दहेज में कार की मांग को लेकर विवाहिता को कथित रूप से मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, फरजाना पुत्री तहसील खां की शादी करीब सात वर्ष पहले रामपुर जिले के थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम नटिया खेड़ा निवासी फरकान पुत्र मोहम्मद सईद के साथ हुई थी।आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति फरकान, ससुर मोहम्मद सईद और सास जरीना अतिरिक्त दहेज में कार की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। शिकायत में बताया गया है कि दंपती के दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर फरकान ने दूसरी शादी फरीन पुत्री नामालूम निवासी संभल से कर ली।

# स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर एएनएम का प्रदर्शन

भास्कर ब्यूरो

**पूरनपुर, पीलीभीत।** कई मांगों को लेकर एएनएम ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर के गेट पर धरना दिया। धरने के दौरान एएनएम ने समान वेतन और स्थायी नियुक्ति की मांग उठाई। चेतावनी दी गई कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शनिवार को बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

धरने में शामिल कई दर्जन एएनएम ने बताया कि वे गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सेवाएं देती हैं। लंबे समय से समान वेतन और स्थायी नियुक्ति पत्र देने की मांग की जा रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक मांगों को स्वीकार नहीं किया है। एएनएम का कहना है कि लगातार मांगों की अनदेखी से उनमें रोष है। यदि शनिवार तक समाधान नहीं हुआ तो बड़े धरना-प्रदर्शन में कई दर्जन एएनएम कार्यकर्ता शामिल होंगी। प्रदर्शन के दौरान पिंकी, सुमन, नीतू रानी सहित दर्जनों एएनएम मौजूद रहीं।

## नेता ने की सीएससी अधीक्षक को हटाने की मांग

सीएमओ के आदेश के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक का पदभार नहीं बदला गया। गन्ना समिति अध्यक्ष व भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है। आरोप है कि 8 सितंबर 2026 को सीएमओ ने डॉ. मनीष राज को प्रोन्नत कर सहायक सीएमओ बनाया था और डॉ. अजय कुमार गुप्ता को सीएचसी पूरनपुर अधीक्षक नियुक्त किया था। बावजूद इसके डॉ. मनीष राज ने नया पद नहीं संभाला और न ही डॉ. गुप्ता को चार्ज सौंपा। शिकायत में अस्पताल में अनियमितता और भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए गए हैं।



## सारसुर्खियां

### आत्महत्या को उकसाने का आरोप, चार पर मुकदमा

**बरखेड़ा, पीलीभीत ब्यूरो।** गांव डललिया में एक युवक को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी सुरेश कुमार की तहरीर के अनुसार 21 सितंबर को उसके भाई हरिश्चंद्र का गांव के ही छविनाथ, सौम्य, नरेश और हरपाल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान चारों ने हरिश्चंद्र के साथ मारपीट की और उसे धमकाया। इससे आहत होकर हरिश्चंद्र ने आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार 23 सितंबर को हरिश्चंद्र का शव घर में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ईको चालक ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**पूरनपुर, पीलीभीत ब्यूरो।** शुक्रवार को पिता पुत्र बाइक से दवाई लेने जा रहे थे जिनको रास्ते में ईको चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होने पर एक को जिला अस्पताल रेफर किया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव न्यूरिया निवासी सोनू अपने पिता पौथीराम के साथ बाइक से दबाई लेने पूरनपुर आ रहे थे। इसी बीच कलीनगर रोड निकट दूध फैक्ट्री के पास तेज गतिसे आ रही ईको गाड़ी संख्या up26AT2611 के चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्र काफी दूर जा गिरे। इसमें पौथीराम उम्र लगभग 48वर्ष उनका पुत्र सोनू उम्र 18 वर्ष काफी चोटें आई। सरकारी एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में भर्ती कराया। पौथीराम की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### संस्कृत ओलंपियाड में गौरव को स्वर्ण पदक

**पीलीभीत ब्यूरो।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित संस्कृत ओलंपियाड-2026 में जनपद के श्री दुग्धेश्वर संस्कृत महाविद्यालय के छात्र गौरव कुमार ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। शास्त्री प्रथम वर्ष के छात्र गौरव कुमार ने ओलंपियाड में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में



प्राचार्य डॉ. तोहत्तर पाल ने छात्र गौरव कुमार को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य ने बताया कि संस्कृत ओलंपियाड प्रतियोगिता पूरे देश में वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। इसमें सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होता है और परीक्षा भी ऑनलाइन ही संपन्न होती है। देशभर के संस्कृत विद्यार्थियों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जनपद के छात्र का प्रथम स्थान प्राप्त करना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। सम्मान समारोह में शिक्षकों ने गौरव की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में आत्मसात करें : जिलाधिकारी

- उच्च विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान

भास्कर ब्यूरो



**पीलीभीत।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती गुरुवार को जनपद में धूमधाम से मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण किया और महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि गांधी जी के आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। गांधी जी का मानना था कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है। स्वच्छता से नागरिक स्वस्थ रहेंगे और स्वस्थ नागरिक ही देश की सेवा सही ढंग से कर पाएंगे। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों से गांधी जी के उच्च विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चाहे डॉक्टर हो, इंजीनियर, व्यवसायी या सिविल सेवक, अपना काम ईमानदारी से करना ही सच्चा राष्ट्रप्रेम है। कार्यक्रम के दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा चरखे से सूत कातने का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने चरखा चलाकर स्वावलंबन का संदेश दिया। डीएम ने 15 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र वितरित किए, जबकि उद्योग विभाग की योजना के तहत पांच लाभार्थियों को सिलाई मशीन दी गई। इसके बाद गांधी सभागार में सामान्य ज्ञान, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। बांसुरी वादन और विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा। जिलाधिकारी ने सबसे स्वच्छ मोहल्लों के सफाई नायकों और सफाई कर्मियों को भी पुरस्कृत किया।

# पीडीए महापंचायत, एक मंच पर दिखे बरखेड़ा के सपा दावेदार

**गजरौला, पीलीभीत ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गुरुवार को माधोटांडा रोड स्थित देवीपुरा के प्रतिष्ठा मैरिज लॉन में पीडीए महापंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। भीड़ अधिक होने से कुर्सियां कम पड़ गईं और कई लोग जमीन पर बैठकर कार्यक्रम सुनते नजर आए। महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा रहे, जिनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने की, जबकि आयोजन एवं संचालन 128 विधानसभा बरखेड़ा के अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम के आयोजक बरखेड़ा के पूर्व प्रत्याशी रामनरेश वर्मा रहे। विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने, हर परिवार तक संपर्क पहुंचाने और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

# शिकायतों के निस्तारण में पीलीभीत पुलिस प्रदेश में पहले स्थान पर

- पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के नेतृत्व में जनपद के 17 थानों ने मारी बाजी

भास्कर ब्यूरो



**पीलीभीत।** जिले की पुलिस ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। शासन द्वारा जारी आईजीआरएस/जनसुनवाई पोर्टल की माह सितंबर की प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग में पीलीभीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि पाई है।

पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के नेतृत्व और अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव के पर्यवेक्षण में मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप यह सफलता मिली। जनशिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण शासन और पुलिस महानिदेशक की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में एसपी द्वारा जनपद स्तर पर नियमित और गहन समीक्षा की जा रही है। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि निस्तारण केवल समयबद्ध नहीं, बल्कि तथ्यपरक, गुणवत्तापूर्ण और विधिसम्मत हो। प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या का प्रभावी समाधान, भौतिक सत्यापन, आवेदकों से फीडबैक और प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा पर जोर दिया गया। मूल्यांकन के विभिन्न मानकों संदर्भों का समयबद्ध अग्रसारण, डिफाल्टर रोकथाम, संतुष्ट फीडबैक, सी-श्रेणी में कमी, मुख्यमंत्री कार्यालय के संदर्भों का निस्तारण और फील्ड विजिट रिपोर्ट सहित अन्य बिंदुओं पर पीलीभीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विशेष बात यह है कि थानों की पृथक रैंकिंग में जनपद के सभी 17 थानों ने भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# साइबर फ्रॉड के 27 खातों की खुली परतें

## नाइजीरियाई कनेक्शन की भी पड़ताल; दो जेल में



भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** साइबर क्राइम थाना पुलिस को बरामद हुई 27 पासबुक और चेकबुक ने ऑनलाइन ठगी के बड़े नेटवर्क की जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पुलिस अब इन बैंक खातों में हुए लेनदेन का ब्योरा खंगाल रही है। जांच का मुख्य बिंदु यह है कि खातों में अब तक कितनी रकम आई और साइबर फ्रॉड से जुड़ी कितनी धनराशि इनके जरिए दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई।

पुलिस को आशंका है कि इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन गेमिंग और इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी गई रकम को इधर-उधर करने में किया गया। अलग-अलग खातों में रकम भेजकर उसके ट्रेल को छिपाने का प्रयास हुआ या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।

जांच में एक नाइजीरियाई व्यक्ति की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस उसकी पहचान और नेटवर्क से जुड़े संपर्कों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपियों ने कितने अन्य लोगों के नाम पर बैंक खाते और सिम कार्ड लिए थे।

पुलिस के मुताबिक शोएब और अमल सैनी दूसरे मामलों में पहले से जेल में हैं, जबकि फुजैर की तलाश जारी है। शोएब को कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी है। पूछताछ में विशाल के नाम से यूको बैंक में खुले खाते की पासबुक, चेकबुक, एटीएम और सिम समेत अन्य सामान बरामद होने की उम्मीद है।

विशाल और सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है। दोनों के मोबाइल डेटा और व्हाट्सएप चौट भी खंगाले जा रहे हैं। विशाल दिल्ली में रैपिडो चलाता है, जबकि सचिन स्विगी में काम करता है। दोनों करीब 20 साल के हैं और स्कूल समय से दोस्त बताए गए हैं।

# यूपीआई पर एमडीआर के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी



भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू किए जाने के विरोध में गांधी जयंती पर शुक्रवार को व्यापारी सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर शाहदाना चौराहे से श्यामगंज मार्केट तक जन आक्रोश शांति मार्च निकाला गया। हाथों में तख्तियां लेकर व्यापारियों ने व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क पर बारकोड और यूपीआई क्यूआर कोड की प्रतीकात्मक होली जलाकर विरोध जताया।

व्यापारियों ने दो अक्टूबर को सांकेतिक रूप से 'नो यूपीआई डे' मनाया। दुकानदारों और ग्राहकों से इस दिन नकद भुगतान करने की अपील की गई। व्यापारियों का कहना है कि सितंबर 2026 में लागू नए न्व्य फ्रेमवर्क के तहत 2,000 रुपये से अधिक के व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर 0.4 फीसदी एमडीआर का प्रावधान छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए अतिरिक्त आर्थिक दबाव पैदा कर सकता है। हालांकि, 2,000 रुपये तक के भुगतान और निर्धारित शर्तों के तहत छोटे व्यापारियों के लेनदेन पर यह शुल्क लागू नहीं है। सरकार के अनुसार एमडीआर ग्राहक से वसूला जाने वाला शुल्क नहीं है। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि व्यापारी पहले से 18 फीसदी जीएसटी सहित कई तरह के खर्च वहन कर रहे हैं।

# गांधी उद्यान में रिटायर्ड पीडब्लूडी कर्मचारी का शव मिला

**बरेली ब्यूरो।** सिविल लाइंस स्थित गांधी उद्यान में गुरुवार रात रिटायर्ड पीडब्ल्यूडी कर्मचारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पार्क में योग करने वाली जगह के पास उनका शव पड़ा मिला। रात करीब 10 बजे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में जहर खाने से मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। जानकारी के अनुसार, थाना बारादरी क्षेत्र के शाहदाना स्थित मोर कोठी निवासी राम मोहन सिंह (सेवानिवृत्त) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, चौकी चौराहा चौकी प्रभारी विजय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर उनकी पहचान की गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

# ओसवाल चीनी मिल पर प्रशासन का शिकंजा

## किसानों के 74 करोड़ बकाया पर ओसवाल चीनी मिल में तालाबंदी

भास्कर ब्यूरो



**नवाबगंज।** किसानों के करीब 74 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान अटकाने वाली औरंगाबाद स्थित ओसवाल चीनी मिल पर प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम ने मिल परिसर खाली कराया और मुख्य गेट पर ताला लगवा दिया। बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया। प्रशासन ने मिल की नीलामी की झंडी लगा दी है। 22 अक्टूबर को नीलामी प्रस्तावित है। मिल की संपत्तियों का मूल्यांकन करीब 180 करोड़ रुपये किया गया है।

एसडीएम नवाबगंज सचिन यादव, जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सिंह, तहसीलदार सतेंद्र कटियार और नायब तहसीलदार शुभम पांडेय पुलिस व अन्य अधिकारियों के साथ मिल पहुंचे। टीम ने कर्मचारियों और मजदूरों को परिसर से बाहर कराया। मिल के आवासों में रह रहे परिवारों को तीन घंटे में मकान खाली करने के निर्देश दिए गए। मिल मालिक के आवास पर भी ताला लगा दिया गया। विद्युत निगम के जेई को मौके पर बुलाकर बिजली आपूर्ति बंद करा दी गई। वर्ष 2023-24 में मिल पर किसानों का 107.12 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया था। इसमें से 91.64 करोड़ रुपये का भुगतान कराया गया। इसके बाद वर्ष 2024-25 में मिल ने 39.45 करोड़ रुपये का गन्ना खरीदा, लेकिन किसानों को भुगतान नहीं किया। पुराने बकाये, नए भुगतान और ब्याज को मिलाकर किसानों की करीब 74 करोड़ रुपये की रकम अब भी फंसी है।

प्रशासन करीब दो सप्ताह पहले पुणे से आई तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम से मिल की संपत्तियों का मूल्यांकन करा चुकाa है। टीम ने मिल की कीमत करीब 180 करोड़ रुपये आंकी है। अब नीलामी के जरिए किसानों का बकाया चुकाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

मिल परिसर के गुरुद्वारे के जत्थेदार और मंदिर के पुजारियों को आने-जाने की अनुमति रहेगी। अन्य कर्मचारियों के प्रवेश पर प्रशासन की अनुमति जरूरी होगी।

## कमिश्नरी से कलेक्ट्रेट और नगर निगम तक हुए कार्यक्रम

# गांधी-शास्त्री जयंती पर बरेली में गूंजा स्वच्छता और राष्ट्रसेवा का संदेश

भास्कर ब्यूरो



**बरेली।** गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को बरेली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। कमिश्नरी में मंडलायुक्त शंभू कुमार ने ध्वजारोहण के बाद शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर भी पुष्प अर्पित किए।

मंडलायुक्त ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय, शांति और मानवता के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती को केवल पर्व के रूप में नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने के संकल्प दिवस के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री की ईमानदारी और सादगी से प्रेरणा लेने की अपील की। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की संस्कृति और एकता को मजबूत करने में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नगर निगम ने 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का समापन जनभागीदारी के संदेश के साथ किया। महापौर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कार्यक्रम की शुरुआत की। 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चले अभियान में 1000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। वार्ड-17 हरुनगला और सिलेक्शन चौराहा पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को घर से ही कचरा अलग-अलग रखने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में बेहतर योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया गया। नगर निगम ने डेयरी और ग्रीन वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए प्रस्तावित सीबीजी प्लांट की पहल की जानकारी देते हुए नागरिकों से स्वच्छता में नियमित भागीदारी की अपील की।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संकल्प

भास्कर ब्यूरो

**बहेड़ी।** सिंधौरा रिछा स्थित मिशन ग्लोबल एकेडमी में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यालय परिवार ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना और प्रबंधक जितिन सक्सेना ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर संरक्षक आरके सक्सेना ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपनाकर जीवन की कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचार और जीवन संघर्ष आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर निदेशक अमित देओल, प्रधानाचार्य बीके कश्यप, उप प्रधानाचार्य मोबिन मलिक सहित नौबत राम मौर्य, सत्यपाल, शाजिया, निशा, हरीश कुमार, मोहम्मद असलम, पवन कुमार, संजय सक्सेना, रामेंद्र पाठक, आदि मौजूद रहे।

# वन्यजीव बचेंगे तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा

- झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश व वन्यजीव संरक्षण पर जोर

भास्कर ब्यूरो



**बरेली।** गांधी जयंती पर शुक्रवार को बरेली में वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश सड़कों से लेकर स्पोर्ट्स स्टेडियम तक गूंजा। वन्य प्राणी सप्ताह-2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, आईटीबीपी जवानों, एनसीसी कैडेट्स और स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों ने जागरूकता वॉकाथन निकाली। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने डीडीपुरम स्थित शहीद चौक से वॉकाथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुब्बारे उड़ाकर वन्य प्राणी सप्ताह का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद मंत्री समेत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शहीद चौक के आसपास झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वॉकाथन में आठ से दस विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ आईटीबीपी बुखारा कैंप के जवान, एनसीसी कैडेट्स, गंगा समग्र, ईको क्लब और नेचर क्लब के सदस्य शामिल हुए। रैली शहीद चौक से स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची।

स्टेडियम में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी और मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने पौधरोपण किया। पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ शरीर का संदेश देने के लिए 800 मीटर दौड़ भी कराई गई, जिसमें मोहम्मद आदिल प्रथम रहे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी ने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है। वन मंत्री ने कहा कि वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे तो पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल पर जोर दिया।

वन्य प्राणी सप्ताह आठ अक्टूबर तक प्रदेशभर में मनाया जाएगा। अंत में चित्रकला प्रतियोगिता और दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए गए।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर राष्ट्रभक्ति का संदेश, बिधूना में निकली तिरंगा यात्रा

भास्कर ब्यूरो

**बिधूना, औरैया।** शुक्रवार को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर नगर व क्षेत्र में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी कार्यालयों, न्यायालय परिसर और शिक्षण संस्थानों में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। नगर में प्रभात फेरी भी निकाली गई। न्यायालय परिसर से भगत सिंह चौराहा तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर न्यायालय कर्मचारी व अधिवक्ता भारत माता की जय और महात्मा गांधी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा का उद्देश्य गांधी के सत्य, अहिंसा और राष्ट्रभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। नेतृत्व दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ जनपद औरैया के अध्यक्ष अतीक वारसी ने किया। तहसील सभागार में एसडीएम कमल कुमार सिंह ने तहसीलदार महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार राकेश कुमार, हरि किशोर सहित कर्मचारियों की मौजूदगी में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ और सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। तहसील बार एसोसिएशन के बार हाल में अध्यक्ष नवीन तिवारी व महामंत्री अतुल तिवारी समेत अधिवक्ताओं ने गांधी-शास्त्री जयंती मनाई और वादकारियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# खेत में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़



- एक आरोपी गिरफ्तार, 12 अधबने तमंचे और कारतूस समेत हथियार बनाने का सामान मिला

## 19 तमंचे और 12 अधबने हथियार बरामद

पुलिस के मुताबिक, बरामद 19 तमंचों में 14 तमंचे .315 बोर, दो .12 बोर, दो अधिया .315 बोर और एक अधिया .12 बोर शामिल हैं। इसके अलावा 12 अधबने तमंचे, .315 बोर के 16 जिंदा व 16 खोखा कारतूस तथा .12 बोर के चार जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद हुए। मौके से हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली 12 लोहे की नाल, ग्राइंडर मशीन, ड्रिल मशीन, 30 स्प्रिंग, छह ट्रिगर, ग्राइंडर के 19 पत्ते, आरी व उसकी तीन पत्तियां, तिकोना रेती, रेगमाल, पांच किलो का बाट, वेल्डिंग मशीन, डाई, हथौड़ा और लकड़ी का गुटका समेत अन्य उपकरण भी मिले।

भास्कर ब्यूरो

**दिबियापुर, औरैया।** थाना दिबियापुर पुलिस ने एसओजी/सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मलकपुर के खेतों में संचालित कथित अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर 19 तमंचे, 12 अधबने तमंचे, 22 कारतूस और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। एसपी अभिषेक भारती ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि मलकपुर के खेतों में ट्यूबवेल के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शस्त्र बना रहा है। सूचना पर दिबियापुर थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार, ट्यूबवेल के पास विद्युत ट्रांसफार्मर से केबल जोड़कर वेल्डिंग मशीन और ग्राइंडर की मदद से तमंचे तैयार किए जा रहे थे। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे मौके पर ही शाम करीब 5:35 बजे पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान विनोद कुमार राजपूत (51) पुत्र सालिगराम, निवासी नंदपुर, थाना दिबियापुर के रूप में हुई।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पैसों के लालच में हथियार बनाने का काम करने लगा था। पुलिस के अनुसार, वह वेल्डिंग का काम करने की आड़ में तमंचे तैयार कर दूरदराज के क्षेत्रों में महंगे दामों पर बेचता था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सारसुर्खियां

### डीएम ने 251 दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

**बलिया।** विकास खंड हनुमानगंज में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने अपने हाथों से दिव्यांगजनों को 84 ट्राइसाइकिल, 20 कान की मशीन, 15 स्मार्ट केन, 120 बैसाखी एवं 12 व्हीलचेयर वितरित किए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों के लिए भी विशेष रोजगार मेले का आयोजन कराया जाए, जिससे उन्हें उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप रोजगार मिल सके। अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र दिव्यांगजनों को पेंशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### जीवित पुत्रिका व्रत जिउतिया की पूर्व संध्या पर उमड़ी भीड़

**सिकन्दरपुर बलिया।** जीवित पुत्रिका व्रत जिसे जिउतिया व्रत भी कहा जाता है, उसकी पूर्व संध्या पर बाजारों चट्टी बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिली। बच्चों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखने वाली महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। बाजार में पूजन सामग्री, फल-फूल, श्रृंगार का सामान और नई साड़ियों की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं बाजार पहुंची थीं। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से संतान की आयु लंबी होती है और परिवार में खुशहाली आती है। महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पुत्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हैं।भीड़ को देखते हुए बाजार में सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए थे। महिलाएं जूउतियां सिंदूर सहित अन्य सामग्री दुकान से ली जाती हैं और 24 घंटे के लिए निर्जला व्रत रखती हैं ।

### पदचाल प्रतियोगिता में पवन और महिमा ने मारी बाजी

**बलिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पदचाल (वॉक रेस) प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पवन राजभर प्रथम, अंकित यादव द्वितीय, रोशन साहनी तृतीय, विश्वकर्मा चतुर्थ, अमन राय पंचम एवं आर्यन गुप्ता छठें स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में महिमा प्रथम, प्रियंका राजभर द्वितीय, प्रीति गुप्ता तृतीय, प्रतिभा यादव चतुर्थ, काजल चौरसिया पंचम एवं शुभा श्री छठे स्थान पर रहीं। शुक्रवार को सुबह 8 बजे वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम के एथलेटिक्स ट्रैक पर बालक वर्ग की पांच किलोमीटर एवं बालिका वर्ग की तीन किलोमीटर की पद चाल प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

### रामगोविंद चौधरी की सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा

**बैरिया (बलिया)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व नेताप्रतिपक्ष स्वर्गीय रामगोविंद चौधरी को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को बैरिया स्थित संत सूरजन बाबा के पोखरा परिसर में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रामगोविंद चौधरी ने राजनीति में सिद्धांतों और मूल्यों को हमेशा प्राथमिकता दी। राजनीतिक जीवन के संक्रमणकाल में उन्होंने मूल्य आधारित राजनीति का मानक स्थापित किया। सभा में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री तारकेश्वर मिश्र, विधायक जयप्रकाश अंचल, जिला महासचिव बीरबल राम, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहु, डॉ. विपुलेंद्र प्रताप सिंह, ई0दिनेश सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, विजय बहादुर सिंह, रमेश पाण्डेय, कांग्रेस से खजांची राय, विनय शंकर तिवारी, नितेश सिंह, विजय चौबे, बहुजन समाज पार्टी से रामनारायण पासवान, देवनारायण, गुलाब वर्मा, समाजवादी पार्टी से संजय मिश्र, मुन्ना गोड़, अंगद मिश्र फौजी, विनायक मौर्य, जयप्रकाश यादव मुन्ना, लालू यादव, नरेंद्र सिंह, भगवती सिंह, शामू ठाकुर,रमेश सिंह, अशोक वर्मा, बीरेंद्र यादव तथा अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**सहार, औरैया।** महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मा. शारदा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अखिलेश पाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चित्रकला, पोस्टर, गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रबंधक शिव प्रसाद पाल ने गांधी जी के सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों और तीन बंदरों के संदेश से विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार अपनाने की सीख दी। प्रधानाचार्य ने शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### राष्ट्रपिता को नमन कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**औरैया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एनटीपीसी औरैया परियोजना में शुक्रवार को श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। टाउनशिप स्थित अतिथिगृह परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे अपर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मनोज आनंद ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में दोनों महापुरुषों के योगदान को याद किया। इस दौरान सत्य, अहिंसा, सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों का स्मरण किया गया। इसके बाद स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत अतिथिगृह के समीप वृक्षारोपण किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिवेश के संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण का संकल्प लिया। अपर महाप्रबंधक मनोज आनंद ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# सिलेंडर विस्फोट में दो बालकों की मौत दुकान मालिक समेत तीन पर मुकदमा





- घरेलू सिलेंडर से कॉमर्शियल सिलेंडर में गैस रिफलिंग कराने का आरोप, हादसे में चार कर्मचारी हुए थे घायल

भास्कर ब्यूरो

**अजीतमल, औरैया।** मुरादगंज स्थित शिव शंभू स्वीट हाउस के बेसमेंट में 13 सितंबर को हुए सिलेंडर विस्फोट के मामले में पुलिस ने दुकान मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे दो कर्मचारियों शिवम (18) और बिपिन (16) की उपचार के दौरान मौत हो चुकी है। जगतपुर निवासी मृतक शिवम के पिता सज्जनलाल और बिपिन के पिता किशनलाल ने कोतवाली में अलग-अलग तहरीर दी। तहरीर के अनुसार शिवम, बिपिन, बिपिन का 13 वर्षीय छोटा भाई नितिन, गौरव पुत्र दीपचंद निवासी जगतपुर और धर्मेंद्र निवासी कोठी कस्बा पिछले कई वर्षों से स्वीट हाउस में काम करते थे। आरोप है कि दुकान मालिक मनोज कुमार उर्फ छुन्ना, उसके भाई आशुतोष कुमार और पिता रमेश चंद्र पोरवाल उनसे मिठाई-नमकीन बनाने के साथ गैस सिलेंडर व भट्ठी पर भी काम कराते थे। आरोप है कि 13 सितंबर को दोपहर करीब 12:45 बजे घरेलू सिलेंडरों से कॉमर्शियल सिलेंडरों में गैस रिफलिंग करने से कर्मचारियों ने मना किया। इसके बावजूद नौकरी से निकालने की धमकी देकर उन पर दबाव बनाया गया। इसी दौरान बेसमेंट में गैस रिफलिंग करते समय सिलेंडर फट गया और आग लग गई। हादसे में शिवम, बिपिन, गौरव और धर्मेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन घायलों को चिचौली औरैया से कानपुर और फिर अन्य अस्पतालों में ले गए। तहरीर में इलाज के दौरान अस्पताल बदलने और उपचार में आई परेशानियों का भी उल्लेख किया गया है। बाद में शिवम को दिल्ली ले जाया गया, जहां 30 सितंबर की शाम करीब छह बजे उसकी मौत हो गई। इसके बाद बिपिन ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राजपूत ने बताया कि मृतकों के पिता की अलग-अलग तहरीरों के आधार पर दुकान मालिक मनोज कुमार उर्फ छुन्ना, उसके भाई आशुतोष कुमार और पिता रमेश चंद्र पोरवाल, सभी निवासी मुरादगंज, के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दूषित मडुआ की रोटी खाने से 50 से अधिक महिलाएं-बच्चे बीमार



- जिला अस्पताल में भर्ती
- डीएम-एसपी ने लिया जायजा, बीमारी के कारणों की जांच जारी

भास्कर ब्यूरो

**बलिया।** बांसडीह तहसील क्षेत्र के चौकन और आसचौरा गांवों में होने वाले जिउतिया (जीउतिया) व्रत की नहाय-खाय की रस्म के दौरान मडुआ (रागी) के आटे की रोटी खाने के बाद 50 से अधिक महिलाओं और बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद दोनों गांवों में खलबली मच गई। अधिकांश बीमार लोगों को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कुछ मरीजों को परिजनों ने निजी अस्पतालों में भी भर्ती कराया है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से घटना की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से मरीजों की स्थिति और उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बाद में चौकन और आसचौरा गांवों का भी दौरा किया और मौके पर स्थिति का जायजा लिया। प्रथम दृष्टया मडुआ के आटे की रोटी खाने के बाद तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई है। हालांकि, बीमारी के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

# 150 वर्ष की गौरवशाली विरासत को याद कर भावुक हुए पुरातन विद्यार्थी

- संस्मरण, सम्मान व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह संपन्न

भास्कर ब्यूरो



**चन्दौली।** पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज के 150वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित पुरातन विद्यार्थियों का दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और भावुकता के बीच संपन्न हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाले पुरातन विद्यार्थी एकत्र हुए और विद्यालय से जुड़ी पुरानी यादों एवं अनुभवों को साझा किया। पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना से हुई। इसके बाद मां सरस्वती एवं भगवान गणेश के तैलीय चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी, विशिष्ट अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, पूर्व एयर मार्शल कीर्ति शेखर चतुर्वेदी, गुरनाम सिंह, मानस पोद्दार एवं प्रशांत ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अतिथियों और पुरातन विद्यार्थियों का स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने विद्यालय के विकास से जुड़ी आगामी परियोजनाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। समारोह का प्रमुख आकर्षण पुरातन विद्यार्थियों के संस्मरणों और संदेशों से सुसज्जित स्मारिका का विमोचन रहा। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अमरेंद्र सिंह एवं पुरातन विद्यार्थियों के सहयोग से तैयार स्मारिका का विमोचन किया गया। स्मारिका के संपादक ब्रजेश कुमार ने इसके प्रकाशन की यात्रा और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्यालय की 150 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, यहां से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की स्मृतियों को संजोने का प्रयास है। सम्मान समारोह के दौरान पुरातन विद्यार्थियों ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा कीं। 'यादों की बारात' के तहत प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को भावनात्मक और जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का संचालन अमित छाबड़ा ने किया। समारोह के दूसरे दिन की शुरुआत देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुरातन विद्यार्थियों द्वारा माल्यार्पण से हुई। इसके बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में पुरातन विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियों और जीवन के अनुभवों को साझा किया। एयर मार्शल रहे कीर्तिशेखर चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को कर्म के प्रति समर्पित रहने की सीख देते हुए भगवद्गीता के संदेश का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने जीवन में कर्म को प्राथमिकता दी और परिणाम की चिंता किए बिना अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सपा ने लोकतंत्र और वोट बचाने का लिया संकल्प

- बिधूना में 'देश बचाओ, वोट बचाओ' अभियान के तहत जुटेंगे सपाई

भास्कर ब्यूरो



**औरैया।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय ककोर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने देश के संचालन और राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया। दोनों महापुरुषों के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायी हैं। इसके बाद पार्टी की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में दिल्ली में 30 सितंबर को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक तथा निर्वाचन आयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर पार्टी की ओर से लगातार आवाज उठाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि SIR के माध्यम से फर्जी वोट बनाए जाने और सही मतदाताओं के नाम काटे जाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की है। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग तथा चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों के विरोध में आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। विपक्षी दलों की 30 सितंबर की दिल्ली बैठक में भी निर्वाचन आयोग, SIR और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े मुद्दों पर रणनीति पर चर्चा हुई थी। सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश ने बताया कि लोकतंत्र बचाने के लिए 'देश बचाओ, वोट बचाओ' अभियान के तहत दो से आठ अक्टूबर तक सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत आठ अक्टूबर को सुबह 10 बजे बिधूना में सभी नेता, विधायक, सांसद और कार्यकर्ता भगत सिंह चौराहे पर एकत्र होंगे। यहां से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष अभियान की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ किया जाएगा और प्रत्येक व्यक्ति को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का वोट महत्वपूर्ण है और उसके अधिकारों की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है।

# पूंजी से आगे की सोचः व्यवसायों को वित्तपोषण ही नहीं, वित्तीय रणनीतिकार भी चाहिए



पूंजी अब उतनी दुर्लभ नहीं रही, लेकिन इसके बजाय उचित परामर्श, सटीक निर्णय और प्रभावी वित्तीय रणनीति की ज़रूरत बढ़ गई है। पिछले कई दशक से बैंकिंग संबंध को आम तौर पर वित्तपोषण से जोड़ कर देखा जाता रहा है। कार्य पूंजी, व्यापार के लिए वित्तपोषण, विदेशी मुद्रा या परियोजना के लिए ऋण तक पहुंच ही अक्सर संबंधों को तय करती थी। आज, वह समीकरण पूरी तरह बदल गया है। कंपनियां अलग-अलग बाज़ार में परिचालन करती हैं, आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव को समझती हैं, नियामकीय जटिलताओं से निपटती हैं और अनिश्चितता के बीच दीर्घकालिक दृष्टिकोण से फैसले लेती हैं। अब चुनौती पूंजी हासिल करना नहीं बल्कि भरोसे के साथ पूंजी का इस्तेमाल करना है। संजीव भाटिया, ग्रुप हेड - रणनीतिक क्लाइंट, न्यू इकोनॉमी, फाइनेंशियल स्पॉन्सर, कैपिटल मार्केट एवं कस्टडी, एक्सिस बैंक, यह बदलाव कॉर्पोरेट बैंकिंग की भूमिका को नया स्वरूप प्रदान कर रहा है। बैंक जिस मूल्य का निर्माण करता है, वह सिर्फ वृद्धि के वित्तपोषण से नहीं, बल्कि वृद्धि को संभव बनाने से जुड़ा है। कॉर्पोरेट बैंकिंग उत्पाद पूर्ति (फुलफिलमेंट) से अब वित्तीय रणनीति (फाइनेंशियल आर्किटेक्चर) की ओर बढ़ रही है। ऐसे दौर में जहां पूंजी तेज़ी से और आसानी से मिल रही है, अब फर्क सिर्फ वित्तपोषण की क्षमता से नहीं, बल्कि व्यवसायों को उन्हें असरदार तरीके से इस्तेमाल करने में मदद करने की क्षमता से आता है। कंपनियों के विकास के साथ-साथ उनकी वित्तीय प्राथमिकताएं आपस में और अधिक जुड़ती जाती हैं। बात वित्तपोषण की ज़रूरत से शुरू होती है और वह अक्सर तरलता के प्रबंधन, जोखिम कम करने, कोष प्रबंधन के अनुकूलन (ट्रेज़री ऑप्टिमाइज़ेशन) और पूंजी नियोजन जैसी बड़ी ज़रूरतों में बदल जाती है। अंतरराष्ट्रीय विस्तार से विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र, सीमा-पार नियमन (क्रॉस-बॉर्डर रेगुलेशन) और व्यापार वित्तपोषण (ट्रेड फाइनेंस) की ज़रूरत पड़ती है, जबकि अधिग्रहण और पूंजी बाज़ार में प्रवेश के लिए बेहतर वित्तीय समाधान की ज़रूरत होती ह फलस्वरूप, व्यवसाय बिखरे हुए बैंकिंग संबंधों से दूर जा रहे हैं और ऐसी एकीकृत भागीदारी की ओर बढ़ रहे हैं जो ऋण वितरण, ट्रांज़ैक्शन बैंकिंग, ट्रेज़री, विदेशी मुद्रा, ट्रेड फाइनेंस और पूंजी बाज़ार को एक ही रणनीतिक ढांचे में साथ ला सके।ट्रेज़री शायद इस बड़े बदलाव का सबसे उपयुक्त उदाहरण है। कभी परिचालन से जोड़ कर देखी जाने वाली ट्रेज़री अब रणनीतिक फैसले के केंद्र में निहित है। वैश्विक स्तर पर एकीकृत व्यवसायों के लिए, यह नकदी, जोखिम और वृद्धि के लिए नियंत्रक का काम करती है। मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से यह उम्मीद की जा रही है कि वे अस्थिर ब्याज दरों, मुद्रा के उतार-चढ़ाव और भू-राजनैतिक अनिश्चितता के बीच पूंजी आवंटन को अनुकूलित करें, नकदी का प्रबंधन करें और लचीलापन लाएं। कई संगठनों में, ट्रेज़री अब सिर्फ नियंत्रण से जुड़ी नहीं बल्कि यह वृद्धि से जुड़ती जा रही है।

# गांधी के विचारों को अपनाकर गांवों को बनाएं मजबूत : डीएम

भास्कर ब्यूरो



**बलिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। आपदा विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। इस दौरान 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन हुआ, जिसमें जिलाधिकारी समेत मौजूद अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती हमारे लिए केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने ग्राम स्वराज और गांवों के विकास पर विशेष जोर दिया था। आज जरूरत है कि उनके विचारों को आत्मसात करते हुए गांवों को मजबूत और विकसित बनाया जाए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 सफाई कर्मियों और पांच सफाई नायकों को मिठाई, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सफाई कर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए स्वच्छ शहर के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इसके बाद शहीद पार्क चौक पहुंचकर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं भृगु आश्रम पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, सीआरओ गुलशन जी एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## दो हजार पौधों से सजा माल्देपुर-चित्तू पाण्डेय चौराहा मार्ग

**बलिया।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माल्देपुर से चित्तू पाण्डेय चौराहा मार्ग तक आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत मार्ग पर करीब दो हजार पौधे लगाए गए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अपने नाम के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने सड़क के डिवाइडर पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने नाम से पौधे लगाने तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ- सफाई बनाए रखने की अपील की।

# कांग्रेस ने 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को लेकर बनाई रणनीति



**सिद्धार्थनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' एवं 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष क़ाज़ी सुहेल अहमद ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। क़ाज़ी सुहेल अहमद ने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 4 अक्टूबर को जिले के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की ओर से तैयारी बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च निकाला जाएगा। इसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाताओं के वोट के अधिकार, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनजागरण करना है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों से अधिक से अधिक संख्या में मार्च में शामिल होने की अपील की।

दैनिक भास्कर
14 शनिवार, 03 अक्टूबर 2026 लखनऊ

सपनों को सच करने से पहले सपनों को ध्यान से देखना होता है।
– अब्दुल कलाम



# चित्रकला में पंखुड़ी को पहला स्थान

**• पांच छात्र करेंगे प्रदेश स्तर पर जनपद का प्रतिनिधित्व**

भास्कर ब्यूरो



**अंबेडकरनगर।** कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर में स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हाल में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता का जनपद स्तरीय आयोजन किया गया। इसमें प्रत्येक विकासखंड में पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं में, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों, इस प्रकार कुल 30 छात्रों/प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. पूनम मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंखुड़ी मौर्य कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय समिति जहांगीरगंज, द्वितीय स्थान हर्ष कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलऊपुर जहांगीरगंज, तृतीय स्थान इशिका कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नगपुर जलालपुर, चतुर्थ स्थान शिवम कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय किछौछा बसखारी, पंचम स्थान सतीश उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाखा भियांव द्वारा प्राप्त किया गया। उत्कृष्ट स्थान पाने वाले उक्त छात्रों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त पांच छात्रों द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व किया जाएगा।

# पयागपुर में रामलीला महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

भास्कर ब्यूरो



**बहराइच (पयागपुर)।** भूपगंज बाजार स्थित रामलीला ग्राउंड में 10 अक्टूबर से शुरू होने वाले श्री नवयुवक रामलीला महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। रामलीला के विभिन्न प्रसंगों के मंचन में हिस्सा लेने वाले कलाकार इन दिनों लगातार रिहर्सल कर रहे हैं। संवाद, अभिनय और मंचन की बारीकियों को लेकर कलाकारों द्वारा अभ्यास किया जा रहा है। वहीं आयोजन को व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए रामलीला महोत्सव समिति भी तैयारियों में जुटी है। इसी क्रम में पंचायती मंदिर प्रांगण में रामलीला महोत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई।

इसमें समिति के पदाधिकारियों ने अब तक की तैयारियों की समीक्षा की और मंचन से लेकर साज-सज्जा, दर्शकों के बैठने, प्रकाश व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी जिम्मेदारियों का निर्धारण कर दिया गया है। समिति के अनुसार 10 अक्टूबर को रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। 20 अक्टूबर को दशहरा तथा 21 अक्टूबर को भरतमिलाप एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। समिति की ओर से रामलीला के सभी प्रमुख प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। बैठक में मुख्य सलाहकार आनंद बिहारी शुक्ला, संरक्षक श्याम जी मिश्रा व ओमप्रकाश मिश्रा, अध्यक्ष रोहित शुक्ला, महामंत्री विनय मिश्रा, कोषाध्यक्ष दानेंद्र शर्मा, पात्र निर्देशक राजकुमार वैश्य, हरेंद्र प्रताप सिंह आलोक शुक्ला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, व्यास गोविंद बिहारी शुक्ला, मंच संचालक उमेश तिवारी, बृजेश सिंह, विष्णु मित्तल, मनोज माहेश्वरी समेत समिति के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। समिति ने क्षेत्रवासियों से रामलीला के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# बृजेश चंद्र शुक्ला बने आजाद अधिकार सेना युवा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष

**बहराइच (पयागपुर)।** आजाद अधिकार सेना ने बहराइच निवासी बृजेश चंद्र शुक्ला को उत्तर प्रदेश युवा ब्रिगेड का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। संगठन की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद जारी आदेश में उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई।संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नूतन ठाकुर की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बृजेश चंद्र शुक्ला संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। साथ ही संगठन के मूल सिद्धांतों के तहत अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरोध तथा आम नागरिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य करने की अपेक्षा की गई है।आजाद अधिकार सेना युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं देवीपाटन-फैजाबाद मंडल प्रभारी जीतेंद्र कुमार तिवारी ने बृजेश चंद्र शुक्ला को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सारसुर्खियां

### जीवन में अनुशासन, स्वच्छता व सदाचार अपनाएं : कर्मवीर




**श्रावस्ती।** सिरसिया ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बगही में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में आकर्षक सजावट की गई तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों को फूल-मालाओं से सजाकर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के दौरान इंचार्ज प्रधान शिक्षक कर्मवीर राणा ने छात्र-छात्राओं को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं शांति के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा से जुड़े आदर्शों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने दैनिक जीवन में अनुशासन, स्वच्छता, सदाचार एवं आपसी सद्भाव अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा एक स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### धूमधाम से मनाई गई गांधी- शास्त्री जयंती



**बहराइच (पयागपुर)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा (1-8) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, ड्राइंग कम्पटीशन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों के द्वारा दोनों महापुरुषों का देश के प्रति समर्पण भाव को बच्चों के साथ साझा किया गया। झण्डारोहण विद्यालय के प्रधान अध्यापक राजेश कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षक दिनेश कुमार, महिमा दुबे, रत्ना देवी सिंह, रसोईया, व अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

### सीएम योगी से मिले नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



**बहराइच (बलहा)।** नानपारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामनिवास वर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अमन वर्मा ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की। मुलाकात के दौरान नानपारा विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और जनहित की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक रामनिवास वर्मा ने क्षेत्र में विकास एवं जनसुविधाओं से संबंधित विषयों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। विधायक ने क्षेत्र की जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को शासन स्तर तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात को नानपारा क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को शासन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया। विधायक प्रतिनिधि अमन वर्मा ने कहा कि नानपारा विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनसेवा से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ शासन स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।

**गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर अम्बरपुर टोल प्लाजा के पास हुआ भीषण सड़क हादसा**

# टेलर से टकराई डबल डेकर बस, चार की मौत, तीन गंभीर

भास्कर ब्यूरो






**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के करीब 5:15 बजे अम्बरपुर टोल प्लाजा के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। ओवरटेक करने के दौरान यात्रियों से भरी बस टेलर से टकरा गई। हादसे में बस सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार, यात्रियों से भरी बस दिल्ली से दरभंगा, बिहार जा रही थी। शुक्रवार तड़के जैतपुर थाना क्षेत्र में बस गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर अम्बरपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची। इसी दौरान ओवरटेक करते समय बस टेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में अभी एक की पहचान सचिन कुमार पुत्र रविंद्र कुमार निवासी महुआ छतवारा, कपूर माधोपुर, वैशाली, बिहार के रूप में हुई है।

पुलिस अन्य तीन मृतकों की पहचान कराने में जुटी है। हादसे में तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में सुमित मिश्रा पुत्र चंद्र भूषण निवासी रघुकुल कोठी, बिहार, उम्र करीब 40 वर्ष, सुमित आनंद पुत्र स्वर्गीय योगेश्वर निवासी दरभंगा, बिहार, उम्र करीब 40 वर्ष और रिंकू कुमारी निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार, उम्र करीब 45 वर्ष शामिल हैं। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम ईशा प्रिया, एसपी प्राची सिंह,उप जिलाधिकारी जलालपुर मधुमिता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी ली। पुलिस ने मृतकों और घायलों को उपचार एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए नगपुर सीएचसी पहुंचाया। हादसे के बाद अस्पताल में भी लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अतिक्रमण अभियान से पहले व्यापारियों ने मांगी मोहलत



भास्कर ब्यूरो

**• त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों का उत्पीड़न न करने की मांग**

**बहराइच (नानपारा)।** आगामी नवरात्र, दशहरा, दीपावली और भैया दूज के त्योहारों को देखते हुए नानपारा शहर की व्यवस्थाओं और व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर उद्द प्रद्द उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अब्दुल मुसीर सेठ के नेतृत्व में कई पदाधिकारियों एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी श्री प्रकाश सिंह से मुलाकात की इस दौरान शहर में अतिक्रमण, जाम, नालियों की सफाई, जलनिकासी और यातायात व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उप जिलाधिकारी की ओर से त्योहारों से पहले शहर में सफाई एवं अतिक्रमण संबंधी अभियान चलाए जाने की बात रखी थी। इस पर व्यापारियों की ओर से कहा कि त्योहारों का समय बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में नगर के छोटे-बड़े व्यापारियों, ठेला-खुमचा लगाने वाले दुकानदारों और पटरी दुकानदारों को 15 नवंबर तक की मोहलत दी जाए, ताकि व्यापारी अपना त्योहार का कारोबार सुचारू रूप से कर सकें और किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न न हो। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि दुकानदार अपनी दुकान का सामान नाली के बाहर सड़क या आवागमन वाले हिस्से में न फैलाएं और निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें, ताकि पैदल चलने वालों तथा वाहनों के आवागमन में परेशानी न हो और शहर में जाम की समस्या को कम किया जा सके।

# धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

भास्कर ब्यूरो



**• कलेक्ट्रेट एवं गांधी आश्रम में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण**

**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में महापुरुषों की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों, विचारों एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उपस्थित लोगों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्ट्रेट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 5 किलोमीटर बालक वर्ग एवं 3 किलोमीटर बालिका वर्ग की वॉक रेस में प्रथम छह स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

जिलाधिकारी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें खेलों में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित अन्य अधिकारियों एवं गांधी आश्रम के कार्मिकों आदि द्वारा गांधी आश्रम, अकबरपुर में भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को नमन किया गया।

इस अवसर पर चरखा चलाकर स्वावलंबन, सादगी, श्रम एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्सना बंधु सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को नमन किया गया।

# कई दिनों से गुल है सिद्धौरा फीडर, ग्रामीणों में आक्रोश

भास्कर ब्यूरो



**बहराइच, बलहा।** नानपारा विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सिद्धौरा फीडर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था पिछले कई दिनों से बदहाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइन में खराबी के चलते फीडर से जुड़े गांवों में नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। हालात यह हैं कि ग्रामीण घंटों नहीं, बल्कि कई-कई दिनों तक बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं। बिजली संकट के कारण ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो गई है। घरों में पंखे बंद हैं, पेयजल की व्यवस्था प्रभावित है और बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। मोबाइल चार्ज करने से लेकर छोटे कारोबार और किसानों के सिंचाई संबंधी कार्यों तक में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि शहर में थोड़ी देर बिजली कटने पर विभागीय कर्मचारी सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन गांवों में लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या गांव में रहने वाले लोग इस देश के नागरिक नहीं हैं, यदि शहर के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति का अधिकार है तो ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी समान सुविधा मिलनी चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि गांव-गांव पहुंचकर विकास और सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन समस्या के समय उनकी सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आता। उनका कहना है कि ग्रामीणों को सिर्फ वोट के समय याद किया जाता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से सिद्धौरा फीडर की तकनीकी खराबी की तत्काल जांच कराकर लाइन दुरुस्त कराने और नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। साथ ही भविष्य में तकनीकी खराबी के कारण कई दिनों तक बिजली बाधित न हो, इसके लिए स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# टीबी के खात्में में पोषण पर ध्यान जरुरी : डीएम

भास्कर ब्यूरो



**• डीएम एवं सीडीओ ने गांधी जयंती पर 50 क्षय रोगियों व 11 कुष्ठ रोगियों को प्रदान की पोषण पोटली व अन्य सामग्री**

**श्रावस्ती।** जिला क्षय रोग केन्द्र में गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने 50 क्षय रोगियों व 11 कुष्ठ रोगियों को पोषण पोटली व अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान किया गया। मरीजो को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि टीबी को हराने के लिये प्रोटीनयुक्त खाद्य प्रदार्थो को शामिल किया जाना आवश्यक है।

निक्षय मित्र पहल अभियान के तहत गांधी जंयती के अवसर पर उज्जवला सेवा संस्थान गोण्डा के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी की ओर से गोद लिये गये 50 क्षय रोगियों को डीएम एवं सीडीओ शाहिद अहमद द्वारा पोषण पोटली प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्होंने मरीजो को संबोधित करते हुए कहा कि मरीजो को खान पान में प्रोटीन युक्त सामग्री का उपयोग अवश्य करना चाहिये। उन्होंने समाज के संभ्रात नागरिको और व्यापारियों को इस अभियान में आगे आकर योगदान देने के लिये अपील की। सीडीओ ने कहा कि नियमित रुप से दवा और अच्छे खान पान से हम टीबी को पूरी तरह खत्म कर सकते है। उन्होने कहा कि शासन की ओर से टीबी के खात्में के लिये विभिन्न प्रयास किये जा रहें है। जिनमे से एक निक्षय मित्र पहल अभियान भी है। इस अवसर पर सीएमओ डा. अशोक कुमार सिंह ने संस्था अध्यक्ष को इस सराहनीय कार्य के लिये आभार व्यक्त किया साथ ही अन्य प्रमुख संस्था प्रमुखो से आगे बढकर क्षय रोगियों को गोद लेने की अपील की। सीएमएस डा. राजपाल सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. केके वर्मा, डा. एनएन पाण्डेय, डा. रोहित, डीपीसी रवि कुमार मिश्र सहित अन्य टीबी व कुष्ठ विभाग के कर्मचारी मौजूद रहें।

### डीएम ने दत्तक ग्रहण केंद्र में नवजात अनमोल का हाल जाना

डीएम एवं सीडीओ ने कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित वन स्टाप सेंटर में बनें दत्तक ग्रहण अभिकरण केन्द्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में मिले नवजात शिशु अनमोल के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा शिशु को उपहार भी दिया। डीएम ने शिशु की बेहतर ढंग से देखभाली करने हेतु उपस्थित स्टाफ को निर्देशित भी किया। इस मौके पर सरिता त्रिपाठी, मैनेजर संजय वर्मा, आया विनीता देवी एवं पूनम देवी उपस्थित रही।

**जिले में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, हुए विविध आयोजन**

# महात्मा गांधी के जीवन से लें प्रेरणा : डीएम

भास्कर ब्यूरो



**श्रावस्ती।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम, एडीएम (वि/रा) ललित कुमार एवं एडीएम (न्यायिक) अशोक कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी एवं सदस्यों ने डीएम को खादी की टोपी पहनाकर एवं चरखा भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नशामुक्ति हेतु शपथ भी दिलाई। इसके उपरान्त उन्होंने क्रासकंट्री रेस पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान बॉबी राना, द्वितीय स्थान हर्षित राना, तृतीय स्थान प्रवेश, चतुर्थ स्थान किशनलाल, पंचम स्थान रंजीत तथा षष्ठम स्थान भूषण एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नैना द्विवेदी, द्वितीय स्थान हसीबुन निशा, तृतीय स्थान सानिया बानो, चतुर्थ स्थान संजना, पंचम स्थान कोमल एवं षष्ठम स्थान निर्मला को ट्रैकशूट देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि आज महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर हम सभी को महात्मा गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। उनके आदर्शो पर चलकर ही हम उंचाईयों के नये आयाम को प्राप्त कर सकते है। और अपने जिले का नाम रोशन कर सकते है। गांधी जी ने कहा था कि कर्म ही पूजा है, सभी लोग जो प्रतिदिन कार्य करते है या कहते है, अगर वह मानवता के उत्थान के लिए है, तो वह कार्य पूजा योग्य है। एडीएम ने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलते हुए पूरे देश को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आह्वाहन किया। कई ऐतिहासिक आंदोलन किए, जैसे दांडी यात्रा, सत्याग्रह और असहयोग आंदोलन। इन आंदोलनों की आग पूरे देश में फैली। साथ ही ब्रिटिश हुकुमत भी इन आंदोलनों के जरिए भारतीयों की बुलंद आवाज के सामने कमजोर महसूस करने लगी। महात्मा गांधी ने पूरे देश को एकजुट किया। यही कारण है कि उन्हें, महात्मा, बापू या राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी ने किया।

इस अवसर पर एसडीएम क्रमशः प्रवीण यादव, निशांत उपाध्याय, श्रेया, कलेक्ट्रेट परिवार सहित के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी गांधी जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण एवं विविध कार्यक्रम किया गया।

# गांधी जयंती पर तहसील परिसर में गूंजा सत्य व अहिंसा का संदेश

भास्कर ब्यूरो



**• एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने किया ध्वजारोहण, गांधी प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प**

**बहराइच (पयागपुर)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पयागपुर तहसील परिसर में श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम पयागपुर संजय कुमार पांडेय ने तहसील परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया। इसके बाद उन्होंने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी और मानव सेवा का संदेश देता है। गांधी जी ने अपने विचारों और संघर्ष के माध्यम से देशवासियों को एकजुट कर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उनका मानना था कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए बड़े से बड़े परिवर्तन को संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए शांति और अहिंसा के प्रेरणास्रोत हैं। उनके विचार आज भी समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और समानता कायम करने के लिए प्रासंगिक हैं। गांधी जी का स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और ग्राम स्वराज का संदेश भी वर्तमान समय में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में स्वच्छता, सद्भाव और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर की तरफ से पांच स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारों को अंग वस्त्र और मीठा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर तहसीलदार पयागपुर अंबिका प्रसाद चौधरी, नायब तहसीलदार पयागपुर अक्षय पांडे, नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज निशांत राणा, कानूनगो राममूर्ति, रामलाल वर्मा, भवानी प्रसाद तिवारी, लेखपाल संघ अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, तहसील मंत्री विनय मिश्रा, ज्ञानेंद्र पांडे, शिवानी सिंह, आकाश पांडे, आदित्य मिश्रा, पुष्कर तिवारी, पुष्पेंद्र शुक्ला, मिथिलेश यादव, हिमांशु पांडे, अंशुमान मिश्रा, नितिन द्विवेदी, आदि लोगो ने भी अपना-अपना विचार रखा।

# सांसद व विधायक ने शहीद स्मारक पर 30 मीटर ऊंचा तिरंगा का लोकार्पण किया

**बहराइच (नानपारा)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर के शहीद स्मारक पर राज्य वित्त से निर्मित 30 मीटर ऊंचे तिरंगा ध्वज का लोकार्पण सांसद आनंद कुमार गोंड और नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। लोकार्पण के बाद शहीद स्मारक पर तिरंगा शान से फहराया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रगान का गायन हुआ। राष्ट्रगान के सम्मान में उपस्थित लोग खड़े रहे। इस दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर आदर्श नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद, अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह, अधिवक्ता नंदलाल जायसवाल, वंश गोपाल जायसवाल, एडवोकेट डॉ. ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, एड. राजेश सहित अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है
- हेनरी वार्ड बीचर

दैनिक भास्कर



## मंत्री दिनेश प्रताप ने खादी ग्रामोद्योग भवन से की स्वदेशी वस्त्रों की खरीदारी

भास्कर ब्यूरो



**रायबरेली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर मा० उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली के सुपर मार्केट स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वदेशी निर्मित खादी वस्त्रों की खरीदारी की। इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का संदेश दिया। महात्मा गांधी जी ने स्वदेशी, खादी और आत्मनिर्भरता को देश की आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार माना था। उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए खादी वस्त्रों की खरीदारी करना स्वदेशी उत्पादों के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ-साथ स्थानीय कारीगरों, बुनकरों एवं खादी उद्योग से जुड़े लोगों के श्रम और कौशल को प्रोत्साहित करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने खादी ग्रामोद्योग भवन में स्वदेशी खादी वस्त्रों की खरीदारी कर आमजन को भी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया कि देश में निर्मित वस्तुओं को अपनाकर स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में गांधी जयंती व स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह

भास्कर ब्यूरो



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह का भी आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात कार्यकारी निदेशक श्री बिस्व मोहन सिंह ने उपस्थित लोगों को महात्मा गांधी के प्रिय संदेशों एवं उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन और व्यवहार में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता एवं सेवा जैसे गांधीजी के आदर्शों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं प्रतिबद्धता के लिए उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सभा को संबोधित करते हुए श्री डी.के. साहू ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान नेता हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनके जीवन से हमें सादगी, ईमानदारी, स्वच्छता, देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भावना के साथ जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

# गांधी-शास्त्री और पूर्व सांसद के आदर्शों को किया याद

भास्कर ब्यूरो



**शिवगढ़, रायबरेली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवगढ़ कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व सांसद मसुरिया दीन पासी की जयन्ती श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने की। कार्यकर्ताओं ने तीनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया।

दिनेश यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर देश के जवानों और किसानों का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने मसुरिया दीन पासी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने नमक सत्याग्रह में भाग लिया और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

इस मौके पर साहब शरण पासी, रामचरन पासी, पराग प्रसाद रावत, सत्येंद्र पासी, संजय सिंह, ममता सिंह, संतोष शुक्ला समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वोट बचाने के लिए करेंगे पैदल मार्च : इ. वीरेंद्र

**रायबरेली।** इंडिया गठबंधन में लिए गये निर्णय के अनुरूप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाया जायेगा इस अवसर वोट बचाओ देश बचाओ मार्च का आयोजन दिनांक 04 अक्टूबर 2026 को जनपद मुख्यालय पर आयोजित किया जायेगा। आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के संस्थागत कब्जे एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज करने की मांग।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान हरे पेड़ काटने का आरोप

**गाजीपुर।** सदर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बायपुर में चारागाह की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीण संतोष यादव ने ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल पर बिना अनुमति आम, नीम सहित अन्य हरे एवं फलदार पेड़ों को कटवाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण का आरोप है कि चारागाह की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आवश्यक थी, लेकिन कार्रवाई के दौरान भूमि पर लगे हरे पेड़ों और छोटे पौधों को भी काटकर हटा दिया गया। तहसीलदार के अनुसार मौके पर छोटे-छोटे जंगली पौधे और झाड़ियां थीं, जिन्हें साफ कराया गया है। किसी बड़े पेड़ को नहीं हटाया गया है।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर माल्यार्पण कर निकाली प्रभात फेरी

भास्कर ब्यूरो



**गाजीपुर।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आमघाट गांधी पार्क में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही मसूरिया दिन पासी की जयंती भी मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद शहर कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और मसूरिया दिन पासी के जीवन, विचारों और देश के प्रति योगदान पर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलकर ही देश की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करती रहेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से सादगी, ईमानदारी और निष्ठा की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की जरूरत है। पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मार्कंडेय सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। दोनों नेताओं ने देश की आजादी और उसके निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने कहा कि महापुरुषों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी विरासत को सुरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान से परिचित कराना जरूरी है। कार्यक्रम में बटुक नारायण मिश्रा, अजय कुमार सिंह, जनक कुशवाहा, अजय कुमार श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिंह, राघवेंद्र चतुर्वेदी, चंद्रिका सिंह, राजीव सिंह, हामिद अली, राजेश गुप्ता, विद्याधर पांडेय, राम नगीना पांडेय, रईस अहमद, छोटेलाल गौतम, लालमोहम्मद, हरिओम यादव, मंसूर जैदी, आशुतोष गुप्ता, महबूब निशा आदि मौजूद रहे।

## ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें, सपाई सड़कों करेंगे आंदोलन

भास्कर ब्यूरो



**गाजीपुर।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मोदी सरकार के द्वारा रची जा रही वोट काटने की साजिश का पर्दाफाश करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने पत्रकार वार्ता पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित हुई।

इस पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव चिंतामणि ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान के माध्यम से मत देने का अधिकार दिया था जनता को उस अधिकार से वंचित करने की मोदी सरकार एवं चुनाव आयोग नापाक साजिश रच रही है। चुनाव आयोग एस आई आर और एस ए आर के माध्यम से वोट काटने की साज़िश कर रही है।

समाजवादी पार्टी मोदी सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त की इस नापाक साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। इसके लिए हमें चाहे जो भी कुर्बानी देनी पड़े। उन्होंने कहा कि जनता मोदी सरकार और ज्ञानेश जी के खिलाफ जन आक्रोशित हैं , जनता के मन में इनके खिलाफ गुस्सा है। जिसकी वजह से देश में क्रान्ति के मुहाने पर है। उन्होंने कहा कि जनता की अदालत में अपनी हार सुनिश्चित देखकर भाजपा बौखला गयी है। वह झूठ,फरेब,छल कपट के रास्ते पर चलकर सत्ता हासिल करना चाहती है।

नौजवान उनकी इस नापाक हरकत और कभी पकौड़ा बेचने और कभी ई रिक्शा चलाने के इनके नेताओं के बयान से इनके खिलाफ बौखलाया हुआ है। नौजवानों का अपमान जितना इस सरकार के कार्यकाल में हुआ है उतना किसी भी सरकार में नहीं हुआ है।

## जिले के लाल को सीएम ने किया सम्मानित



**जंगीपुर गाजीपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के जाबाज 16 पुलिसकर्मियों को वीरता मेडल का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया है जिसमें प्रदेश भर में 16 पुलिसकर्मियों में जिले के जंगीपुर विधानसभा के अंधऊ गांव निवासी व वाराणसी में सब इस्पेक्टर एसटीएफ के पद पर तैनात अंगद यादव को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा सम्मानित किया गया है !अंगद यादव के इस उपलब्धी से परिजनों सहित क्षेत्रवासियों में खुशी व्याप्त है वही गाँववासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाया।

## युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बिरनो, गाजीपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गन्नापुर के पास शुक्रवार की सुबह दौड़ने निकले 28 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पास कुछ देर तक जाम लगाकर विरोध जताया।

जानकारी के अनुसार डाड़ी खुर्द निवासी सूर्यनाथ राम का पुत्र ललित कुमार (28) प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह दौड़ने के लिए घर से निकला था। बताया गया कि वह फ्लाईओवर मिश्रौली के पास पहुंचा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। थानाध्यक्ष बिरनो पन्नेलाल यादव ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन उसके चालक की तलाश में जुटी है।


## कार्यालय नगर पंचायत ऊंचाहार रायबरेली

### ई-निविदा सूचना

पत्रांक 392/ न०पं० ऊँचा०रा०/E-Tendring/2026-27 दिनांक : 01/10/2026

नगर पंचायत ऊँचाहार जनपद रायबरेली के अन्तर्गत, 15 वें वित्त, से प्राप्त धनराशि बायोरेमिडएशन कार्य कराये जाने के बावत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर दिनांक 10-10-26 को सायं 05 बजे तक डबल बिड आधारित (तकनीकी एंव वित्तीय बिड आधारित) ई-निविदाएँ उत्तर प्रदेश की ईप्रिक्योरमेंट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदाओं की विस्तृत विवरण- निविदा शुल्क एवं नियम शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेंट की वैबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाइट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी प्राप्त निविदा दिनांक 12-10-26 को पूर्वान्ह 11 बजे नगर पंचायत ऊँचाहार में अधिशासी अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। यदि निविदा की तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। कार्यों की निविदाओं की समय सारिणी निम्नानुसार है-

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in)**

| क्र० सं० | नगर पंचायत ऊंचाहार | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 04/2026, 11:00 AM | |
| 2 | | Tender Download | 04 /2026, 11:00 AM | 10/10/2026, 5:00 PM |
| 3 | | Bid submission | 04/2026, 11:00 AM | 10/10/2026, 5:00 PM |
| 4 | Bid Opening Date And Place | | 12/10/ 12/10/2026, 11:00 AM (Office Of the Nagar Panchayat Unchahar RBL) | |

नोट- निविदा संसोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेंट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in, एवं http://npunchahar.in पर देखते रहे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ऊंचाहार, रायबरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ऊंचाहार, रायबरेली**



# कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज, प्रतापगढ़

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांकः 195 / न०पं० रा०/2026-27 दिनांकः- 01 अक्टूबर, 2026

एतत द्वारा नगर पंचायत रानीगंज के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वॉ वित्त / रा०वि०आ०/ निकाय निधि के अन्तर्गत नगर पंचायत प्रतापगढ़ रानीगंज, प्रतापगढ़ को प्राप्त हुई धनराशि में से अध्यक्ष महोदय के आदेश द्वारा उक्त मद के अन्तर्गत निर्माण कार्यों स्वीकृत प्रदान की गयी है। जिसके अनुपालन में मा० अध्यक्ष महोदय के आदेश के कम में सील बन्द निविदा टेन्डर बाक्स में दिनांक 03.10.2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से 24.10.2026 तक समय दोपहर 02:00 बजे तक की जाती है एवं दिनांक 24.10.2026 समय 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों / प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा तथा निविदा फार्म की बिक्री नगर पंचायत कार्यालय में दिनांक 03.10.2026 से 24.10.2026 तक नगद मूल्य पर की जायेगी। सभी निविदादाताओं को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने तथा नियम व शर्तों में संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है:-

| क0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई मी0 में | अनुमानित लागत (रू0. में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (10 प्रतिशतं) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | इन्टरलाकिंग से मनोज मिश्रा के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 40 मी0 | 179593 | 17960 | 236 | 6 माह | |
| 2 | वार्ड निधिपट्टी में खडन्जा से कल्लू लाईनमैन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 686701 | 68670 | 826 | 6 माह | |
| 3 | वार्ड निधिपट्टी में रजनीश मिश्रा से माताफेर मिश्रा के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 35 मी0 | 158247 | 15825 | 236 | 6 माह | |
| 4 | वार्ड निधिपट्टी इंटरलाकिंग से पंकज मिश्रा के घर के पास तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 42 मी0 | 210423 | 21042 | 295 | 6 माह | |
| 5 | वार्ड निधिपट्टी में इंटरलाकिंग से कृपा शंकर मिश्रा के घर के पास तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 40 मी0 | 184370 | 18437 | 236 | 6 माह | |
| 6 | वार्ड टोडरपट्टी में इन्टरलाकिंग से राजेश पाण्डेय के घर तक इन्टरलाकिंग निमाण कार्य। | 26 मी0 | 123610 | 12361 | 177 | 6 माह | |
| 7 | वार्ड टोडरपट्टी में बृजभूषण मिश्रा की दृकान से नहर पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 180602 | 18060 | 236 | 6 माह | |
| 8 | वार्ड टोडरपट्टी में इन्टरलाकिंग से राजेश पाण्डेय गौतम व अतुल गौतम के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 40 मी0 | 181024 | 18102 | 236 | 6 माह | राज्य वित्त आयोग / निधि पट्टी |
| 9 | वार्ड टोडरपट्टी मॉ काली चौरा पर चबूतरा आर0सी0सी0 पटिया निर्माण मिट्टी भराई कार्य। | – | 210549 | 21055 | 295 | 6 माह | |
| 10 | वार्ड सराय सुल्तानी इंन्टरलाकिंग से मुरली यादव के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण। | 21 मी0 | 94937 | 9494 | 118 | 6 माह | |
| 11 | वार्ड कायस्थपट्टी अमृतलाल साहू के घर से विजय पटेल के घर तक इन्टरलाकिंग मरम्मत कार्य। | 454 मी0 | 332157 | 33216 | 413 | 6 माह | |
| 12 | नगर पंचायत रानीगंज के विभिन्न वार्डों में ब्रिक बैट एवं सुरखी भराई कार्य। | – | 458577 | 45858 | 590 | 6 माह | |
| 13 | वार्ड बीठलपुर में दुबे डाक्टर के घर से हाइवे तक अन्डरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य। | 45 मी0 | 115842 | 11584 | 177 | 6 माह | |
| 14 | वार्ड बीठलपुर में शिव अचल गुप्ता के घर से राम राज सरोज के खेत तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 200 मी0 | 912836 | 91284 | 1180 | 6 माह | |
| 15 | वार्ड बरहदा में पक्की सड़क से अखिलेश गुप्ता के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 32 मी0 | 163723 | 16372 | 236 | 6 माह | |
| 16 | वार्ड सण्डिला इन्टरलाकिंग से मोती लाल के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 35 मी0 | 158352 | 15835 | 236 | 6 माह | |
| 17 | वार्ड 15 भागीपुर मो0 हसीब के खेत से पश्चिम इन्टरलाकिंग में तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 35 मी0 | 158352 | 15835 | 236 | 6 माह | |
| 18 | वार्ड 15 भागीपुर मौलाना रियाज के घर से पूरब चक मार्ग तक इन्टरलाकिंग तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 25 मी0 | 113078 | 11308 | 177 | 6 माह | |
| 19 | वार्ड रस्तीपुर में सी0सी0 रोड से प्रभाकर के नल के पास तक इन्टरलाकिंग एवं नाला पर आर0सी0सी0 पटिया निर्माण कार्य। | – | 74512 | 7451 | 118 | 6 माह | |
| 20 | वार्ड रस्तीपुर में वाहिद के घर से कब्रिस्तान तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 180 मी0 | 992148 | 99215 | 1180 | 6 माह | |
| 21 | वार्ड रस्तीपुर में गुलाम अंसारी के घर से मस्जिद तक नाली निर्माण कार्य। | 68 मी0 | 192818 | 19282 | 236 | 6 माह | राज्य वित्त आयोग / निधि पट्टी |
| 22 | वार्ड रस्तीपुर में नसीम के घर से नूर मो0 के घर तक इन्टरलाकिंग नाली निर्माण कार्य। | 40 मी0 | 289564 | 28956 | 354 | 6 माह | |
| 23 | वार्ड रस्तीपुर में अफजल के घर से खुर्शीद के घर तक इन्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 419856 | 41986 | 531 | 6 माह | |
| 24 | वार्ड पचरास में किरन देवी के घर से रेलवे फाटक तक कवर्ड आर0सी0सी0 नाली निर्माण का कार्य। | 250 मी0 | 997161 | 99716 | 1180 | 6 माह | |
| 25 | नगर पंचायत रानीगंज में फायर हाइडेन्ट हेतु 10 एच0पी0 मिनी टयूबेल पाइप लाइन एवं चैम्बर निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य। | – | 997100 | 99710 | 1180 | 6 माह | 15वॉ वि0 आ0 |
| 26 | नगर पंचायत रानीगंज के अन्तर्गत वार्ड 4 मधवापुर में भागीपुर हरिजन बस्ती के पास ड0 भीम राव अम्बेडकर मूर्ति स्थल विकास कार्य। | – | 952209 | 95221 | 1180 | 6 माह | |
| 27 | नगर सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 25 नग इण्डिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर का कार्य। | – | 980200 | 98020 | 1180 | 6 माह | |
| 28 | नगर पंचायत रानीगंज परिसर में 6 सीट शौचालय एवं सीट यूरिनल पिंक शौचालय निर्माण कार्य। | – | 994167 | 99417 | 1180 | 6 माह | |
| 29 | वार्ड निधिपट्टी में एनम सेन्टर सण्डिला के परिसर के पास इन्टरलाकिंग का कार्य। | – | 328501 | 32850 | 413 | 6 माह | |
| 30 | निधिपट्टी में इन्टरलाकिंग से शिव सागर एवं माताफेर मिश्रा के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 60 मी0 | 271375 | 27138 | 354 | 6 माह | |
| 31 | वार्ड निधिपट्टी में इन्टरलाकिंग से राजेश एवं आशीष मिश्रा के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 70 मी0 | 314316 | 31432 | 413 | 6 माह | राज्य वित्त आयोग / निधि पट्टी |
| 32 | निधिपट्टी में श्यामलाल के घर से पुरानी नाली तक नाली निर्माण कार्य। | 65 मी0 | 120430 | 12043 | 177 | 6 माह | |
| 33 | वार्ड निधिपट्टी में श्रीपाल के घर के बगल इन्टरलाकिंग मरम्मत कार्य। | 30 मी0 | 37499 | 3750 | 59 | 6 माह | |
| 34 | निधिपट्टी पक्की सड़क से मोहित मिश्रा के मशीन तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 45 मी0 | 203452 | 20345 | 295 | 6 माह | |
| 35 | निधिपट्टी से महेश मिश्रा के घर होते हुए विपिन मिश्रा के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 60 मी0 | 271375 | 27138 | 354 | 6 माह | |
| 36 | वार्ड पचरास में इन्डिया मार्का हैण्ड पम्प से राजेश सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 20 मी0 | 47650 | 4765 | 59 | 6 माह | |
| 37 | वार्ड पचरास में पक्की सड़क से मन्दिर होते हुए राकेश सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 452313 | 45231 | 590 | 6 माह | |
| 38 | वार्ड पचरास में देवतादीन के घर के पीछे से गुंजन के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 95553 | 9555 | 118 | 6 माह | |
| 39 | नगर पंचायत रानीगंज के एम0आर0एफ0 सेन्टर में बने कम्पोस्ट पिट में मिट्टी भराई एवं इन्टरलाकिंग इत्यादि का कार्य। | – | 998000 | 99800 | 1180 | 6 माह | |

**नियम व शर्ते-**

**समस्त शर्ते को पूरा करने वाली फर्मे निविदा में प्रतिभाग कर सकती है-**

1. निविदादाता को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा/ टेण्डर अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
2. निविदा शुल्क व अग्रिम धरोहर धनराशि नगद / आर.टी.जी.एस. के माध्यम से खाता संख्या 35240100014466 IFSC Code-BARBO-RANALL बैंक आफ बड़ौदा बैंक शाखा प्रतापगढ़ रानीगंज, प्रतापगढ़ अथवा अग्रिम धरोहर धनराशि एफ०डी०आर० जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रानीगंज, प्रतापगढ़ के पक्ष में बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा, बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
3. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र (T4, T5) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. चरित्र एव हैसियत प्रमाण पत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी। अन्यथा निविदा न्यूनतम दरे प्राप्त होने पर भी निरस्त कर दी जायेगी।
5. शासनादेश संख्या-3890 / नौ-5-19-149 सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में निविदा स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत रानीगंज, जनपद प्रतापगढ में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
6. निर्माण कार्यों में परफार्मेन्स सिक्योरिटी के संबंध में पत्र संख्या-11593/नौ-5-2021-142 सा / 2021 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निविदा में निम्न दरे प्राप्त होने पर अनुपालन किया जायेगा। परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज, जनपद प्रतापगढ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफारमेन्स गॉरन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म/व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
7. ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार बिलम्ब पर नियमानुसार अर्थ दण्ड देय होगा एवं जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नही होगा।
8. कार्यों की विस्तृत जानकारी व अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत रानीगंज, कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
9. कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उसके सहयोगी द्वारा निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।
10. ठेकेदारों को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य की प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटो ग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. जिन ठेकेदारों / फर्मों द्वारा नगर पंचायत रानीगंज प्रतापगढ में पूर्व में लिए गये कार्यों को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है वे निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
12. उक्त योजनान्तर्गत समय-समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन निविदादाता/ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
13. निविदादाता द्वारा उक्त योजनान्तर्गत जारी शासनादेश संख्या-1489/ नौ-9-2022-84ज/22 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 08 अगस्त, 2022 एवं शासनादेश संख्या-125/2022/1954/नौ-9- 2022/001-84जे-22 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 14 नवम्बर, 2022 में इंगित नियम / शर्तों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
14. किसी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ होगा।
15. नगर पंचायत से विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाया जाना अनिवार्य होगा।
16. अपठनीय / अस्पष्ट स्कैन कापी टेन्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
17. निविदादाता द्वारा किये गये निर्माण कार्य का अनुरक्षण एवं रख रखाव का कार्य 1 वर्ष तक की जिम्मेदारी कान्ट्रेक्टर/फर्म की होगी तथा 10 प्रतिशत धनराशि गारण्टी के रूप मे 1 वर्ष तक रोंकने के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक होने पर भुगतान किया जायेगा। निर्माण के सम्बंध में शासन द्वारा समय-समय पर प्राप्त होने वाले अन्य आदेशों का पालन फर्म/कान्ट्रैक्टर को करना होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रानीगंज**
**प्रतापगढ़**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रानीगंज**
**प्रतापगढ़**

दैनिक भास्कर



विचारों को मूर्त रूप देने की क्षमता ही सफलता का रहस्य है
- हेनरी वार्ड बीचर

# झोले में 22 टेट्रा पैक देशी शराब लेकर जा रही महिला गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो

**श्यामदेउरवा, महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला को झोले में देशी शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार महिला के पास से 22 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुई है। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक 1 अक्टूबर 2026 को उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह हमराह पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र वांछित/जांच प्रार्थना में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला झोले में देशी शराब लेकर जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम कप्तानगंज रोड स्थित एक निजी दुकान के सामने पहुंची। पुलिस को वहां एक महिला हाथ में झोला लेकर आती दिखाई दी। मुखबिर द्वारा इशारा किए जाने पर पुलिसकर्मियों ने महिला को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार महिला भागने की कोशिश करने लगी, लेकिन महिला कांस्टेबल पुष्पा और प्राची की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सरिता देवी बताया। पुलिस द्वारा झोले की तलाशी लेने पर उसमें 22 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद होने की बात कही गई है। बरामद शराब के संबंध में कागजात मांगने पर महिला कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सकी। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर महिला को गिरफ्तार कर लिया। दस्तावेजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य-अहिंसा का संदेश

- **महापुरुषों के आदर्श अपनाने का संकल्प, ध्वजारोहण के बाद नगर पंचायत में चला स्वच्छता अभियान**



**बृजमनगंज, महराजगंज,(ब्यूरो)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को बृजमनगंज क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। स्कूल-कॉलेजों, नगर पंचायत कार्यालय समेत विभिन्न संस्थानों में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया गया। इस दौरान सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया गया। आलमाइटी पब्लिक इण्टर कॉलेज, बृजमनगंज में कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य प्रेमशंकर चौहान ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद विद्यालय के प्रबंधक महमूद आलम ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता व सत्याग्रह तथा शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। प्रबंधक महमूद आलम ने कहा कि गांधी जी का जीवन सत्य और अहिंसा की प्रेरणा देता है, जबकि शास्त्री जी का जीवन सादगी, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाकर जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य प्रेमशंकर चौहान ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, नगर पंचायत बृजमनगंज कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद गांधी जयंती के अवसर पर सेवा और स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह और नगर अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में नगर पंचायत बृजमनगंज, लेहड़ा दुर्गा मंदिर समेत अन्य स्थानों पर साफ-सफाई की गई। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने का संदेश दिया गया।

## विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**चौक बाजार।** दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगोष्ठी, श्रमदान, स्वच्छता अभियान और चित्रकला प्रतियोगिता सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ.हरिन्द्र यादव एवं अतिथियों ने ध्वजारोहण,दीप प्रज्ज्वलन तथा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. हरिन्द्र यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। इस दौरान एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर सहित आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन रामसुखी यादव व पूनम सिंह ने किया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करने तथा स्वच्छ, अनुशासित और जिम्मेदार समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

## सारसुर्खियां

### कमलेश कुमार शाही बने सर्वसम्मति से कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर संगठन के जिलाध्यक्ष



**घुघली महाराजगंज।** घुघली विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी सहकारिता कमलेश कुमार शाही को कोआपरेटिव इंस्पेक्टर संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन की गोरखपुर मंडल कार्यालय पर आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष अर्जुन पटेल, अपर जिला सहकारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव, दिनेश एवं जितेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में उन्हें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष घोषित किया गया।बैठक में जनपद के सहकारिता के सभी सहायक विकास अधिकारियों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए कमलेश कुमार शाही के नाम पर सहमति व्यक्त की। जिसके फलस्वरूप जिलाध्यक्ष पद पर उनके नाम की घोषणा की गई। श्री शाही के सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी सहकारिता रणजीत सिंह, साकेत पटेल, आशीष सिंह, इंदु प्रकाश राय, विजय प्रताप सिंह, सुनील चौरसिया, रामकेशव, पृथ्वीराज यादव, अखिलेश द्विवेदी, प्रदीप त्रिपाठी, उतीचंद एवं रामकिशुन गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी हैं।

### शारीरिक संबंध बनाने की धमकी के आरोप में गिरफ्तार

**पडरौना, कुशीनगर।** रविंद्रनगर धूस थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की महिला वाइस प्रिंसिपल से यौन उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने स्कूल प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को पकड़ा। पीड़िता ने थाने में बताया कि वह द रेनबो लोरेटो स्कूल में वाइस प्रिंसिपल थीं। स्कूल प्रबंधक दिनेश राय ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि पहले भी आरोपी ने अभद्रता की थी, जिस पर उसने माफी मांगी थी। एक अक्टूबर को छुट्टी के बाद प्रबंधक दिनेश राय ने उन्हें काम के बहाने रोका। आरोप है कि उसने महिला का हाथ पकड़कर अशोभनीय व्यवहार किया। विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारकर नहर में फेंकने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 75, 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कुशीनगर पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पोस्ट के संज्ञान में आने के बाद दिनेश राय को गिरफ्तार किया गया।

### भीषण सड़क हादसे में हाटा के युवक की मौत

**हाटा,कुशीनगर।** जैतपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर एक टोल प्लाजा के निकट एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से बिहार जा रही वाल्वो बस की ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बस का बायां हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान हाटा नगर के वार्ड नं. 19 निवासी परवेज अंसारी 40 वर्ष के रूप में हुई है। वह दिल्ली में रहकर टाइल्स मेसन का कार्य करते थे। मृतक के तीन बच्चे हैं जिसमें दो पुत्र और एक पुत्री है।

### सड़क हादसा में युवक की मौत

**सिंदुरिया,महराजगंज।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा हरिहरपुर निवासी गोपाल गुप्ता उम्र 35 वर्ष की पंजाब प्रांत के जालंधर शहर में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसे जालंधर स्थित सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। ईलाज के दौरान गोपाल गुप्ता को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत होने की सूचना पास में रह रहे छोटे भाई धनराज ने घर वालों को दी। घटना की जानकारी होने पर परिजन मृतक का शव लेने के लिए रवाना हो गये। मिली जानकारी के अनुसार सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा हरिहरपुर निवासी छोटे लाल गुप्ता का बड़ा पुत्र गोपाल गुप्ता जो पंजाब प्रांत के जालंधर शहर में छोटे भाई धनराज और पत्नी और बच्चों के साथ किराये का मकान लेकर रहता था, वहीं पर फेरी लगाकर दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता था। दो दिन पहले वह पत्नी और बच्चों को जालंधर रेलवे स्टेशन पर घर जाने के ट्रेन में बैठाकर वापस जा रहा था कि चार पहिया वाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक सड़क हादसे में गोपाल गुप्ता की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### उपमंडी में शौचालय निर्माण की मांग

**महराजगंज।** आदर्श राइस मिलर्स वेलफेयर एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष ने विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा बड़हरा मीर में स्थित उपमंडी में शौचालय निर्माण कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा है।जिलाध्यक्ष सचिन्द्र गुप्ता ने जिलाधिकारी को अपने दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरामीर में स्थित उपमंडी परिसर में शौचालय न होने के कारण किसानों और व्यापारियों को बहुत ही दिक्कत हो रही है। किसानों और व्यापारियों के हित में देखते हुए शासन ने यहां पर दो धान क्रय केंद्र का स्थापना किया है। आमजन की समस्या को देखते हुए शौचालय निर्माण कराना अति आवश्यक है।

### जन भागीदारी फार स्वच्छता में सफाईकर्मी व नागरिक सम्मानित

**कसया, कुशीनगर।** स्वच्छता ही सेवा - 2026 के अंतर्गत दो अक्टूबर गांधी और शास्त्री जयंती पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सभागार में जन भागीदारी फार स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सफाई और कचरा निष्पादन में सहयोग करने वाले कर्मियों और नागरिकों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार की सुबह नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल, ईओ अंकिता शुक्ला, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल सहित सभासद गण ने कसया नगर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, पंडित चंद्रशेखर आजाद, शहीद स्मारक पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी और शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष श्रीमती जायसवाल ने कहा कि नगर और वार्डो को स्वच्छ रखने में सफाई मित्रो, स्वच्छता एम्बेसडर, आम जनता का बड़ा योगदान है। आप सभी के सहयोग और प्रयास से नगर और वार्ड स्वच्छ और सुंदर बनेंगे। ईओ श्रीमती शुक्ला ने गांधी और शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर परिवेश के लिए स्वच्छता का संकल्प लें। यही हमारे महा पुरुषों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन नपा के स्वच्छता प्रभारी श्रवण तिवारी ने किया।

# गूंजे गांधी जी के प्रिय भजन, महापुरुषों को नमन



- **जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट समेत सभी नगरपालिका तथा नगर पंचायतों में हुए विविध कार्यक्रम**

भास्कर ब्यूरो

**पडरौना, कुशीनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को जिलेभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर नगर पालिका परिषद पडरौना तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों के आदर्शों को याद किया गया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और नगरवासियों ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद ट्रेजरी हॉल में गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' के सामूहिक गायन से हुई। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में जब दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति की स्थिति है, तब गांधी जी का अहिंसा और विश्व शांति का संदेश और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। स्वावलंबन, स्वच्छता, सामाजिक समानता, स्वदेशी और सामाजिक समरसता जैसे उनके विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की दिशा देते हैं। अपर जिलाधिकारी ने भी गांधी और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में उतारने की अपील की। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग तथा रेशम विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल और प्रदर्शनी का अधिकारियों ने अवलोकन किया। इसी क्रम में जिला पंचायत परिसर में अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल ने सबसे पहले ध्वजारोहण किया उसके बाद गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर नमन किया। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी अखिलेश यादव, ई. गौरव प्रकाश गौतम, शंभू राय, ग्राम प्रधान मुकेश प्रताप सिंह, पदम कुमार आदि उपस्थित रहे। नगरपालिका पडरौना के कार्यालय, जलकल परिसर और सुभाष चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद गांधी जी और शास्त्री जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इसके बाद नगर में स्थापित दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## गांधी के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : गौरव

**नेबुआ नौरंगिया।** सरस्वती देवी महाविद्यालय नौरंगिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर 'महात्मा गांधी के विचार और आज का युवा' विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। संचालन निधि मिश्रा ने किया। विषय प्रवर्तन अभिषेक पाण्डेय ने की। उप प्राचार्य संदीप पाण्डेय ने कहा कि गांधीजी का जीवन युवाओं को स्वयं पहल कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देता है। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य गौरव त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को स्वतंत्रता के मार्ग पर आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में अजय दुबे, प्रवीण गिरी सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## युगों तक प्रासंगिक रहेंगे गांधी और शास्त्री के विचार

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती क्षेत्र में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर थाना परिसर, विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं विचारों से परिचित कराया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कुमार पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, रामकुवर प्रसाद, सुनील त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। इसी प्रकार तुर्कपट्टी के पकड़ी स्थित राधे कृष्णा पब्लिक स्कूल में प्रबंधक बच्चा गिरी ने ध्वजारोहण कर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। तुर्कपट्टी स्थित राजेश्वर पांडेय मेमोरियल महाविद्यालय में प्रबंधक सिद्धार्थ पांडेय, जंगल घोरठ स्थित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य अजयकृष्ण सिंह और पारसनाथ महाविद्यालय में प्रबंधक राधेश्याम पांडेय ने ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों को नमन किया।

## पॉक्सो एक्ट की जानकारी देकर किया जागरूक

**पडरौना, कुशीनगर।** गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पॉक्सो अधिनियम-2012 के प्रति जागरूकता के लिए विशेष विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और लैंगिक अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए यौन शोषण, छेड़छाड़ और यौन हमले को गंभीर अपराध बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने बताया कि बच्चों में पॉक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों में कला प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई थीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कोल्हुई, महराजगंज।** मदर मरियम ग्लोबल स्कूल कोल्हुई में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजीनियर समीर अधमी ने महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को जीवन में अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और जिम्मेदार नागरिकता की पहचान है। उन्होंने सभी से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्रबंध निदेशक ने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण, मृदा, जल एवं जीव-जंतुओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं। इसी उद्देश्य से उपस्थित लोगों को झोले वितरित किए गए, ताकि प्लास्टिक की थैलियों के विकल्प को प्रोत्साहन मिले और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचे। विद्यालय की प्रधानाचार्या हर्षलता शर्मा ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों के विचारों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# बाढ़ प्रभावित नरकहवा में लगा मेडिकल कैंप

**खड्डा, कुशीनगर।** बाढ़ का पानी उतरने के बाद जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, लेकिन बाढ़ प्रभावित गांवों में अब संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। इसी को देखते हुए गुरुवार को नरकहवा गांव में मां नारायणी सामाजिक कुंभ के संयोजक व भाजपा नेता मनोज पाण्डेय की पहल पर निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में चिकित्सकों की टीम ने 573 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित कीं। कैंप में डॉ. सुमित श्रीवास्तव और डॉ. ओमप्रकाश कुशवाहा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने गांव के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर ग्रामीणों की जांच की। बाढ़ के बाद ग्रामीणों में बुखार, पैर में सड़न, संक्रमण सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें सामने आने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं।इस अवसर पर मनोज पाण्डेय ने कहा कि बाढ़ के बाद ग्रामीणों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना जरूरी है।

# सांसद-विधायक ने बांटी राहत सामग्री

भास्कर ब्यूरो



**खड्डा।** नारायणी नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित खड्डा क्षेत्र में राहत एवं सहायता कार्य लगातार जारी है। बुधवार को कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे एवं खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानीं। दोनों जनप्रतिनिधियों ने ग्रामसभा नरकहवा, नगर पंचायत छितौनी के वार्ड नंबर एक अम्बेडकर नगर (टेंगरहा) तथा पथलेश्वर नाथ मंदिर स्थित बाढ़ राहत शिविर में पहुंचकर प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की। सांसद ने ग्रामीणों से संवाद कर बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर प्रभावित लोगों तक आवश्यक राहत सामग्री और अन्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। सांसद एवं विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगाए गए मेडिकल कैंप का भी निरीक्षण किया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उपचार और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। सांसद ने प्रभावित लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि कठिन समय में अपनों के बीच रहकर उनकी पीड़ा को समझना और हरसंभव मदद के लिए उनके साथ खड़ा होना ही जनप्रतिनिधि का दायित्व है। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित किसी भी परिवार को अकेला नहीं महसूस होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावित परिवारों को नियमानुसार फसल क्षति का मुआवजा, आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा रहना और उनकी जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# गांधी-शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प



- **डीएम गौरव सिंह सोगरवाल ने चित्र पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि**

**महराजगंज,(ब्यूरो)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर श्रद्धा और सम्मान के भाव से सराबोर रहा। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी गांधी और शास्त्री के विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और सादगी का संदेश देता है, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने अपने आचरण और कर्तव्यनिष्ठा से देश के सामने ईमानदारी और सादगी की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग आज भी समाज और प्रशासन के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके विचारों को केवल समारोहों तक सीमित न रखकर व्यवहार और कार्यशैली में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वातावरण में देशभक्ति और श्रद्धा का भाव नजर आया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी का सत्य और अहिंसा का संदेश तथा शास्त्री जी की सादगी, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के तमाम प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में ईमानदारी, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के संदेश के साथ हुआ।

## गांधी-शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करने का पुलिसकर्मियों ने लिया संकल्प



**महराजगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस लाइन में समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा तथा कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई।एसपी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के आदर्श तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, निष्ठा और देशभक्ति आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं।समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों से जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण से करने का आह्वान किया। साथ ही स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया।समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जलजमाव से राहगीर परेशान, गिरकर हो रहे चोटिल

**फरेंदा, महराजगंज।** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के फरेंदा उत्तरी बाईपास के पश्चिमी ओर स्थित सर्विस लेन पर बारिश के बाद जलजमाव होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। पानी भरा होने के साथ ही सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आने-जाने वाले लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार सर्विस लेन पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। जलजमाव के कारण सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन राहगीर हादसे का शिकार हो रहे हैं। इससे पहले एक ई-रिक्शा भी जलजमाव वाले स्थान पर पलट गया था।लोगों ने निर्माण कार्य और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके और हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।इस संबंध में पीएनसी अधिकारी योगेश कुमार पुंडरिक ने बताया कि उक्त स्थान पर अभी नाली का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है।

# पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन में जिम्मेदारी



- **किसान, अनुसूचित, जनजाति, पिछड़ा वर्ग व महिला मोर्चा में मिली जिम्मेदारी**

**महराजगंज,(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन में महराजगंज जिले के पांच कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। किसान मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा और महिला मोर्चा में जिले के कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलने को संगठन में जिले की सक्रिय भागीदारी के रूप में देखा जा रहा है।जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि भाजपा में पद केवल सम्मान का विषय नहीं, बल्कि संगठन और समाज के प्रति बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विवेका पांडेय को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश मंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास को अनुसूचित मोर्चा का प्रदेश महामंत्री, नरेंद्र खरवार को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश मंत्री, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ पटेल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिम्मेदारी तथा मधु पांडेय को भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।संजय पांडेय ने कहा कि प्रदेश संगठन में जिले के कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व मिलना उनकी मेहनत, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान है। इन नियुक्तियों से जिले के हजारों कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने मोर्चों को बूथ स्तर तक मजबूत करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता और मजबूत संगठनात्मक ढांचा है। महराजगंज के पांच कार्यकर्ताओं को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलना कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रियता को मिले अवसर का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने अनुभव के आधार पर संबंधित मोर्चों को नई ऊर्जा देंगे। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं के परिश्रम, विचारधारा और समर्पण को महत्व दिया जाता है। जिले के पांच कार्यकर्ताओं को प्रदेश के विभिन्न मोर्चों में जिम्मेदारी मिलना इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन में जिले को मिले प्रतिनिधित्व से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है और संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद गुप्ता, जिला प्रभारी नरेंद्र मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अजय श्रीवास्तव, फरीदा ईरम, सरोज पांडेय, शैलेश पांडेय, जिला महामंत्री बबलू यादव, प्रभाकर द्विवेदी, मधुर सिंह, जिला मंत्री दिनेश जायसवाल, बैजनाथ पटेल, ठाकुर रौनियार, गौतम चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला सहित मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## यूपी के 2026 एग्रीगेटर नियमों के तहत रैपिडो को मिला लाइसेंस

**कानपुर।** भारत के सबसे बड़े और किफायती मोबिलिटी प्लेटफॉर्म रैपिडो (रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य परिवहन प्राधिकरण से लाइसेंस मिल गया है। यह लाइसेंस उत्तर प्रदेश मोटर व्हीकल (एग्रीगेटर और डिलीवरी सर्विसेज प्रोवाइडर) नियम, 2026 के तहत राज्य में कंपनी की यात्री और डिलीवरी सेवाओं के लिए दिया गया है। यह लाइसेंस पांच साल यानी सितंबर 2031 तक के लिए वैध है। इस लाइसेंस की मदद से रैपिडो अब उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए आधिकारिक नियमों के दायरे में रहते हुए अपनी बाइक, ऑटो-रिक्शा, कैब और डिलीवरी सेवाएं आसानी से चला सकेगा।इस उपलब्धि पर बात करते हुए रैपिडो के को-फाउंडर पवन गुंटुपल्ली ने कहा उत्तर प्रदेश हमारे लिए बाइक टैक्सी और ऑटो से लेकर कैब और डिलीवरी सेवाओं तक रैपिडो की तमाम सुविधाओं को एक साथ लाने का एक बड़ा अवसर है। यह नया लाइसेंस हमें राज्य भर के ग्राहकों और कैप्टन के साथ बनाए गए भरोसे को और मजबूत करने का मौका देता है, साथ ही सुविधाजनक और किफायती सेवाओं की पहुँच भी बढ़ाता है। हम खुश हैं कि हमारे कामकाज को राज्य के नए नियमों के तहत मान्यता मिली है, और हम उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते मोबिलिटी और डिलीवरी इकोसिस्टम में अपना योगदान बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।"उत्तर प्रदेश रैपिडो के लिए एक अहम बाजार है। फिलहाल यह प्लेटफॉर्म राज्य के 70 शहरों में मौजूद है और हर दिन लगभग 3 लाख राइड्स पूरी कर रहा है, जिसमें करीब 1 लाख 'कैप्टन' (ड्राइवर) का नेटवर्क इसके साथ जुड़ा है।

## टेन एक्स यू बना फिजिकल डिसएबिलिटी यूपी टी20 लीग के तीसरे सत्र का आधिकारिक किट पार्टनर



**कानपुर।** देश में विकसित खेल एवं सक्रिय परिधान ब्रांड टेन एक्स यू ने फिजिकल डिसएबिलिटी यूपी टी20 लीग के तीसरे सत्र के लिए आधिकारिक किट पार्टनर के रूप में हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के माध्यम से अलग-अलग क्षमताओं वाले क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने, अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और संगठित खेलों से जुड़ने के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों को बल मिलेगा।उत्तर प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित फिजिकल डिसएबिलिटी यूपी टी20 लीग का आयोजन 28 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक कानपुर स्थित टीएसएच मैदान में किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता की विषयवस्तु 'टुगेदर फॉर इंक्लूजन' रखी गई थी।प्रतियोगिता में चार टीमों–नोएडा दिव्यांग किंग्स, लखनऊ दिव्यांग फाल्कन्स, मेरठ दिव्यांग मावेरिक्स और कानपुर दिव्यांग वॉरियर्स–ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला 28 सितंबर को खेला गया, जबकि 1 अक्टूबर को फाइनल मुकाबले के साथ तीसरे सत्र का समापन हुआ।मीडिया से बातचीत में फिजिकल डिसएबिलिटी यूपी टी20 लीग के अध्यक्ष श्री आनंद कुमार गुप्ता ने लीग की पांच वर्षों की यात्रा और चार टीमों तक इसके विस्तार पर प्रकाश डाला।साझेदारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए टेन एक्स यू के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिक गुरुमूर्ति ने कहा, "टेन एक्स यू में हमारा मानना है कि खेल का आनंद हर व्यक्ति का अधिकार है। हमारी 'नेवर स्टॉप प्लेइंग ' की सोच खेलों में भागीदारी को अधिक सहज, सुलभ और समावेशी बनाने पर आधारित है।

## डियाजियो इंडिया ने बिल्कुल नया मैकडॉवेल्स नंबर 1 लॉन्च किया




**कानपुर।** डियाजियो इंडिया ने भारतीय अल्कोबेव इंडस्ट्री में सबसे महत्वपूर्ण ट्रांसफॉर्मेशन्स में से एक का अनावरण किया है। इसमें दिखाया गया है कि भारत के सबसे आइकॉनिक ब्रांड्स में से एक नई पीढ़ी के लिए किस तरह विकसित हो रहा है और व्हिस्की कैटेगरी के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। यह बदलाव केवल पारंपरिक पैकेजिंग रिफ्रेश से कहीं आगे है। इस रिइन्वेंशन में अतिरिक्त स्कॉच के साथ एक अपग्रेडेड ब्लेंड शामिल किया गया है। इस ट्रांसफॉर्मेशन पर टिप्पणी करते हुए, रुचिरा जैतली, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, डियाजियो इंडिया, ने कहा, आज का व्हिस्की ड्रिंकर वैल्यू को नए तरीके से परिभाषित कर रहा है। अब यह केवल अफोर्डेबिलिटी के बारे में नहीं है, बल्कि क्वालिटी, क्राफ्ट्समैनशिप और एक्सपीरियंस भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

## डॉव सॉफ्ट अपने सीपास बिज़नेस को बढ़ा ने लिए ला रही आईपीओ

**मुंबई।** जैसे-जैसे कंपनियाँ ग्राहकों से बातचीत के लिए कई तरह के चैनलों का इस्तेमाल कर रही हैं, 'कम्युनिकेशंस प्लेटफ़ॉर्म एज़ ए सर्विस' का दायरा पारंपरिक टेक्स्ट मैसेजिंग से आगे बढ़ रहा है। डॉव सॉफ्ट लिमिटेड कई तरह के कम्युनिकेशन चैनलों के ज़रिए इस क्षेत्र में काम करती है और अब अपने एसएमइ आईपीओ के ज़रिए पूंजी जुटा रही है। यह इश्यू सोमवार, 5 अक्टूबर को बंद होगा। मुंबई में हेडक्वार्टर वाली यह कंपनी अपने आईपीओ के ज़रिए 73.26 करोड़ जुटा रही है। इसमें 53.28 लाख शेयरों का नया इश्यू और 12.72 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। इसके लिए प्राइस बैंड 104–111 प्रति शेयर तय किया गया है और कंपनी बीएसइ एसएमई प्लेटफ़ॉर्म पर लिस्ट होने की योजना बना रही है।डॉव सॉफ्ट का सीपास बिज़नेस डॉव सॉफ्ट एसएमएस, आरसीएस, व्हाट्सएप, वॉइस, ईमेल और दूसरे डिजिटल चैनलों के ज़रिए काम करती है और कंपनियों को कस्टमर कम्युनिकेशन के लिए एक इंटीग्रेटेड प्लेटफ़ॉर्म देती है। इसकी टेक्नोलॉजी क्षमताओं में एआई -इनेबल्ड ऑटोमेशन, वर्कफ़्लो-बेस्ड एंगेजमेंट, इंटेलिजेंट चैनल सिलेक्शन और रियल-टाइम एनालिटिक्स शामिल हैं।

## सितंबर, 2026 में सालाना आधार पर 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ त्योहारी सीजन से पहले घरेलू मोर्चे पर निसान मोटर इंडिया की बिक्री में दिखी तेजी




**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज सितंबर, 2026 में कुल 10,025 यूनिट की होलसेल बिक्री का एलान किया। इनमें से घरेलू बाजार में 3,300 और निर्यात बाजार में 6,725 यूनिट्स की बिक्री हुई। बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में बिक्री में जबर्दस्त तेजी दर्ज की। घरेलू बाजार में सितंबर, 2025 में 1,652 यूनिट्स की तुलना में सितंबर, 2026 में सालाना आधार पर 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नई निसान टेक्टॉन, मैग्नाइट और ग्रेवाइट के साथ निसान के बढ़ते एसयूवी पोर्टफोलियो को लेकर ग्राहकों की ओर से मजबूत मांग और लगातार बढ़ते डीलर नेटवर्क से यह बेहतरीन प्रदर्शन संभव हुआ है। घरेलू बाजार में लगातार तेजी से निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की लगातार बढ़ती स्वीकार्यता और भारतीय बाजार को लेकर कंपनी की विशिष्ट रणनीति की झलक दिखती है। अपने विशिष्ट प्रोडक्ट पोर्टफोलियो, शानदार ऑनरशिप एक्सपीरियंस और पूरे भारत में डीलर नेटवर्क के विस्तार के माध्यम से निसान लगातार ग्राहकों तक अपनी पहुंच को मजबूत कर रही है। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'सितंबर में घरेलू बाजार में हमारी बिक्री सालाना आधार पर करीब दोगुनी हो गई।

## बिग 5 ग्लोबल सम्मेलन, दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 23 से 26 नवंबर, 2026 तक आयोजित होगा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में निर्माण और शहरी विकास के लिए सबसे प्रभावशाली सम्मेलन बिग 5 ग्लोबल, दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 23 से 26 नवंबर, 2026 तक फिर से आयोजित हो रहा है। इसे यूएई के ऊर्जा एवं बुनियादी ढांचा मंत्रालय, अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्रालय और दुबई सिविल डिफेंस के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अपने 47वें संस्करण के साथ यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब इस क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की वजह से कुशल डिलीवरी, टेक्नोलॉजी को अपनाने, टिकाऊ विकास और भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं की मांग बढ़ रही है। इस साल यह आयोजन चार मुख्य प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है- सप्लाई चेन की मजबूती, टेक्नोलॉजी उन्नयन, टिकाऊ बदलाव और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल । ये प्राथमिकताएं इस क्षेत्र की उभरती निर्मित जरूरतों को दर्शाते हैं। सरकार के नेतृत्व वाले आर्थिक बदलाव के कार्यक्रम जैसे वी दि यूएई 2031, सऊदी विजन 2030, न्यू कुवैत 2035 और ओमान विजन 2040 के साथ ही मीसा (मिडिल ईस्ट, अफ्रीका एवं दक्षिण एशिया) में शहरीकरण और ढांचागत विकास दीर्घकालीन निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे निर्माण मूल्य श्रृंखला में उत्पादों, टेक्नोलॉजीज़ और विशेषज्ञता की लगातार मांग पैदा हो रही है। इससे निर्माण सामग्री, एचवीएसीआर, निर्माण टूल्स, एमईपी, इंटीरियर्स और फिनिशेस जैसे क्षेत्रों में उत्पादों और सॉल्यूशंस की लगातार मांग बनी रहती है।

## अमेज़न पूरे भारत में 50 नए 'आश्रय' रेस्ट सेंटर बनाएगा

**बेंगलुरु।** त्योहारों के सीज़न से पहले, अमेज़न इंडिया ने आज देशभर में 50 नए आश्रय केंद्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की। इस विस्तार के साथ आश्रय केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 200 हो जाएगी और अमेज़न 2026 के अंत तक 250 केंद्रों तक पहुंचने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कंपनी ने अपनी मोबाइल आश्रय वैन सेवा के बेंगलुरु तक विस्तार की भी घोषणा की। दिल्ली एनसीआर, मुंबई और हैदराबाद के बाद बेंगलुरु इस सुविधा वाला चौथा शहर बन गया है। बेंगलुरु में दो मोबाइल आश्रय वैन को अमेज़न के वाइस प्रेसिडेंट, एम्प्लॉयी एक्सपीरियंस एंड रिलेशंस, सैंडी गॉर्डन और नॉर्थ अमेरिका (एनए) एम्प्लॉयी रिलेशंस (ईआर) के वाइस प्रेसिडेंट, ब्रेंडन ब्रैनन की उपस्थिति में रवाना किया गया।"त्योहारों के सीज़न के दौरान डिलीवरी में तेज़ वृद्धि होने के साथ, यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि पूरे उद्योग के ड्राइवरों को अपने मार्गों पर विश्राम की सुविधा उपलब्ध हो। आश्रय की शुरुआत एक सरल विचार के साथ की गई थी कि हर डिलीवरी ड्राइवर, चाहे वह अमेज़न के लिए डिलीवरी करता हो या नहीं, अपने कार्यदिवस के दौरान आराम करने के लिए एक स्वच्छ और ठंडी जगह का हकदार है। 200 केंद्रों तक विस्तार और अधिक शहरों में मोबाइल वैन की शुरुआत का अर्थ है कि हम अधिक शहरों में अधिक ड्राइवरों तक पहुंच सकेंगे, ठीक उस समय जब उन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

## अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 8 अक्टूबर से

बहुप्रतीक्षित अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरुआत 8 अक्टूबर से हो रही है, जो ग्राहकों के लिए प्रमुख ब्रांडों के स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम व किचन, दैनिक जरूरतों और अन्य विस्तृत श्रेणियों में शानदार डील्स लेकर आ रहा है। ग्राहक देश भर में तेज़ और सुविधाजनक डिलीवरी के साथ-साथ साल की सबसे कम कीमतों और शानदार डील्स के साथ अपनी त्योहारी ज़रूरतों की खरीदारी कर सकते हैं।सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट, अमेज़न इंडिया ने कहा कि इस अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में लाखों सेलर्स और सैमसंग, एप्पल, सोनी, एलजी, शाओमी, नाइकी और लोरियल पेरिस सहित प्रमुख ब्रांड्स लाखों प्रोडक्ट्स पर ग्राहकों के लिए साल की सबसे कम कीमतें ला रहे हैं। ग्राहक 10% इंस्टेंट एसबीआई बैंक डिस्काउंट, अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक, कूपन्स, नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर्स और प्राइम मेंबर्स के लिए अतिरिक्त बचत के साथ और भी अधिक लाभ उठा सकते हैं। यह डिलीवरी के मामले में हमारा अब तक का सबसे तेज़ अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल होगा, खासकर प्राइम मेंबर्स के लिए। हमारे पास अमेज़न नाउ के ज़रिए कुछ ही मिनटों में डिलीवर होने वाले हज़ारों प्रोडक्ट्स हैं, सेम-डे डिलीवर होने वाले 10 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स का बड़ा चयन है, नेक्स्ट-डे डिलीवर होने वाले 40 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स हैं और अनलिमिटेड फ्री प्राइम डिलीवरी वाले लाखों अन्य प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 'एस्पायर' स्टार्टअप्स के लिए डीप टेक इन्नोवेशन, बाजार पहुंच और निवेशक से जुड़ने को गति देगा




**नई दिल्ली।** एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 अपने स्टार्टअप एजेंडा के केंद्र में डीप टेक और फ्रंटियर इन्नोवेश को रखेगा। इसके लिए वह अपने मुख्य स्टार्टअप प्लेटफॉर्म 'एस्पायर' का इस्तेमाल करेगा जिसका उद्देश्य उभरती हुई कंपनियों को प्रोटोटाइप से आगे बढ़कर बाजार के अवसरों, निवेश और व्यापक स्तर पर विस्तार की ओर बढ़ने में मदद करना है। अपने ऐतिहासिक 10वें संस्करण में आईएमसी स्टार्टअप्स, निवेशकों, उद्योगपतियों और इकोसिस्टम को बढ़ावा देने वालों को एक साथ लाएगा और डीप-टेक इन्नोवेशन, बाजार तक पहुंच, निवेशक-स्टार्टअप जुड़ाव और गाइडेट इनवेस्टर टूर पर खास जोर देगा। दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2026 का आयोजन नई दिल्ली के यशोभूमि कनवेंशन सेंटर में 7-10 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। टेलीकॉम सेंटर्स ऑफ एक्सिलेंस इंडिया (टीसीओई इंडिया) और टीआईई दिल्ली-एनसीआर के सहयोग से एस्पायर में 300 से अधिक वेंचर कैपिटल फर्मों, एंजेल नेटवर्कों, इनक्यूबेटर्स और कॉरपोरेट इन्नोवेशन फर्मों के साथ 500 से अधिक स्टार्टअप्स और एमएसएमई के आने की संभावना है। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक खास तौर पर आयोजित स्टार्टअप और निवेशक के बीच आमने सामने की बैठकें होने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय पुस्तक मेले में शैलेन्द्र जसराज की दो पुस्तकों का लोकार्पण




**लखनऊ।** राष्ट्रीय पुस्तक मेला-2026 के तहत बलरामपुर गार्डन के मुख्य मंच पर शुक्रवार को साहित्यकार शैलेन्द्र जसराज की दो पुस्तकों 'कोई गीत सुबह के गाता है' और 'कहानी फिर कभी' का लोकार्पण हुआ। दोनों पुस्तकों का लोकार्पण लखनऊ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. मुरली मनोहर वर्मा और केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. विजय नारायण तिवारी ने किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र जसराज ने कहा कि जीवन के सुख-दुःख की सहज अनुभूति और संवेदनशील अभिव्यक्ति ही लेखन का मूल आधार है। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद को अपना प्रमुख प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में कथाकार डॉ. रजनी गुप्त, पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ. जी. एन. खन्ना, वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विमल श्रीवास्तव सहित साहित्य, शिक्षा और चिकित्सा जगत की हस्तियां मौजूद रहीं। 'कोई गीत सुबह के गाता है' काव्य संग्रह है, जबकि 'कहानी फिर कभी' में मानवीय जीवन के विभिन्न पक्षों को कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। लेखक की पत्नी प्रतिमा श्रीवास्तव तथा पुत्र इंजी. गौरव श्रीवास्तव और डॉ. देवाशीष श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सितंबर में 28,218 वाहनों की बिक्री दर्ज की

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM) ने सितंबर 2026 की बिक्री के आंकड़े जारी किए हैं। कंपनी ने इस दौरान कुल 28,218 यूनिट वाहनों की बिक्री की। इनमें 25,027 यूनिट घरेलू बाजार में बिकीं, जबकि 3,191 यूनिट का निर्यात किया गया।कैलेंडर वर्ष 2026 में जनवरी से सितंबर तक कंपनी की कुल बिक्री 2,94,914 यूनिट रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में दर्ज 2,72,824 यूनिट की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि है।कंपनी के मुताबिक, जनवरी से सितंबर 2026 के दौरान घरेलू बाजार में 2,69,619 यूनिट की बिक्री हुई, जबकि 25,295 यूनिट वाहनों का निर्यात किया गया। घरेलू बाजार में मजबूत प्रदर्शन ने कंपनी की कुल बिक्री वृद्धि को समर्थन दिया बिक्री प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस) सबरी मनोहर ने कहा कि सितंबर में विभिन्न सेगमेंट में ग्राहकों की रुचि बनी रही। उन्होंने कहा कि कंपनी गुणवत्ता, टिकाऊपन और विश्वसनीयता पर लगातार ध्यान दे रही है।उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ कंपनी ग्राहक जुड़ाव को और मजबूत करने तथा डीलर पार्टनर्स के साथ मिलकर ग्राहकों को बेहतर मोबिलिटी अनुभव उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## पुलिस लाइन में बापू व पूर्व पीएम को दी गयी श्रद्धांजलि

**औरैया।** शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता, अखंडता, शांति एवं सद्भाव बनाए रखने तथा सत्य एवं अहिंसा के मूल्यों को अपने आचरण में अपनाने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत पुलिस लाइन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# डियाजियो इंडिया ने बिल्कुल नया मैकडॉवेल्स नंबर 1 लॉन्च किया




भास्कर ब्यूरो

**कानपुर।** डियाजियो इंडिया ने भारतीय अल्कोबेव इंडस्ट्री में सबसे महत्वपूर्ण ट्रांसफॉर्मेशन्स में से एक का अनावरण किया है। इसमें दिखाया गया है कि भारत के सबसे आइकॉनिक ब्रांड्स में से एक नई पीढ़ी के लिए किस तरह विकसित हो रहा है और व्हिस्की कैटेगरी के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। यह बदलाव केवल पारंपरिक पैकेजिंग रिफ्रेश से कहीं आगे है। इस रिइन्वेंशन में अतिरिक्त स्कॉच के साथ एक अपग्रेडेड ब्लेंड शामिल किया गया है। इस ट्रांसफॉर्मेशन पर टिप्पणी करते हुए, रुचिरा जैतली, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, डियाजियो इंडिया, ने कहा, आज का व्हिस्की ड्रिंकर वैल्यू को नए तरीके से परिभाषित कर रहा है। अब यह केवल अफोर्डेबिलिटी के बारे में नहीं है, बल्कि क्वालिटी, क्राफ्ट्समैनशिप और एक्सपीरियंस भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

## रामलीला की तैयारियो को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**चुनार, मीरजापुर।** श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में शुक्रवार की रात नगर में शनिवार से शुरू होने वाली इक्कीस दिवसीय रामलीला मंचन के तैयारी की समीक्षा एवं मुकुट पूजन की व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित हुई।इस दौरान होने वाली रामलीला को सकुशल संपन्न कराने के लिए समिति से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि शनिवार को रात आठ बजे क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह मुकुट पूजन कर रामलीला का शुभारंभ करेंगें।बैठक के दौरान संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, महामंत्री संजय साहू, चन्द्रहास गुप्ता, सौरभ पुजारी, कलाधर चतुर्वेदी, बह्मनंद कुशवाहा, अविनाश अग्रवाल, रामआसरे दास, पवन जायसवाल, करतार, राजकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश की सबसे अधिक सोलर इंस्टॉलेशन करने वाली कंपनी ग्रीनशाइन सोलर



उत्तर प्रदेश में सोलर इंडस्ट्री की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रीनशाइन सोलर के फाउंडर एवं एमडी उत्कर्ष अवस्थी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में काम करने का सबसे बड़ा फायदा स्थानीय बाजार और लोगों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझ पाना है। स्थानीय होने के कारण उन्होंने प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और ग्राहकों की समस्याओं को समझते हुए यहीं से अपने कारोबार की शुरुआत की। उत्कर्ष अवस्थी के मुताबिक, प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत यूपीनेडा (UPNE-DA) में करीब 8,000 वेंडर पंजीकृत हैं। उत्कर्ष का कहना है कि इतने पंजीकृत वेंडरों के बीच भी ग्रीनशाइन सोलर उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सोलर इंस्टॉलेशन करने वाली कंपनी है। कंपनी की रणनीति में कस्टमर-टू-कस्टमर रेफरल को महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। उनका कहना है कि यदि ग्राहक का भरोसा जीत लिया जाए तो वह अपने संपर्कों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने में मदद करता है।

**सब्सिडी घटने पर भी सोलर की मांग बनी रहने की उम्मीद :** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी को लेकर अवस्थी का कहना है कि ग्राहकों ने सोलर के फायदे को समझ लिया है। अब नए घरों के साथ-साथ होटल और कैफे जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी सोलर लगाने को लेकर रुचि दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सब्सिडी मुख्य रूप से घरेलू ग्राहकों के लिए है, जबकि कमर्शियल ग्राहकों को सब्सिडी नहीं मिलती। इसके बावजूद कमर्शियल क्षेत्र में भी सोलर को लेकर अच्छी-खासी पूछताछ देखने को मिल रही है।

**उपकरणों की शॉर्टेज से निपटने के लिए पहले से तैयारी :** सोलर उपकरणों की संभावित शॉर्टेज के बीच कंपनी ने पहले से स्टॉक की तैयारी कर रखी थी। अवस्थी ने बताया कि कंपनी करीब 1,000 ग्राहकों का बैकअप लेकर चलती है और इस बार जनवरी से ही स्टॉक करना शुरू कर दिया गया था। उनके अनुसार अप्रैल से जुलाई के दौरान रहे शॉर्टेज पीरियड में कंपनी को किसी बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

**हाईराइज बिल्डिंग में भी सोलर लगाने की सुविधा :** हाईराइज बिल्डिंग में रहने वाले लोगों के लिए अपनी निजी छत होना जरूरी नहीं है। अवस्थी के अनुसार, ऐसी प्रॉपर्टी और बिल्डिंग के लिए आरडब्ल्यूए के माध्यम से कॉमन एरिया के लिए अलग व्यवस्था और सब्सिडी का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि कॉमन एरिया के लिए बड़े स्तर पर सोलर क्षमता स्थापित की जा सकती है।

**सोलर पैनल के रखरखाव का खर्च कम :** सोलर सिस्टम की मेंटेनेंस कॉस्ट को लेकर अवस्थी ने कहा कि मौजूदा समय में पैनल की नियमित सफाई ही मुख्य रखरखाव है। पैनलों को पानी से साफ किया जा सकता है, जिससे रखरखाव पर अधिक खर्च नहीं आता।

**बारिश और सर्दियों में भी जारी रहती है बिजली उत्पादन :** बारिश या सर्दियों के दौरान धूप कम होने पर सोलर सिस्टम का उत्पादन कुछ कम हो सकता है, लेकिन उत्पादन पूरी तरह बंद नहीं होता। अवस्थी के अनुसार, ऐसे मौसम में जनरेशन में कमी आती है, लेकिन सोलर सिस्टम से बिजली का उत्पादन जारी रहता है।

# जिला अस्पताल में ओएसटी सेंटर शुरू

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में इंजेक्शन के जरिए मादक पदार्थों का सेवन करने वाले लोगों को उपचार से जोड़ने के लिए नॉन-एचआर ओएसटी (ओपिओइड सब्स्टीट्यूशन थेरेपी) सेंटर शुरू किया गया है। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी के मार्गदर्शन में एमवी मनोरोग विभाग के तहत संचालित इस केंद्र पर पात्र लाभार्थियों को नियमित दवा के साथ चिकित्सकीय परामर्श और उपचार की सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसके शुक्ला ने केंद्र का शुभारंभ किया। सीएमएस ने बताया कि सेंटर का उद्देश्य इंजेक्शन के माध्यम से नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले लोगों को उपचार की नियमित व्यवस्था से जोड़ना है। यहां लाभार्थियों को ओपिओइड सब्स्टीट्यूशन थेरेपी के तहत चिकित्सकीय निगरानी में दवा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि ओएसटी के जरिए नशे पर निर्भर लोगों को उपचार से जोड़े रखने के साथ इंजेक्शन से नशा करने की प्रवृत्ति को कम करने का प्रयास किया जाएगा।


### सूचना

आधार कार्ड व पैनकार्ड में मेरा नाम रुखशाद अहमद शेख तथा पिता का नाम मोहम्मद इद्रीश शेख है, जबकि पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम रुखशाद अहमद तथा पिता का नाम मो0 इद्रीश लिखा है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम रुखशाद अहमद शेख तथा पिता का नाम मोहम्मद इद्रीश शेख होना चाहिये।

**रुखशाद अहमद शेख**
**ग्राम-गण्डाही, थाना- कटरा बाजार, जिला- गोण्डा।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट R7790809 में त्रुटिपूर्ण मेरा नाम MOHAMMAD KALIM KHAN अंकित हो गया है एव मेरी पत्नी का नाम RAZIYA BANO अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम KALIM KHAN एव मेरी पत्नी का सही नाम SHABANA KALIM KHAN है अतः दोनो को इसी नाम से पढ़ा व समझ जाए।

**KALIM KHAN S/O HAMIDULLAH KHAN NARAHAR GONDA LAKKHA BAUNDI MAHSI BAHRAICH**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी भी प्रकार के विज्ञापन में प्रकाशित किसी सूचना, उत्पाद या सेवा की सत्यता, तथ्य व गुणवत्ता के बारे में पूरी तरह जाँच पड़ताल स्वयं कर लें। यह समाचार पत्र किसी भी विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे, दी गई सूचना या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी विज्ञापन की सत्यता की पुष्टि हेतु पाठकों को सावधान किया जाता है। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

### कार्यालय सचिव, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी

संख्या : 2113/दे0स0-ई-निविदा सूचना दिनांक : 02 अक्टूबर, 2026

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

देवा मेला-2026 दिनांक 27.10.2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 05.11.2026 को समाप्त होगा। इस अवधि में टेन्टेज व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं झूला (इन्टरटेनमेन्ट) कार्य हेतु फर्मों / संस्थाओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म/संस्था द्वारा उपरोक्त पृथक-पृथक कार्यों हेतु ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.10.2026 को सायं 5:00 बजे से 09.10.2026 सायं 6:00 बजे तक टेन्टेज व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था हेतु अपनी न्यूनतम दरें एवं झूला (इन्टरटेनमेन्ट स्थल सेक्टर-6) हेतु अधिकतम धनराशि अपलोड की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण नियम व शर्तें उपरोक्त वेबसाइट पर 02.10.2026 को सायं 5:00 बजे से देखी जा सकती है। अपूर्ण एवं शर्तयुक्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त सभी निविदाएं, कार्यालय जिलाधिकारी, बाराबंकी (ई-डिस्ट्रिक मैनेजर कक्ष) में दिनांक 10.10.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोली जाएंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार जिलाधिकारी/अध्यक्ष, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी में निहित होगा। विस्तृत जानकारी कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, (कलेक्ट्रेट परिसर) बाराबंकी, से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव**
**देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी।**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला

पत्रांक : 890/न0पा0/क0वि0-अन्त0/2026-27 दिनांक : 01.10.2026

**सार्वजनिक नोटिस न0पा0 अधि0 1916 की धारा-147 के अन्तर्गत**

निम्नलिखित सूची के कालम-3 में अंकित भवन/भूखण्डों स्वामियों के स्थान पर कालम-4 में अंकित व्यक्तियों ने अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करवाने हेतु बैनामा/दानपत्र/उत्तराधिकारी/अन्य पंजीकृत अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में सर्व साधारण अथवा उन व्यक्तियों से जिन पर इसका प्रभाव पड़ता है, से 30 दिन के अन्दर आपत्तियों/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। यह भी अवगत कराया जाता है कि सम्बन्धित पत्रावली यदि किसी व्यक्ति को देखना चाहें तो वह देख सकता है तथा युक्तियुक्त अभिलेखों की छायाप्रतियों सहित आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। यह भी सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित भवनों पर अलग से भी नोटिस चस्पा करवा दी गयी है। नियत समय वाद प्राप्त आपत्तियों आदि पर विचार सम्भव न होगा।

| क्र0 सं0 | वार्ड/ म.नं. | वर्तमान भवन/भू-स्वामी का नाम | जिसके नाम सम्पत्ति बतौर स्वामी दर्ज की जानी है। |
|---|---|---|---|
| 1 | 2/301 | श्री जगदीश प्रसाद | श्री संकल्प गुप्ता व विवेक कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 जगदीश प्रसाद गुप्ता |
| 2 | 2/321 | श्री राजकुमारी गुप्ता पत्नी जगदीश प्रसाद गुप्ता | श्री संकल्प गुप्ता व विवेक कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 जगदीश प्रसाद गुप्ता |
| 3 | 2/613 | श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र रामनरायन गुप्ता | श्री संकल्प गुप्ता व विवेक स्व0 जगदीश प्रसाद गुप्ता |
| 4 | 3/758 | श्री विजेन्द्र सिंह पुत्र वीरबहादुर सिंह | श्रीमती बीना सोनी पत्नी अनिल सोनी |
| 5 | 6/762 | (श्री अखिलेश कुमार पुत्र रामऔतार-यथावत) कमला देवी पत्नी राम औतार | श्री अखिलेश कुमार पुत्र स्व० रामऔतार |
| 6 | 6/895 | श्रीमती सरोजनी देवी श्रीवास्तव पत्नी शान्तीराम श्रीवास्तव | श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र शान्तीराम श्रीवास्तव |
| 7 | 7/55 | श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्यामलाल-यथावत | मोहम्मद अफजाल पुत्र स्व0 मो0 इशहाक |
| 8 | 8/96 | श्री सईदुर रहमान पुत्र रमजान अली | श्री मो0 सरताज पुत्र नबी हसन |
| 9 | 9/359 | श्री राजेश द्विवेदी पुत्र रमेश | श्री पूनम द्विवेदी पुत्र स्व0 राजेश कुमार |
| 10 | 9/94 | श्रीमती दुर्गा देवी शुक्ला पत्नी रमेश शुक्ला | श्रीमती रेनू तिवारी पत्नी अजय तिवारी |
| 11 | 10/140 | श्री रमेश पुत्र भगवादीन | श्री राजन, राहुल, रवि पुत्रगण रमेश |
| 12 | 10/173 | श्री समशुल पुत्र नाजिम | श्रीमती फिरदौस जहां पत्नी हसीन अहमद |
| 13 | 10/621 | श्री हफीज उद्दीन पुत्र निजामुद्दीन | श्री अतहर अली पुत्र हशमत अली |
| 14 | 11/479 | श्रीमती सिन्धु गुप्ता पत्नी अनिल कुमार, कोमल, आंचल पुत्री अनिल कुमार | ऋषभ जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल |
| 15 | 13/68A | श्री सईद अहमद पुत्र मो0 हाजी युसुफ | श्रीमती शिल्पी देवी पत्नी गौतम |
| 16 | 14/335 | श्री शादाब खान पुत्र शमशाद खां | श्रीमती ताहिरा पत्नी वहीद अहमद |
| 17 | 14/239 | श्री अब्दुल समद | श्री अब्दुल रज्जाक पुत्र अब्दुल समद |
| 18 | 16/176 | श्री महेश पुत्र भोला | श्री सुमित रस्तोगी, अमित रस्तोगी पुत्रगण महेश चन्द्र रस्तोगी |
| 19 | 17/484 A/1 | श्रीमती रामदेवी उर्फ विनोद कुमारी पत्नी महेश प्रसाद | श्री मीरा देवी पुत्री महेश प्रसाद पत्नी संजीव कुमार |
| 20 | 17/517 | श्री रघुराज सिंह पुत्र प्रमोद सिंह | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र रघुराज सिंह |
| 21 | 22/219 | श्री गुरूलाल बहादुर मुंशी पुत्र दूबर | श्री अब्दुल मुईज पुत्र शाकिर अली |
| 22 | 22/2621 | श्री कैलाश पुत्र बद्री | श्री भगवानदेई पत्नी स्व0 कैलाश |
| 23 | 24/570 | (श्री दिनेश कुमार, राजकुमार, संजय कुमार-यथावत) अनिल कुमार पुत्र कैलाश नाथ | श्री मोहित विश्वकर्मा पुत्र अनिल कुमार |
| 24 | 25/22 | श्री राजेन्द्र नाथ टण्डन (शैलेन्द्र नाथ टण्डन यथावत) पुत्र विशम्भर नाथ टण्डन | श्री सना बानो पत्नी अतीक अहमद अंसारी |

**(अनरूद्ध कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सण्डीला**

**(मो0 रईस अन्सारी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सण्डीला**

संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए प्रकाशक मनीष कुमार अवस्थी व मुद्रक कपिल कुमार सेठी द्वारा इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लाट नम्बर बी-5, कानपुर रोड, अमौसी औद्योगिक क्षेत्र, लखनऊ (उ.प्र.-226001) लखनऊ से मुद्रित एवं सी-281, साउथ सिटी, रायबरेली रोड, लखनऊ (उ.प्र. 226025) से प्रकाशित, **सम्पादक मनीष कुमार अवस्थी*** (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।
**वेबसाइट :** dainikbhaskarup.com, **E-mail :** khabardainikbhaskar@gmail.com,, पीआरजीआई रजि. नं. UPHIN/2016/71007, संपादकीय कार्यालय : 103, उतरौला हाउस, राजाराम मोहन रॉय मार्ग, निकट कृषि भवन, लखनऊ- संपर्क सूत्र : 0522-4004583

# डीआइजी का फेसबुक अकाउंट हैक करने वाला राजस्थान में धरा गया

**गोंडा, (भास्कर ब्यूरो)।** डीआइजी देवीपाटन मंडल अशोक कुमार शुक्ल की फेसबुक आइडी को अज्ञात व्यक्ति ने हैक कर लिया, घटना की रिपोर्ट डीआइजी ने नगर कोतवाली में दर्ज कराया जिसकी विवेचना दारोगा संदीप कुमार को सौंपी गयी। पुलिस टीम ने साक्ष्यों व संलिप्त संदिग्धों के संबंध में जानकारी जुटायी। पुलिस टीम ने ताफीक खान पुत्र रूदार खान निवासी छोटा भाई का बास, टेकडा, अलवर, राजस्थान को यहां लाकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि अपने सहयोगी राहुल खान, रिहान खान के साथ मिलकर इलेक्ट्रानिक उपकरणों उपयोग कर कूटरचित पहचान पत्र तैयार किया। धोखाधडी व जालसाजी कर व्यक्तिगत लाभ ठगी करने के लिए आइडी हैक की गयी। पडताल में मिली जानकारी के तहत कई धाराओं की



बढ़ोत्तरी की गयी। पकडे गये आरोपी त्तौफीक को न्यायालय रवाना किया।

पुलिस टीम में दारोगा संदीप कुमार चौकी प्रभारी सोनी गुमटी, दीवान विनोद कुमार यादव शामिल रहे। दो अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। डीआइजी की पफेस बुक आइडी हैक होने से पुलिस महकमा मो हडकंप मच गया और घटना की खुलासा से नगर पुलिस ने राहत की सांस ली। एसपी अभिषेक ने पुलिस कार्रवाई पर संतोष जताया। सीओ योगेंद्र सिंह ने टीम का नेतृत्व किया।

# डॉक्टर और तीमारदार के बीच विवाद, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

भास्कर ब्यूरो

**धानेपुर, गोंडा।** धानेपुर थाना क्षेत्र के अलावल देवरिया में सरयू नहर किनारे संचालित मेड लाइफ हॉस्पिटल में डॉक्टर और तीमारदार के बीच हुआ विवाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में हॉस्पिटल संचालक अनिल ओझा और अस्पताल में इलाज कराने आए वेद प्रकाश तिवारी की ओर से थाने में शिकायती पत्र दिया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अलग-अलग आरोप लगाए हैं।

बलरामपुर जिले के रेहरा थाना क्षेत्र के शेरगंज ग्रंट निवासी वेद प्रकाश तिवारी का आरोप है कि वह 30 सितंबर की शाम करीब चार बजे हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। उनका कहना है कि एक अक्टूबर की सुबह डॉक्टर ने इलाज के रुपये जमा कराने के साथ मरीज को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने की बात कही। इसी दौरान वेद प्रकाश के भांजे से कहासुनी हो गई, जिसके बाद विवाद उत्पन्न हो गया।

हॉस्पिटल संचालक अनिल ओझा ने अपने पक्ष में बताया कि वेद प्रकाश को भर्ती करने के बाद उनका उपचार शुरू किया गया। उनकी जांच रिपोर्ट का अध्ययन करने पर संक्रमण समेत अन्य गंभीर बीमारी की जानकारी हुई। हॉस्पिटल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के अनुसार उपचार देने के बाद अगले दिन उन्हें बेहतर उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई।

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच करेगी, दोषी पर होगी नियमानुसार कार्रवाई**

अनिल ओझा का आरोप है कि संक्रमण जैसी गंभीर बीमारी को देखते हुए चिकित्सकीय सावधानी के तहत नर्सों और अन्य स्टाफ द्वारा ग्लव्स आदि सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसी दौरान मरीज के भांजे ने एक नर्स पर कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी की। इस पर आपत्ति जताने के बाद उसने हॉस्पिटल सील कराने समेत कई तरह की धमकियां देते हुए विवाद शुरू कर दिया। उनके अनुसार, हॉस्पिटल में शोरगुल सुनकर अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। विवाद बढ़ने से रोकने के लिए बीच.बचाव के दौरान धक्का.मुक्की हुई। हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड होने की बात भी संचालक ने कही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हॉस्पिटल को बदनाम करने की नीयत से पुराने मामले को जोड़कर मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं। वेद प्रकाश द्वारा मीडिया में दिए गए अलग बयानों से उनकी मंशा अस्पष्ट होती है वेद प्रकाश तिवारी अपने एक बयान में बताते हैं कि हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा तीन हजार रुपए ट्रांसफर लिए गए जबकि दूसरे वीडियो में उन्होंने तीस हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है।

फिलहाल क्षेत्राधिकारी अभिषेक दवाच्याँ ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से थाने पर शिकायती पत्र दिया गया है। सत्यता की जांच के लिए पुलिस हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालेगी। जांच में जो पक्ष दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बलरामपुर में नवजात बच्ची को धान के खेत में मरने के लिए छोड़ा, मां व नानी गिरफ्तार

## बलरामपुर में नवजातों को फेंकने की घटनाओं के बीच पुलिस की बड़ी कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो

**बलरामपुर।** जिले में नवजात बच्चों को लावारिस हालत में छोड़ने की सामने आ रही घटनाओं के बीच बलरामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में धान के खेत में मरने के लिए छोड़ी गई नवजात बच्ची के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए उसकी मां और नानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने लोक-लाज के डर से नवजात को निर्जन स्थान पर छोड़ दिया था। मामले में महिला के रिश्तेदार बहनोई साजन की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह के नेतृत्व में की गई। पिछले कुछ दिनों में जिले के अलग-अलग इलाकों में नवजात बच्चों को छोड़ने की कई घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई को अहम माना जा रहा है।



**धान के खेत में मिली थी बच्ची :** 17 सितंबर की सुबह करीब 5:25 बजे ग्राम किठुरा के धान के खेत में सफेद कपड़े में लिपटी करीब एक दिन की नवजात बच्ची मिली थी। सूचना पर पीआरवी-5455 मौके पर पहुंची। बच्ची की हालत बेहद खराब थी और उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। पीआरवी कमांडर कांस्टेबल सुशांत तिवारी और पायलट होमगार्ड विजय सिंह ने बच्ची को खेत से निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया। संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में बच्ची का उपचार कराया गया। समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। वर्तमान में बच्ची सुरक्षित बताई जा रही है।

**ग्रामीणों के बयान से जुड़ी जांच की कड़ी :** मामले में ग्राम चौकीदार राममिलन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। तहरीर में बताया गया कि गांव की एक युवती गर्भवती थी और पिछले एक-दो महीने से गांव में नहीं रह रही थी। 16 सितंबर की रात ग्रामीणों ने युवती और उसकी मां को नवजात के साथ घर जाते देखा था। पूछने पर दोनों ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद युवती गर्भवती नहीं दिखी और उसके घर में भी नवजात नहीं मिली। पुलिस ने इसी आधार पर जांच आगे बढ़ाई और मुकदमा अपराध संख्या 105/2026 में बीएनएस की धारा 93/109 के तहत कार्रवाई शुरू की।

**पूछताछ में मां और नानी ने कबूला अपराध :** एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह के निर्देश पर एएसपी विशाल पाण्डेय और सीओ उतरौला डॉ. जितेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल की टीम ने जांच की। 2 अक्टूबर को नामजद महिलाओं को पूछताछ के लिए बुलाया गया। पुलिस के अनुसार, कड़ाई से पूछताछ के बाद दोनों ने नवजात को मरने के लिए छोड़ने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक, घटना के पीछे लोक-लाज का डर सामने आया है। मामले में शामिल बताए जा रहे रिश्तेदार बहनोई साजन की तलाश जारी है। गिरफ्तार मां और नानी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# महिला का शव फंदे से लटका मिला

भास्कर ब्यूरो

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के खींचा का पुरवा (गंगेव) गांव में गुरुवार देर रात महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। छह माह के बेटे के रोने पर जागी आठ वर्षीय बेटी ने मां को फंदे पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। वह घबराकर नीचे पहुंची और चाचा को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। शुक्रवार को पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निवासी रेखा यादव (29) पत्नी संदीप यादव गुरुवार रात भोजन करने के बाद तीनों बच्चों के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सोने चली गई थीं। रात करीब 12:30 बजे उनका छह माह का बेटा अभिनंदन रोने लगा। पास में सो रही आठ वर्षीय बेटी काव्या की नींद खुली तो उसने मां को कमरे की छत में लगे हुक से कपड़े के सहारे लटका देखा। मां को फंदे पर देख काव्या घबरा गई और दूसरी मंजिल से नीचे उतरकर अपने चाचा सोनू को जानकारी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही सोनू और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सोनू ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। करीब एक बजे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि रेखा की शादी वर्ष 2017-18 में संदीप यादव के साथ हुई थी। उनका मायका गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर (अहिरन का पुरवा) गांव में है। पिता का नाम रामजनक बताया गया है। रेखा के तीन बच्चे हैं। इनमें काव्या करीब आठ वर्ष, मान्या करीब चार वर्ष और अभिनंदन छह माह का है। ग्रामीणों के अनुसार रेखा का परिवार से अलग रहना बताया जा रहा है। पति संदीप यादव, ससुर भरत लाल यादव, सास और जेठ प्रदीप यादव शहर में रहते हैं, जबकि गांव में देवर सोनू के रहने की बात सामने आई है। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## सारसुर्खियां

### छात्रा ने तीस किलोमीटर दूरी चार घंटे में की तय, गांधी प्रतिमा के पास छात्रा का हुआ जोरदार स्वागत



**गोंडा।** दो अक्टूबर गांधी जयंती पर भीखमपुरवा से दौड़ लगाकर कक्षा दो की छात्रा अनामिका मिश्रा तीस किलोमीटर की दूरी चार घंटे में तयकर गांधी प्रतिमा तक पहुंचकर एक रिकार्ड बनाया। मौके पर डीआइजी अशोक कुमार शुक्ल, बीएसए अमित कुमार सिंह, सम्मय प्रसाद त्रिपाठी, डा ज्योत्सना शुक्ला, एजीएम ग्रामीण ने छात्रा का जोरदार स्वागत किया। दौड़ के दौरान से एंबुलेंस व पुलिस सुरक्षा रही। सात वर्ष की अनामिका मिश्रा ने यह रिकार्ड बनाकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल है। यह गोंडा के लिए ओलिम्पियाड की नींव है। डीआइजी अशोक कुमार शुक्ल ने कहा कि छोटी सी बच्ची कक्षा दो की छात्रा है, यह बदलाव की पहचान है, गोंडा के लिए गौरव की बात है। छात्रा के पिता मनोज कुमार मिश्र ने प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर हुआ स्वच्छता अभियान



**बालपुर, गोंडा।** रघुराज शरण सिंह महाविद्यालय, नकहा बसंत, बालपुर के प्रांगण में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह नौ बजे प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने ध्वजारोहण, दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों से गांधी जी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

### समय पर इलाज से सर्पदंश के दो मरीजों की बची जान

**बलरामपुर।** जनपद में सर्पदंश के बाद समय पर अस्पताल पहुंचना दो मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हुआ। जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के बाद दोनों मरीज स्वस्थ होकर 24 सितंबर को घर लौट गए। हरिया निवासी 26 वर्षीय लीला पत्नी अटवारी और देवतापुर, जरवा निवासी 56 वर्षीय बंशराज पुत्र गुलाब को सांप ने काट लिया था। परिजन बिना देर किए दोनों को जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू कर उन्हें निगरानी में रखा। समय पर इलाज मिलने से दोनों की हालत में लगातार सुधार हुआ। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राज कुमार ने बताया कि अस्पताल में सर्पदंश के मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप काटने पर झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय न गंवाएं। मरीज को शांत रखें, अनावश्यक चलने-फिरने न दें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाएं। घाव को काटने, चूसने या कसकर बांधने से बचें।

### ताला तोडकर स्कूल में चोरी

**रुपईडीह, गोंडा।** रुपईडीह के प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर द्वितीय का रात में कुछ लोगों ने ताला तोड़कर खाद्यान्न, स्वच्छता किट, बरतन व अन्य सामान चुरा लिया। घटना की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुजबुल्लाह खान ने खंड शिक्षा अधिकारी व खरगूपुर पुलिस को दे दी है।

### तबादले पर दो उपनिरीक्षकों को दी विदाई

**नवाबगंज, गोंडा।** नवाबगंज थाने में तैनात दो उपनिरीक्षकों के तबादले पर शुक्रवार को थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह और पुलिसकर्मियों ने उपनिरीक्षक विश्वास चतुर्वेदी व गौरव सिंह को माला पहनाकर विदाई दी।



# गांधी-शास्त्री जयंती के साथ महाविद्यालय का स्थापना दिवस मना

- मंडल मुख्यालयय पर एलबीएस कालेज का स्थापना दिवस मना
- एक मात्र सरकारी कालेज में पढ रहे हजारों छात्र -छात्राएं

भास्कर ब्यूरो

**गोंडा।** शुक्रवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्रांगण में गांधी एवं शास्त्री जयंती के साथ साथ महाविद्यालय का 61वं स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी डीएम सीडीओ दयानंद प्रसाद ने कहा कि एलबीएस कालेज संस्कार के साथ षिक्षा दे रहा है जिससे ये देष के अच्छे नागरिक बनेंगे।

प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र सिंह ने प्रातः ध्वजारोहण किया। महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। प्रोफेसर श्री सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के 61 वर्ष के इतिहास को बताते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रभारी जिलाधिकारी श दयानंद प्रसाद ने



महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम पर स्थापित महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए सतत प्रयासरत है जहां शिक्षा के साथ.साथ संस्कार भी सिखाते हुए देश के उत्थान के लिए जागरुक एवं जिम्मेदार नई पीढ़ी को तैयार की जाती है। उन्होंने महाविद्यालय को देवीपाटन मंडल का गौरव कहा। अध्यक्षता करते हुए प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा हमें देश के विकास के लिए सेवा का संकल्प लेना होगा, युवा पीढ़ी को देश के विकास के लिए सकारात्मक चिंतन के साथ अपना भविष्य तलाशना होगा। इस अवसर पर गायन, नृत्य ,भाषण, योग के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गई। साथ ही इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा ड्रेस वितरित किया गया है विशिष्ट अतिथि गुंजन शाह, छाबड़ा रहीं।

प्रबंध समिति के सदस्य रवि चंद्र त्रिपाठी, सुरेंद्र पाल सिंह संजू, अश्वनी श्रीवास्तव, महाविद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक डॉ ओंकार पाठक, डॉ आर एस पांडे, डॉ डी के गुप्ता, डॉ मिथिलेश मिश्रा, डॉ त्रिलोचन सिंह, डॉ गंगोत्री तिवारी, डॉ डी के गुप्ता, डॉ श्रवण श्रीवास्तव डॉ आरबीएस बघेल, डॉ बी पी सिंह, एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी राधेश्याम त्रिपाठी, राजेंद्र श्रीवास्तव, रामचंद्र, अर्जुन वर्मा, विष्णु प्रसाद सभी को सम्मानित किया गया। ज्ञापन महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। मंच संचालन डॉक्टर मुक्त टंडन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ वंदना भारतीय, डॉ परवेज आलम, डॉ चमन कौर, डॉ संतोष श्रीवास्तव डॉ मनोज मिश्रा डॉ अमित कुमार शुक्ला सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रबंध समिति के सचिव उमेश शाह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए महाविद्यालय परिवार की सराहना की।

# टाइल्स मिस्त्री की मौत को लेकर, धरना प्रदर्शन

- एसडीएम व सीओ आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

भास्कर ब्यूरो

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** मारपीट में घायल टाइल्स मिस्त्री इंद्राज (35) की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों ने नामजद आरोपी की गिरफ्तारी और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने एसडीएम संदीप कुमार यादव और सीओ सुनील कुमार सिंह को मांगपत्र सौंपा। इसमें आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। अधिकारियों को मांगपत्र सौंपने के बाद परिजनों ने दियरा राजघाट पर इंद्राज का अंतिम संस्कार किया। कोतवाली क्षेत्र के बसायतपुर गांव निवासी इंद्राज पुत्र राम जियावन टाइल्स लगाने का काम करते थे। परिजनों के मुताबिक, 26 सितंबर को वह पुरुषोत्तमपुर गांव के एक युवक के साथ गए थे। इसी दौरान मुक्ता बाबा अलावलपुर के पास उनके घायल होने की सूचना मिली। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी जयसिंहपुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर लखनऊ ले जाया गया, जहां करीब पांच दिन तक उपचार चला। बुधवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



**शव पहुंचा तो अंतिम संस्कार से किया इनकार :** गुरुवार सुबह इंद्राज का शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों ने मामले की जांच और पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया है।

**आरोपी की गिरफ्तारी और परिवार को मदद की मांग :** शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा। इसके बाद मृतक के परिजनों ने एसडीएम और सीओ को मांगपत्र सौंपकर नामजद आरोपी की गिरफ्तारी, घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिवार को आर्थिक सहायता देने और भविष्य में आवश्यक सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। मृतक की पत्नी गुड़िया ने आरोप लगाया कि पुरुषोत्तमपुर के एक व्यक्ति ने इंद्राज के साथ मारपीट की थी। मारपीट में घायल होने के बाद लखनऊ में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उनका आरोप है कि घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बावजूद समय से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

**पत्नी, तीन बच्चों व बुजुर्ग माता-पिता पर टूटा दुखों का पहाड़ :** इंद्राज चार भाइयों में सबसे बड़े थे। वह अपने भाई मुनिराज के साथ टाइल्स लगाने का काम करते थे। उनके दो अन्य भाई बाहर नौकरी करते हैं। इंद्राज की मौत से पत्नी गुड़िया, दो बेटियों, एक बेटे और बुजुर्ग माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार को मांगपत्र सौंपने के बाद दियरा राजघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल रहा।

# बलरामपुर में पानी के छींटे पड़ने पर विवाद, 55 वर्षीय व्यक्ति को धारदार हथियार से पीटा

- ई-रिक्शा से पानी पड़ने पर टोका तो पड़ोसी और बेटों पर मारपीट का आरोप, बहराइच मेडिकल कॉलेज में इलाज

भास्कर ब्यूरो

**बलरामपुर।** ललिया थाना क्षेत्र के बहादुरगंज बाजार रतनपुर में ई-रिक्शा से पानी के छींटे पड़ने को लेकर विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि पानी के छींटे पड़ने पर टोके जाने से नाराज पड़ोसी ने अपने बेटों व अन्य लोगों के साथ मिलकर 55 वर्षीय बाबू अहमद पुत्र मोहर्रम अली की धारदार हथियार और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। गंभीर घायल बाबू अहमद का मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज चल रहा है। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार को बाबू अहमद अपने बेटे के साथ दरगाह पीर हनीफ में फातिहा पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी असगर अली अपने तीन बेटों व दो अन्य लोगों के साथ ई-रिक्शा से वहां से गुजर रहे थे। तेज गति से ई-रिक्शा चलाने पर सड़क का पानी उछलकर बाबू अहमद पर पड़ गया। उन्होंने ई-रिक्शा चालक को टोका तो विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि असगर अली के पुत्र और अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और बाबू अहमद को पीटने लगे। धारदार हथियार से वार करने के साथ लात-घूंसों से भी मारपीट की गई। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कराया। घायल के सिर में गंभीर चोट आई और नाक से खून बहता रहा। परिजन पहले घायल को सीएचसी शिवपुरा ले गए। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बलरामपुर और फिर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया।



**पुलिस का पक्षः** प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एमपीयू में 200 से ज्यादा विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली, डीएम ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

# बलरामपुर में गांधी-शास्त्री जयंती पर विविध आयोजन

भास्कर ब्यूरो

**बलरामपुर।** जनपद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल-कॉलेजों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक गांधी जी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री जी के सादगी, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के विचारों को याद किया गया। माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। पुलिस लाइन में 14 पुलिसकर्मियों को गृह मंत्रालय के सेवा पदक प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए।

**MPU में पोस्टर प्रतियोगिता और स्वच्छता अभियान :** माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम हुआ। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि गांधी के विचारों में मानवता और शास्त्री के जीवन में सादगी एवं राष्ट्रसेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से सेवा और समर्पण की भावना से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। 'हरित एवं स्वच्छ भारत' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता से जुड़े संदेश पोस्टरों के माध्यम से दिए। इसके बाद 200 से अधिक विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया और अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधि, एमजीआर शिक्षण संस्थान के शिक्षक-विद्यार्थी और विश्वविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे।



**डीएम ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ। डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विद्यालय की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर मेहनत से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। छात्राएं अभी से अपना लक्ष्य तय करें और डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, सिविल सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर परिवार, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से छात्राओं की प्रतिभा और रुचि पहचानकर उचित मार्गदर्शन देने की अपील की।

**14 पुलिसकर्मियों को गृह मंत्रालय के सेवा पदक :** रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से जिले के 14 पुलिसकर्मियों को सेवा पदक प्रदान किए गए। एसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने 7 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक और 7 को उत्कृष्ट सेवा पदक पहनाकर सम्मानित किया। अति उत्कृष्ट सेवा पदक पाने वालों में उपनिरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी, संतोष कुमार, दुर्विजय, सशस्त्र पुलिस के उपनिरीक्षक शशिकांत कौल, मुख्य आरक्षी बृजेश पाण्डेय, शिवशंकर और राधेरमन सिंह शामिल रहे। उत्कृष्ट सेवा पदक से मुख्य आरक्षी सुरेंद्र कुमार मौर्य, खेमराज, विकास मिश्रा, प्रदीप कुमार, आफताब आलम, शाहजाद अली और सुनील कुमार सम्मानित हुए। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को एसपी ने उत्साहवर्धन के लिए उपहार भेंट किए।

**अस्पताल में मरीजों को बांटे फल :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने ध्वजारोहण किया। गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद जिला संयुक्त मेमोरियल चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए। अधिकारियों ने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही दोनों महान विभूतियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# मनीषा पांडे बनी प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा को प्रदेश में मिलेगा बल

भास्कर ब्यूरो



**सुल्तानपुर।** मंडल प्रभारी से प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनीषा पांडे को भाजपा संगठन ने दी है बड़ी जिम्मेदारी जिससे जिले के लोगों में खुशी की लहर जग गई है। प्रदेश के महिला युवा वाहिनी मोर्चा योगी की सरकार भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश टीम की घोषणा कर दी गई है। जिसमें जिले के इसौली विधानसभा क्षेत्र की मनीषा पांडेय को प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी की घोषित सूची में उनका नाम 12 प्रदेश उपाध्यक्षों में शामिल है।

इसौली के भंडरा चंद्रकला गांव से प्रदेश संगठन तक पहुंची मनीषा पांडेय के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने की खबर से इसौली क्षेत्र में समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। क्षेत्रीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें उनके मोबाइल पर बधाइयां दे रहे है। सोशल मीडिया सहित व्यक्तिगत रूप से भी बधाई देने का सिलसिला जारी है। भाजपा महिला मोर्चा की घोषित प्रदेश टीम में 12 प्रदेश उपाध्यक्ष और 2 प्रदेश महामंत्री बनाए गए हैं।

प्रदेश उपाध्यक्षों में डॉ. रश्मि रावल, प्रिया अग्रवाल, कल्पना तिवारी,मनीषा शुक्ला, रमा सिंह, अर्पण जायसवाल, मनीषा पांडेय, निर्मला आनंद, अपराजिता सिंह, मधु पांडेय, अमिता गुप्ता और डॉ. श्रुति शर्मा शामिल हैं। प्रदेश महामंत्री के पद पर वर्षा कौशिक और अनिता सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। नई जिम्मेदारी पर मनीषा पांडेय ने कहा "पार्टी ने जो विश्वास और सम्मान दिया है, उसे पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगी।"

### प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं

**सुल्तानपुर।** यह कहावत भाजपा नेत्री समाज सेविका मनीषा पांडे पर चरितार्थ होता है। आप को बता दे, मनीषा पांडे ने विगत पांच साल में इसौली विधान सभा के साथ साथ जिले भर में निष्ठा और लगन से क्षेत्र की जनता की सेवा करने की नेचुरल मंशा बना ली थी,जो ठंडी, बरसात व गर्मी यानि मौसम के अनुसार गरीब परिवार में पहुंचकर कंबल, साड़ी, पंखा अनाज पहुंचाने के साथ उनका दुख दर्द बांटने में कोई कोर कसर नहीं की। देखते ही देखते क्षेत्र के लोगों ने उन्हें समाजसेविका मनीषा पांडे के नाम संबोधित करने लगे। सूत्र की माने तो क्षेत्र में कुछ चंद लोग जो मौजूदा सरकार में संगठन के पद पर बैठ तो गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और थी, पार्टी के अंदर खाने में मनीषा के क्षेत्र में लगन से कार्य को लेकर ईर्ष्यालु तथा कथित नेता कुंठित थे, और वही लोग मनीषा की आलोचना भी करते पायेगें, हालांकि समाज सेविका व भाजपा नेत्री अपने पद मंडल प्रभारी के पद को उन्होंने बखूबी ईमानदारी से निर्वहन करती रही। जिसे योगी सरकार ने उन्हें उनके योग्यता को देख कर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष से सुशोभित कर दिया। जो जिले में चर्चा का विषय है।

सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें
- वाल्टेयर

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे विधायक, परखी राहत व्यवस्था



**इटौंजा।** बाढ़ प्रभावित हरदा और बहादुरपुर गांव में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने एडीएम, एसडीएम समेत संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित इलाकों में पहुंचकर बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और जरूरतें भी जानीं।

विधायक ने बताया कि प्रभावित परिवारों के लिए खाद्यान्न समेत जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर शरण लिए परिवारों के लिए पके भोजन की व्यवस्था की गई है। वहीं, पशुओं के लिए भूसे की व्यवस्था के साथ उनका टीकाकरण कराया गया है। जरूरत पड़ने पर पशु चिकित्सकों की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। निरीक्षण के दौरान राहत शिविरों में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए दो एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। प्रशासन के अनुसार जलस्तर कम होने के साथ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जरूरी व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# पारिवारिक कलह से तंग आकर पूर्व केंद्रीय मंत्री के करीबी के बेटे ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

भास्कर ब्यूरो



**काकोरी।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित अमेठिया सलेमपुर गांव में शुक्रवार को पारिवारिक कलह से तंग आकर एक युवक ने अपनी ही लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। आनन-फानन में परिजन खून से लथपथ युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले गए,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के अति करीबी व पारख महासंघ के नेता तेजी राम रावत का बेटा था तेजीराम भारतीय जनता पार्टी के सिम्बल पर जिला पंचायत का चुनाव लड़े थे और हार का सामना करना पड़ा था।

मिली जानकारी के अनुसार, अमेठिया सलेमपुर निवासी तेजी राम रावत के 35 वर्षीय बेटे अमरजीत उर्फ रंजीत रावत शाम को घर वापस लौटे थे।घर पहुंचने तो पत्नी चांदनी खाना लाने के लिए गई।पत्नी जैसे ही रसोई में खाना लेने गई,रंजीत ने अलमारी में रखी अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाली और दाहिनी तरफ कनपटी में सटाकर गोली चला दी। गोली चलने की तेज आवाज सुनते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और पड़ोसी कमरे की तरफ भागे तो रंजीत को लहूलुहान हालत में पाया। परिजन तुरंत उन्हें केजीएमयू के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।मृतक का लाइसेंसी रिवाल्वर अपने कब्जे में लिया।ग्रामीणों का कहना है कि रंजीत पिछले कुछ समय से अत्यधिक मानसिक तनाव में थे।मृतक अपने पीछे पत्नी चांदनी और दो मासूम बेटों-प्रियांश और उत्कर्ष-को छोड़ गए हैं। चौकी प्रभारी विनय कुमार ने बताया तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अपराधियों पर शिकंजा, 23 हजार से अधिक इनामी गिरफ्तार, 15,233 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

- साइबर अपराध पर कार्रवाई से लेकर माफिया की संपत्ति जब्ती तक, यूपी पुलिस का दिखा एक्शन मोड
- साइबर अपराध की रोकथाम में यूपी सबसे आगे निकला, 874.58 करोड़ रुपये की धनराशि फ्रीज कराई

भास्कर ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार में पुलिस और प्रशासन ने कई स्तरों पर कार्रवाई की है। साइबर अपराध के मामलों में 874 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की धनराशि फ्रीज या होल्ड कराई गई। वहीं 23,601 इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं गैंगस्टर एक्ट के तहत 15,233 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध चल-अचल संपत्तियां जब्त की गई हैं।

**साइबर अपराध पर कार्रवाई में देश में पहला स्थान**

यूपी पुलिस साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम थाने संचालित कर रही है। इसके साथ ही सभी जनपदों के पुलिस थानों में साइबर सेल और हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। साइबर अपराध पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से अगस्त 2019 से जून 2026 तक 874 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की धनराशि फ्रीज या होल्ड कराई गई। इन उपलब्धियों के आधार पर मार्च 2026 में साइबर अपराध संबंधी रैंकिंग में उत्तर प्रदेश, देश में पहले स्थान पर रहा।

**अपराधियों पर कार्रवाई, अवैध संपत्तियों पर भी शिकंजा**

20 मार्च 2017 से अब तक पुलिस मुठभेड़ों में 303 अपराधी मारे गए, जबकि 12,202 घायल हुए। इसी अवधि में 23,601 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गैंगस्टर एक्ट के तहत 87,835 अपराधियों और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 995 अपराधियों पर कार्रवाई की गई। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत 152 अरब 33 करोड़ रुपये से अधिक (यानी करीब 15,233 करोड़ रुपये) मूल्य की अवैध चल-अचल संपत्तियां जब्त की गईं।

## ग्वालियर से सकुशल बरामद किए गए लापता महिला व दो बच्चे

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के जोन-पश्चिमी अंतर्गत काकोरी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक लापता महिला और उसके दो बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया है। काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा गौरी निवासी पारूल शर्मा की पत्नी शैकी उर्फ पूजा,अपनी 14 वर्षीय पुत्री कशिश और 11 वर्षीय पुत्र संस्कार के साथ 13 सितंबर 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में कहीं चली गई थीं।इस संबंध में पति की तहरीर पर काकोरी थाने में गुमशुदगी (संख्या 54/2026) दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल 2 टीमों का गठन किया। सर्विलांस ट्रेसिंग के दौरान लापता महिला और बच्चों की लोकेशन ग्वालियर(मध्य प्रदेश)के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर कॉलोनी में मिली। सूचना मिलते ही काकोरी थाने से एक विशेष टीम मध्य प्रदेश भेजी गई, जिसने 2 अक्टूबर 2026 को तीनों को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद महिला शैकी उर्फ पूजा और दोनों बच्चों को उनके पति पारूल शर्मा के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस त्वरित और सफल कार्रवाई पर परिजनों ने संतोष और आभार व्यक्त किया है।

## नहर में उतराए शव की हुई शिनाख्त परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**आलमबाग।** आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पास से निकली नहर में बीते 28 सितंबर को एक युवक का शव नहर में उतराया हुआ पुलिस को मिला था जिसकी पहचान न होने पर स्थानीय पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। वहीं शुक्रवार को हुसैनगंज पुलिस की मदद से परिजनों ने शव का शिनाख्त करते हुए हत्या का आशंका जताया है।

मृतक युवक के परिजनों ने मृतक की पहचान आदर्श मलानी (25)पुत्र संजय मलानी के रूप निवासी चरणभट्टा रोड पीजीआई के रूप में किया है। मृतक के बड़े भाई विपिन मलानी के अनुसार उसका मृतक उसका मझला भाई था जबकि छोटा भाई सिद्धार्थ है और परिवार में मां अर्चना मलानी है। बड़े भाई विपिन के अनुसार उसका मृतक भाई रायबरेली रोड पर ही एक रेस्तरां में सेफ का काम करता था और पैसा मिलने पर हजरतगंज अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने चला जाता था बीते सप्ताह शनिवार से उसका भाई घर नहीं लौटा था जिसपर उनलोगों ने गायब हुए स्थल आधार पर हुसैनगंज पुलिस को गुमशुदगी का सूचना दिया था। तलाश के दौरान पता चला कि शनिवार रात्रि उसका भाई विधानसभा बापू भवन के पास रहने वाले अपने दोस्त की स्कूटी मांग घर के लिए निकला था लेकिन घर नहीं पहुंचा।

मृतक के भाई के अनुसार शुक्रवार को पुलिस के द्वारा शिनाख्त के बुलाया गया था टैटू और कपड़ो के आधार पर उनलोगों ने उसका शिनाख्त किया है जिस तरह उनका भाई गहरे नहर में गिरा है ऐसे में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी ने उसे धक्का देकर नहर में गिरा दिया है। जिसकी जांच की मांग को लेकर परिजन मृतक के अंतिम क्रिया के बाद आशियाना पुलिस से शिकायत करेंगे। फिलहाल परिजनों ने हत्या का आशंका जताया है। आशियाना इंस्पेक्टर गजेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मृतक के पहचान हो जाने के बाद पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिला है। शिकायत मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आधार पर आगे का कार्यवाही किया जाएगा।

# आशियाना के कैफे में अवैध हुक्का शराब और मुजरा का भंडाफोड़

- भाजपा युवा मोर्चा नगर मंत्री की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो




**आलमबाग।** भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान नगर मंत्री ने आशियाना थाना क्षेत्र मे स्थित सरोजनी नगर विधायक कार्यालय के बगल में एक कैफे की आड़ में अवैध हुक्का-शराब और मुजरा चलाने का आरोप लगा केस दर्ज कराया है।

आलमबाग मिल रोड मवईया के रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री शुभम शुक्ला के अनुसार बृहस्पतिवार रात्रि करीब 9:15 बजे अपने एक मित्र करण यादव और अश्वनी दीपांकर के साथ मिनिस्ट्री कैफे में गए थे। आरोप है कि कैफे में हुक्का और शराब का सेवन चल रहा था जिसपर वह अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगे यहां तक अश्लील भद्दे गानों पर लड़कियां नचवाया जा रहा था। वीडियो बनाने पर वहां मौजूद प्रशांत यादव, अभिषेक यादव, अनमोल और आदर्श नाम के युवकों ने उनका मोबाइल छीन लिया, गाली-गलौज की और एक वीडियो डिलीट कर दिया। आरोप है कि संचालकों ने गोली मारने की धमकी और असलहा दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। संचालकों द्वारा अपने साथ हुई अभद्रता को लेकर युवा नेता फोन पर आशियाना प्रभारी निरीक्षक को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पूर्व संचालक कैफे पर ताला लगाकर भाग गए थे। युवा नेता ने आशियाना थाने पर चार संचालकों के खिलाफ नामजद शिकायत की है। आशियाना इंस्पेक्टर गजेन्द्र कुमार राय ने बताया कि वीडियो आधार पर पीड़ित की शिकायत पर संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा है।

## बीकेटी में अटल प्रतिमा स्थल पर चला स्वच्छता अभियान

**बीकेटी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बीकेटी बड़ी बाजार स्थित अटल प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान परिसर में जमा कूड़ा-कचरा हटाया गया और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला सह मंत्री एवं सदस्य जिला पंचायत अमरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना विशेष महत्व रखता है।

# नर्सिंग छात्रों का आंदोलन खत्म

- वार्ता के बाद छात्रों ने वापस लिया धरना

भास्कर ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू नर्सिंग कॉलेज की छात्रा दिव्यांशी यादव की मौत के मामले में चल रहा नर्सिंग छात्रों का आंदोलन शुक्रवार को समाप्त हो गया।

डीन पैरामेडिकल व प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने धरना स्थल पहुंचकर प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं से वार्ता की। केजीएमयू प्रशासन की ओर से जांच और छात्रों की विभिन्न मांगों पर जरूरी कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया। बीते सोमवार से नर्सिंग छात्र-छात्राएं धरने पर हैं। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि दिव्यांशी की मौत के प्रकरण की जांच के लिए गठित समिति मामले से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। वह खुद भी समिति के सदस्य हैं और जांच लगभग अंतिम चरण में है। समिति के सदस्य छात्रा के इलाज और मौत से जुड़े तथ्यों की जानकारी लेने के लिए बनारस जा चुके हैं। संबंधित लोगों और संस्थानों से भी जानकारी जुटाई गई है। समिति की टीम छात्रा के पिता और परिवार से मिलने उनके पैतृक गांव जौनपुर भी गई थी। वहां परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान परिवार की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद से फोन पर बातचीत भी कराई गई। छात्रों के मुताबिक, डीन और प्रिंसिपल को हटाने की मांग पर सहमति नहीं बनी।

हालांकि प्रत्येक सेमेस्टर में 10 दिन की मेडिकल लीव, आंदोलन के दौरान छूटी कक्षाओं की भरपाई, थ्योरी-प्रैक्टिकल की अटेंडेंस और आंदोलन में शामिल छात्रों पर कार्रवाई नहीं करने समेत अन्य मांगों पर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन मिला है। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर भरोसा जताते हुए धरना समाप्त कर दिया। अब शनिवार से सभी छात्र नियमित कक्षाओं और प्रशिक्षण में शामिल होंगे।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर नगर निगम मुख्यालय में कार्यक्रम

**लखनऊ।** गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ ध्वजारोहण किया और महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुशील तिवारी 'पम्मी', पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सेवा के संदेश और शास्त्री की सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने कार्य एवं व्यवहार में अपनाने का संकल्प लिया।

शौर्य चक्र विजेता शहीद के परिवार को जमीन के लिए लगाने पड़ रहे सरकारी दफ्तरों के चक्कर,

# शहादत के 23 साल बाद भी मां को साबित करना पड़ रहा- बेटा कहां का था?

- 80 वर्षीय मां बोलीं- बेटे का सम्मान नहीं कर सकते तो मेडल वापस ले लीजिए

भास्कर ब्यूरो





**सरोजनीनगर, लखनऊ।** जिस बेटे ने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी, उसकी शहादत के 23 साल बाद आज उसकी 80 वर्षीय मां को सरकारी दफ्तरों में यह साबित करने के लिए भटकना पड़ रहा है कि उनका बेटा और परिवार आखिर कहां का निवासी था। सवाल सिर्फ जमीन का नहीं, बल्कि उस सम्मान का है जो एक शहीद परिवार को मिलना चाहिए। कानपुर रोड स्थित कृष्णालोक कॉलोनी, दरोगाखेड़ा-मीरानपुर पिनवट निवासी विवेक सक्सेना 8 जनवरी 2003 को आतंकी हमले में शहीद हुए थे। परिवार के मुताबिक शहादत के बाद अधिकारियों ने सरकार से मिलने वाली सुविधाएं दिलाने का भरोसा दिया था। राष्ट्रपति द्वारा उन्हें शौर्य चक्र और पुलिस पदक से सम्मानित किए जाने की बात भी परिवार ने बताई है। बावजूद इसके परिवार का आरोप है कि कई सुविधाओं और भूमि आवंटन का मामला आज तक फाइलों में उलझा है।

**23 साल बाद अफसरों को याद आया- 'स्थानीय निवासी नहीं'?**

परिवार के मुताबिक विवेक सक्सेना इसी इलाके में पले-बढ़े, पढ़ाई की और यहीं से देशसेवा के लिए निकले। उनका स्मारक भी इसी क्षेत्र में बनाए जाने की प्रक्रिया हुई और परिवार का कहना है कि उसका अनावरण राज्यपाल द्वारा किया गया। लेकिन जब परिवार के लिए भूमि आवंटन का सवाल आया तो राजस्व रिपोर्ट में आवेदिका को गांव की मूल निवासी नहीं बताया गया। यही बात अब परिवार को सबसे ज्यादा खटक रही है। जब शहीद की नौकरी, सम्मान, स्मारक और शहादत के समय परिवार की पहचान पर कोई सवाल नहीं उठा तो 23 साल बाद जमीन के मामले में 'मूल निवासी' का सवाल कैसे सामने आ गया?

**सरकारी जमीन पर कब्जे के आरोप, शहीद परिवार के लिए नियमों का हवाला**

शहीद के भाई का आरोप है कि इलाके में सरकारी जमीन पर प्लाटिंग और रॉ-हाउस निर्माण हो रहे हैं, लेकिन शहीद परिवार को भूमि आवंटन के मामले में नियम-कायदों की दुहाई दी जा रही है। लेकिन परिवार ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामले की वर्ष 2020 की जिलाधिकारी कार्यालय की पत्रावली भी कई सवाल छोड़ती है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने एसडीएम सरोजनीनगर की आख्या में तथ्य विरोधाभासी पाए थे और प्रकरण को दोबारा परीक्षण के लिए लौटाते हुए नियमों के साथ स्पष्ट संस्तुति मांगी थी। 80 वर्षीय सावित्री सक्सेना कहती हैं, "मेरा बेटा देश के लिए शहीद हो गया। अब उसके सम्मान के लिए आखिरी सांस तक लड़ूंगी।" उनका कहना है कि अगर शहीद परिवार को न्याय और सम्मान नहीं मिल सकता तो सरकार को दिए गए शौर्य चक्र और पुलिस मेडल वापस लेने पर विचार करना चाहिए। अब असली सवाल यही है- शहीद की शहादत का सम्मान सिर्फ समारोह और मेडल तक सीमित है या उसके परिवार की पीड़ा भी शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है? 23 साल से चल रही इस जद्दोजहद का जवाब अब जिम्मेदार अधिकारियों को देना है।

## सारसुर्खियां

### गांधी जयन्ती पर सीएमएस शिक्षकों ने दिया एकता, शान्ति व अहिंसा का संदेश



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3,000 से अधिक शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं ने गाँधी जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में सत्य, अहिंसा, नैतिक मूल्यों और विश्व एकता का जोरदार संदेश देते हुए भावी पीढ़ी को उच्च मानवीय एवं नैतिक मूल्यों से संस्कारित करने का आह्वान किया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री गोपाल बागले, आई.एफ.एस. (रि.), आस्ट्रेलिया में भारत के पूर्व उच्चायुक्त, ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया जबकि पद्मश्री प्रो. डा. रवीन्द्र कुमार, पूर्व वाइस-चांसलर, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ एवं श्री राजीव त्यागी, डेप्युटी सी.ई.ओ., उ.प्र. खादी एवं विलेज इण्डस्ट्रीज बोर्ड, विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा को बढ़ाया।

### खाताधारक के दो बैंक खाते से निकल गए 92 हजार रुपये

**आलमबाग।** आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर मे रहने वाले एक खाताधारक के दो बैंक खातों से साइबर ठगो ने हजारों रुपए निकाल लिए। आशियाना क्षेत्र के आदर्श नगर औरंगाबाद जागीर में रहने वाले बलवीर सिंह के अनुसार उनका दो बैंकों एसबीआई और इंडियन बैंक शाखा में बचत खाता है।बीते 17 सितंबर की रात बिना उनके अनुमति उनके स्टेट बैंक खाते कई बार में दूसरे खातों में रुपयों का ट्रांजेक्शन किया गया जिसके पश्चात उनके दूसरे बैंक इंडियन बैंक खाता से हजारों रुपए विभिन्न खातों में खातों में ट्रांसफर कर लिया गया। पीड़ित के अनुसार उनके दोनों बैंक खातों से कुल 92,200 रुपए दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिया गया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने साइबर सेल में शिकायत कर आशियाना थाना पर शिकायत की है। आशियाना पुलिस ने गुरुवार रात्रि खाताधारक की शिकायत पर आईटी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आईसीएआर-एनबीएफजीआर में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ।** नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज़ में बीते 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं।अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग - स्वच्छ भारत, विकसित भारत' थी। इसका उद्देश्य संस्थान के परिसर और आस-पास के इलाके की साफ-सफाई करना और लोगों को यह जानकारी देना था कि पीने के लिए असुरक्षित पानी,खराब साफ-सफाई की स्थिति से दुनिया भर में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत होती है। ये गतिविधियाँ स्वच्छता के प्रति माननीय प्रधानमंत्री के विज़न से प्रेरित हैं और भारत सरकार के मार्गदर्शन में चलाई जा रही हैं। इसका मकसद स्वच्छता को हर किसी की ज़िम्मेदारी बनाना और इसे लोगों की आदत में शामिल करना है।कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के लखनऊ स्थित मुख्यालय में कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेने के साथ हुई,जिसमें सभी कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### एलडीए में 15 अक्टूबर को लगेगा लोन मेला

**लखनऊ।** एलडीए आवंटियों को संपत्ति का पूरा भुगतान करने और बैंक लोन लेने में आ रही दिक्कतों से राहत देने के लिए 15 अक्टूबर को लोन मेला लगाएगा। गोमती नगर स्थित प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित मेले में सभी राष्ट्रीयकृत और अधिसूचित बैंकों की टीमें मौजूद रहेंगी। आवंटियों को मौके पर ही एनओसी और प्रतिस्पर्धात्मक ब्याज दरों पर लोन की सुविधा मिलेगी। एलडीए के वित्त नियंत्रक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कई आवंटी सही जानकारी के अभाव या बैंक से ऋण नहीं मिलने के कारण संपत्ति का पूरा भुगतान नहीं कर पाते। इससे उन पर अतिरिक्त ब्याज का बोझ बढ़ता है। भुगतान में देरी होने पर आवंटन निरस्त होने का खतरा भी रहता है। इसी समस्या को देखते हुए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लोन मेला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। एलडीए के लेखाधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, मेले में एक ही स्थान पर बैंक संबंधी सहायता मिलेगी। अधिक बैंकों की भागीदारी से आवंटियों को ब्याज दरों के विकल्प भी मिलेंगे। आवंटियों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आय और जाति प्रमाण पत्र समेत जरूरी दस्तावेज लाने होंगे।

# सरोजनीनगर तहसील में जमीन के खेल पर उठे सवाल



- 0.2000 हेक्टेयर का बैनामा, खतौनी में सिर्फ 0.1621
- सरोजनीनगर तहसील में जमीन के खेल पर उठे सवाल

**सरोजनी नगर लखनऊ।** सरोजनीनगर तहसील में राजस्व अभिलेखों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला जमीन विवाद सामने आया है। मेहंदी नगर मजरा बहरू निवासी मुन्नी पत्नी मुन्नालाल ने एसडीएम सरोजनीनगर को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि वर्ष 2015 में खरीदी गई 0.2000 हेक्टेयर जमीन का पूरा हिस्सा खतौनी में दर्ज करने के बजाय महज 0.1621 हेक्टेयर दर्ज किया गया। महिला का दावा है कि सही अंश दर्ज कराने के लिए वह करीब दो साल से तहसील के चक्कर काट रही है।

**पहले बैनामा, फिर उसी जमीन का खेल!**

शिकायत के मुताबिक वर्ष 2015 में संतराम उर्फ उल्ला से खसरा संख्या 367, कुल रकबा 0.4000 हेक्टेयर में से आधा हिस्सा यानी 0.2000 हेक्टेयर का बैनामा मुन्नी के पक्ष में हुआ था। महिला का कहना है कि बैनामे के बाद से वह जमीन पर काबिज होकर खेती कर रही है। आरोप है कि इसके बाद वर्ष 2020 में संतराम ने इसी खसरे की बची जमीन से अधिक क्षेत्रफल का बैनामा अन्य लोगों के पक्ष में कर दिया। संतराम की मृत्यु के बाद मामला और उलझ गया। शिकायत में बाद के बैनामे और उसके आधार पर हुई दाखिल-खारिज प्रक्रिया की जांच की मांग की गई है।

**0.2000 की जगह 0.1621... आखिर क्यों?**

महिला के मुताबिक दाखिल-खारिज वाद संख्या T20151046052225 के आदेश के आधार पर उसका अंश 0.2000 हेक्टेयर दर्ज होना चाहिए था, लेकिन खतौनी में 0.1621 हेक्टेयर ही दर्ज है। सवाल यह है कि बैनामे और आदेश में दर्ज जमीन और खतौनी के आंकड़े में अंतर कैसे आया? शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित दाखिल-खारिज की मूल पत्रावली और बाद की दाखिल-खारिज फाइलें उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। यदि रिकॉर्ड वास्तव में उपलब्ध नहीं हैं तो यह अपने आप में जांच का गंभीर विषय है। महिला ने आरोप लगाया है कि विवादित जमीन से जुड़ी प्रक्रिया में एलडीए की वरुण विहार योजना के तहत मुआवजा भी प्राप्त किया गया।




# जलभराव के बाद पलायन शुरू

## गोमती उफान पर, हजारों परिवार बाढ़ में फंसे मदद के दावे फेल-सैकड़ों परिवारों का पलायन

लखनऊ,ब्यूरो। बारिश थमे 6 दिन बीत गए, लेकिन गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से लखनऊ में हाहाकार मचा है। शहर की दर्जनों कॉलोनियों और जिले के एक दर्जन से अधिक गांवों में हजारों परिवार बाढ़ की चपेट में हैं। शासन-प्रशासन के सारे दावे बाढ़ के पानी में बहते नजर आ रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि सैकड़ों परिवार घर छोड़कर पलायन को मजबूर हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने शुक्रवार को वार्ड ग्रस्त एरिया में पहुंचकर बाढ़ में फंसे लोगों से उनका हाल-चाल लिया और हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। घैला, फैजुल्लागंज, दाउदनगर, मामा कॉलोनी, लोहरा मऊ, अलीनगर इटौंजा और बीकेटी मल्लाही टोला समेत कई इलाके जलमग्न हैं। लोगों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि बाढ़ग्रस्त इलाकों में झांकने तक नहीं आए। प्रशासनिक अधिकारी सड़कों पर वाहन खड़े कर दूरबीन से जायजा लेकर ड्यूटी पूरी कर रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि आवागमन के लिए नावें लगाई गई हैं, लेकिन हकीकत में नावें नाकाफी हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे, बुजुर्गों की दवाएं नहीं पहुंच रही, नौकरीपेशा लोग ऑफिस नहीं पहुंच पा रहे। महिलाएं नवजात बच्चों को कमर भर पानी में उठाकर सुरक्षित जगह ले जा रही हैं। घरों में पानी घुसने से गृहस्थी डूब गई है और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है। दाउदनगर निवासी हीरालाल ने बताया कि विपक्ष के नेता के आने के बाद सत्ता पक्ष की नींद खुली। मामा कॉलोनी की अनारकली और नरेश का कहना है कि मदद सिर्फ दिखावा है। 30x20 के दो टीन शेड लगाए गए हैं, जिसमें 50 लोग ही रह सकते हैं, जबकि फंसे हुए हजारों में हैं। लोहरमऊ के राजेश ने बताया कि उनका पूरा परिवार छत पर फंसा है और कोई मदद नहीं मिल रही। बाढ़ राहत शिविर में तैनात डॉक्टर ने बताया कि जो लोग शिविर तक आ रहे हैं, उन्हें दवा दी जा रही है और दवाओं के पैकेट घर-घर भेजे जा रहे हैं। वहीं मौके पर मौजूद अधिकारी ने कहा कि हालात गंभीर हैं, हर संभव मदद की कोशिश की जा रही है।

### डीएम-जेसीपी ने लिया बाढ़ का जायजा, राहत सामग्री बांटी



गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी विशाख जी.और संयुक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार ने शुक्रवार को नाव से फैजुल्लागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जलभराव की स्थिति देखी, राहत-बचाव कार्यों की समीक्षा की और प्रभावित लोगों से संवाद कर दवाएं व दैनिक जरूरत का सामान बांटा। प्रशासन ने 3 बाढ़ राहत शिविर, एक कंट्रोल रूम और 24 नावें तैनात की हैं, 10 अतिरिक्त नावों के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने बच्चों, बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं की सूची बनाने, फॉगिंग व एंटी-लार्वा छिड़काव तेज करने और कचरा सफाई के निर्देश दिए।




### जल स्तर बढ़ने के कारण रिवर फ्रंट अग्रिम आदेशों तक बंद, टिकटिंग व प्रवेश पर रोक



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गोमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। नदी का पानी खतरे के निशान की ओर बढ़ने और रिवर फ्रंट के पाथ-वे तक पहुंच जाने के कारण जिला प्रशासन ने एहतियातन बड़ा कदम उठाया है। सुरक्षा कारणों से गोमती रिवर फ्रंट को दोनों तरफ से अग्रिम आदेशों तक के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। जल संसाधन और जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण रिवर फ्रंट के निचले हिस्सों और पाथ-वे पर भारी जलभराव हो गया है। हालांकि, इस स्थिति के चलते अभी तक किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है, लेकिन किसी भी अनहोनी से बचने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जनसामान्य की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन ने रिवर फ्रंट परिसर में आम नागरिकों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। इस अवधि के दौरान रिवर फ्रंट पर होने वाली टिकटिंग की प्रक्रिया भी पूरी तरह से बंद रहेगी। सुरक्षा बलों और संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि जब तक जलस्तर पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाता और प्रशासनिक आदेश नहीं आते, तब तक सैलानी अपने आम नागरिक अंदर न जा सकें।

**प्रशासन की अपील**

प्रशासन ने शहरवासियों और पर्यटकों से अपील की है कि वे जलभराव वाले इन क्षेत्रों के आस-पास जाने से बचें और सुरक्षा नियमों का पालन करें। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जलस्तर घटने के बाद ही रिवर फ्रंट को दोबारा खोले जाने पर निर्णय लिया जाएगा।

## यूपी कांग्रेस में बड़ा बदलाव: आराधना मिश्रा 'मोना' बनीं प्रदेश अध्यक्ष, सांसद इमरान मसूद कार्यकारी अध्यक्ष

- विधानसभा चुनाव 2027 से पहले कांग्रेस में बड़ा सांगठनिक फेरबदल, अजय राय की विदाई; सोशल इंजीनियरिंग पर जोर

भास्कर ब्यूरो




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन में एक बड़ा और चौंकाने वाला फेरबदल किया है। पार्टी हाईकमान ने बड़ा राजनीतिक कदम उठाते हुए मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पद से हटा दिया है, उनकी जगह कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता और रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता और सहारनपुर से लोकसभा सांसद इमरान मसूद को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा पार्टी ने उप्र में देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जातिगत समीकरण और सोशल इंजीनियरिंग साधने की कवायद राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फेरबदल पूरी तरह से 2027 के चुनावों को ध्यान में रखकर की गई सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस पार्टी इस बार ब्राह्मण, मुस्लिम और दलित-पिछड़े समीकरण (सोशल इंजीनियरिंग) को साधने की जुगत में है। जहां एक तरफ सवर्ण और ब्राह्मण चेहरों के रूप में आराधना मिश्रा 'मोना' को कमान सौंपी गई है, वहीं दूसरी तरफ पश्चिमी यूपी में मजबूत पकड़ रखने वाले इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर मुस्लिम मतदाताओं को कड़ा संदेश दिया गया है। इसके अलावा संगठन में कुछ अन्य कार्यकारी अध्यक्षों की भी नियुक्ति की चर्चा है, ताकि हर वर्ग को साधकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने वाले अजय राय के कार्यकाल में पार्टी ने सपा के साथ 'इंडिया गठबंधन' के तहत लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस गठबंधन के जरिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन पहले के मुकाबले बेहतर रहा था और पार्टी ने कई सीटों पर जीत दर्ज कर अपनी खोई जमीन वापस पाने की कोशिश की थी। हालांकि, विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को और अधिक आक्रामक और धारदार बनाने के लिए अब पार्टी नेतृत्व ने सांगठनिक ढांचे में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत विकल्प के रूप में पेश करने और सपा के साथ सीट शेयरिंग तथा तालमेल को बेहतरीन तरीके से संचालित करने की होगी।

### बेसिक शिक्षा परिषद ने जारी किए निर्देश, साल 2016 के बाद से थमी हुई थी शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया

## दीपावली से पहले यूपी के 70 हजार शिक्षकों को मिलेगा पदोन्नति का तोहफा

भास्कर ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में पिछले एक दशक यानी करीब दस वर्षों से अपनी पदोन्नति का इंतजार कर रहे शिक्षकों के लिए एक बेहद खुशखबरी सामने आई है। योगी सरकार दीपावली से ठीक पहले प्रदेश के लगभग 70 हजार शिक्षकों को पदोन्नत करने की तैयारी कर रही है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को सख्त निर्देश जारी कर शिक्षकों की वरिष्ठता सूची प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर करने को कहा गया है।

**साल 2016 के बाद से थमी हुई थी शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया**

राज्य के परिषदीय विद्यालयों में वर्ष 2016 के बाद से शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद थी, जिसके कारण लाखों शिक्षक लंबे समय से लगातार पदोन्नति की मांग कर रहे थे। प्रदेश के कुल 3.30 लाख परिषदीय शिक्षकों में से अनुमानित 70 हजार शिक्षकों को इस बड़ी प्रशासनिक पहल का सीधा लाभ मिलेगा। सरकार के इस कदम से शिक्षकों के मनोबल में जबरदस्त वृद्धि होगी और उनकी वर्षों पुरानी लंबित मांग भी पूरी हो जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया के तहत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को प्राथमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक या फिर उच्च प्राथमिक स्कूलों में सहायक अध्यापक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। इसके साथ ही, परिषदीय प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति दी जाएगी।

**आरटीई के प्रावधानों के तहत तय किए गए मानक**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 150 छात्रों की संख्या पर एक प्रधानाध्यापक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में 100 छात्रों पर प्रधानाध्यापक का पद स्वीकृत किया जाता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इन रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी जिलों के बीएसए को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में शिक्षकों की वरिष्ठता सूची को पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार करें। इस वरिष्ठता सूची को आगामी तीन सप्ताह के भीतर यानी 23 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यालय में भेजना होगा, जिसके बाद नवंबर माह से औपचारिक रूप से पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**शिक्षक संगठनों ने जताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार**

सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का विभिन्न शिक्षक संगठनों ने दिल से स्वागत किया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि शिक्षक लंबे समय से पदोन्नति की आस लगाए बैठे थे। शिक्षक नेताओं ने इस त्वरित और सकारात्मक कदम के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया है।

## सारसुर्खियां

### गांधी-शास्त्री जयंतीः लोकसेवा को बनाएं आदर्शों की कसौटी : अध्यक्ष रणवीर प्रसाद



लखनऊ। शक्ति भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा एवं यूपीपीसीएल के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों को गांधी जी के गरीबों के हितों वाले विचारों और शास्त्री जी की सादगी व ईमानदारी को अपने कार्यों की कसौटी बनाना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण, देश की सुरक्षा में तैनात जवान और अन्न उपजाते किसान की तरह एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझकर सहज, सुलभ और किफायती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एआई और ऑटोमेशन के दौर में बढ़ती ऊर्जा मांग को देखते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समन्वय व पूरी मेहनत से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपसचिव अनिल भटनागर, सहायक समीक्षा अधिकारी अंशुमान और मुकेश यादव व अन्य कर्मियों द्वारा भजन गायन किया गया और अंत में राष्ट्रगान के साथ इसका समापन हुआ।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में मनाई गई गांधी जयंती, वरिष्ठ न्यायमूर्ति ने किया माल्यार्पण



लखनऊ। माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ में गांधी जयंती का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति, वरिष्ठ निबंधक, रजिस्ट्री के अधिकारियों और उच्च न्यायालय के कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति ने गांधीवादी दर्शन की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि समग्र रूप से गांधीजी एक महान आत्मा थे। भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनके अतुल्य योगदान तथा निःस्वार्थ जीवन अर्पण के ऋणी हम सब हैं। कार्यक्रम का समापन राम धुन के गायन के साथ हुआ।

### सूचना विभाग में धूमधाम से मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती, अपर निदेशक ने दिलाई आदर्शों पर चलने की शपथ



लखनऊ। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाई गई। सूचना निदेशक विशाल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी और राष्ट्रपिता के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तैने कहिए' का सस्वर पाठ किया गया। अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने महापुरुषों के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बापू का जीवन सत्य, अहिंसा और सादगी का प्रतीक है, वहीं शास्त्री जी का जीवन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और 'जय जवान, जय किसान' के मूल मंत्र की मिसाल है। उन्होंने कहा कि सत्ता सेवा का माध्यम है, भोग का नहीं। उन्होंने सूचना विभाग के कर्मियों से पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने और देश की एकता-अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर गूंजी 'वीबी-जी राम जी योजना', 125 दिन के रोजगार और विकास प्लान पर चर्चा



लखनऊ। गांधी जयंती के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों और ग्राम्य विकास विभाग की गाइडलाइन के तहत आयोजित इन बैठकों में 'वीबी-जी राम जी योजना' और 'विकसित ग्राम पंचायत प्लान (वीजीपीपी)' का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आयुक्त ग्राम विकास प्रमोद कुमार उपाध्याय के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारियों और जिलों में नामित नोडल अधिकारियों ने इन बैठकों की मॉनिटरिंग की। ग्राम सभाओं के दौरान पंचायत सचिवों ने ग्रामीणों को इस योजना की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराया। ग्रामीणों को बताया गया कि इस योजना के तहत अब ग्रामीण परिवारों को साल में 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही, काम की मांग के 15 दिनों के भीतर रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता और मजदूरी भुगतान में देरी होने पर कड़े मुआवजे का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत अब गांवों की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर 375 प्रकार के स्वीकृत कार्यों का चयन किया जा सकेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ और उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण संभव होगा। प्रदेशभर के ग्रामीणों ने इस योजना का स्वागत करते हुए उत्साहपूर्वक गांधी जयंती मनाई।

### राम मंदिर के सभी कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन और चरित्र प्रमाणपत्र अनिवार्य

लखनऊ। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में कार्यरत सभी कर्मचारियों के पुलिस सत्यापन और चरित्र प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। मंदिर कमेटी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कर्मचारियों को अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों सहित अन्य जरूरी व्यक्तिगत जानकारी भी मंदिर प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मंदिर की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करना है। मंदिर प्रशासन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कर्मचारियों के पुलिस सत्यापन के साथ पुलिस की ओर से जारी चरित्र प्रमाणपत्र भी प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। इसके अलावा कर्मचारियों से उनके पारिवारिक और अन्य संबंधित विवरण लिए जाएंगे। यह अभियान पिछले महीने पदभार संभालने वाले नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। मंदिर में जून में चढ़ावे की कथित चोरी की घटना सामने आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया है। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया था और सभी आरोपी फिलहाल जेल में हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मामले में पिछले सप्ताह करीब 70 हजार पन्नों का आरोपपत्र भी दाखिल किया गया। ट्रस्ट के सदस्य दिनेंद्र दास ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से लिए जाने वाले निर्णय मंदिर से जुड़े सभी लोगों को स्वीकार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर में पूजा-पाठ सुचारू रूप से चल रहा है और श्रद्धालुओं की संख्या भी लगातार बनी हुई है।

## सारसुर्खियां

### आज पाकिस्तान से होगी भारत की भिड़ंत

**निशिन।** टीम भारत शनिवार को निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में एशियन गेम्स के क्रिकेट फाइनल में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को कड़ी टक्कर देगा। अफगानिस्तान के साथ क्वार्टर-फाइनल मैच बारिश की वजह से रद्द होने के बाद भारत के T20 कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम ने गुरुवार को सेमी-फाइनल में श्रीलंका को 124 रनों से हराया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। भारत मौजूदा एशियन गेम्स क्रिकेट चैंपियन के तौर पर फाइनल में उतर रहा है। टीम ने हांगझोऊ 2023 में पुरुषों का गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, पाकिस्तान पुरुषों के एशियन गेम्स क्रिकेट में अपना पहला गोल्ड मेडल जीतने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, भारत की महिला टीम पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकी है। अगर गोल्ड मेडल मुकाबला बारिश की वजह से रद हो जाता है, तो विजेता तय करने के लिए सुपर ओवर खेला जाएगा। सुपर ओवर भी पूरा नहीं हो पाता है, तो दोनों टीमें स्वर्ण पदक साझा करेंगी।

### फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से चहल का अलविदा

**नई दिल्ली।** युजवेंद्र चहल ने अपने फर्स्ट-क्लास करियर को अलविदा कह दिया है। साथ ही भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने का उनका सपना खत्म हो गया, लेकिन व्हाइट-बॉल क्रिकेट में राष्ट्रीय टीम में वापसी के रास्ते खुले हैं। 36 साल के इस लेग-स्पिनर ने भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी20 मैच खेले हैं, लेकिन वे कभी भी टेस्ट टीम में जगह बनाने के करीब नहीं पहुंच पाए, क्योंकि भारत के पास रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की स्टार जोड़ी हमेशा मौजूद रही। चहल ने कहा कि मेरे लिए रेड-बॉल क्रिकेट कभी भी सिर्फ़ एक और फ़ॉर्मेट नहीं था। मैंने धैर्य, चरित्र, मज़बूती और घंटों तक मैदान पर डटे रह हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने की असली खुशी को समझा। चहल के फर्स्ट-क्लास करियर की शुरुआत 2009 में हरियाणा के साथ हुई थी और उन्होंने 49 मैचों में 32.27 के औसत से 148 विकेट लिए। उन्होंने 2026 का काउंटी चैंपियनशिप नॉर्थम्प्टनशायर के साथ खेला था।

# स्वर्ण के साथ 44 साल का इंतजार खत्म, महिला टीम को ओलंपिक टिकट

**एशियाई खेल हॉकी**

### • भारतीय दीवार सविता का शानदार प्रदर्शन



**काकामिगहारा, एजेंसी।** किसी खिताब के लिए 44 साल का इंतज़ार बहुत लंबा होता है, लेकिन शुक्रवार को भारत ने आखिरकार यह सूखा खत्म कर दिया। गोलकीपर सविता पूनिया की शानदार भूमिका और मज़बूत डिफेंस की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर एशियाई खेलों का गोल्ड मेडल जीता और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए सीधे जगह पक्की की।

लालरेम्सियामी ने पहले क्वार्टर में निर्णायक गोल किया और अपने 200वें इंटरनेशनल मैच को यादगार बना दिया। इसके बाद सविता और मज़बूत भारतीय डिफेंस ने बाकी मैच में धैर्य और डटकर खेलने का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। इसके बाद का खेल खूबसूरती से ज़्यादा टिके रहने की जद्दोजहद वाला था।

चीन ने भारत पर लगातार हमले किए, लेकिन वॉल ऑफ़ इंडिया कही जाने वाली सविता बार-बार डिफेंडिंग चैंपियन और बराबरी के गोल के बीच दीवार बनकर खड़ी रहीं। भारतीय डिफेंस ने दबाव झेला, खतरे को टाला और घबराए बिना चीन के लगातार हमलों का सामना किया। सबसे मुश्किल पल तीसरे क्वार्टर में आया जब चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला। शुरुआती कोशिश को तो रोक लिया गया, लेकिन रिबाउंड पर पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया। भारत ने इस फैसले को चुनौती दी और रेफरल जीत लिया, जिससे स्ट्रोक का फैसला बदल गया और चीन को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। चीन उस मौके को भी भुना नहीं पाया।

### लालरेम्सियामी ने दागा शानदार 200वां गोल

लालरेम्सियामी के लिए यह उनके 200वें मैच का गोल था। सविता ने गोलपोस्ट के सामने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया। और भारतीय महिला हॉकी के लिए, यह उस लंबे इंतज़ार का अंत था जो मैदान पर मौजूद कई खिलाड़ियों की उम्र से भी ज़्यादा समय से चल रहा था। 1982 के चैंपियन आखिरकार शीर्ष पर लौट आए हैं, साथ ही लॉस एंजेलिस का गोल्डन टिकट भी उन्हें मिल गया।

एक और चिंताजनक पल तब आया, जब पेनल्टी कॉर्नर को डिफेंड करते समय सलीमा टेटे के हाथ में चोट लग गई और उन्हें इलाज के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह आखिरी क्वार्टर से पहले वापस लौट आईं, जिससे भारतीय खेमे को राहत मिली। आखिरी कुछ मिनट लगभग पूरी तरह से चीन के दबदबे में खेले गए। खेल खत्म होने में चार मिनट बचे थे, तभी चीन ने अपने गोलकीपर को हटाकर एक अतिरिक्त आउटफील्ड खिलाड़ी को अटैक में उतार दिया।

भारत ने अपना संयम बनाए रखा। और जब आखिरी हूटर बजा, तो 1-0 की बढ़त बरकरार थी।

### नीरू ढांडा होंगी भारत की ध्वजवाहक

**आइची नागोया।** भारतीय ट्रैप शूटर नीरू ढांडा रविवार को एशियन गेम्स 2026 के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। उन्होंने आइची-नागोया में तीन मेडल, दो गोल्ड और एक सिल्वर जीते हैं। नीरू ने महिलाओं के ट्रैप इवेंट में गोल्ड मेडल जीता और एशियन गेम्स 2026 में व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। उन्होंने महिलाओं के ट्रैप टीम इवेंट में सिल्वर मेडल भी जीता और इसके बाद मिक्स्ड ट्रैप टीम इवेंट में एक और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरू ने एशियाई खेलों में बेहद शानदार प्रदर्शन किया है।

# लवलीना, अंकुश पंघाल, परवीन, सुजीत के अलावा तीरंदाजी टीम ने जीते स्वर्ण

## कुश्ती, मुक्केबाजी, तीरंदाजी टीम को मिली एशियन गेम्स में पदक हासिल करने में सफलता

**गोल्डन डे**

### • शुक्रवार को भारत ने किया शानदार प्रदर्शन

**आइची नागोया, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ियों के लिये एशियन गेम्स में शुक्रवार का दिन स्वर्णिम साबित हुआ। पहले तीरंदाजी में महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, फिर भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, अंकिता, कीर्ति शर्मा और कुमकुम की भारतीय जोड़ी, मुक्केबाजी में प्रवीण हुड्डा और परवीन हुड्डा और अंशुल पंघाल, कुश्ती में सुजीत कलकल के अलावा भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

अंकुश पंघाल ने 4-0 से जीत हासिल कर पुरुषों का 80 किग्रा का टाइटल अपने नाम किया। साथ ही भारत ने अपना तीसरा गोल्ड मेडल जीता और एशियन गेम्स में बॉक्सिंग का अपना सबसे सफल अभियान पूरा किया। भारत ने 11 एंट्रीज़ के साथ तीन गोल्ड और तीन ब्रॉन्ज़ मेडल जीते। भारत के तीन गोल्ड मेडल ने उसे उज़्बेकिस्तान से ऊपर रखा, जो दो गोल्ड, एक सिल्वर और चार ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहा, और कज़ाकिस्तान, जो दो गोल्ड और तीन ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। यह प्रदर्शन ग्लासगो में भारत के अब तक के सबसे अच्छे कॉमनवेल्थ गेम्स बॉक्सिंग अभियान के ठीक एक महीने बाद आया है, जहां टीम ने सात गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल जीते थे।

इससे पहले लवलीना बोरगोहेन ने चीन की ज़ियी बाओ को 5-0 से एकतरफ़ा हराकर महिलाओं का 75 किग्रा गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद परवीन हुड्डा ने महिलाओं का 65 ग्रिा टाइटल जीता, उन्होंने फ़ाइनल में चीनी ताइपे की चेन निएन-चिन को 3-2 से हराया।

वहीं, पुरुष फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग फाइनल में सुजीत ने तजाकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडिएव को 10-9 से हराकर शानदार वापसी के साथ खिताब अपने नाम किया। गोल्ड मेडल मुकाबले में सुजीत मुकाबला खत्म होने में सिर्फ एक मिनट 40 सेकेंड बाकी रहते 2-9 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद भारतीय पहलवान ने जोरदार वापसी करते हुए लगातार तीन टेकडाउन हासिल किए और स्कोर को 9-8 तक पहुंचा दिया। कुडिएव समय निकालने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सुजीत ने आखिरी 11 सेकेंड में एक और दो अंकों वाला टेकडाउन हासिल कर लिया। इससे उन्होंने 10-9 की बढ़त बनाई और मुकाबला जीतकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ भारत ने एशियन गेम्स में कुश्ती का पहला गोल्ड मेडल 2018 के जकार्ता एशियन गेम्स के बाद जीता है। जकार्ता में बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने भारत के लिए गोल्ड मेडल जीते थे। बजरंग ने भी पुरुष 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में ही गोल्ड जीता था।



### सेपकटेकरा में पुरुष टीम ने जीता कांस्य पदक

एशियाई खेल में शुक्रवार सेपकटेकरा के सेमीफाइनल में जापान से 0-2 से हारने के बाद भारत ने पुरुषों के क्वाड्रेंट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

आज यहां मलेमंगनबा सिंह सोरोखाइबम, राम कुमार शर्मा, बॉबी कुमार और आकाश युमनाम (लोखोन सिंह इलांगबम और टेकोंग अरुण सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी) की भारतीय पुरुष क्वाड्रेंट टीम ने जापान से सेमीफाइनल में 0-2 (12-15, 13-15) से हारने के बाद सेपकटेकरा स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। सेपकटेकरा में भारत का यह तीसरा पदक है। इससे पहले 2018 जकार्ता में पुरुषों की टीम रेगू और 2022 हांग्जो में महिलाओं की टीम रेगू में कांस्य पदक जीता था।

### तीरंदाजी में रिकर्व टीम ने जीता स्वर्ण, 2 रजत

भारत ने शुक्रवार को एशियाई खेलों की तीरंदाजी में महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। अंकिता भकत, कीर्ति शर्मा और कुमकुम मोहोद की भारतीय जोड़ी ने ऐतिहासिक फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 5-3 से हराकर महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में एशियाई खेलों का अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, भारतीय तीरंदाजी जोड़ी कुमकुम मोहोद और धीरज बोम्मादेवरा की जोड़ी को रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में चीन से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### स्किफ नौकायन और डिंगी में कांस्य पदक

एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिता में शुक्रवार को भारतीय नाविक हर्षिता तोमर और शीतल वर्मा की जोड़ी ने महिलाओं की स्किफ स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। वहीं नेत्रा कुमानन ने भी महिला डिंगी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। 29 वर्षीय नेत्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 अंक हासिल किए। उन्होंने फाइनल रेस में सात और क्वालीफिकेशन रेस में भी सात अंक जुटाए और तीसरे स्थान पर रहीं। थाईलैंड की सोफिया मॉन्टगोमरी ने पांच अंक के साथ स्वर्ण तथा सिंगापुर की जेनिया आंग ने 13 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। यह नौकायन में भारत का दूसरा कांस्य पदक है।

# महिलाओं के बाद अब पुरुषों की नजर भी गोल्ड पर टिकी



**एशियाई खेल हॉकी**

### • इतिहास रचने से महज एक कदम दूर है टीम

**काकामिगगहारा, एजेंसी।** इतिहास रचने से बस एक जीत दूर, भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को एशियाई खेल 2026 के सबसे बड़े इनाम को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के ख़िलाफ़ रोमांचक सेमीफ़ाइनल जीत के बाद, मौजूदा चैंपियन अब गोल्ड-मेडल मैच में मलेशिया का सामना करेंगे। उन्हें पता है कि जीत से न सिर्फ़ एक और एशियाई खेलों का ख़िताब मिलेगा, बल्कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफ़िकेशन भी पक्का हो जाएगा।

भारत ने कभी भी लगातार एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल नहीं जीता है, इसलिए शनिवार का फ़ाइनल टीम के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने का मौका है। उनके रास्ते में मलेशिया है, जो अपना पहला एशियाई खेलों का गोल्ड जीतने की कोशिश में है। भारत की तरह, वे भी पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और लगातार पांच जीत के साथ पूल बी में शीर्ष पर रहे हैं। दोनों टीमें अपने-अपने सेमीफ़ाइनल में कड़े मुक़ाबले के बाद फ़ाइनल में पहुंची हैं।

वहीं, मलेशिया को भी फ़ाइनल तक पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दक्षिण कोरिया ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंत में उन्होंने संयम बनाए रखते हुए 2-1 से जीत हासिल की। इस नतीजे से उन्हें पिछले तीन संस्करणों में अपने दूसरे एशियाई खेलों के फ़ाइनल में जगह मिली और यह साबित हुआ कि वे कड़े मुक़ाबलों में भी संयम बनाए रखने में सक्षम हैं। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ₹मलेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और अब तक उनका टूर्नामेंट अच्छा रहा है, इसलिए यह एक रोमांचक मुकाबला होगा। हमने काफी समय से मलेशिया के खिलाफ नहीं खेला है, मुझे लगता है कि पिछली बार चेन्नई में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मुकाबला हुआ था। दोनों टीमें आक्रामक खेलती हैं, जिनमें काफी कौशल, शानदार शैली और तेज गति है।

# महंगे हो सकते हैं चीन से आयात होने वाले मोबाइल कवर, एंटी डंपिंग शुल्क की सिफारिश

### • भारत के घरेलू उद्योगों की शिकायत पर जांच

**नई दिल्ली।** चीन से आयात होने वाले सस्ते मोबाइल कवर आने वाले समय में महंगे हो सकते हैं, इन पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाने को लेकर सिफारिश की गई है।

घरेलू उद्योगों से मिली शिकायत की जांच के बाद चीन से आयातित मोबाइल कवर पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई है। मोबाइल कवर बनाने वाली भारतीय कंपनियों के संगठन ऑल इंडिया मोबाइल कवर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोशिएशन ने शिकायत की थी कि चीन में बने या वहां से निर्यात किए गए मोबाइल कवर भारतीय उत्पादकों को नुकसान पहुंचाने के लिए कम मूल्य पर बेचे जा रहे हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की जारी अधिसूचना के मुताबिक, जांच में आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद चीन की दो कंपनियों-डोंगुवान कियान्गशुओ टेक्नोलॉजी लिमिटेड और डोगुवान लॉन्गचेंग लेदरवेयर को छोड़कर अन्य सभी कंपनियों के चीन से आयातित या चीन में बने मोबाइल फोन पर 72 डॉलर (करीब 6,900 रुपये) प्रति हजार इकाई का शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया गया है। इन दोनों कंपनियों पर कोई डंपिंग रोधी शुल्क न लगाने की बात कही गई है। हालांकि अंतिम निर्णय अभी शेष है। जांच के दौरान भारतीय कंपनियों के साथ चीनी कंपनियों से भी पूछताछ की गई।

### चीन के कवर भारतीय कंपनियों से बेहद सस्ते

भारतीय कंपनियों का कहना था कि चीन से बहुत कम कीमत पर मोबाइल कवर भारत आ रहे हैं, इससे भारतीय कंपनियों के लिए बाजार में टिकना मुश्किल हो रहा है, डीजीटीआर ने जब इसकी जांच की, तो पता चला कि चीन से आने वाले मोबाइल कवर का आयात कुछ ही साल में बहुत तेजी से बढ़ गया

# विदेशी मुद्रा भंडार में 18.34 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार गत 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.343 अरब डॉलर कम होकर चार सप्ताह के निचले स्तर 747.557 अरब डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा का भंडार चार सितंबर 2026 को 785.706 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद लगातार तीसरे सप्ताह घटा है। इससे पहले, 18 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 14.88 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 765.90 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 15.57 अरब डॉलर गिरकर 615.411 अरब डॉलर रह गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के साथ जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो को भी शामिल किया जाता है। इनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में इनके संदर्भ दर के आधार पर होता है।

### • स्वर्ण भंडार 2.591 अरब डॉलर की दर्ज हुई कमी

आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.591 अरब डॉलर कम होकर 108.701 अरब डॉलर रह गया। यह आठ सप्ताह का इसका निचला स्तर है।

इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.804 अरब डॉलर रहा।



गुवाहाटी में शुक्रवार को बांस से बनीं पर्यावरण अनुकूल साइकिल लॉच कर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा घोषणा की है कि जल्द ही इन्हें गुवाहाटी के सार्वजनिक पार्कों में रखा जाएगा। एजेंसी

भारत के पास कोई ऐसी अतिशय विनिर्माण क्षमता नहीं, जिससे दूसरे दशों को डंपिंग का खतरा हो : पीयूष गोयल

# घरेलू मांग पर आधारित है देश की अर्थव्यवस्थाः भारत

**जी-20**

### • वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने की अपील

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि उसकी अर्थव्यवस्था मुख्यतः घरेलू मांग पर आधारित है और उसके पास ऐसी कोई अतिशय विनिर्माण क्षमता नहीं है कि उससे दूसरे देशों में डंपिंग का कोई खतरा हो।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के मिलवॉकी में आयोजित जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के समापन दिवस पर कहा कि औद्योगिक क्षमता अपने आप में मुद्दा नहीं है, जबकि विकृतियां तब उत्पन्न हो सकती हैं, जब उत्पादन का भौगोलिक संकेंद्रण छिपी हुई सब्सिडी और समर्थन से प्रेरित हो। वाणिज्य मंत्री ने वैश्विक व्यापार विकृतियों को दूर करने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अनुरूप दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। गोयल ने कहा कि भारत कई सदस्य देशों की इस चिंता से सहमत है कि कुछ अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार को विकृत करने वाली सब्सिडी डंपिंग और वैश्विक विनिर्माण श्रृंखला में अनुचित मूल्य निर्धारण की परिस्थितियों को जन्म दे सकता है। ऐसी चिंताओं का समाधान डब्ल्यूटीओ के अनुरूप उपायों के माध्यम से किया जाता है, जिनमें साक्ष्य-आधारित और न्यायिक समीक्षा के अधीन डंपिंग रोधी और प्रतिपूर्ति शुल्क (काउंटरवेलिंग ड्यूटी) शामिल हैं।



इस बैठक में भारत ने जबरन मजदूरी कराने की प्रथा को खत्म करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और साक्ष्य-आधारित व्यापार उपायों का आह्वान किया। जी-20 के व्यापार मंत्रियों की मिलवॉकी बैठक के समापन दिवस की चर्चा में भाग लेते हुए गोयल ने बुनियादी तौर पर खड़ी की गई अतिशय विनिर्माण क्षमता और उत्पादन, सबसे पसंदीदा राष्ट्र सिद्धांत को अद्यतन करने, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन श्रम को समाप्त करने और समापन सत्र पर अपने विचार व्यक्त किए।

बुनियादी तौर पर खड़ी की गई अतिरिक्त विनिर्माण क्षमता और उत्पादन के मुद्दे पर वाणिज्य मंत्री श्री गोयल ने कहा कि भारत की विनिर्माण क्षमता उसकी घरेलू और वैश्विक जरूरतों को पूरा करती है और चिन्हित क्षेत्रों में बुनियादी तौर पर जरूरत से ज्यादा विनिर्माण क्षमता नहीं है।

### भारत की अर्थव्यवस्था है सबसे तेज

गोयल ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी घरेलू मांग पर आधारित अर्थव्यवस्था 1.4 अरब लोगों की जरूरतों को पूरा करती है। भारत उत्पाद डिजाइन से लेकर तैयार माल तक विनिर्माण श्रृंखलाओं का निर्माण कर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक विश्वसनीय कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है।

# चीनी, चावल नरम दालों और खाद्य तेलों में घटबढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चीनी की औसत कीमत में नरमी देखी गयी। चीनी के साथ चावल का भाव भी उतर गया। गेहूं में टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

चीनी की औसत कीमत 27 रुपये टूटकर 5,102 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। वहीं, गुड़ की कीमत 47 रुपये बढ़कर 5,946 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 33 पैसे घटकर 55.29 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। चावल की औसत कीमत 81 रुपये गिरकर 4,109 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,889 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहा।

# निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों व करों की छूट की योजना बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने निर्यातित उत्पादों पर केंद्र और राज्य स्तरीय शुल्कों, एवं करों की छूट संबंधी आरओडीटीईपी योजना को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है।

वाणिज्य विभाग ने 30 सितंबर की अधिसूचना संख्या 41/2026-27 के माध्यम से योजना को 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ाया है। यह योजना घरेलू सीमा-शुल्क क्षेत्र (डीटीए) की इकाइयों, अग्रिम प्राधिकरण (एए) धारकों, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) की इकाइयों और निर्यातोन्मुखी इकाइयों (ईओयू) द्वारा किए गए निर्यात पर उपलब्ध होगी।

बताया गया कि आरओडीटीईपी योजना निर्यातित उत्पादों पर वहन किए गए ऐसे अंतर्निहित, प्रतिपूर्ति से वंचित केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्कों, करों तथा उपकरों की वापसी करती है, जिनमें पूर्ववर्ती चरणों के संचित अप्रत्यक्ष कर भी शामिल हैं।

### • अब 31 दिसंबर तक जारी रहेगी योजना

वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 30 सितंबर को लागू परिशिष्ट 4आर और परिशिष्ट 4आरई में अधिसूचित मौजूदा आरओडीटीईपी दरें और मूल्य सीमाएं उपर्युक्त अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहेंगी।

उपरोक्त उपाय अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले समान अवसर सुनिश्चित करते हुए निर्यातकों को सहायता प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# देश-विदेश

आज ही के दिन 2002 में नोबेल शांति पुरस्कार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश, ब्रिटेन के पीएम टोनी ब्लेयर को देने की सिफारिश की गई थी।

सार सुर्खियां

## चुंग ने किम जोंग को दिया वार्ता का प्रस्ताव

**टोक्यो।** दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्री चुंग डोंग-यंग ने पिछले हफ़्ते विसैन्यीकृत क्षेत्र में हुए बारूदी सुरंग विस्फोट पर उत्तर कोरिया को बातचीत शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। इस विस्फोट में दक्षिण कोरिया के तीन सैनिक घायल हो गए थे। चुंग ने कहा कि इस घटना का मूल कारण अंततः युद्धविराम रेखा का मुद्दा है। मैं एकीकरण मंत्री के रूप में उत्तर कोरिया को प्रस्ताव देता हूं कि हमें अभी मिलना चाहिए और संवाद करना चाहिए। हमें कम से कम संवाद शुरू करना चाहिए, एमडीएल की पुष्टि करनी चाहिए और उसका फिर से सर्वेक्षण करना चाहिए।

## अमेरिका ने यूरोप से मांगी डीजल की मदद

**मॉस्को।** अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से अतिरिक्त ईंधन आपूर्ति उपलब्ध कराने का आह्वान किया है, क्योंकि अमेरिका वैश्विक डीजल की कमी और किसानों, ट्रक चालकों तथा व्यवसायों पर बढ़ते दबाव से जूझ रहा है। बेसेंट ने कहा कि पूरी दुनिया में डीजल की कमी का बोझ सिर्फ़ अमेरिकी किसानों, ट्रक चालकों और कारोबारियों पर नहीं पड़ना चाहिए। अमेरिका अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे सहयोगी भी अपने वादों को पूरा करने के लिए कदम उठाएंगे।₹ बेसेंट की यह अपील ऐसे समय में आई है जब ईरान के ख़िलाफ़ अमेरिका और इज़रायल की लड़ाई से उर्जा बाजार में उथल-पुथल जारी है और ईंधन की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में डीजल के दामों में तेजी से इजाफा हो रहा है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को विजय घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। एजेंसी

## यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए रूस हमेशा तैयार: क्रेमलिन

- युद्धविराम की जगह शांति की है जरूरत: पुतिन

**मॉस्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस को युद्धविराम के बजाए शांति की ज़रूरत है।

पुतिन ने वल्दाई डिस्कशन क्लब की 23वीं सालाना बैठक के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन की सरकार किसी भी व्यापक समझौते की ओर कोई झुकाव नहीं दिखा रही है। अधूरे या टुकड़ों में किए गए समझौते हमें शांतिपूर्ण समाधान के करीब नहीं ला सकते। समझौते केवल व्यापक ही हो सकते हैं।



पेस्कोव ने कहा कि रूस, काला सागर में यूक्रेन की ओर से किए गए हमलों का जवाब दे रहा है और कीव को इसकी कीमत चुकानी होगी। रूसी पक्ष बातचीत के लिए हमेशा तैयार है लेकिन काला सागर से जुड़ी स्थिति खास है।

पेस्कोव ने कहा कि रूस उन हमलों का जवाब दे रहा है जो यूक्रेन ने शुरू किए हैं। यूक्रेन को इसकी कीमत चुकानी होगी, उसे जवाब देना होगा।

### यूक्रेन भेज रहा था संवेदनशील जानकारी, गिरफ्तार

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने क्रीमिया में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो रूसी सेना के ठिकानों और सैन्य उपकरणों की आवाजाही की जानकारी यूक्रेनी सुरक्षा सेवा को दे रहा था। हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने टेलीग्राम के माध्यम से यूक्रेनी सुरक्षा सेवा के एक अधिकारी से संपर्क किया और उनके निर्देश पर वायु रक्षा इकाई के कामकाज की तस्वीरें और वीडियो लिए। सैन्य उपकरणों के काफिले के आवागमन के रास्ते, और प्रायद्वीप पर रूसी सशस्त्र बलों की सुविधाओं की तैनाती के बारे में जानकारी भेजी।

रूसी अधिकारी ने कहा कि रूस अपना विशेष सैन्य अभियान जारी रखे हुए है और रूस के लिए यह ज़रूरी है कि वह काला सागर के ज़रिए यूक्रेन को हो रही गोला-बारूद और ईंधन की आपूर्ति रोके। रूस के पास अभी काला सागर में सुरक्षा को लेकर तुर्की और संयुक्त राष्ट्र की पहल के बारे में कोई खास जानकारी नहीं है।

रूस तथा यूक्रेन के साथ काला सागर में युद्धविराम मुद्दे पर तुर्की और संयुक्त राष्ट्र, बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच रूसी रूसी सेना ने यूक्रेन में नीपर नदी पर बने एक सड़क-रेलवे पुल पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल यूक्रेनी सेना के लिए सैनिकों एवं ज़रूरी सामान लाने-ले जाने के लिए किया जाता था।

# कट्टरपंथी विचारधारा का था सह पायलट

## विमान में आरोपी अकेला था या उसके साथी भी दे मौजूद, इजरायल की एजेंसियां कर रही जांच

फ्लाईदुबई आतंकी घटना

- अभी तक आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया

**तेल अवीव, एजेंसी।** फ्लाईदुबई आतंकी हमले के मामले में इजरायल की जांच एजेंसियों ने खुलासा करते हुए दावा किया है कि आरोपी सह पायलट कट्टरपंथी विचारधारा का था, वह महिलाओं से हाथ भी नहीं मिलाता था। हालांकि, अभी जांच एजेंसियों ने आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया है।

इजरायली मीडिया चैनल हायोग ने जांच एजेंसियों के हवाले से बताया कि आरोपी हाल के वर्षों में किसी चरमपंथी प्रचारक के प्रभाव में था, जो धर्म के नाम पर आत्मघाती हमलों के लिए प्रेरित करता था। इससे पहले हायोम ने अपनी रिपोर्ट



में दावा किया था कि ओमान के ग्रैंड मुफ्ती शेख अहमद बिन हमद अल खलीली ने बार-बार इजरायल के खिलाफ बयानबाजी की है। उन्होंने 7 अक्तूबर 2023 के हमास के हमले का भी समर्थन किया था। ऐसे में इस बात की जांच भी की जा रही हैं कि आरोपी ने अकेले इस घटना को अंजाम दिया या फिर किसी इस्लामी आतंकी समूह ने उसकी मदद की।

जांच में पता चला है कि आरोपी सह-पायलट ने नौ महीने पहले ही फ्लाईदुबई में काम शुरू किया था। ऐसे में जांच की जा रही है कि क्या वह किसी मिशन के तहत ही एयरलाइंस से जुड़ा था या नहीं। जांच एजेंसियों को आशंका है कि आरोपी सह पायलट विमान को या तो जॉर्डन के रेगिस्तान में क्रैश करना चाहता था, जहां विमान तेजी से नीचे की तरफ गया था या फिर वह 11 सितंबर के हमले की तहत किसी लक्ष्य से विमान को टकराना चाहता था। आरोपी के निशाने पर अमेरिका को सैन्य अड्डे, इजरायल के परमाणु ठिकाने या इजरायली वायु सेना के बेस हो सकते थे।

इजरायली एजेंसियां इस बात की भी जांच कर रही हैं कि आरोपी सह पायलट विमान के भीतर चाकू कैसे लाया, बताया जा रहा है कि आरोपी के पास मौजूद चाकू फ्रांस का है, जिसे अक्सर सेना के जवान इस्तेमाल करते हैं।

### आत्मघाती हमलावर था सह पायलट: नेतन्याहू

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यह दावा किया है कि दुबई से तेल अवीव जा रहे फ्लाईदुबई के विमान को क्रैश करने की कोशिश करने वाला सह-पायलट आत्मघाती हमलावर था। आरोपी इस्लामिक कट्टरपंथी था और उसने विमान को क्रैश करने की हिंसक कोशिश की, जिसे भारतीय पायलट स्मित मच्छार और विमान में मौजूद इजरायली नागरिकों ने सफल नहीं होने दिया। पकड़े जाने के बाद आरोपी लेटा हुआ चिल्ला रहा था कि मुझे मार डालो, मुझे मार डालो, उसने मजहबी नारे भी लगाए, वह विमान का कंट्रोल यूनिट खराब करना चाहता था।

### सुरक्षा में बड़ी चूक भी हुई उजागर

फ्लाईदुबई मामले में इजरायली सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक भी सामने आई है। जिन देशों के इजरायल के साथ संबंध नहीं है, उन देशों के पायलटों को तेल अवीव उड़ान भरने पर प्रतिबंध है। हालांकि, इस नियम को सख्ती से लागू नहीं किया। ओमान के इजरायल के साथ संबंध नहीं हैं। ऐसे में ओमान के पायलट को इजरायल जाने वाले विमानों को उड़ाने की अनुमति नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों ने सभी एयरलाइंस को अपने नियम की जानकारी दी हुई थी, लेकिन इसे लागू करने की जिम्मेदारी भी सुरक्षा एजेंसियों ने एयरलाइंस पर ही छोड़ दी थी।

## यूक्रेन संघर्ष खत्म कराने में पीएम नरेंद्र मोदी की गहरी रुचि: पुतिन

- रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को सराहा

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गहरी रुचि है।



पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन विश्व नेताओं में से एक हैं, जो हमारे बहुत अच्छे और यहां तक कि मैत्रीपूर्ण संबंधों तथा व्यक्तिगत रूप से हमारे अच्छे संबंधों के बावजूद लगातार यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने का सवाल उठाते हैं और इसके बारे में पूछते हैं।

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास ऐसे बहुत अच्छे विचार हैं, जिनका उद्देश्य दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तलाशना है। इस अर्थ में पीएम मोदी निश्चित रूप से तटस्थ रुख अपनाते हैं, लेकिन संघर्ष को समाप्त करने में उनकी दिलचस्पी है। हम पीएम मोदी के विचारों के लिए उनके आभारी हैं, हम शांतिपूर्ण तरीकों से और जल्द से जल्द इस संघर्ष को समाप्त करने की उनकी इच्छा के लिए आभारी हैं।

रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया है जब मॉस्को और नाटो के बीच तनाव को लेकर बयानबाजी तेज है। पुतिन ने गुरुवार को कहा कि रूस यूरोपीय देशों पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा है, लेकिन अगर रूसी क्षेत्र पर सीधा हमला होता है तो रूस अपने पास मौजूद सभी हथियारों के इस्तेमाल के विकल्प पर विचार करेगा। विदेश नीति से जुड़े एक मंच पर पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूरोप पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश आने वाले वर्षों में रूस के साथ युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं।

## एलपीयू हिंसा मामले में नौ प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

- आगजनी, दंगा, लूटपाट, हमले की रिपोर्ट है दर्ज

**जालंधर।** पंजाब पुलिस ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में हुई हिंसा में नौ प्रदर्शन में शामिल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

पुलिस उप महानिरीक्षक, जालंधर रेंज नवीन सिंगला ने शुक्रवार को कहा कि इस संबंध में कपूरथला के थाना सतनामपुरा में एफआईआर संख्या 163 और थाना सदर फगवाड़ा में एफआईआर संख्या 106 दर्ज की गई थी। मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने कई टीमें बनाकर सोशल मीडिया, समाचार चैनलों, एलपीयू परिसर के सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की। इनके आधार पर आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में सोनीपत निवासी जेम्स दहिया, फगवाड़ा निवासी गगनदीप उर्फ कोठा और जस्मीत कुमार, उत्तर प्रदेश के हमीरपुर निवासी आशुतोष, एक नाबालिग, जम्मू निवासी अंतरिक्ष दत्ता और साहिल सिंह तथा महाराष्ट्र निवासी कृष्ण कुमार और भविष्य करण उर्फ प्रेम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों पर आगजनी, दंगा, लूटपाट, पुलिस बल पर हमला, हाइवे अवरुद्ध करने व एलपीयू के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और लगातार छापेमारी की जा रही है। बताया कि छात्रों की शिकायतों के समाधान के लिए नागरिक और पुलिस प्रशासन लगातार उनके साथ संवाद कर रहा है।

## एमपी के वेयरहाउस से 24 ईवीएम गायब

**बीजापुर।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय में तहसील के पास स्थित वेयरहाउस से 24 ईवीएम के गायब होने पर चोरी की आशंका में अनूपपुर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

दर्ज शिकायत के अनुसार 16 मार्च को वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान 620 कंट्रोल यूनिट और 1,620 बैलेट यूनिट पाई गई थीं। 24 से 28 सितंबर तक चले भौतिक सत्यापन के दौरान आठ बैलेट यूनिट और 16 कंट्रोल यूनिट कम मिलीं।

## ‘भूत’ बन ज्ञानेश को डराने पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

- मुख्य चुनाव आयुक्त के ज्ञानेश का मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया, कार्यकर्ताओं ने ‘भूत’ के वेष में ज्ञानेश कुमार को डराते हुए प्रदर्शन किया औरउनसे पद छोड़कर तत्काल इस्तीफा देने की मांग की।

युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडेय ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं प्रतीकात्मक, लेकिन अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने 'भूत' की कल्पना का रूप धारण कर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की।

पांडे ने बताया कि इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यालय से चुनाव आयोग के दफ्तर की ओर जा रहे थे, तभी दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने भूत का रूप धारण कर देश को एक प्रतीकात्मक संदेश दिया है। सवाल यह है कि लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण संस्थानों में से एक को लेकर जनता के मन में इतने सवाल क्यों पैदा हो रहे हैं। अगर चुनाव आयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं तो मुख्य चुनाव आयुक्त को सामने आकर इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग किसी सरकार या किसी राजनीतिक दल की निजी संस्था नहीं है, बल्कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की संस्था है। इसकी विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर उठने वाले हर सवाल का जवाब देना सीईसी की जिम्मेदारी है। चुप्पी, टालमटोल और जवाबदेही से बचने की राजनीति लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं हो सकती।

चिब ने कहा कि लोकतंत्र जनता का है, चुनाव जनता के अधिकार का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं। युवाओं और आम नागरिकों के मन में चुनावी प्रक्रिया को लेकर सवाल हैं, तो उन सवालों को दबाया नहीं जा सकता। ज्ञानेश कुमार को पद पर बने रहने के बजाय सामने आकर जवाब देना चाहिए।

बॉलीवुड हलचल

## राधे की निःस्वार्थ भावना ने दिलाई ‘दानवीर कर्ण’ की पहचान

**मुंबई।** सोनी सब के पौराणिक शो 'हस्तिनापुर के वीर' में राधे का किरदार अपनी निःस्वार्थ भावना और दूसरों के प्रति करुणा से अलग पहचान बना रहा है। व्यंकटेश पांडे द्वारा निभाया जा रहा राधे हर परिस्थिति में अपनी खुशी और जरूरत से पहले दूसरों की भलाई को महत्व देता है, यही गुण आगे चलकर उसे 'दानवीर कर्ण' की पहचान दिलाता है। आगामी कड़ियों में राधे की दयालुता तब सामने आती है, जब वह एक महिला को अपने बच्चे के लिए भोजन जुटाने में संघर्ष करते देखता है। वह अपने परिवार के दीपक के लिए रखा घी भी उसे दे देता है। वहीं, घायल घोड़े को बेकार समझकर छोड़ने की तैयारी होने पर राधे उसकी देखभाल कर उसे स्वस्थ करता है और परिवार के सदस्य की तरह अपनाता है। बाद में मित्र के परिवार को घोड़े की जरूरत पड़ने पर वह उसे भी उन्हें दे देता है। राधे की भूमिका निभा रहे व्यंकटेश ने कहा कि राधे का मानना है कि हर जीवन महत्वपूर्ण है और दयालुता तथा सही काम करना हमेशा मायने रखता है, भले ही उसकी सराहना करने वाला कोई न हो। राधे की दानशीलता और करुणा उसकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



### ‘हनुमान अंश’ तेलुगु में भी होगी रिलीज

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने आध्यात्मिक फिल्म 'हनुमान अंश' को नौ अक्टूबर को दुनियाभर में तेलुगु भाषा में रिलीज करने की घोषणा की है।स्वयंभू मीडिया नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म की कहानी आध्यात्मिक संत श्री नीब करौरी बाबा के जीवन पर आधारित है। विशाल चतुर्वेदी ने फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन किया है। फिल्म की कहानी 'डिवाइन डिटूर' पुस्तक से प्रेरित है। आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक जागृति की यात्रा को दर्शाने वाली फिल्म का निर्माण रागिनी एस, नम्रता सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने किया है। होम्बले फिल्म्स ने तेलुगु में फिल्म की वैश्विक रिलीज की घोषणा की। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिलने का दावा किया गया है। होम्बले फिल्म्स ने 'केजीएफ' फ्रैंचाइजी, 'कांतारा', 'सालार' फ्रैंचाइजी और 'महावतार नरसिम्हा' जैसी फिल्मों का निर्माण किया है।

### जाकिर ने साझा किये शुरुआती संघर्ष के अनुभव



**मुंबई।** कॉमेडियन और अभिनेता ज़ाकिर खान ने नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में इंदौर से दिल्ली आने और राजधानी में अपनी पहचान बनाने के दौरान मिले अनुभवों को साझा किया। ज़ाकिर ने कहा कि दिल्ली आने पर उन्हें बड़ा सांस्कृतिक बदलाव महसूस हुआ। लोगों के लिए किसी व्यक्ति का रंग-रूप और पहनावा काफी मायने रखता था और खुद को स्थापित करने तक उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाता था। उन्होंने कहा कि बातचीत के अंदाज से कई बार सामने वाले को छोटा महसूस कराया जाता था, ऐसा अनुभव उन्होंने दिल्ली में किया, इंदौर में नहीं।उन्होंने कहा कि संगीत और क्रिकेट के प्रति वह काफी जुनूनी हैं, लेकिन इन विषयों पर ज्यादा बात करने से बचते हैं। उनके दादाजी ने उन्हें सिखाया था कि किसी चीज को लेकर बहुत ज्यादा जुनूनी हों तो चुप रहना चाहिए, क्योंकि जरूरी नहीं कि सामने वाला भी उसमें उतनी ही दिलचस्पी रखता हो। नेहा धूपिया ने मजाक में पूछा कि क्या वह दिल्ली की लड़कियों को लेकर जुनूनी नहीं हैं, जिस पर ज़ाकिर ने सीधे कहा, नहीं। शो में पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान भी शामिल हुए।

## ससुराल में दामाद ने लगाई आग, दादा व मासूम झुलसे

- घरेलू विवाद में दामाद ने दिया घटना को अंजाम

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को घरेलू विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने ससुराल में घुसकर एक ही बिस्तर पर सो रहे छह वर्षीय बच्चे और उसके दादा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना में दोनों करीब 20 प्रतिशत झुलस गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रामानुजनगर थाना क्षेत्र के खालापार निवासी भजन सिंह का पत्नी संगीता के साथ विवाद चल रहा था। आरोप है कि उसने पत्नी के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद वह घर से चली गई थी। पत्नी के वापस नहीं लौटने पर भजन सिंह उसकी तलाश में ससुराल रामेश्वरम गांव पहुंचा। संगीता के मायके में न मिलने पर भजन सिंह ने अपने साले कल सिंह को जिम्मेदार ठहराया, दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि भजन सिंह ने धमकी दी और चला गया। देर रात आरोपी दोबारा ससुराल पहुंचा और छह वर्षीय सत्यम अपने दादा जय सिंह के साथ एक ही बिस्तर पर कंबल ओढ़कर सो रहा था। आरोप है कि भजन सिंह ने दोनों पर पेट्रोल छिड़ककर माचिस से आग लगा दी।



नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

राष्ट्रपति मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# विकसित भारत लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ रहा भारत: मुर्मू

गांधी और शास्त्री जयंती

- शास्त्री का जीवन देता है समर्पण की प्रेरणा: मोदी

**नई दिल्ली।** देश 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में सहानुभूति और समावेश के मूल्यों को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि कोई भी नागरिक विकास के लाभों से वंचित न रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी एवं पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों ने इस




दौरान वहां आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भी हिस्सा लिया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि सभी नागरिकों की ओर से वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 157वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन करती हैं। गांधी जी के जीवन और आदर्शों का विश्व समुदाय व्यापक रूप से सम्मान करता है। आज दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष का वातावरण है, जिसका प्रभाव सभी देशों पर पड़ रहा है। ऐसे समय में महात्मा गांधी का शांति और अहिंसा का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में सहानुभूति और समावेश के मूल्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि कोई भी नागरिक विकास के लाभों से वंचित न रहे। यह दृष्टि महात्मा गांधी के 'सर्वोदय' के आदर्श की भावना को दर्शाती है, जो सभी के कल्याण और उत्थान के सिद्धांत पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के पर सभी को नैतिक आचरण और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सशक्त, विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरानी चाहिए।

वहीं, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके समाधि स्थल विजय घाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी और राष्ट्र के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उनका सौम्य व्यक्तित्व प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करता है।

### बापू का जीवन सेवा का प्रकाशस्तंभ: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बापू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पूज्य बापू का संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का ऐसा प्रकाशस्तंभ है, जो हर युग में मानवता का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। उन्होंने संस्कृत का एक श्लोक उदधृत कर कहा कि अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च। निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी॥ बापू का शाश्वत संदेश हमें बेहतर समाज और विकसित भारत की दिशा में निरंतर मार्गदर्शन देता रहे। उन्होंने इसके साथ ही गांधी जी के विभिन्न रूपों को दर्शाने वाली तस्वीर साझा की।